3 राजधानी
अस्पतालों में जल्द उपलब्ध होंगे एक हजार आईसीयू बेड

6 अभिमत
गरीब बच्चों का भविष्य

10 स्पोर्ट्स
आज से आईपीएल का आगाज

11 विदेश
ट्रंप कोरोना वायरस से निपटने में असफल

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 10 अंक 328
लखनऊ, शनिवार, 19 सितंबर, 2020
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



घरेलू, यौन हिंसा पर राष्ट्रमंडल में रखे शबाना आज़मी ने अपने विचार
विविध-12

www.dailypioneer.com

# कृषि विधेयकों से उबाल, सड़क पर हजारों किसान

- हरियाणा, पंजाब पश्चिमी उप्र, महाराष्ट्र में जबर्दस्त विरोध प्रदर्शन पंजाब में किसान ने की आत्महत्या की कोशिश
- किसान संगठनों ने 24 26 सितंबर को किया रेल रोको आंदोलन का आह्वान किसान विरोधी बिलों को वापस लेने की मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भाजपा** के सबसे पुराने सहयोगी दल शिरोमणि अकाली दल के विरोध जताने के एक दिन बाद लोकसभा ने दो कृषि विधेयकों को पारित कर दिया। अकाली दल ने इसे 'किसान विरोधी' कदम करार दिया था।

इस बीच विधेयकों के विरोध में किसान पहले ही सड़क पर उतर चुके हैं और आंदोलन की यह आग महाराष्ट्र, पंजाब, हरियाणा, तेलंगाना, छत्तीसगढ़ और पश्चिम उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों में फैल गई है। पंजाब में शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन के दौरान एक किसान ने जहरीला पदार्थ खाकर जान देने की भी कोशिश की। किसान संगठनों ने 24 से 26 सितंबर तक रेल रोको आंदोलन शुरू करने का फैसला किया है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के हजारों किसानों ने शुक्रवार को दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर धरना दिया। कांग्रेस ने कृषि विधेयकों के खिलाफ राष्ट्रव्यापी आंदोलन शुरू करने का ऐलान किया है और मोदी सरकार को घेरने के लिए वह इस संबंध में अन्य विपक्षी दलों से भी बातचीत कर रही है। पंजाब के वित्त मंत्री मनप्रीत सिंह बादल ने शुक्रवार को कहा कि इन विधेयकों के चलते अकेले पंजाब को हर साल ( शेष पेज 9 )



श्री मुक्तसर साहिब में तीन कृषि संबंधी बिलों के विरोध में पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल के आवास के बाहर नारेबाजी करते किसान

## बिचौलियों के साथ खड़े कुछ लोग कर रहे विरोध: मोदी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**लोकसभा** द्वारा पारित कृषि विधेयकों के विरोधियों पर 'बिचौलियों के साथ खड़े होने' का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को देश के किसानों को आश्वस्त किया कि सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर उनके उत्पादों की खरीद जारी रहेगी। उन्होंने किसानों कहा वे 'उन लोगों के झूठ से गुमराह न हों जिन्होंने दशकों इस देश पर शासन किया है। पीएम ने कहा कि लोकसभा से पारित कृषि सुधार संबंधी विधेयक उनके लिए रक्षा कवच का काम करेंगे और नए प्रावधान लागू ( शेष पेज 9 )

## हरसिमरत के इस्तीफे से जेजेपी पर दबाव, खट्टर से मिले दुष्यंत

**मनोज कुमार।** चंडीगढ़

**विवादित** कृषि विधेयकों के विरोध में अकाली दल की हरसिमरत कौर बादल के केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफे के बाद, हरियाणा के उप मुख्यमंत्री और जजपा नेता दुष्यंत चौटाला ने राज्य में किसानों संगठनों के सड़कों पर उतरने से बढ़ते दबाव के बीच रास्ता ढूंढने की मंशा से शुक्रवार को मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात की।

सूत्रों ने कहा कि राज्य सरकार किसानों और उनके संगठनों से संपर्क कर यह संदेश देगी की ये विधेयक वास्तव में उनकी जरूरतों को पूरा करने में मदद करेगी। दुष्यंत चौटाला के भाई और जजपा नेता दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा कि हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी के साथ उनके दल का गठबंधन मजबूती से आगे बढ़ रहा है। इसी के साथ चौटाला ने विपक्षी दल कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह कृषि विधेयक के मुद्दे पर किसानों को गुमराह कर रही है। चौटाला की इस टिप्पणी से एक दिन पहले उन्होंने पिछले सप्ताह कुरुक्षेत्र के पीपली में किसानों पर हुए लाठीचार्ज पर माफी मांगी थी। किसान, केंद्र सरकार द्वारा लाए गए तीन कृषि विधेयकों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे। यह पूछे जाने पर कि क्या जजपा पर भाजपा के साथ गठबंधन का कोई दबाव है, चौटाला ने कहा कि हमारा गठबंधन मजबूत है। उन्होंने कहा कि हमारी जिम्मेदारी यह सुनिश्चित करना है कि किसानों की फसल न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी जाए और हम आने वाले फसल खरीद सीजन में यह सुनिश्चित करेंगे।

उन्होंने कहा कि एमएसपी सबसे बड़ा मुद्दा है। यह किसानों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता है कि हम उनकी फसल को एमएसपी से कम दाम पर नहीं खरीदेंगे। उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला और मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के बीच यहां हुई बैठक के बाद दिग्विजय ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए यह बात कही। दिग्विजय ने कहा कि खट्टर और दुष्यंत के बीच हुई बैठक में कई मुद्दों पर बातचीत हुई जिसमें आगामी फसल सीजन में खरीदने पर भी चर्चा हुई। दिग्विजय चौटाला ने कहा कि कांग्रेस और कुछ अन्य तत्व कृषि विधेयकों के मुद्दे पर गलत जानकारी फैला रहे हैं और किसानों को भ्रमित करने का काम कर ( शेष पेज 9 )

# यूपी में छह महीने में पूरी कर ली जाएगी भर्ती प्रक्रिया

- सूबे में बड़े पैमाने पर नौकरी देने की सरकार की तैयारी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कोरोना** संक्रमण के बीच योगी सरकार बडी संख्या में सरकारी भर्ती करने की तैयारी में है। सीएम योगी ने इसके लिये सभी विभागों से रिक्त पदों का ब्योरा तलब कर लिया है। इसके साथ ही सरकारी नौकरी में रखे जाने की जो प्रक्रिया चल रही है उसे जल्द पूरा किये जाने के निर्देश सीएम योगी ने विभिन्न भर्ती बोर्डों को दिये हैं।

सरकार के इस कदम से यूपी में सरकारी नौकरी की आस में बैठे लाखों युवाओं का सपना पूरा होने की उम्मीदें जगी हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को लखनऊ के लोकभवन में सीनियर अधिकारियों की बैठक में सभी विभागों से रिक्त पदों का विवरण मांगा है। कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण के बीच में भी सीएम योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट रूप से कहा है कि अगले तीन महीने में पारदर्शी तरीके से भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाए और अगले छह महीनों में चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र बांटे जाएं। सभी विभागों को रिक्त पदों का विवरण उपलब्ध ( शेष पेज 9 )



## कोरोना के चलते त्योहारों पर नहीं मिलेगी कोई ढील: सीएम योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कोरोना** संक्रमण के लगातार बढ़ते मामलों को देखते हुये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने त्यौहार के मौसम को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। उन्होंने साफ किया है कि आने वाले दिनों में नवरात्र, दुर्गा पूजा, दशहरा तथा दीपावली का जैसे त्यौहार पर किसी भी तरह की छूट नहीं दी जाएगी। पर्वों के दौरान किसी सार्वजनिक आयोजन की अनुमति नहीं होगी। त्योहारों को मनाने में सोशल डिस्टेंसिंग तथा मास्क का उपयोग अनिवार्य रूप से उपयोग हर किसी को करना होगा। सीएम योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को टीम-11 के साथ कोरोना तथा अनलॉक-4 की समीक्षा बैठक ( शेष पेज 9 )

# सेना ने जांच में जवानों को दोषी माना, करेगी कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दक्षिणी** कश्मीर के शोपियां में बीते 18 जुलाई को मुठभेड़ में मारे गए तीन लोग आतंकी नहीं, बल्कि मजदूर थे। यह बात सेना की जांच में सामने आई है। मुठभेड़ पर उठे विवाद के बाद सेना ने पूरे मामले की जांच के आदेश दिए थे, जिसकी रिपोर्ट आ गई है।

मारे गए तीनों लोगों की पहचान राजौरी के इम्तियाज अहमद, अबरार अहमद और मोहम्मद इबरार के रूप में हुई है। सेना को इन तीनों के आतंकवादी गतिविधियों से जुड़े होने के कोई सबूत नहीं मिले हैं। जांच पूरी होने के बाद भारतीय सेना ने प्रथमदृष्टया दोशी पाए गए जवानों के खिलाफ सेना अधिनियम के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू करने के लिए कहा है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार सेना की जांच रिपोर्ट में कहा गया है कि सबूत यह दिखाते हैं कि मुठभेड़ में सशस्त्र सेना विशेषाधिकार कानून (अफस्पा) 1990 के तहत मिली शक्तियों का दुरुपयोग किया गया। श्रीनगर स्थित रक्षा प्रवक्ता कर्नल राजेश कालिया ने अपने लिखित बयान में कहा कि पूछताछ में यह बात सामने आई है कि ऑपरेशन के दौरान अफस्पा के तहत निहित शक्तियों और सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अनुमोदित चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ (सीओएएस) के दिशानिर्देशों का उल्लंघन किया गया है।

शोपियां के आमशीपोरा इलाके में 18 जुलाई को हुई कथित मुठभेड़ में तीन आतंकियों को मारने का दावा किया गया था। सूत्रों के मुताबिक, जो लोग सेना की इस मुठभेड़ में मारे गए थे, उनके परिवार का कहना था कि उनके लड़कों का आतंकवाद से कोई संबंध नहीं था। ये सभी राजौरी के रहने वाले मजदूर थे और एक दिन पहले ही यानी 17 जुलाई को रोजी-रोटी की तलाश में शोपियां गए थे। उसके बाद से उनका कोई पता नहीं चल रहा था।

परिवार वालों ने 10 अगस्त को कोटरानका तहसील के पीरु थाने में इन तीनों मजदूरों के गायब होने की रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी। जब शोपियां मुठभेड़ में मारे गए लोगों की तस्वीरें सोशल मीडिया में वायरल हुईं, जिनमें राजौरी के इन तीनों मजदूरों के फोटो भी थे तो विवाद खड़ा हो गया और परिवार के लोग फौरन पुलिस के पास पहुंचे। अपने बयान में कर्नल राजेश कालिया ने भी इसकी पुष्टि की है कि ऑपरेशन आमशीपोरा में मारे गए लोगों की पहचान इम्तियाज अहमद, अबरार अहमद और मोहम्मद इबरार के रूप में हुई है। हालांकि उन्होंने कहा कि उनकी डीएनए रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। पुलिस भी यह जांच कर रही है कि कहीं तीनों आतंकवाद या संबंधित गतिविधियों में शामिल तो नहीं थे।

**शोपियां विवादित मुठभेड़**

- आतंकवादी नहीं मजदूर थे ऑपरेशन में मारे गए राजौरी के तीन युवक

# राजधानी में कोरोना आउट ब्रेक 1244 केस के बीच 16 की मौत

- सूबे में कोरोना के 6584 नए मरीज मिले

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राजधानी** में कोरोना वायरस का संक्रमण लगातार बढ़त बनाये हुए है। शुक्रवार को कोरोना वायरस ने अपने सभी पुराने रिकार्ड तोड़ दिए हैं। राजधानी में 1244 नए कोरोना संक्रमण के मामले सामने आए हैं। इसके साथ ही 16 मरीजों की मौत हुई है। राजधानी में अब तक 43,533 कोरोना के मामले सामने आ चुके हैं।

आज 970 मरीजों को डिस्चार्ज करने के साथ ही अब तक 33489 मरीजों को डिस्चार्ज किया जा चुका है। वर्तमान में 10044 केस एक्टिव है। अभी तक राजधानी में 576 मरीजों की मौत हो चुकी है। आज जनपद लखनऊ में कोरोना वायरस के सम्बन्ध में सर्विलान्स एवं कान्टेक्ट ट्रेसिंग के आधार पर टीमों द्वारा 7829 लोगो के सैम्पल लिये गये है। जिनमे प्रमुख रूप से आज अलीगंज 37, आलमबाग 57, आशियाना 36, इंदिरा



नगर 65, कैंट 23, कृष्णा नगर27, गोमतीनगर 68, चिनहट 34, चौक 47, जानकीपुरम 49, ठाकुरगंज 42, तालकटोरा 32, रायबरेली रोड 52, मड़ियांव 37, महानगर 30, विकासनगर 37, हजरतगंज 41, सरोजनीनगर 10, हसनगंज 32 ,सुशान्त गोल्फसिटी 17, गोमती नगर विस्तार 17, काकोरी 10, फैजाबाद रोड 18 ,गुडंबा 14, बाजार खाला 21 इत्यादि स्थानों पर पाजिटिव रोगी पाये गये हैं। कोविड प्रोटोकाल के दृष्टिगत कुल 277रोगियों को हास्पिटल का आवंटन किया गया। जिसमे से 277सभी रोगियों के लिए एम्बुलेंस का आवंटन भी कर दिया गया। देर शाम तक 193 रोगियों को हास्पिटल में भर्ती कराया जा चुका है। शेष 84 रोगियों द्वारा होम आईसोलेशन के लिए अनुरोध ( शेष पेज 9 )

## लव जेहाद पर कड़ा कानून लाएगी योगी सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राज्य** में लव जेहाद की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए योगी सरकार अध्यादेश लाने पर विचार कर रही है। इसके लिए देश के कुछ राज्यों में धर्मांतरण पर रोक लगाने के उद्देश्य से बनाए गए विशेष कानून का अध्ययन कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले दिनों एक उच्च स्तरीय बैठक में अधिकारियों को लव जेहाद की घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी रणनीति बनाने का निर्देश दिया था। उन्होंने कहा था राज्य के अनेक जिलों में यह कार्य संगठित तरीके से किया जा रहा है, इसलिए यदि आवश्यक हो तो इसके लिए अध्यादेश भी लाया जा सकता है। उनके इस निर्देश के बाद गृह विभाग से लेकर न्याय विभाग तक सक्रिय हुआ। लव जेहाद के मामले में कार्रवाई के बारे में मौजूदा कानूनों की समीक्षा की जा रही है। विदित हो कि हाल के दिनों में कई मामलों में ऐसा देखा गया कि प्यार और शादी के नाम पर युवतियों का धर्मांतरण कराया गया और बाद ( शेष पेज 9 )

**नेहरू गांधी परिवार पर तीखी टिप्पणी**

# लोस में जबर्दस्त हंगामा, अपने बयान पर मंत्री ने मांगी माफी

- वित्त राज्य मंत्री अनुराग ठाकुर ने नेहरू गांधी परिवार पर मढ़ा देश को धोखा देने का आरोप, भड़क उठा विपक्ष

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सोनिया** और गांधी-नेहरू परिवार पर देश को धोखा देने की टिप्पणी पर शुक्रवार को लोकसभा में भारी हंगामे और चार बार के स्थगन के बाद, केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री अनुराग ठाकुर ने माफी मांगी। अपने कहे पर मलाल करते ठाकुर ने सदन में कहा कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का उनका इरादा नहीं था लेकिन यदि कोई आहत हुआ है तो वे माफी मांगते हैं ।लोकसभा में हंगामा तब शुरू हुआ जब कांग्रेसी सांसद ने शशि थरूर व मनीष तिवारी और तृणमूल सांसद सौगत रॉय पीएम केयर्स फंड का



विरोध किया। इसके बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त राज्य मंत्री अनुराग ठाकुर को विपक्ष के आरोपों का जवाब देने को कहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फंड की सराहना करते ठाकुर ने विपक्ष खासकर नेहरू गांधी परिवार पर हमला बोल दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि जवाहरलाल नेहरू के बनाए फंड - पीएमएनआरएफ में कांग्रेस अध्यक्ष (सोनिया) को शामिल कर गांधी परिवार ने देश को मूर्ख बनाया, उसे धोखा दिया। विपक्ष सिर्फ इसी कारण से पीएम केयर्स फंड का विरोध कर रहा है। यह ईवीएम के विरोध जैसा ही है जिसके बाद उन्हें अनेक चुनावों में मात खानी पड़ी।

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 38,845 | ↓ | 134 | |
| निफ्टी | 11,504 | ↓ | 11 | |
| सोना | 52,672 | ↑ | 224 | /10g |
| चांदी | 69,841 | ↑ | 620 | /kg |

## क्विक न्यूज

### एनसीबी ने पांच लोगों को किया गिरफ्तार

**मुंबई।** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत से जुड़े नशीले पदार्थों के मामले में शुक्रवार को पांच लोगों को गिरफ्तार किया और 1.4 किलोग्राम मादकद्रव्य जब्त किया। एनसीबी के अधिकारियों ने बताया कि राहिल विश्राम (42) को उपनगर वर्सोवा में उसके आवास से पकड़ा गया और राजपूत की मौत से जुड़े मादकद्रव्य के मामले में पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि एनसीबी की मुंबई इकाई की टीम ने पूर्व में गिरफ्तार अंकुश अरेजा (28) से पूछताछ के बाद विश्राम के आवास पर छापा मारा। अधिकारियों ने बताया कि विश्राम के आवास पर छापे के दौरान टीम ने 928 ग्राम चरस और 4,36,000 रुपए नकदी जब्त की। अरेजा से मिली जानकारी के बाद चार लोगों के पास से 490 ग्राम गांजे की जब्ती की गई।

# एयर इंडिया एक्सप्रेस को राहत जारी रहेंगी दुबई की उड़ानें

- एयरलाइन के माफी मांगने के बाद डीसीए ने उड़ान निलंबन का फैसला वापस लिया

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली

**एयर** इंडिया एक्सप्रेस की दुबई उड़ानों पर रोक लगाने के कुछ घंटों बाद ही दुबई सिविल एविएशन अथॉरिटी (डीसीएए) ने अपना फैसला वापस ले लिया है। अब एयरलाइन की उड़ानें 19 सितंबर से तय शैड्यूल के अनुसार ही जारी रहेंगी। डीसीएए ने दो कोविड पॉजिटिव यात्रियों को यूएई जाने की अनुमति देने के आरोप में एयर इंडिया एक्सप्रेस की दुबई उड़ानों पर 18 सितंबर से 2 अक्टूबर तक प्रतिबंध लगा दिया था। एयरलाइन ने दुबई



आने-जाने वाली उड़ानें बहाल होने की सूचना अपने फेसबुक और ट्वीटर अकाउंट पर दी। इससे पहले एयर इंडिया एक्सप्रेस ने पत्र लिखकर डीसीएए से माफी मांगी और घटना के दोशी ग्राउंड हैंडलिंग एजेंट पर कार्रवाई की रिपोर्ट भी पेष की थी। एयरलाइन ने दिल्ली, कोझिकोड, मुंबई, कन्नूर और तिरुअनंतपुरम से शारजाह के लिए पहले से बुक यात्रियों को भेजने के लिए पांच फ्लाइट का इंतजाम किया था। अब इन्हें दोबारा भेजा जाएगा। एयर इंडिया एक्सप्रेस पर कार्रवाई ऐसे समय की गई थी जब 19 सितंबर से संयुक्त अरब अमीरात में मेगा टी-20 क्रिकेट इवेंट इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) शुरू हो रहा है।

## पूर्वी लद्दाख में संपूर्ण स्थिति व अभियानगत तैयारियों की समीक्षा की

**नई दिल्ली।** सरकार ने पूर्वी लद्दाख में भारत की अभियानगत तैयारियों सहित क्षेत्र में संपूर्ण स्थिति की शुक्रवार को व्यापक समीक्षा की। सरकारी सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चीनी सेना के लगातार आक्रामक रुख अपनाए रखने और क्षेत्र में भारतीय सैनिकों को फिर से डराने की कोशिश किए जाने के मद्देनजर यह बैठक की गई। सूत्रों ने बताया कि उच्चाधिकार प्राप्त चाइना स्टडी ग्रुप की करीब 90 मिनट चली बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल बिपिन रावत और तीनों सेनाओं के प्रमुखों ने अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम सेक्टरों समेत करीब 3,500 किलोमीटर लंबी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास सतर्कता और बढ़ाए जाने पर भी विचार किया।

# अब निजी ट्रेन आपरेटर तय करेंगे किराया

- संबंधित रूट पर एसी बसों व विमान किराए को ध्यान में रखकर वसूला जाएगा रेल भाड़ा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**महंगे** रेल सफर के लिए देशवासी तैयार हो जाएं। अब किराए की घोषणा बजट में नहीं होगी, बल्कि भाड़ा रेल चलाने वाली निजी कंपनियां अपने हिसाब से तय करेंगी।

मोदी सरकार ने रेल परिचालन में निजी कंपनियों को लुभाने के लिए उन्हें किराया तय करने की अनुमति दे दी है। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष वीके यादव ने कहा कि निजी कंपनियों को अपने तरीके से किराया तय करने की स्वतंत्रता दी गई है, लेकिन यह संबंधित रूटों पर वातानुकूलित बसों



फाइल फोटो

और विमान के किराये को ध्यान में रखकर लागू किया जाएगा। माना जा रहा है कि यह कदम रेल परिचालन में निजी कंपनियों को आकर्षित करने के लिए उठाया गया है। रिपोर्टों के अनुसार, सरकार के इस फैसले से भारतीय रेलवे में निजी कंपनियां अगले पांच वर्षों में लगभग 7.5 बिलियन अमरीकी डालर निवेश कर सकती हैं। अलस्टॉम एसए, बॉम्बार्डियर इंक, जीएमआर इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड और अदानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड जैसी विभिन्न कंपनियों ने कथित तौर पर रेल परियोजनाओं में अपनी रुचि दिखाई है। भारतीय रेलवे यात्रियों के लिए बेहतर सुविधाएं देने और राजस्व बढ़ाने के उद्देश्य से उन स्टेशनों पर यात्रियों से ट्रेन किराए के रूप में लेवी यूजर्स शुल्क वसूलना शुरू कर देगा, जिनका पुनर्विकास किया गया है और वहां उच्च स्तर की सुविधाएं दी जा रही हैं। इस तरह का शुल्क रेलवे के इतिहास में यात्रियों पर पहली बार लगाया जा रहा है। चेयरमैन ने कहा कि यह षुल्क नाममात्र का होगा और देश भर के 7,000 रेलवे स्टेशनों में से लगभग 10-15 प्रतिशत में ही लागू किया जाएगा। उन सभी स्टेशनों पर यूजर्स चार्ज वसूला जाएगा जो पुन: विकसित हो चुके हैं या किए जा रहे हैं। इस संबंध में एक अधिसूचना जारी की जाएगी।

भारतीय रेलवे ने बीते जुलाई में ही निजी कंपनियों द्वारा यात्री ट्रेनें चलाने का औपचारिक रूप से ऐलान किया था। इसके लिए 109 जोड़ी मार्गों पर 151 आधुनिक रेलगाड़ियां चलाने के लिए निजीं कंपनियों से आवेदन मांगे थे। निजी कंपनियों द्वारा बोली लगाने की प्रक्रिया के तौर-तरीके तय करने और इस काम में तेजी लाने को अन्य संबंधित फैसले लेने के लिए रेलवे बोर्ड ने पिछले साल अक्टूबर में ही नीति आयोग के सीईओ अमिताभ कांत की अगुवाई में सचिवों के एक अधिकार प्राप्त समूह का गठन किया था।

# मेडिकल डिवाइस व फार्मा में व्यापक अवसर: योगी

## मुख्यमंत्री के समक्ष लोक भवन में बल्क ड्रग पार्क और मेडिकल डिवाइस पार्क के सम्बन्ध में प्रस्तुतीकरण



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में मेडिकल डिवाइस और फार्मा के क्षेत्र में असीम सम्भावनाएं हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड–19 तथा अन्य रोगों के दृष्टिगत दवाइयों एवं मेडिकल उपकरणों की मांग काफी बढ़ी है। ऐसे में राज्य को बल्क ड्रग एवं मेडिकल डिवाइस पार्कों की स्थापना के लिए तेजी से तैयारी करनी होगी। उन्होंने कहा कि इनकी स्थापना से दवाइयों और चिकित्सकीय उपकरणों के उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को लोक भवन में बल्क ड्रग पार्क और मेडिकल डिवाइस पार्क के सम्बन्ध में प्रस्तुतीकरण पर अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य में पर्याप्त मानव संसाधन व अवस्थापना सुविधाओं उपलब्ध है। बल्क ड्रग पार्क व मेडिकल डिवाइस पार्क की स्थापना आज की बड़ी आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों की इकाइयां बड़ी संख्या में स्थापित हैं। इनके अलावा, सीडीआरआई, एनबीआरआई, सीमैप, आईटीआरसी, आईआईटी कानपुर एवं वाराणसी, एम्स, केजीएमयू, आईएमएस–बीएचयू जैसे उत्कृष्ट संस्थान हैं। उन्होंने कहा कि दवाओं तथा चिकित्सा उपकरणों के उत्पादन के लिए पार्कों की स्थापना से रोजगार उपलब्ध होगा। साथ ही प्रदेश व देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त आलोक टण्डन, अपर मुख्य सचिव वित्त संजीव मित्तल, अपर मुख्य सचिव औद्योगिक विकास आलोक कुमार, अपर मुख्य सचिव सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम नवनीत सहगल, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एसपी गोयल एवं सचिव मुख्यमंत्री आलोक कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## रिक्त पदों के लिए अर्ह घोषित किये गये अभ्यर्थियों को सीएम की बधाई

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कृषि निदेशक के नियंत्रणाधीन अधीनस्थ कृषि सेवा (वर्ग–3) प्राविधिक सहायक ग्रुप–सी के 2059 रिक्त पदों के लिए अर्ह घोषित किये गये अभ्यर्थियों को बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए लगातार प्रयास कर रही है। शिक्षा के उत्तम वातावरण के साथ–साथ युवाओं को रोजगार के अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध कराये जा रहे हैं। सरकारी नौकरियों के लिए भर्ती प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता से संचालित किया जा रहा है। सरकार के प्रवक्ता ने कहा कि यह एक सुखद संयोग है कि मुख्यमंत्री द्वारा आज सरकारी विभागों में रिक्त पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया को प्रारम्भ करने के निर्देश दिये गये और आज ही अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा 2059 अभ्यर्थियों को इस पद के लिए अर्ह घोषित किया गया है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लोकभवन में शुक्रवार को नार्दन कोल फील्ड्स लिमिटेड सिंगरौली, मप्र के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक पीके सिन्हा ने राज्य आपदा प्राधिकरण के लिए पांच करोड़ रुपए का चेक भेंट किया।

## किसान बिल पर बीएसपी सहमत नहीं: मायावती

लखनऊ। किसानों से जुड़े बिल लोकसभा में पास होने के बाद से राजनीति तेज हो गई है। अब इस मामले में बहुजन समाज पार्टी ने भी अपना रुख स्पष्ट किया है। पार्टी ने दोनों बिलों के बिना चर्चा पास किए जाने को लेकर असहमति जताई है। अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर बसपा सुप्रीमो मायावती ने ट्वीट करते हुए लिखा कि संसद में किसानों से जुड़े दो बिल, उनकी सभी शंकाओं को दूर किये बिना ही, कल पास कर दिये गये हैं। उससे बीएसपी कतई भी सहमत नहीं है। पूरे देश का किसान क्या चाहता है। इस ओर केन्द्र सरकार जरूर ध्यान दे तो यह बेहतर होगा।

## सरकार का किसान विरोधी चेहरा उजागर: रालोद

**लखनऊ।** रालोद के प्रदेश प्रवक्ता सुरेन्द्र नाथ त्रिवेदी ने डबल इंजन की सरकारों को किसान विरोधी चरित्र करार दिया है। उन्होंने कहा है कि सरकार गठन से लेकर अब तक इन्हीं बहुसंख्यक किसानों और मजदूरों को सरकारी अत्याचारों का दंश ऋण माफी में धोखा, नोटबन्दी के फलस्वरूप कल कारखानों के बन्द होने से उत्पन्न हुई बेरोजगारी और इन्हीं के साथ–साथ स्वयं इनके और मध्यमवर्गीय लोगों के बच्चों की बेकारी और बेरोजगारी के रूप में झेलना पड़ा है। त्रिवेदी ने कहा कि किसानों की भूमि अधिग्रहण में मुआवजा की असमानता भी समय समय पर देखने को मिली है।

## निलम्बित शिक्षकों के प्रकरण 15 दिन के अंदर निस्तारित न होने पर बीएसए पर होगी कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**एकेडमिक** गतिविधियों में रुचि न लेने और दायित्वों के प्रति लापरवाह चल रहे निलम्बित शिक्षकों के खिलाफ जांच और प्रकरण के निस्तारण में शिथिल कार्रवाई पर डीजी स्कूली शिक्षा ने नाराजगी जताई है।

इस बावत उन्होंने सभी बीएसए को आदेश जारी कर 15 दिन के अंदर प्रकरण के निस्तारण के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने कहा है कि निर्धारित अवधि के बाद बगैर समुचित कारण के अधिक समय से शिक्षकों के निलंबन की सूचना मिलती है तो फिर इस दिशा बीएसए के खिलाफ कदम उठाया जाएगा। डीजी स्कूली शिक्षा विजय किरन आनन्द के स्तर से जारी आदेश में कहा गया है कि 68 जिलों में पहली जनवरी से अभी तक निलम्बित चल रहे 204 शिक्षकों और जनवरी 2020 से पूर्व अभी तक निलम्बित हुए 274 शिक्षकों के लंबित प्रकरण चिंताजनक हैं। किसी भी शिक्षक को लम्बी अवधि तक निलम्बित रखने से शिक्षा पर इसका प्रतिकूल असर पड़ता है। साथ ही शिक्षकों को समुचित सेवाओं का लाभ नही मिल पाता है। उन्होंने कहा है कि समीक्षा के दौरान पाया गया है कि कुल 269 शिक्षकों की जांच आख्या खण्ड शिक्षा अधिकारी के स्तर पर लंबित होने के कारण 63 शिक्षकों की प्रक्रिया गतिमान होने के कारण तथा 7 शिक्षकों द्वारा स्पष्टीकरण न दिए जाने की वजह से ये शिक्षक निलम्बित हुए हैं। कुल मिलाकर जांच अधिकारी के स्तर से 332 मामले लंबित हैं। महानिदेशक ने अपने आदेश में कहा है कि जिन जांच अधिकारियों से जांच आख्या न प्राप्त हुई हो, उनसे 15 दिन के अंदर रिपोर्ट प्राप्त कर प्रकरण का निस्तारण करें। यदि निर्धारित अवधि के बाद किसी जनपद में बगैर समुचित कारण से अधिक समय से निलम्बित सूचना पाई जाएगी तो व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय करके अनुशासनात्मक कार्रवाई तक की जा सकती है।

## आदर्श क्रय केंद्रों पर 24 घंटे होगी गन्ने की तौल: भूसरेड्डी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** में इस बार आगामी पेराई सत्र में किसानों को अपने गन्ने की तौल करवाने के लिए लम्बा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। राज्य का गन्ना विकास व चीनी उद्योग छोटे–छोटे क्रय केन्द्रों को मिलाकर ऐसे आदर्श क्रय केंद्र विकसित करवा रहा है, जहां 24 घंटे गन्ने की तौल होगी। अभी तक यह सुविधा सिर्फ चीनी मिल गेट के क्रय केंद्र पर ही उपलब्ध रहा करती है।

अपर मुख्य सचिव और गन्ना आयुक्त संजय आर भूसरेड्डी ने बताया कि किसानों की दिक्कतों को देखते हुए पिछले पेराई सत्र में प्रयोग के तौर पर कुछ गन्ना उत्पादक जिलों में ऐसे पांच–पांच आदर्श क्रय केन्द्र बनाए गए थे। इस बार इनकी संख्या और बढ़ाई जा रही है। उन्होंने बताया कि पेराई शुरू होने पर आमतौर पर किसान पूरा दिन अपने खेत में गन्ने की कटाई करवाते हैं और शाम होते–होते क्रय केन्द्र पर ट्राली या ट्रक कतार में लगा देते हैं, जहां रात भर उन्हें इंतजार करना पड़ता है और इस दरम्यान गाड़ी में लदे गन्ने की सूखने की वजह से गुणवत्ता भी प्रभावित होने लगती है। सुबह सात बजे से दोपहर एक बजे के बीच क्रय केन्द्र पर गन्ने की तौल होती है। अब इन आदर्श क्रय केन्द्रों पर चौबीस घंटे तौल हुआ करेगी। इन केन्द्रों पर समुचित प्रकाश और पेयजल की व्यवस्था रहेगी। अतिरिक्त कर्मचारी तैनात होंगे। दो तौल मशीनें लगी होंगी, जिनमें से एक पर भरी गाड़ी की तौल होगी और दूसरी पर खाली गाड़ी की। इसी तरह केंद्र पर लोडर भी होंगे जो गाड़ी से गन्ने की अनलोडिंग करेंगे। मगर विभाग की यह पहल गन्ना किसान प्रतिनिधियों को रास नहीं आ रही। इन प्रतिनिधियों का कहना है कि छोटे क्रय केन्द्रों को मिलाकर बड़ा क्रय केंद्र बनाने से किसानों को कई तरह की दिक्कतें भी पेश आएंगी।

## खेती को अमीरों के हाथ गिरवी रखने के लिए शोषणकारी विधेयक लाई सरकार: अखिलेश



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी संसद में पारित कृषि संबंधी तीनों विधायकों के मुद्दे पर केंद्र की मोदी सरकार पर निशाना साधा और इसे खेती को अमीरों के हाथों गिरवी रखने वाला शोषणकारी विधेयक करार दिया है। अखिलेश ने शुक्रवार को ट्वीट किया कि भाजपा सरकार खेती को अमीरों के हाथों गिरवी रखने के लिए शोषणकारी विधेयक लाई है। ये खेतों की मेड़ तोड़ने का षड्यंत्र है और साथ ही न्यूनतम समर्थन मूल्य सुनिश्चित करने वाली मंडियों के धीरे–धीरे खात्मे का भी। भविष्य में किसानों की उपज का उचित दाम भी छिन जाएगा और वह अपनी ही जमीन पर मजदूर बन जाएंगे।

## शिक्षा योजनाओं के लिये 9007 करोड़ रुपये के प्रस्ताव मंजूर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● मुख्य सचिव की अध्यक्षता में सर्व शिक्षा अभियान कार्य परिषद की 54वीं बैठक संपन्न

**सर्व** शिक्षा अभियान की कार्य परिषद की 54वीं मुख्य सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी की अध्यक्षता में हुई, जिसमें वर्ष 2020–21 के लिए स्वीकृत कार्य योजना एवं बजट धनराशि 9007.88 करोड़ के प्रस्तावों को अनुमोदित किया गया। प्रारंभिक शिक्षा हेतु 8609.62 करोड़, शिक्षक प्रशिक्षण हेतु 109.52 करोड़ तथा माध्यमिक शिक्षा हेतु 288.73 करोड़ रूपये के प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गयी।

26729 परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों में छात्र–छात्राओं के बैठने हेतु फर्नीचर की व्यवस्था, 1160 विद्यालयों में पीने के पानी की सुविधा हेतु सबमर्सिबल पंप व टैंक तथा फिटिंग, 6686 विद्यालयों का विद्युतीकरण, 688 विद्यालयों में अतिरिक्त कक्षों का निर्माण तथा 975 प्राथमिक तथा 219 उच्च प्राथमिक जर्जर विद्यालयों के भवनों का पुन: निर्माण कराया जाएगा। उक्त कार्य के लिए 757.57 करोड़ रुपए अनुमोदित किये गए जो कि गतवर्ष की तुलना में 1298.50 प्रतिशत अधिक हैं।

इसके अलावा कक्षा 1 से 8 तक के अध्ययनरत लगभग 179.32 लाख छात्र–छात्राओं को नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक, 154.50 लाख बच्चों को नि:शुल्क यूनिफार्म उपलब्ध कराया जायेगा। 1,59,665 विद्यालयों तथा प्रबन्ध समिति के सदस्यों को प्रशिक्षण व सशक्तीकरण के कार्यक्रम और जन पहल रेडियो के कार्यक्रम संचालित किये जाएंगे।

इसके साथ आउट आफ स्कूल बच्चों का चिन्हीकरण, पंजीकरण एवं नामांकन हेतु 7–14 आयु वर्ग के 107190 बच्चों हेतु 09 माह के गैर आवासीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किये जाएंगे। उक्त कार्यों हेतु 1606.67 करोड़ रुपए के प्रस्तावों का अनुमोदन प्रदान किया गया। यह धनराशि गत वर्ष से 51.98 प्रतिशत अधिक है। इसके अलावा प्री प्राइमरी हेतु आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए 1,46,286 प्रधानाध्यापकों को प्रशिक्षण, बायोमैट्रिक उपस्थिति, डिजिटल लर्निंग तथा मानिटरिंग हेतु परिषदीय विद्यालयों तथा सभी एकेडमिक रिसोर्स पर्सन्स को टेबलेट की व्यवस्था, 949 उच्च प्राथमिक विद्यालयों में आईसीटी इंटीग्रेटेड स्मार्ट क्लास, बुनियादी शिक्षा के अन्तर्गत इंटरएक्टिव लर्निंग मटेरियल तथा न्यूमेरिकल लिटरेसी के लिए कार्यक्रम, आनलाइन शिक्षक प्रशिक्षण हेतु दीक्षा कन्टेन्ट क्रिएशन सेल की स्थापना, कक्षा 3–8 के 1,06,75,162 विद्यार्थियों हेतु सीसीई कार्ड्स की व्यवस्था, 1,54,590 शिक्षकों को आईडी कार्ड तथा सभी शिक्षकों को शिक्षक डायरी, 1,88,978 अध्यापकों के लिए ऑनलाइन सेवारत प्रशिक्षण, 1,58,877 विद्यालयों में कम्पोजिट ग्रान्ट की स्वीकृति, सभी छात्र–छात्राओं का आधार कार्ड बनवाने का आधार आथेन्टिकेशन तथा कोविड.19 के दृष्टिगत छात्र छात्राओं तथा शिक्षकों की सुरक्षा हेतु जागरूकता प्रशिक्षण के कार्यक्रम संचालित किये जाएंगे।

## मौजूदा तीनों कृषि विधयेक खेती किसानी को समूल नष्ट कर देंगे

● मोदी सरकार ने यह काला कानून वापस नहीं लिया तो कांग्रेस सड़क से लेकर सदन तक इसका विरोध करेगी



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने बीते बृहस्पतिवार को संसद में पारित तीनों कृषि सम्बंधित विधेयकों कृषक उपज व्यापर और वाणिज्य विधेयक, मूल्य आश्वासन एवं कृषि सेवाओं पर किसान समझौता और आवश्यक वस्तु संशोधन विधेयक को किसान विरोधी काला कानून करार देते हुए इसे किसानों की कमर तोड़ने वाला और कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग को बढ़ावा देने वाला कानून करार दिया।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा कि मौजूदा पारित तीनों कृषि कानून आम किसानों को समूल नष्ट कर देने वाले कानून हैं। तीनों कानून प्रदेश के लाखों मझोले और सीमांत किसान के ऊपर भारी पड़ेंगे और उनकी समूची खेती किसानी कर्ज में फंस के बिक जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि आवश्यक वस्तुओं की सूची से अनाज, फल और सब्जी को हटा लेने से जमाखोरी को बढ़ावा मिलेगा, कीमतों में अस्थिरता रहेगी जिसका खामियाजा देश की बेहाल, परेशान जानता को भुगतना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार अगर यह काला कानून वापस नहीं लेती तो कांग्रेस सड़क से लेकर सदन तक इसका विरोध करेगी। लल्लू ने मांग करते हुए कहा कि एक देश एक समर्थन मूल्य के तहत प्रदेश में सारी फसलों, फल, अनाज, सब्जी आदि चीजों की पूरे देश में न्यूनतम समर्थन मूल्य तय होने चाहिए। उन्होंने भाजपा की मोदी सरकार पर आरोप लगाया कि वो देश की खेती किसानी को कॉर्पोरेट के हवाले करने का कुचक्र रच रही है।

## घाटे से उबर कर मुनाफे में पहुंचा पुलिस आवास निगम

● मुख्यमंत्री की घोषणा के अन्तर्गत पुलिस विभाग के 155 निर्माण कार्यों की मिली जिम्मेदारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश पुलिस आवास निगम की कार्यप्रणाली को और अधिक चुस्त–दुरुस्त व प्रभावी बनाया गया है तथा निगम द्वारा किये जाने वाले निर्माण कार्यों में तेजी लाते हुये उनके समयबद्ध निस्तारण पर विशेष बल दिया गया है। इसके फलस्वरूप घाटे में चल रहा यह निगम अब लाभ की ओर अग्रसर है। वर्तमान समय में घाटे की बजाय एक करोड़ के लाभ में पहुंच गया है। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश पुलिस आवास निगम की आठ निर्माण इकाइयां क्रमश: मेरठ, आगरा, कानपुर, लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी, गोरखपुर और गोण्डा में स्थित हैं। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी की अध्यक्षता में शुक्रवार को लोक भवन में पुलिस आवास निगम द्वारा किये जा रहे कार्यों की गहन समीक्षा के दौरान यह जानकारी दी गयी। उन्होंने पुलिस आवास निगम को दिये गये निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को सुनिश्चित करते हुए उनके समयबद्ध रूप से पूर्ण किये जाने के निर्देश देते हुये बताया कि शासन द्वारा निर्माण कार्यों के लिए पर्याप्त धन की व्यवस्था की जा रही है। पुलिस आवास निगम के अपर पुलिस महानिदेशक–सीएमडी हरि राम शर्मा ने बताया कि वर्ष 2017–18 में जहां यह निगम 11 करोड़ तथा 2018–19 में 8 करोड़ के घाटे में चल रहा था, वहीं वर्ष 2019–20 के अगस्त माह से यह निगम लाभ की ओर अग्रसर हुआ है। वर्तमान समय में घाटे की बजाय एक करोड़ के लाभ में पहुंच गया है। मुख्यमंत्री द्वारा घोषित किये गये पुलिस विभाग के आवासीय एवं अनावासीय भवनों के निर्माण कार्य के तहत पुलिस आवास निगम द्वारा कुल 155 निर्माण कार्य किये जा रहे हैं। इसके तहत 29 फायर स्टेशनों, 17 थानों व 7 पुलिस चौकियों के आवासीय एवं अनावासीय भवनों का निर्माण कार्य निगम द्वारा किया जा रहा है। साथ ही 44 जनपदों की पुलिस लाइन्स के महिला हॉस्टल–बैरक के 44 कार्य तथा 44 जनपदों की पुलिस लाइन्स के बहुमंजिला भवन से सम्बन्धित 58 निर्माण कार्य निगम द्वारा कराये जा रहे हैं। शासन द्वारा महिला पुलिस कर्मियों के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता पर आवासीय व्यवस्था किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। बैठक में बताया गया कि शासन द्वारा पुलिस आवास निगम को इन 155 कार्यों के लिए 100647 लाख रुपये की धनराशि मंजूर की गयी है, जिसमें से अब तक 1,5761 लाख की धनराशि जारी की जा चुकी है। पुलिस आवास निगम द्वारा अब तक 7,105 लाख रुपये से अधिक की धनराशि निर्माण कार्यों पर व्यय की जा चुकी है। बैठक में जानकारी दी गयी कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में निर्माण कार्यो में प्रगति अप्रैल, मई में कोरोना के कारण प्रभावित हुई, जिसकी पूर्ति हेतु प्रयास किये जा रहे हैं। बैठक में गृह सचिव, तरुण गाबा के अलावा गृह, पुलिस व पुलिस आवास निगम के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

मैंने अपने मंझले पुत्र मनीष सिंह नेगी के दुष्चरित्र व अपराधिक कृत्यों से तंग आकर उससे सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल – अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूँ। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य से मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा। धन्नो देवी पत्नी स्व0 महीपाल सिंह नेगी, निवासिनी–42, बडेथ, पौड़ी गढ़वाल, अघोर वाल्ला, उत्तराखण्ड, वर्तमान पता–रेजीडेन्ट हास्पिटल कर्मचारी आवास रूम नं0 107, के0जी0एम0यू0 लखनऊ।

सूचना

मैंने अपने छोटे पुत्र वीर बहादुर सिंह से उसके गलत आचरण के चलते अपने सभी सम्बन्ध समाप्त कर उसको अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके द्वारा किए गए किसी भी कार्य की मेरी कोई भी जिम्मेदारी नहीं होगी, राम बहादुर सिंह निवासी ग्राम डिग्घी, पोस्ट पाटन जिला उन्नाव।

REQUIRED

AVADH INSTITUTE OF MEDICAL TECHNOLOGY AND HOSPITAL
Vill. - Paikramu, Post - Behta, Kursi Road Lucknow, U.P., 226026
(Recognized By - UP State Medical Faculty Lucknow and Indian Nursing Council, New Delhi & Affiliated to CSJMU, Kanpur)
'FACULTY REQUIRED FOR B.Sc (NURSING) AND B.Sc (MLT) COURSE'

B.SC (NURSING)
• Principal • Vice-Principal
• Associate Professor • Nursing Tutor
• Assistant Professor

B.SC (MLT)
• Principal • Vice-Principal
• Lecturer • Demonstrator

(Qualifications as per Up State Medical Faculty Lucknow and Indian Nursing Council, New Delhi & CSJMU, Kanpur Norms)
Salary as per INC, New Delhi & U.P. State Govt. Norms

Interested Candidates may send their CV'S on info@aimth.ac.in within 21 days of publish

Contact : 8881990996 Chairman

## सरकार के द्वेषपूर्ण व्यवहार को नियंत्रित करने की राज्यपाल से मांग

● सपा प्रतिनिधिमंडल ने आनंदीबेन पटेल से मिलकर सौंपा ज्ञापन



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमण्डल ने शुक्रवार को राज्यपाल आनंदी बेन पटेल से राजभवन में मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को एक ज्ञापन सौंपकर प्रदेश में बढ़ती अराजकता और समाजवादी नेताओं पर बदले की भावना से हो रही कार्रवाई के खिलाफ रोष प्रकट करते हुए तत्काल उन पर नियंत्रण किए जाने की मांग की है। प्रतिनिधिमंडल में समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल, विधान परिषद सदस्य सुनील सिंह साजन, आनन्द भदौरिया एवं उदयवीर सिंह शामिल थे।

राज्यपाल को दिए ज्ञापन में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार विपक्ष के प्रति और खासकर समाजवादी पार्टी के प्रति द्वेषपूर्ण व्यवहार कर रही है। संविधान की ली गई शपथ के प्रतिकूल उसका आचरण भेदभावपूर्ण होता है। इससे प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति दिन प्रतिदिन बिगड़ती जा रही है। सत्ता संरक्षित अपराधियों के कारनामों से जनता भयभीत है। ज्ञापन में कहा गया है कि स्थिति यह है कि प्रदेश में निर्दोष सताए जा रहे हैं। फर्जी एनकाउण्टर और हिरासत में मौतें हो रही हैं। अपहरण, लूट, हत्या के मामले बढ़ते जा रहे हैं। सरकार इन पर नियंत्रण नहीं कर पा रही है। महिलाओं और बच्चियों के साथ तो आए दिन दुष्कर्म की घटनाएं हो रही है। सर्वाधिक चिंता का विषय तो यह है कि सत्तादल के इशारे पर पुलिस का व्यवहार गैरजिम्मेदाराना और संवेदनहीन होता जा रहा है। लोकतंत्र में सत्ता और विपक्ष दोनों की संवैधानिक मान्यता है लेकिन प्रदेश में भाजपा सरकार अपनी एकाधिकारवादी मानसिकता से काम कर रही है। शांतिपूर्ण अहिंसात्मक विरोध भी उसे बर्दाश्त नहीं है। बेरोजगारी से परेशानहाल नौजवान जब अपनी मांग उठाते हैं तो उन पर लाठियां बरसती हैं। प्रतिनिधिमण्डल ने राज्यपाल को बताया कि विभिन्न जनपदों में समाजवादी पार्टी के नेताओं को बदले की भावना से उत्पीड़न का शिकार बनाया जा रहा है। रामपुर के सांसद और पूर्वमंत्री मोहम्मद आजम खां और उनके परिवार पर तमाम फर्जी केस लगा दिए गए हैं।

## परिषदीय विद्यालयों की जमीन पर बने सार्वजनिक शौचालय होंगे ध्वस्त

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने परिषदीय विद्यालयों की जमीन पर बने सार्वजनिक शौचालयों के ध्वस्तीकरण के आदेश दिए हैं। कई जिलों से विभाग को शिकायतें मिल रहीं थीं कि उनकी जमीनों का उपयोग सार्वजनिक शौचालय के लिए हो रहा है। अभी हाल ही में बेसिक शिक्षा मंत्री डॉ सतीश द्विवेदी ने भी परिषदीय विद्यालयों की जमीनों पर शौचालय बनाने की शिकायत पर अधिकारियों को तत्काल कदम उठाने के आदेश दिए थे। शासन स्तर पर बेसिक के साथ ही प्रदेश के माध्यमिक शिक्षा विभाग ने जिलों में सभी बीएसए तथा डीआइओस को निर्देश दिया है कि यदि कोई भी सार्वजनिक शौचालय स्कूल परिसर में आता है तो तत्काल उसके ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाए। फिलहाल इस बारे में महानिदेशक विजय किरण आनंद का कहना है कि इस बारे में पूर्व में भी विभाग स्तर पर आदेश जारी किए गए हैं।

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि राजनीतिक दल उदय भारतम पार्टी के नाम से रजिस्ट्रीकृत होना प्रस्तावित है। पार्टी कार्यालय सी–310, सिग्मा–2, ग्रेटर नोएडा, गौतम बुद्ध नगर, यू.पी.–201308 में स्थित है। इस दल ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29क के अधीन राजनीतिक दल के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली को आवेदन प्रस्तुत किया है– पार्टी के पदाधिकारियों के नाम/पता नीचे दिए गए है:–
अध्यक्ष : डा0 राजेन्द्र प्रसाद, पता : 6–1, अदुसुमिलि वारि विदेह, सिरिपुरम, मेडिकोंदूर मंडल, गुंटूर जिला, ए. पी.–522401
महासचिव : श्री आलोक कुमार, पता : पी–166, संजय नगर, गाजियाबाद, यू. पी.–201002
कोषाध्यक्ष : श्री पी0 सुरेशन, पता : बी 1107, औ एक्स वाई होमज, निकट कोयल एंक्लेव, गाजियाबाद–201102
यदि किसी को उदय भारतम पार्टी के रजिस्ट्रीकरण में कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति इसके कारणों सहित सचिव (राजनीतिक दल), भारत निर्वाचन आयोग निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली–110001 को इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर भेजें।

रेल विद्युतीकरण, गोरखपुर
निविदा संख्या- आर.ई-जीकेपी-ईएल-जी-ई-ओ.टी-09 दिनांक 18.09.2020
खुली ई-निविदा सूचना
उप मुख्य विद्युत इंजीनियर, रेल विद्युतीकरण, गोरखपुर ,द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु खुली ई-निविदा एकल पैकेट प्रणाली के अन्तर्गत आमंत्रित की जाती है :-
1. कार्य का नाम एवं स्थान : पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के गोण्डा-बहराईच सेक्शन में ग्रुप-306 में (01 अदद-टी.एस.एस), (01 अदद-ओ.एच.ई/पी.एस.आई डिपो), (1 अदद-टावर वैगन शेड), रेल कर्मचारियों हेतु आवास (टाईप IV 01 अदद, टाईप III-02 अदद टाईप II-4 अदद), बहराईच में विद्युतीकरण का कार्य। 2. कार्य की अनुमानित लागत : 1,40,19,928.18 (रू0 एक करोड़ चालीस लाख उन्नीस हजार नव सौ अठ्ठाइस एवम् अठारह पैसा केवल), 3. धरोहर राशि : रू. 2,20,100/- (दो लाख बीस हजार एक सौ मात्र), 4. निविदा बन्द होने का समय एवं तिथि : दिनांक 12.10.2020, समय 15.00 बजे, 5. ऑफर की वैधता: 45 दिन, 6. कार्य पूरा करने की अवधि: 06 महीने।
1. निविदा प्रपत्र की कीमत एवं धरोहर राशि को नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यदि के द्वारा IREPS की वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर आनलाइन पेमेन्ट के द्वारा जमा कर सकते है, अन्य माध्यम से जमा करने पर स्वीकार्य नहीं होगी। 2. अन्य जानकारी और टेंडर पेपर डाउनलोड करने के लिए, कृपया IREPS की वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर जाएँ। 3. बयाना राशि के बिना ऑनलाइन प्रस्ताव को सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा। 4. इस निविदा में मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है और किसी भी ऐसे मैनुअल प्राप्त प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जायेगा। 5. रेलवे के पास किसी एक या सभी निविदाकर्ताओं को बगैर कारण बताए किसी एक या सभी निविदाओं को अस्वीकार करने का अधिकार है। 6. इस निविदा में रेलवे General Condition of Contract जुलाई 2020 या नवीनतम लागू होगा।
उप मुख्य विद्युत इंजीनियर
रेल विद्युतीकरण/गोरखपुर

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी–33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# स्मार्ट सिटी के कार्यों की लेट लतीफी से मंडलायुक्त नाराज

### स्थलीय निरीक्षण के दौरान मिलीं कई खामियां

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मंडलायुक्त** द्वारा शुक्रवार को स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के निर्माणाधीन कार्य का निरीक्षण किया गया। 15 एमएलडी के एसटीपी के कार्यों की सुस्त रफ्तार पर नाराजगी जताई है। वहीं स्मार्ट सिटी के कार्य चार वर्ष बाद शुरू करने पर भी नाराजगी जताते हुए उन्होंने प्रतिदिन कार्य की रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है।

शुक्रवार सुबह मण्डलायुक्त रंजन कुमार ने स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के निर्माणधीन कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया, निरीक्षण के समय नगर आयुक्त अजय द्विवेदी, अपर नगर आयुक्त अमित कुमार, स्मार्ट सिटी के वित्त नियंत्रक जेपी सिंह सहित अधिकारी रहे। मण्डलायुक्त ने हाथी पार्क कैसरबाग में 15 एमएलडी के निर्माणाधीन एसटीपी के कार्य का निरीक्षण किया। कार्य की प्रगति समय पर तेजी न आने पर नाराजगी व्यक्त की। कार्य को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध पूर्ण कराने के निर्देश दिये। इसके बाद अमीरूदौला पब्लिक लाइब्रेरी के सामने पार्क का सौन्दर्यीकरण कराये जा रहे कार्य का निरीक्षण किया। घसियारी मण्डी प्राथमिक विद्यालय में प्राविधानिक शौचालय में पानी की व्यवस्था के लिए ओवर हेड टैंक की व्यवस्था न होने व शौचालय का कार्य अभी तक शुरू न होने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने इसके साथ ही रिवर बैंक कालोनी में स्थित कुलकर्णी पार्क एवं राम मंदिर पार्क का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने यह पाया कि लखनऊ स्मार्ट सिटी का गठन 16 अगस्त 2016 को हुआ था लेकिन योजना के तहत निर्धारित अधिकांश कार्य वर्ष 2020 में कार्य शुरू किए गए हैं। इससे नाराज मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि अब कार्यों की दिन-प्रतिदिन निरीक्षण करके तेज व गुणवत्तायुक्त कार्य पूर्ण कराया जाए। कैसरबाग सेवा प्रसाधन केन्द्र के निरीक्षण में डिजाइन, ड्राइन्ग एवं निर्माण संबंधी अनेक कमियां उजागर हुईं इस संबंध में निर्देश दिया गया कि इस इस कार्य पर व्यय की गई 44 लाख की धनराशि के मुताबिक उसकी उपयोगिता की समीक्षा की जाए। साथ ही निमार्ण कार्यों की गुणवत्ता की जांच करने का आदेश दिया गया। कैसरबाग में स्थित नगर निगम की जमीन पर पूर्व में स्थापित मछली मण्डी को हरदोई रोड पर स्थानांतरित करने के फलस्वरूप खाली पड़ी जमीन के सदुपयोग के लिए प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया गया।

## आरटीई के तहत दाखिले में आनाकानी करने वाले 21 निजी स्कूलों को नोटिस

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अनिवार्य** शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत गरीब परिवार के बच्चों का दाखिला लेने में आनाकानी करने वाले 21 स्कूलों को बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉक्टर दिनेश कुमार ने नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। यदि चिन्हित स्कूल दाखिला नही देते हैं तो फिर उनके खिलाफ कदम उठाया जाएगा।

बीते वर्षों की तरह इस बार भी तमाम निजी स्कूलों ने शिक्षा का अधिकार (आरटीई) के तहत दुर्बल आय वर्ग के बच्चों का दाखिला लेने में आनाकानी शुरू कर दी है। अभी तक दाखिला न लेने वाले करीब 21 स्कूलों को चिन्हित कर बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा नोटिस जारी की गई है। जिन स्कूलों को नोटिस जारी की गई है उनमें एग्जान मोंटेसरी स्कूल कैंपवेल रोड, एविज कान्वेंट स्कूल गढ़ी पीर खां, बीएसडी एकेडमी बरौरा, सेंट्रल एकैडमी सेक्टर 4 विकास नगर, टाउन हॉल पब्लिक स्कूल ठाकुरगंज, लखनऊ पब्लिक स्कूल राजाजीपुरम, सिटी इंटरनेशनल स्कूल ठाकुरगंज, न्यू पब्लिक स्कूल देवपुर पारा, राजकुमार एकेडमी मेहंदीगंज, ग्रीनलैंड स्कूल गोमती नगर, दिल्ली पब्लिक स्कूल जानकीपुरम विस्तार, संस्कार पब्लिक स्कूल इंदिरा नगर, टिनी टॉय स्कूल अलीगंज,ए टाउन हॉल स्कूल सेक्टर के अलीगंज, कैरियर कान्वेंट स्कूल सेक्टर 5 विकास नगर शामिल हैं।

# हजरतगंज में शो रूम मालिक ने नगर निगम की टीम पर बोला हमला

### जोनल अधिकारी के ड्राईवर का सिर फटा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**राजधानी** में नगर निगम द्वारा सफाई एवं अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाना भारी पड़ गया। अभियान के दौरान व्यापारियों ने ड्राईवर व टीम पर हमला बोल दिया। हजरतगंज के जोनल अधिकारी के ड्राईवर का सिर फट गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए नगर आयुक्त के आदेश पर एफआईआर दर्ज कराई।

जोन 1 हजरतगंज क्षेत्र में अभियान चलाना व्यापारियों को नागवार गुजर रहा है। हजरतगंज में सफाई एवं अतिक्रमण के विरूद्व चलाये जा रहे अभियान के दौरान कर्मियों पर हमला कर दिया। मामला टाइटन शोरूम के पास का है। नगर निगम की टीम द्वारा नाजा मार्केट के पास गली में गंदगी व अतिक्रमण के विरूद्व अभियान चलाया जा रहा था। कुछ दूर बैंक आफ बड़ौदा के पास जोनल अधिकारी दिलीप कुमार डे की इनोवा कार खड़ी थी। इसी बीच टाइटन शोरूम के कर्मचारी से सामने गाड़ी खड़ी करने को लेकर ड्राईवर का विवाद हो गया। विवाद बढ़ते ही शोरूम के मालिक और कर्मचारियों ने ड्राईवर की पिटाई कर दी। टीम के आने पर ड्राईवर ने कर्मचारियों को इसकी जानकारी दी। तब टीम के कर्मचारी व जोनल अधिकारी टाइटन शोरूम पहुंचे। जहां टाइटन शोरूम के मालिक, बेटे और कर्मचारियों ने नगर निगम टीम पर हमला बोल दिया। जिसमें ड्राईवर सोनू का सर फट गया और एक अन्य ड्राईवर के कपड़े फाड़ दिये। उप्र कर्मचारी संघ के अध्यक्ष से मिली जानकारी के अनुसार हमले के विरोध में नगर निगम के कर्मचारी और अधिकारी हजरतगंज थाने में आरोपियों के विरूद्व एफआईआर दर्ज कराने के लिए जुट गए। नगर निगम की ओर से टाइटन शोरूम के मालिक और कर्मचारियों के खिलाफ तहरीर दी गयी है। पुलिस द्वारा ड्राईवर का मेडिकल चेकअप कर आरोपियों के विरूद्व एफआईआर दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है।

## जिला चिकित्सालयों में रिक्त पदों को भरने के लिए मिली मुख्यमंत्री की मंजूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कोरोना** महामारी के दौर में इलाज को लेकर जूझ रहे बड़े चिकित्सालयों में रिक्त प्रशासनिक पदों को देखते हुए मुख्यमंत्री ने 66 चिकित्साधिकारियों को अपर निदेशक पद पर प्रोन्नति की मंजूरी दे दी है। वहीं 55 चिकित्साधिकारियों के तबादले से जुड़े पत्रावली पर भी सीएम योगी ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। इससे प्रदेश भर के सरकार अस्पतालों में रिक्त चल रहे चिकित्सकों के प्रशासनिक पदों को शीघ्र भरा जा सकेगा। इस बारे में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि 66 चिकित्साधिकारियों को अपर निदेशक पद पर पदोन्नति देकर उन्हें सरकार अस्पतालों के प्रशासनिक पदों पर तैनात किया जाएगा ताकि स्थानीय स्तर पर त्वरित जरूरी निर्णय लिया जा सके। इसके अलावा चिकित्साधिकारियों के स्तर पर होने वाली गड़बड़ियों पर भी अंकुश लग सके। दूसरी तरफ 55 चिकित्साधिकारियों की नवीन तैनाती सम्बन्धी पत्रावली को सीएम योगी की मंजूरी के बाद अब जिन अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी हैं वह दूर हो जाएगी। मुख्यमंत्री की मंजूरी के बाद अब शीघ्र ही इन 55 चिकित्साधिकारियों की नई तैनाती के आदेश जारी कर दिए जाएंगे।

## राजधानी के अस्पतालों में जल्द उपलब्ध होंगे 1000 आईसीयू बेड

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कोरोना** संक्रमित मरीजों के इलाज को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तरफ राजधानी के मेडिकल कालेजों व संस्थानों में आईसीयू के 1000 बेड करने के दिये गए लक्ष्य के तहत चिकित्सा शिक्षा विभाग जुट गया है। शीघ्र ही 1000 आईसीयू के बेड्स बढ़ाये जाएंगे। वर्तमान में लखनऊ के मेडिकल कालेजों एवं संस्थानों में 704 आईसीयू बेड उपलब्ध हैं।

अपर मुख्य सचिव चिकित्सा शिक्षा डा रजनीश दुबे ने बताया कि पिछले 10 दिनों में जनपद में 174 आईसीयू बेड बढ़ाये गए हैं। इनमें केजीएमयू में 100 से बढ़ाकर 168 आईसीयू बेडए एसजीपीजीआई में 100 से बढ़ाकर 186 तथा डा राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में 40 से बढ़ाकर 60 आईसीयू बेड की व्यवस्था की गयी है। उन्होंने बताया कि राजधानी के तीन प्राइवेट मेडिकल कालेज एराए इन्टीग्रल व टीएस मिश्रा मेडिकल कालेज में 230 आईसीयू बेड उपलब्ध हैं। बाराबंकी स्थित हिन्द मेडिकल कालेज को बैकअप के रूप में रखा गया है जिसमें वर्तमान में 60 आईसीयू बेड उपलब्ध हैं। इस प्रकार लखनऊ जनपद के विभिन्न मेडिकल कालेजों एवं संस्थानों में वर्तमान में 704 आईसीयू बेड उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि तीन सप्ताह के अंदर शैय्या की संख्या को बढ़ाते हुए केजीएमयू में 300ए पीजीआई में 250 व आरएमएल में 90 आईसीयू बेड शीघ्र उपलब्ध हो जायेंगे। एराए इंटीग्रल व टीएस मिश्रा मेडिकल कालेज में आवश्यकतानुसार आईसीयू बेडों को बढ़ाते हुए 270 बेड किए जायेंगे। जबकि हिन्द मेडिकल कालेज व लोकबन्धु चिकित्सालय में उपलब्ध आईसीयू बेड को बढ़ाकर 100 बेड किया गया है। उन्होंने बताया कि इसके लिए विशेषज्ञ मैनपावर की व्यवस्था की जा चुकी हैए जबकि उपकरणों आदि की आपूर्ति तीव्र गति से सुनिश्चित की जा रही है। एमडी एवं डीएम पासआउट लगभग 250 विशेषज्ञों को कोविड.19 के दृष्टिगत सीनियरध्जूनियर रेजीडेण्ट के रूप में अनिवार्य रूप से एक वर्ष के लिए क्लीनिकल विभागो में लगाया गया है, जिससे विस्तारीकरण मे सहूलियत होगी।

### डीएम ने कंट्रोल रूम से कॉल कर जाना कोविड रोगियों का हाल

**लखनऊ।** स्मार्ट सिटी कार्यालय स्थित इंट्रीग्रेटेड कोविड.19 कंट्रोल एंड कमांड सेंटर पहुंचे डीएम अभिषेक प्रकाश ने होम आइसोलेशन व पब्लिक ग्रीवेंस रिड्रेसल सिस्टम द्वारा प्रदान की जा रही विभिन्न सेवाओं जैसे एंबुलेंस, हॉस्पिटल ऐडमिशन, डोर स्टेप मेडिसिन डिलीवरी इत्यादि कार्यों का रियलिटी चेक किया। साथ ही होम आईसोलेशन में रहने वाले रोगियों से कॉल कर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी हासिल की तथा दवाइयों की किट व परिवार के लोगों की टेस्टिंग आदि के बारे में भी जानकारी की। जिलाधिकारी ने कोविड रोगियों की शिकायतों के निस्तारण के सत्यापन के उद्देश्य से खुद शिकायतकर्ता को कॉल कर फीडबैक लिया। जिलाधिकारी ने कोविड रोगियों से स्वास्थ्य सम्बंधित जैसे कि टेम्परेचर व ऑक्सीजन लेवल की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने कंट्रोल एंड कमांड सेंटर में तैनात अधिकारियों व पूरी टीम को फीडबैक के आधार पर प्राप्त होने वाली समस्त समस्याओं के निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार तत्काल निराकरण के निर्देश दिए।

## कोरोना काल में केजीएमयू में मिला कैंसर के 7772 मरीजों को इलाज

**लखनऊ( पीएनएस )।** कोरोना के दौर में भी किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग की तरफ से कैंसर पीड़ित मरीजों के उपचार सम्बन्धी सेवाएं यथावत जारी रहीं। जिसके चलते बीते 6 माह में 7772 कैंसर रोगी ओपीडी में देखे गए और 1130 रोगियों को विभिन्न कैंसर के उपचार के लिए विभाग में भर्ती कराया गया है। विवि के प्रवक्ता डॉ सुधीर सिंह के मुताबिक इस अवधि के दौरान विभाग में 380 प्रमुख कैंसर सर्जरी और 369 छोटी सर्जरी की गईं। यह पिछले वर्ष के सर्जिकल वॉल्यूम का लगभग 82 फीसदी है। स्क्रीनिंग प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन करने और सोशल डिस्टेंसिंग के सभी मानदंडों का पालन करने के कारण, हमारे किसी भी पोस्ट ऑपरेटिव रोगियों में कोरोना संक्रमण के लक्षण नहीं पाए गए और उन्हें स्वस्थ एवं सुरक्षित रूप से छुट्टी दे दी गई। विभाग ने इस अवधि के दौरान 2073 रोगियों को कीमोथेरेपी भी दी है, सभी सुरक्षा सावधानियों का पालन करते हुए। उन्होंने बताया कि कोरोना महामारी काल के इस कठिन दौर मे कैंसर रोगियों की देखभाल एवं उन्हें उपचार प्रदान करना आसान नहीं था।

# परीक्षा पास कर प्रवेश पाने वाले और सीधे प्रवेश पाने वाले छात्रों में बराबरी नहीं

### प्राइवेट कॉलेज के छात्रों की फीस प्रतिपूर्ति की याचिका खारिज

**विधि संवाददाता।** लखनऊ



**हाईकोर्ट** की लखनऊ खंडपीठ ने एक फीस प्रतिपूर्ति संबंधी याचिका पर टिप्पणी करते हुए कहा है कि क्लैट अथवा विश्वविद्यालयों की चयन परीक्षा के जरिए प्रवेश पाने वाले छात्रों और प्राइवेट कॉलेजों में सीधे प्रवेश पाने वाले छात्रों को समान नहीं कहा जा सकता।

जस्टिस संगीता चन्द्रा की एकल सदस्यीय पीठ ने यह आदेश आदित्य तिवारी व एक अन्य की याचिका पर दिया है। याचिकाकर्ताओं ने 20 सितंबर, 2014 के शासनादेश के दो नियमों व 14 अप्रैल, 2016 के शासनादेश को चुनौती दी थी। याचियों का कहना था कि पूर्व में उन्हें यूपी सामान्य वर्ग दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के तहत शुल्क प्रतिपूर्ति का लाभ मिला था लेकिन इसे बाद में बंद कर दिया गया। याचिका में क्लैट के जरिए प्रवेश पाने वाले छात्रों की शुल्क प्रतिपूर्ति का उदाहरण देते हुए भेदभाव का भी मुद्दा उठाया गया था।

एकल पीठ ने सुनवाई करते हुए पाया कि जून, 2015 में सिटी लॉ एकेडमी कॉलेज में दाखिला लेने के कारण याचिकाकर्ताओं पर नियम 6(प)(ए) लागू होगा। जिसके तहत इंटरमीडिएट में 60 प्रतिशत मार्क्स पाने वाले छात्रों को ही शुल्क प्रतिपूर्ति का लाभ मिल सकता है। हालांकि शुरुआत में याचियों को गलत तरीके से शुल्क प्रतिपूर्ति का लाभ मिला लेकिन गलती को नियम नहीं माना जा सकता है। क्लैट के जरिए प्रवेश पाने वाले छात्रों की तुलना के विषय पर कहा कि याचिकाकर्ता क्लैट अथवा यूनिवर्सिटी की प्रवेश परीक्षा से प्रवेश पाए छात्रों के समान नहीं हैं। इस प्रकार से चुने गए छात्रों को पहले तो सरकारी कॉलेज आवंटित किया जाता है। फिर डीम्ड यूनिवर्सिटीज और एडेड संस्थान आवंटित किए जाते हैं। जबकि प्रवेश परीक्षा में कम मार्क्स पाने वाले और यहां तक कि किसी प्रवेश परीक्षा में भाग नहीं लेने वाले छात्र भी निजी गैर सहायता प्राप्त कॉलेज में प्रवेश लेते हैं।

## मकान बचाने मुख्तार की भाभी पहुंचीं हाईकोर्ट

**लखनऊ( वि.सं. )।** राजधानी के पाश इलाके डालीबाग में गाटा संख्या 93 की जमीन पर निर्मित मकान पर एलडीए द्वारा की जा रही कार्रवाई के खिलाफबाहुबली विधायक मुख्तार अंसारी की भाभी फरहत अंसारी की ओर से हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में एक याचिका दाखिल की गई है। उनकी यह याचिका शुक्रवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध थी। लेकिन समयाभाव के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। लिहाजा अब उनकी इस याचिका पर 23 सितंबर को सुनवाई होगी। जस्टिस पंकज मित्तल एवं जस्टिस राजीव सिंह की पीठ ने यह आदेश फरहत अंसारी की याचिका पर दिया है। उन्होंने इस प्रकरण में एलडीए और जिला प्रशासन की जारी कार्यवाही को गलत बताया है। पूर्व आयुक्त मुकेश मेश्राम ने पांच एकड़ में बने 15 निर्माण पर एक कमेटी का गठन किया था। जिसने डालीबाग की निष्क्रांत संपत्तियों की जांच कर उस संबंध में अपनी रिपोर्ट दी थी। कमेटी के सामने आए तथ्यों के मुताबिक उनमें करीब पांच एकड़ निष्क्रांत भूमि पर हुए लगभग 15 बड़े निर्माण ध्वस्तीकरण के दायरे में हैं। इस रिपोर्ट पर सभी सदस्यों के दस्तख्त हो चुके हैं। जल्द ही मामले में लखनऊ विकास प्राधिकरण को कार्रवाई करनी है। एलडीए उपाध्यक्ष शिवाकांत द्विवेदी पहले ही मान चुके हैं कि करीब पांच एकड़ जमीन निष्क्रांत के दायरे में है।

**एलडीए में 21 को होनी है सुनवाई:** इधर, फरहत अंसारी के निर्माण कार्य के मसले पर 21 सितंबर की तारीख महत्वपूर्ण हो सकती है। उस रोज उनके इस मसले पर एलडीए में सुनवाई होनी है। चूंकि शुक्रवार को हाईकोर्ट में सुनवाई टल गयी। ऐसे में संभव है कि 21 सितंबर को सुनवाई के बाद प्राधिकरण उपाध्यक्ष नक्शा निरस्त करने का आदेश जारी कर दें। इसके बाद फरहत के मकान को ध्वस्त करने का रास्ता साफ हो जाएगा।

## मासूम की तालाब में डूबने से मौत

**संवाददाता।** निगोहां

**शुक्रवार** को निगोहां में अपने दो दोस्तों के साथ घर से मछली का शिकार खेलने निकला मासूम तलाब में नहाने के दौरान डूबने लगा यह देख बाहर खड़े उसके दोस्त शोर मचाते हुए सड़क की ओर भागे और राहगीरों को डूबने की बात बताई जिसके आसपास के लोग दौड़ पड़े लेकिन तब तक देर हो चुकी थी और मासूम तालाब में समा गया। ग्रामीणों ने मासूम के शव को तलाब से बाहर निकाला और निगोहां पुलिस को मामले की जानकारी दी। मौके पर पहुंची निगोहां पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया।

निगोहां कस्बा निवासी मजदूर मंशाराम ने बताया कि शुक्रवार दोपहर उनका 14 वर्षिय बेटा श्यामकुमार जो पड़ोस के रहने वाले बच्चे अमित और मयंक के साथ भगवनपुर गांव के रानीबाग तालाब में मछली का शिकार करने गया हुआ था। मयंक और अमित ने बताया कि मछली पकड़ने के दौरान श्याम तलाब में नहाने लगा, इसी बीच वह डूबने लगा। यह देखकर वह लोग सड़क की ओर भागे और राहगीरों को डूबने की बात बताई जिसके आसपास के लोग दौड़कर तलाब के पास पहुंचे लेकिन तब तक श्याम डूब चुका था। जिसके बाद ग्रामीणों ने मासूम के शव को तलाब से बाहर निकाला और निगोहां पुलिस को मामले की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया।

## बीबीएयू शिक्षक ने तैयार किया रोगाणु नाशक हैंडवाश

**लखनऊ( पीएनएस )।** बाबा साहब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय के फार्मास्यूटिकल साइंस के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ गौरव कैथवास ने एक नया रोगाणु नाशक हैंडवाश तैयार किया है। साथ ही उन्होंने इसका पेंटेंट भी करा लिया है। इसमें कोई भी हानिकारक रसायन नहीं हैं। इसे बनाने में जीवाणुरोधी पदार्थ एल उसीटैटीसिमम फिक्स्ड तेल (जैविक तेल) व लगभग 56 फीसदी अल्फा लिनोलेनिक एसिड नामक ओमेगा-3 फैटी एसिड का उपयोग किया गया है। डॉ गौरव के मुताबिक इसका इस्तेमाल घरों, प्रयोगशालाओं, कार्यालयों और अस्पतालों को स्वच्छ रखने में किया जा सकता है। हर्बल हैंडवाश होने के नाते यह एक प्रकृति अनुकूल उत्पाद है। हर्बल हैंडवॉश देश में आर्थिक प्रगति के साथ बाज़ार में एक बदलाव भी लाएगा। उनके मुताबिक हैंडवॉश से हाथों को बार बार धोने से विभिन्न तरह के हानिकारक सूक्ष्मजीवी जैसे वायरस और बैक्टीरिया का सफ़ाया हो जाता है। लेकिन बाज़ार में जो हैंडवाश या तरल साबुन उपलब्ध हैं उसमें कई हानिकारक तत्व जैसे एन प्रोपेनोल, बेंज़ैलकोनियम-सी, ट्राईक्लोसन या क्लोरोहैक्सीडाइन मौजूद रहते हैं। जो सेहत के लिए ठीक नहीं होते हैं।

### अवैध निर्माण पर चला एलडीए का बुलडोजर

**लखनऊ।** उपाध्यक्ष लखनऊ विकास प्राधिकरण शिवाकांत द्विवेदी के निर्देश पर शहर में हो रहे अवैध निर्माणों पर ध्वस्तीकरण व सीलिंग की कार्रवाई की जा रही है। वीरेन्द्र यादव पुत्र धनीराम द्वारा आराजी संख्या 2847, ग्राम कल्ली पश्चिम रायबरेली रोड पर किये गये अवैध निर्माण के विरूद्ध विहित प्राधिकारी द्वारा ध्वस्तीकरण के आदेश पारित किया गया था। आदेश के अनुपालन में प्रवर्तन दस्ते ने अवैध निर्माण को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। इसके अलावा विनोद कुमार द्वारा रिलीफहॉस्पिटल के बगल में अहिबरनपुर सीतापुर रोड पर बिना मानचित्र स्वीकृत कराये गए निर्माण और सईद अहमद पुत्र अब्दुल जलील अहमद द्वारा खन्दारी लेन पर बिना मानचित्र स्वीकृत कराए लगभग 90 वर्ग मीटर के क्षेत्रफल पर कराये गए अवैध निर्माण के विरूद्ध विहित प्राधिकारी ॠतु सुहास द्वारा सीलिंग के आदेश पारित किये गए थे। उक्त अवैध निर्माणों को प्रवर्तन दस्ते ने सील कर दिया।

### डॉ. अरुण लाल एलबीआरएन के निदेशक नियुक्त

**लखनऊ।** शासन स्तर पर शुक्रवार को नव प्रोन्नत 55 चिकित्सा अधिकारियों को दी गई नयी तैनाती के तहत जिला चिकित्सालय गोंडा में प्रमुख अधीक्षक के पद पर कार्यरत डॉ अरुण लाल को राजधानी लखनऊ स्थित लोकबंधु राजनारायण संयुक्त चिकित्सालय का निदेशक बनाया गया है। वर्तमान में यह कार्य अतिरिक्त प्रभार के रूप में डॉ मधु सक्सेना देख रही थीं। डॉ मधु सक्सेना अब डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल की निदेशक के रूप में अपने मूल पद पर कार्यरत रहेंगी। इनके अलावा यहां के वीरांगना झलकारी बाई अस्पताल की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ सुधा वर्मा को नयी तैनाती देते हुए अब वीरांगना अवंती बाई महिला (डफरिन) हॉस्पिटल की प्रमुख अधीक्षिका बनाया गया है।

### बीकेटी में सर्राफा से लूट का प्रयास, किया घायल



**बख्शी का तालाब( सं. )।** दुकान को बंद करने के बाद वापस लौट रहे सर्राफा व्यापारी को लुटेरों ने अपना निशाना बनाया। लेकिन ग्रामीणों को जुटता देख लुटेरे व्यापारी को घायल कर भाग निकले। पुलिस मामला दर्ज करने के बाद आरोपियों की तलाश के दावा कर रही है। घटना बख्शी के तालाब थाना क्षेत्र के संसारपुर मवई मार्ग की है । अरुण कुमार पुत्र स्व. राम नरेश निवासी मवई कला बीकेटी संसारपुर स्थित अपनी दुकान को बंद करने के बाद वापस लौट रहा था। अरुण के मुताबिक बीबीडी स्कूल के पास दो मोटरसाइकिलो पर सवार चार लोगों ने उनपर ताबड़तोड़ लाठी डंडे से हमला कर दिया । घायल होने के बाद मैं गिर पड़ा उसके बाद ग्रामीणों को जुटता देख लुटेरे भाग निकले । वहीं थाना प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि राहगीरों की सूचना पर पहुचीं पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुचाया गया हैं । पीड़ित की तहरीर पर मामले की रिपोर्ट दर्ज कर घटना की जांच की जा रही हैं ।

# एमडी ने मेट्रो स्टेशनों का किया दौरा

### यात्रियों को बताए स्मार्ट गो कार्ड के फायदे

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**यूपी** मेट्रो के एमडी ने मेट्रो स्टेशनों का दौरा किया। एमडी ने स्मार्ट गो कार्ड की ओर रुझान यात्रियों का करने का प्रयास किया जा रहा है। यात्रियों से बात कर समझाए गो-स्मार्ट कार्ड के फ़ायदे बताए। स्टेशनों और ट्रेनों में यात्रियों की सुरक्षा और सहूलियत के लिए सभी इंतज़ामात का जायज़ा लिया, उनकी समीक्षा की।

शुक्रवार को उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि. (यूपीएमआरसी) ने संपूर्ण उत्तर-दक्षिण कॉरिडोर पर 7 सितंबर से यात्री सेवाएं शुरू कर दी हैं। शहरवासी शहर में मौजूद सार्वजनिक यातायात के अन्य साधनों के ऊपर मेट्रो यात्रा को तरजीह दे रहे हैं। यात्रियों की प्रतिक्रिया जानने के लिए कंपनी के प्रबंध निदेशक कुमार केशव ने सीसीएस एयरपोर्ट, कृष्णा नगर और हज़रतगंज मेट्रो स्टेशनों का दौरा किया और यात्रियों से बातचीत की। इस दौरान श्री केशव ने यात्रियों को बताया कि वे किस तरह गो-स्मार्ट कार्ड के ज़रिए पूरी तरह से कॉन्टैक्ट-लेस और कैशलेस यात्रा कर सकते हैं और साथ ही, उन्होंने यात्रियों को भरोसा दिलाया कि मेट्रो की यात्रा है, सबसे सुरक्षित यात्रा। यात्रियों के साथ बातचीत के दौरान उन्होंने गो-स्मार्ट कार्ड के अन्य फ़ायदों के बारे में भी बताया। इसके अतिरिक्त, प्रबंध निदेशक ने स्टेशनों और ट्रेनों में यात्रियों की सुरक्षा और सहूलियत के लिए सभी इंतज़ामात का जायज़ा लिया, उनकी समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने मेट्रो की यात्री सेवाओं के दौरान सभी सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन पर संतुष्टि जताई। बता दें कि सभी स्टेशनों पर थर्मल स्क्रीनिंग, स्कैनिंग, आरोग्य सेतु की जांच और सैनिटाइज़ेशन के लिए हेल्प डेस्क लगाई गई हैं। प्रबंध निदेशक ने इन हेल्प डेस्क पर जाकर यात्रियों की सुविधा और मदद के लिए की गईं सभी व्यवस्थाओं को देखा। अपने दौरे में प्रबंध निदेशक कुमार केशव ने यात्रियों को भरोसा दिलाते हुए कहा, लखनऊ मेट्रो शहरवासियों के लिए शहर में यात्रा करने का सबसे सुरक्षित साधन है। लखनऊ मेट्रो के पूरे सिस्टम में, सोशल डिस्टेन्सिंग और सैनिटाइज़ेशन की पूरी सावधानी बरती जा रही है। परिचालन के पुनरारंभ से ही यात्रियों ने मेट्रो सेवाओं पर अपना भरोसा जताया है और लखनऊ मेट्रो यात्रियों के भरोसे पर हमेशा खरी उतरेगी।

### कैप्टन द्विवेदी जन परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष नियुक्त:



लखनऊ। सेवानिवृत्त आईएएस कैप्टन संतोष द्विवेदी को सामाजिक संस्था जन परिषद उत्तर प्रदेश चैप्टर का प्रांतीय अध्यक्ष मनोनीत किया है। जन परिषद विगत 31 सालों से सामाजिक एवं रचनात्मक कार्यों में सक्रिय है। जन परिषद के स्टेट कोऑर्डिनेटर जेके श्रीवास्तव की संस्तुति पर संस्था के अध्यक्ष एवं पूर्व डीजीपी एनके त्रिपाठी ने श्री द्विवेदी को जन परिषद का प्रांतीय अध्यक्ष मनोनीत किया है। कैप्टन द्विवेदी सेना के साथ-साथ यूपी कैडर के आईएएस रहे हैं और लम्बे समय तक राज्य सरकार के अहम पदों पर रहकर अपनी सेवाएं दी हैं।

**निविदा सूचना**
**वि.क्षे.गोंदलामऊ, जनपद-सीतापुर के प्रा.वि.गोंदलामऊ में**
अध्ययनरत छात्र / छात्राओं को 2 सेट यूनिफार्म आपूर्ति हेतु जी.एस.टी. अन्तर्गत पंजीकृत फर्मो से दिनांक 21.09.2020 तक सीलबंद निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।
अध्यक्ष/सचिव
विद्यालय प्रबन्ध समिति

**पूर्वोत्तर रेलवे**
ई–टेन्डरिंग सूचना संख्या :– 02
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मण्डल सामग्री प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे/वाराणसी निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति हेतु ऑनलाईन ई–टेण्डरिंग के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का पूर्ण विवरण, नियम एवं शर्तें भारतीय रेल की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती हैं।
**क्र.सं.** :– 01, **ई–निविदा संख्या**:– 50205110A, **निविदा खोलने की तिथि**:– 17.11.20, **सामग्री का विवरण** :– सप्लाई, इंस्टालेशन एण्ड कमिसिनंग ऑफ पैसेन्जर इलिवेटर (लिफ्ट)।, **माँगी गई मात्रा**:– 9 नग, **बयाना राशि** :– Rs. 382500.00
वरिष्ठ मण्डल सामग्री प्रबन्धक
मुजाधि/एस-26 वाराणसी
यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मो.–09794845955 पर SMS करें
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत नगरीय वितरण मण्डल–नवम्, (लेसा) ट्रांस गोमती, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि0 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र (प्रथम तल) एच0ए0एल0, इन्दिरानगर, लखनऊ**
**ई–निविदा सूचना** विद्युत नगरीय वितरण मण्डल–नवम, लेसा–ट्रान्स गोमती, लखनऊ के कार्यक्षेत्र में निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी निविदादाताओं से दो अलग–अलग भागों में ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैं, **दिनांक 03.10.2020** समय 12:00 बजे तक निविदायें ई–पोर्टल पर प्राप्त की जाएगी एवं उसी दिन 16:00 बजे सार्वजनिक रूप से खोली जायेंगे। ई–निविदा का पूर्ण विवरण निविदा शुल्क, धरोहर धनराशि, शुद्धिकरण, नियम एवं शर्तें आदि शर्तें ई–टेण्डर वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है :–
**1. ई–निविदा संख्या–20/2020–21** : लेसा ट्रान्स गोमती क्षेत्र अन्तर्गत आने वाले विभिन्न मण्डलों में 33/11 केवी भूमिगत केबिल फॉल्ट अटेण्ड करने का कार्य। (ई–निविदा शुल्क रू0–5,900.00 एवं धरोहर राशि रू0–1,20,000.00 (जी0एस0टी0 सहित)
**2. ई–निविदा संख्या–21/2020–21** : विद्युत नगरीय वितरण खण्ड–इन्दिरा नगर लेसा के अन्तर्गत उपकेन्द्रों के 11 के0वी0 स्विच गियर्स के वार्षिक अनुरक्षण (ए0एम0सी0) का कार्य। ई–निविदा प्रपत्र रू0–1180.00 (जी०एस०टी०सहित), धरोहर धनराशि रू0–7,000.00
**3. ई–निविदा संख्या–22/2020–21** : अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत नगरीय वितरण मण्डल–नवम् लेसा हेतु एक नग डीजल चलित कार वाणिज्यिक पंजीकरण के साथ (मय चालक) 01 वर्ष तक किराये पर रखे जाने हेतु। निविदा प्रपत्र रू0–1180.00 (जी0एस0टी0 सहित), धरोहर धनराशि रू0–3,000.00 **4. ई–निविदा संख्या–23/2020–21**: विद्युत नगरीय वितरण मण्डल–नवम, लेसा, लखनऊ कार्यालय में एक वर्ष हेतु दो नग कम्प्यूटर ऑपरेटर वाह्य एजेन्सी के माध्यम से उपलब्ध कराना। प्रपत्र रू0–11800.00 (जी0एस0टी0 सहित), धरोहर धनराशि रू0–3,240.00 **नोट–** निविदा शुल्क (जीएसटी सहित) एवं धरोहर धनराशि RTGS/NEFT के माध्यम से E.C., EUDD- INDIRA NAGAR, LESA, LUCKNOW के विजया बैंक शाखा– आर०एस०एम० नगर, भूतनाथ इन्दिरा नगर, लखनऊ के खाता संख्या–77290200000745 आइएफएससी कोड BARB0VJRSMN में जमा करना होगा। अधोहस्ताक्षरकर्ता को बिना कारण बताये ई–निविदाओं को निरस्त करने तथा मूल अभिलेखों से सत्यापन का पूर्ण अधिकार सुरक्षित है। उक्त ई–निविदाएं निगम की वेबसाईट www.mvvnl.org पर भी देखी जा सकती है। तथा अन्य किसी भी प्रकार के संशोधन/विस्तार/निरस्तीकरण के लिए निविदा खुलने की दिनांक से पहले लॉग ऑन करें।
**अधीक्षण अभियन्ता** पत्रांक–784 दिनांक–18.9.20 "राष्ट्र हित में बिजली बचायें एवं एल0ई0डी0 का प्रयोग करें" टोल फ्री नं0–1800–1800–440"

# हम बनाएंगे देश की सबसे खूबसूरत फिल्म सिटी: योगी

**● मुख्यमंत्री ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से की मेरठ मंडल के विकास कार्यों की समीक्षा**



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि वर्तमान परिस्थितियों में देश को एक अच्छी फिल्म सिटी की आवश्यकता है। उत्तर प्रदेश यह जिम्मेदारी निभाने को तैयार है। हम एक उम्दा फ़िल्म सिटी तैयार करेंगे। फिल्म सिटी के लिए नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेसवे का क्षेत्र बेहतर होगा। यह फिल्म सिटी फ़िल्म निर्माताओं को एक बेहतर विकल्प उपलब्ध कराएगी। इस दिशा में भूमि के विकल्पों के साथ शीघ्र कार्ययोजना तैयार की जाए।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से मेरठ मंडल के विकास कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। कैलाश मानसरोवर भवन निर्माण की स्थिति की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने गाजियाबाद में जनप्रतिनिधियों के प्रशिक्षण हेतु प्रस्तावित केंद्र के निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरठ व गाजियाबाद को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने की योजना महत्वपूर्ण है। इसे शीघ्रता से प्रारंभ किया जाए। गन्ना किसानों को हुए भुगतान की स्थिति की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि नया पेराई सत्र प्रारंभ होने से पूर्व पिछला सारा बकाया भुगतान हो जाए। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य में एक्सप्रेस-वे का जाल बना रही है। इंफ्रास्ट्रक्चर विकास से प्रदेश के बहुआयामी विकास को तेज रफ्तार देंगे। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि यह कार्य दिसम्बर तक पूर्ण कर लिया जाए। रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस कॉरिडोर) एक रेल आधारित तीव्र गति, उच्च क्षमतायुक्त, सुरक्षित एवं सुविधाजनक सार्वजनिक परिवहन परियोजना है जिससे राजधानी दिल्ली से मेरठ के बीच की दूरी एक घंटे से भी कम समय में पूरी की जा सकेगी।

उन्होंने कहा कि भारत में लागू होने वाली अपने किस्म की यह पहली परियोजना है जिसका निर्माण राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम द्वारा कराया जा रहा है। मेरठ मेट्रो परियोजना को आरआरटीएस परियोजना में सम्मिलित करने के बाद अब और बड़ी आबादी को विश्वस्तरीय सुविधा का लाभ मिल सकेगी। मुख्यमंत्री ने कोविड-19 के संक्रमण को नियंत्रित करने के लिए फील्ड स्तर पर किए जा रहे प्रयासों पर सन्तोष व्यक्त करते हुए कहा कि जब तक इस रोग की कोई कारगर दवा अथवा वैक्सीन विकसित नहीं हो जाती तब तक बचाव ही सबसे अच्छा उपाय है। समीक्षा बैठक में जनप्रतिनिधियों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए।



पीएम मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में अटल बिहारी चिकित्सा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एके सिंह पीपल का पौध रोपण करते हुए। इस मौके पर विवि की तरफ से सात टीबी पीड़ित बच्चों को गोद लिया गया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**बीकेटी।** सीतापुर रोड पर सौ बेड अस्पताल के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौके पर मौत हो गई। परिवारीजनों की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक सीतापुर रोड पर शुक्रवार को 19 वर्षीय सुधाकर तिवारी निवासी रेउसा सीतापुर अपने घर आ रहे थे कि इसी बीच किसी अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई। जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिये भेज दिया व परिजनो को सूचना दी। वही मृतक के भाई ओम शंकर की तहरीर पर अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## विवाहिता ने लगाई फांसी

**लखनऊ।** प्रभारी निरीक्षक क्षितिज त्रिपाठी ने बताया कि बीते गुरुवार की रात को सुनीता पत्नी पियूष श्रीवास्तव निवासी हनुमन्तनगर तकरोही इन्दिरानगर ने अपने घर के अन्दर कमरे में लगे पंखे के कुण्डे में साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने उनके परिजनों की मदद से नीचे उतारकर लोहिया अस्पताल ले गई, जहां पर डाक्टरो ने सुनीता को मृत घोषित कर दिया।

## महानिदेशक ने मांगी रिपोर्ट

**लखनऊ।** कोरोना से जंग में जनपदों में स्वास्थ्य कर्मियों की हुई मौत के एवज में सरकार की तरफसे घोषित अनुग्रह राशि को लेकर स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ डीएस नेगी ने सम्बंधित जिलों के सीएमओ व सीएमएस से एक सप्ताह के अंदर रिपोर्ट मांगी है। जिससे मृतक कर्मियों के परिजनों को सहायता राशि उपलब्ध कराई जा सके। एक दिन पूर्व इस बावत फार्मासिस्ट महासंघ ने अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य को पत्र लिखा था।

## डेपुटेशन पर मिली तैनाती

**लखनऊ।** चण्डीगढ़, पंजाब में डीएचएस आफिस में तैनात चिकित्साधिकारी डा प्रवीणा धीमन को राज्य सरकार ने प्रतिनियुक्ति एवं सेवा स्थानान्तरण के आधार पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, उप्र लखनऊ में ले लिया है। डॉ प्रवीणा धीमन को यहां लखनऊ स्थित परिवार कल्याण निदेशालय में संयुक्त निदेशक के पद पर तैनाती दी गयी है। इनके अलावा जिला चिकित्सालय बिजनौर में वरिष्ठ परामर्शदाता के पद पर तैनात डा सुशील कुमार को जिला संयुक्त चिकित्सालय संभल में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के पद पर तथा संभल के जिला संयुक्त चिकित्सालय में तैनात डा प्रभाकर को संयुक्त निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद के पद पर तैनाती दी गयी है।

# डिप्टी एसपी स्तर के 44 पीपीएस अफसरों के तबादले

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**डीजीपी** एचसी अवस्थी ने शुक्रवार को पुलिस महकमे में भारी फेरबदल करते हुए डिप्टी एसपी स्तर के 44 पीपीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। इस फेरबदल में गौतमबुद्धनगर में सहायक पुलिस आयुक्त पद पर तैनात आशुतोष कुमार को लखनऊ नगर में सहायक पुलिस आयुक्त लखनऊ, डिप्टी एसपी बिजनौर प्रभात कुमार को लखनऊ ग्रामीण, डिप्टी एसपी प्रतापगढ़ अभिषेक प्रताप अजेय को सीतापुर, डिप्टी एसपी आजमगढ़ डॉ. राजेश तिवारी को तकनीकी सेवाएं मुख्यालय लखनऊ, सहायक सेनानायक विशेष परिक्षेत्र सुरक्षा वाहिनी लखननऊ दिनेश कुमार मिश्रा को डिप्टी एसपी अयोध्या, डिप्टी एसपी सुरक्षा मुख्यालय लखनऊ राम सिंह यादव को मोडस आपरेंडी ब्यूरो एससीआरबी लखनऊ, डिप्टी एसपी सुरक्षा मुख्यालय लखनऊ नंद जी यादव को मानवाधिकार डीजीपी मुख्यालय लखनऊ, डिप्टी एसपी सुरक्षा मुख्यालय लखनऊ जगदीश प्रसाद यादव को सीबीसीआईडी मुख्यालय लखनऊ, डिप्टी एसपी सुरक्षा मुख्यालय लखनऊ विशुन देव यादव को एसीओ मुख्यालय लखनऊ, सहायक पुलिस आयुक्त लखनऊ नगर अनिल कुमार को डिप्टी एसपी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ, डिप्टी एसपी स्थापना डीजीपी मुख्यालय लखनऊ सुधीर कुमार सिंह को एटीसी सीतापुर, डिप्टी एसपी सीबीसीआईडी मुख्यालय लखनऊ श्वेताभ पांडेय को स्थापना डीजीपी मुख्यालय लखनऊ, डिप्टी एसपी बलिया वरुण मिश्रा को बलरामपुर व अमरोहा दिनेश कुमार सिंह को सीतापुर के पद पर भेजा गया है। सहायक पुलिस आयुक्त लखनऊ नगर के पद से डिप्टी एसपी हाथरस के पद पर स्थानान्तरित संतोष कुमार सिंह का तबादला आदेश संशोधित करते हुए उन्हें यूपीपीसीएल लखनऊ के पद पर भेज दिया गया है। इसी तरह डिप्टी एसपी सीतापुर के पद से बांदा के लिए स्थानान्तरित अभय प्रताप मल्ल का तबादला आदेश संशोधित करते हुए उन्हें डिप्टी एसपी लखीमपुर खीरी के पद पर भेज दिया गया है।

# करोड़ों की ठगी करने वाले गिरोह के सरगना सहित चार गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**एसटीएफ** ने फर्जी केवाईसी तैयार कर विभिन्न बैंकों से कूटरचित क्रेडिट कार्ड प्राप्त कर करोड़ों की ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। गिरोह के सरगना सहित चार शातिर जालसाजों को एसटीएफ ने नोएडा से गिरफ्तार किया है। जालसाजों के कब्जे से 6 लाख 23 हजार रुपया नगद, 44 ग्राम सोने के कुल 7 बिस्किट, 7.28 ग्राम सोने के कान के टाप्स, विभिन्न बैंकों की 16 स्वाइप मशीनें, 60 क्रेडिट कार्ड, 9 डेबिट कार्ड बरामद हुए हैं। एसटीएफ ने जालसाजों के आईसीआईसी बैंक एवं एक्सिस बैंक के खातों में करीब 18.50 लाख रुपए फ्रीज कर दिए हैं।

एसटीएफ ने सटीक सूचना के आधार पर फिल्मसिटी सेन्टर ,सेक्टर -20 नोएडा के पास चेकिंग के दौरान स्विफ्ट डिजायर गाड़ी नम्बर डीएल 8 सीक्यू 4911 में बैठे चारों जालसाजों जितेन्द्र गुलाटी उर्फ जतिन निवासी सेक्टर 2 रोहिणी, त्रिलोकी नाथ उर्फ राजू निवासी रोहिणी , कुलदीप सिंह उर्फ करण निवासी जहांगीरपुरी दिल्ली और कपूर सिंह दहिया निवासी सेक्टर 15 रोहिणी को गिरफ्तार किया। जितेन्द्र गुलाटी उर्फ जतिन ने पूछताछ पर बताया कि वह रोहिणी नई दिल्ली में प्रापर्टी का काम करता है और इसी कार्य के दौरान उसकी मुलाकात त्रिलोकी नाथ उर्फ राजू एवं कुलदीप सिंह उर्फ करण तथा कपूर सिंह दहिया आदि से हो गयी थी। उसके पश्चात फिर हम लोगों ने एक संगठित गिरोह बनाकर फर्जी क्रेडिट कार्ड तैयार कराकर पैसा निकालने का काम करना प्रारम्भ कर दिया। अभियुक्त जितेन्द्र गुलाटी एवं कपूर सिंह दहिया ने संयुक्त रूप से बताया कि हम लोग फर्जी आधार कार्ड एवं पैन कार्ड तैयार कर उसी के आधार पर बैकों के क्रेडिट कार्ड ले लेते थे और क्रेडिट कार्डों का पूरा पैसा खर्च करके कार्डों को तोड़ देते थे तथा पुन: इसी तरह से फर्जी दस्तावेज तैयार कर दूसरे नये क्रेडिट कार्ड प्राप्त किये जाते थे। बैंक से सम्पर्क करने पर ज्ञात हुआ कि इस गैंग के द्वारा 60 से अधिक कूट रचित केडिट कार्ड निकाल कर लगभग डेढ़ करोड़ रुपए की ठगी की जा चुकी है। इस गैंग के द्वारा अन्य बैंकों में की गयी ठगी के सम्बन्ध में स्थिति ज्ञात की जा रही है।

## टीबी से ग्रसित बच्चे राजा का इलाज निशुल्क होगा

**सरोजनीनगर।** टीबी की बीमारी से ग्रसित सरोजनीनगर के चिल्लावां निवासी गरीब बच्चे राजा गौतम का इलाज अब राजभवन की देखरेख में निशुल्क मुहैया कराया जाएगा। इसे राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा टीबी के बच्चों को गोद लेने तथा उन्हें न्यूट्रिशन देने के कार्यक्रम के तहत चिन्हित किया गया है। यह कार्य जीएलआरए इंडिया के सहयोग से संभव हो सका। जीएलआरए इंडिया के प्रोजेक्ट समन्वयक सचिन गुलाटी ने बताया कि संस्था द्वारा सरोजनीनगर के ट्रांसपोर्ट नगर में नई दिशा प्रोजेक्ट के तहत करीब 1 वर्ष से ट्रक ड्राइवर, हेल्पर और इसके अलावा आसपास की आबादी में टीबी जागरूकता अभियान चलाए जाने के साथ ही टीबी के लक्षण के बारे में लोगों को जानकारी दी जा रही है। जिसके तहत इस बीमारी से ग्रसित व्यक्तियों की संस्था की ओर से निशुल्क जांच कराई जाती है। इसी कार्यक्रम के दौरान गत दिनों सरोजनीनगर के चिल्लावां निवासी चालक दिनेश से मुलाकात होने पर पता चला कि उसके बेटे राजा गौतम को दिमागी टीबी है।

## सीएमएस के 19 छात्रों को 76 लाख की स्कॉलरशिप

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, महानगर के 19 मेधावी छात्रों को भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा 76 लाख रूपये की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है, जिसके अन्तर्गत प्रत्येक छात्र को चार लाख रूपये मिलेंगे। सीएमएस छात्रों को यह स्कॉलरशिप विज्ञान विषय में उच्च स्तरीय शिक्षा हेतु प्रदान की जायेगी।

## आईजी रेंज ने की इंस्पेक्टर से रिपोर्ट तलब

**निगोहां।** निगोहां थाना क्षेत्र के टिकरा गांव में लखनऊ-रायबरेली हाइवे के बीचों बीच बने डिवाइडर किनारे युवती के नग्नावस्था में मिले शव के मामले में समाचार पत्रों में खबर छपने के बाद आईजी रेंज लक्ष्मी सिंह सहित एसपी ग्रामीण हृदेश कुमार ने मामले का गम्भीरता से संज्ञान लेकर निगोहां इस्पेक्टंर शैलेन्द्र कुमार सिहं से पूरे मामले की विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। वहीं अधिकारियों की फटकार के बाद शुक्रवार को पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी रही।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

**लखनऊ।** बीबीडी चौकी क्षेत्र में गुरुवार की देर रात संदिग्ध हालात में ट्रक के क्लीनर की मौत हो गई तो वहीं सड़क हादसे में स्कूटी सवार युवक की जान चली गई। इंस्पेक्टर धनंजय कुमार पांडेय के अनुसार गुरुवार देर रात करीब एक बजे बाराबंकी के रामनगर अमोली कला निवासी राम कुमार सोनी जानकीपुरम अपनी दुकान से घर वापस लौट रहा था। तभी बीबीडी चैकी इलाके के तिवारीगंज में एक पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। इसके बाद ही अनियंत्रित स्कूटी डिवाइडर से जा टकराई। जिससे युवक का सिर फट गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने इलाज के लिए खून से लथपथ युवक को अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। दूसरी घटना घटनास्थल से चंद कदम दूरी पर ट्रक क्लीनर की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। इंस्पेक्टर ने बताया कि युवक की शिनाख्त चांद अली पुत्र अब्बास निवासी ग्राम बसावनपुर थाना जैदपुर बाराबंकी के रूप में हुई है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद महमूदाबाद–सीतापुर**
पत्रांक : 191/न0पा0परि0मह0/निविदा सूचना/ई–टेण्डर/2020–21 दिनाँक : 18.09.2020
**अति अल्पकालीन ई–निविदा सूचना**
समस्त ठेकेदारों/फर्मो से वित्तीय वर्ष 2019–20 में शासनादेश संख्या पी0एम0यू0/2561/427(6)/2019 लखनऊ दिनांक 13 अगस्त, 2019 के द्वारा स्वच्छ भारत मिशन–नगरीय के अन्तर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में मैटेरियल रिकवरी फैसेलिटी (एम.आर.एफ.) के निर्माण हेतु प्राप्त धनराशि मैटेरियल रिकवरी फैसेलिटी (एम.आर.एफ) का निर्माण कार्य कराये जाने हेतु ई–टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है, निविदा से सम्बंधित नियम/शर्तें तथा विवरण http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। आवंटित धनराशि से अतिरिक्त धनराशि का वहन नगर निधि/राज्य वित्त आयोग की अवशेष धनराशि से किया जायेगा। कार्यों का विवरण निम्न प्रकार है :–

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | आगणन धनराशि (रुपये में) | धरोहर धनराशि/ जमानत धनराशि (रुपये में) | निविदा मूल्य+जी.एस.टी. 12 प्रतिशत सहित (रुपये में) | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | वार्ड इन्दौरा मोहल्ला खन्दौरा में गाटा संख्या 67 पर मैटेरियल रिकवरी फैसेलिटी सेन्टर (MRP) का निर्माण कार्य। | 4803000/- | 480300/- | 5000+600=5600 | 06 माह |

**टेण्डर शिड्यूल (http://etender.up.nic.in)**

| क्र.सं. | नगर पालिका महमूदाबाद | Vender Stage | प्रारम्भ तिथि व समय | अन्तिम तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Tender Release | | 22-09-2020, 11.00 AM | |
| 2 | | Tender Download | 22-09-2020, 11.00 AM | 29-09-2020, 02.00 PM |
| 3 | | Bid Submission | 22-09-2020, 11.00 AM | 29-09-2020, 02.00 PM |
| 4 | Technical Bid Opening | | 30-09-2020, 02.00 PM | |
| 5 | Finance Bid Opening | | After Approval of Technical Bid | |

(शैलेन्द्र कुमार दुबे)
अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
महमूदाबाद–सीतापुर।

(ममता सोनी)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
महमूदाबाद–सीतापुर।

**केन्द्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद्**
आयुष मंत्रालय, भारत सरकार
जवाहर लाल नेहरू भारतीय चिकित्सा एवं होम्योपैथी अनुसंधान भवन
नं. 61–65, सांस्थानिक क्षेत्र, सम्मुख 'डी' ब्लॉक, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058
ईमेल: dg-ccras@nic.in, वैबसाइट: www.ccras.nic.in
टेलीफोन : 011–28525852, फैक्स : 28520748

**विज्ञापन – 2020**
**पंचकर्म तकनीशियन पाठ्यक्रम**
केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद् (सीसीआरएएस), आयुष मंत्रालय, भारत सरकार एक वर्षीय पूर्ण कालिक एवं स्ववित्तपोषी, हेल्थकेयर सेक्टर स्किल काउन्सिल (एच एस एस सी) – नेशनल स्किल्स डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एन एस डी सी) से संबद्ध पंचकर्म तकनीशियन पाठ्यक्रम के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित करती है।
**केंद्र–**
1. **केन्द्रीय आयुर्वेदीय हृदयरोग अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली (सीएआरआईसीडी)**
रोड नं. 66, पंजाबी बाग (पश्चिम), नई दिल्ली–110026,
दूरभाष : 011–25229448, ई–मेल : acri-delhi@gov.in
2. **राष्ट्रीय आयुर्वेद पंचकर्म अनुसंधान संस्थान, चेरुथुरुथी (एनएआरआईपी),**
जिला त्रिशूर, वाया शोरनूर, केरल – 679531,
दूरभाष : 04884–262543, ई–मेल : nrip-cheruthuruthy@gov.in
3. **क्षेत्रीय आयुर्वेदीय मूत्र विकार अनुसंधान संस्थान, जम्मू (आरएआरआईयुडी)**
जे डी ए हाउसिंग कॉलोनी, बन तालाब, राजेन्द्र नगर, जम्मू –181123
दूरभाषरू 0191–2546475, ई–मेल : rariud-jmu-ayush@gov.in
**अवधि–** 1 वर्ष (अक्टूबर 2020 से सितम्बर, 2021)
**कुल सीट –** एनएआरआईपी, चेरुतुरुथी में 30 सीटें, सीएआरआईसीडी, नई दिल्ली में 10 सीटें एवं आरएआरआईयुडी, जम्मू में 10 सीटें (सभी केन्द्रों पर 50% प्रत्येक पुरुष एवं महिला अभ्यर्थियों के लिए)
**पात्रता–** 12 वीं कक्षा पास आवेदक (पूरे भारत में)
**आयु सीमा –** प्रशिक्षण समाप्त होने के उपरांत अंतिम मूल्यांकन की तिथि पर न्यूनतम आयु 18 वर्ष पूर्ण होनी चाहिए।
**आरक्षण–** भारत सरकार के नियमानुसार अनुसूचित जाति हेतु 15%, अनुसूचित जनजाति हेतु 7.5% एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC-NCL) हेतु 27% आरक्षण दिया जायेगा। दिव्यांग (PH) (केवल लोअर लोकोमोटिव विकृति) हेतु 4% क्षैतिज आरक्षण व Ews श्रेणी के लिए 10% आरक्षण लागू होगा।
आवेदन की अंतिम तिथि – **9 अक्टूबर, 2020**
**प्रति अभ्यर्थी शुल्क – आवेदन शुल्क रू 500/– एवं पाठ्यक्रम शुल्क : कुल रुपये 30,000/– मात्र (तीन किश्तों में)**
**आवेदन की विधि –** विधिवत रूप से भरे गए आवेदन पत्र, संबंधित संस्थान को रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट द्वारा भेजा जाना है। **सूचना विवरणिका, प्रशिक्षण कार्यक्रम** (आवेदन प्रक्रिया का विवरण), **पाठ्यक्रम** और **आवेदन पत्र** डाउनलोड करने के लिए कृपया परिषद की वैबसाइट www.ccras.nic.in देखें
**अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। एक केंद्र द्वारा प्राप्त आवेदन अन्य केंद्र के लिए हस्तांतरणीय नहीं होगा।**
Davp 17216/11/0004/2021
सहायक निदेशक (समन्वय)

**DHFL** Changing Rules Changing Lives
**दीवान हाउसिंग फाइनैंस कार्पोरेशन लिमिटेड**
राष्ट्रीय कार्यालय पता: एचडीआईएल टावर्स, बी–विंग, छठा तल, अनंत कानेकर मार्ग, स्टेशन रोड, बान्द्रा (ईस्ट), मुंबई–400051
शाखा कार्यालय: धीरज बाग, बिल्डिंग "ए" भू तल एवं प्रथम तल, ऐक्सिस बैंक के बगल में, मोनालिसा बिल्डिंग के सामने, आगरा रोड, हरि निवास सर्किल, नौपाडा, थाने (वेस्ट)–400 602
**मांग सूचना**
वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3(1) के अधीन। अधोहस्ताक्षरी वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के अधीन दीवान हाउसिंग फाइनैंस कारपोरेशन लिमिटेड (डीएचएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी है। प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन मांग सूचनाएं जारी की थीं, जिनमें निम्नलिखित कर्जदार(रों) ("उक्त कर्जदार(रों)") से उनको जारी की गई संबंधित मांग सूचना(ओं) में वर्णित राशियां, जो यहां नीचे भी दी गई हैं, चुकाने की मांग की गई थी। उपरोक्त के संबंध में, एतद्द्वारा, उक्त कर्जदार(रों) को, एक बार पुनः, डीएचएफएल को यहां नीचे दी गई राशियों का भुगतान, उक्त कर्जदार(रों) द्वारा निष्पादित अन्य दस्तावेज/प्रलेख, यदि कोई, के साथ पठित ऋण अनुबंध के अधीन देय, नीचे वर्णित तिथि(यों) से, भुगतान तथा/अथवा वसूली की तिथि तक, लागू दर पर आगे ब्याज सहित, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने हेतु सूचना दी जाती है। उक्त कर्जदार(रों) द्वारा ऋण की सम्यक वापसी के लिए प्रतिभूति के रूप में निम्नलिखित आस्तियां डीएचएफएल के पास बंधक रखी गई हैं।

| कर्जदार (रों)/गारंटर (रों) का नाम/ऋण कोड | मांग सूचना तिथि और राशि एनपीए तिथि सहित | सम्पत्ति पता |
|---|---|---|
| (लखनऊ शाखा का एल.सी. नंबर: 00000677) स्नेह द्विवेदी (कर्जदार) संजय कुमार (सह–कर्जदार 1) | 19–08–2020/रू. 6,92,300/– (रूपए छह लाख बानवे हजार तीन सौ मात्र) एनपीए (01–05–2020) | मकान नंबर एसएस–3/299, सेक्टर–एच, जानकीपुरम, सीतापुर रोड, लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226020 |
| (लखनऊ शाखा का एल.सी. नंबर : 00000835) श्याम लता सोनकर (कर्जदार) दिलीप कुमार सोनकर (सह–कर्जदार 1) | 19–08–2020/रू. 7,40,030/– (रूपए सात लाख चालीस हजार तीस मात्र) एनपीए (01–03–2020) | प्लॉट नंबर 5, आर एस हाउसिंग सोसायटी, मकरी खेड़ा (पुराना पता – प्लॉट नंबर 5, अराजी 398, नवाबगंज एच ओ कानपुर, कानपुर अर्बन, उत्तर प्रदेश–208001 |
| (नोएडा 1 राजेन्द्र प्लेस शाखा का एल.सी. नंबर : 00000962) संदीप चौहान (कर्जदार) सूबे सिंह (सह–कर्जदार 1) | 19–08–2020/रू. 20,02,692/– (रूपए बीस लाख दो हजार छह सौ बानवे मात्र) एनपीए (01–03–2020) | 5/6: आवासीय प्लॉट नंबर 113, ग्राम मलकपुर, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश–201301 |
| (रोहिणी शाखा का एल.सी. नंबर : 00001099) मनोज (कर्जदार) अनोज (सह–कर्जदार 1) बुद्ध सिंह (सह–कर्जदार 2) | 19–08–2020/रू. 45,11,098/– (रूपए पैंतालीस लाख ग्यारह हजार अठ्ठानवे मात्र) एनपीए (01–04–2020) | प्लॉट नंबर 8, पाकेट सी (5: आबादी), ग्राम बिरोंडी चकरसेनपुर, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश–201301 |
| (कानपुर शाखा का एल.सी. नंबर : 00000353) मुकेश कुमार (कर्जदार) उषा देवी (सह–कर्जदार 1) | 19–08–2020/रू. 6,57,104/– (रूपए छह लाख सत्तावन हजार एक सौ चार मात्र) एनपीए (01–03–2020) | अराजी नंबर 192, विनायकपुर कानपुर कानपुर अर्बन, उत्तर प्रदेश–208017 |
| (वाराणसी शाखा का एल.सी. नंबर: 00001194) सिद्धार्थ सिंह (कर्जदार) निशा सिंह (सह–कर्जदार 1) प्रशांत कुमार सिंह (सह–कर्जदार 2) | 19–08–2020/रू. 28,73,729/– (रूपए अठ्ठाईस लाख तिहत्तर हजार सात सौ उन्तीस मात्र) एनपीए (01–04–2020) | अराजी नंबर 188 तथा 193 मौजा सुद्धीपुर, परगना शिवपुर, तहसील एवं जिला वाराणसी, उत्तर प्रदेश–221002 |
| (कानपुर शाखा का एल.सी. नंबर : 00000739) नटवर लाल मीणा (कर्जदार) पिंकी मीणा (सह–कर्जदार 1) | 19–08–2020/रू. 7,89,991/– (रूपए सात लाख नवासी हजार नौ सौ इक्यानवे मात्र) एनपीए (01–05–2020) | अराजी नंबर 1121 मिन, प्राइवेट प्लॉट नंबर 96 का हिस्सा, रूमा कानपुर कानपुर अर्बन, उत्तर प्रदेश–208001 |
| (हल्द्वानी शाखा का एल.सी. नंबर: 00001678) प्रवीण कुमार सिन्हा (कर्जदार) आशा सिन्हा (सह–कर्जदार 1) | 19–08–2020/रू. 14,03,973/– (रूपए चौदह लाख तीन हजार नौ सौ तिहत्तर मात्र) एनपीए (01–03–2020) | खसरा नंबर 1030 का हिस्सा, ब्राह्मण नगला, बरेली, उत्तर प्रदेश–243001 |
| (झांसी शाखा का एल.सी. नंबर: 00000229) शिवम बिलगैयान (कर्जदार) अर्चना बिलगैयान (सह–कर्जदार 1) | 19–08–2020/रू. 6,12,745/– (रूपए छह लाख बारह हजार सात सौ पैंतालीस मात्र) एनपीए (01–03–2020) | अराज नंबर 694, वार्ड नंबर 29, मौजा पिछोर,गुमानवाड़ा गुरू बिहार कालोनी, झांसी, उत्तर प्रदेश–284001 |
| (लखनऊ शाखा का एल.सी. नंबर : 00003487) सुनीश माथुर (कर्जदार) विनीता माथुर (सह–कर्जदार 1) | 19–08–2020/रू. 10,86,025/– (रूपए दस लाख छियासी हजार पच्चीस मात्र) एनपीए (01–04–2020) | प्लॉट नंबर 8, खसरा नंबर 418 स का हिस्सा, ग्राम सुगामऊ, वार्ड इंदिरा प्रियदर्शिनी, लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226020 |
| (लखनऊ शाखा का एल.सी. नंबर : 00003566) बृजेश कुमार तिवारी (कर्जदार) उमा तिवारी (सह–कर्जदार 1) | 19–08–2020/रू. 8,17,485/– (रूपए आठ लाख सत्रह हजार चार सौ पिचासी मात्र) एनपीए (01–03–2020) | प्लॉट नंबर डी 60/ए, खसरा नंबर 206, ग्राम टेराखास परगना एवं तहसील लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226020 |
| (कानपुर शाखा का एल.सी. नंबर : 00000953) अर्पित शर्मा (कर्जदार) शोभित शर्मा (सह–कर्जदार 1) | 19–08–2020/रू. 26,04,840/– (रूपए छब्बीस लाख चार हजार आठ सौ चालीस मात्र) एनपीए (01–03–2020) | मकान नंबर 18/263, कुर्सावान, माल रोड, कानपुर कानपुर अर्बन, उत्तर प्रदेश–208001 |
| (कानपुर शाखा का एल.सी. नंबर : 00001001) आलोक कुमार (कर्जदार) रजनी गुप्ता (सह–कर्जदार 1) | 19–08–2020/रू. 18,77,167/– (रूपए अठारह लाख सतहत्तर हजार एक सौ सड़सठ मात्र) एनपीए (01–03–2020) | फ्लैट नंबर 203, द्वितीय तल, प्रेम नंबर 47/88, नीहारिका, हटिया बरतन बाजार, कानपुर कानपुर अर्बन, उत्तर प्रदेश–208001 |
| (कानपुर शाखा का एल.सी. नंबर: 00001081) कपलीश कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड (कर्जदार) रिपिन कपलीश (सह–कर्जदार 1) वंदना कपलीश (सह–कर्जदार 2) नैमेय कपलीश (गारंटर 1) | 19–08–2020/रू. 1,09,66,200/– (रूपए एक करोड़ नौ लाख छियासठ हजार दो सौ मात्र) एनपीए (01–03–2020) | परिसर सं. 127/डब्ल्यू/786, डब्ल्यू ब्लॉक, स्कीम नंबर 2,जूही कलां कानपुर, कानपुर देहात, उत्तर प्रदेश–208014 |
| (नोएडा शाखा का एल.सी. नंबर : 00001738) संगम मॉल प्राइवेट लिमिटेड (कर्जदार) अजय गोयल (सह–कर्जदार 1) गौरव गोयल (सह–कर्जदार 2) मनीष गोयल (गारंटर 1) शशि गोयल (गारंटर 2) | 19–08–2020/रू. 1,23,59,966/– (रूपए एक करोड़ तेईस लाख उनसठ हजार नौ सौ छियासठ मात्र) एनपीए (01–03–2020) | सम्पत्ति सं. 369 एवं 370, बागपत रोड, निकट फ्लाईओवर, किशनपुर, ग्राम मलियाना, परगना मेरठ, उत्तर प्रदेश–250002 |
| (वाराणसी शाखा का एल.सी. नंबर : 00002382) संतोष कुमार आनंद (कर्जदार) श्रीमती नीलम (सह–कर्जदार 1) | 19–08–2020/रू. 23,49,818/– (रूपए तेईस लाख उन्चास हजार आठ सौ अठारह मात्र) एनपीए (01–05–2020) | खसरा नंबर 2066 पर प्लॉट, ग्राम अहमदपुर नजूल (तिलक नगर) परगना एवं तहसील रायबरेली, उत्तर प्रदेश–229001 |
| (आगरा शाखा का एल.सी. नंबर : 00001386) दिलीप (कर्जदार) राज्यश्री कुशवाहा (सह–कर्जदार 1) | 19–08–2020/रू. 20,46,100/– (रूपए बीस लाख छियालीस हजार एक सौ मात्र) एनपीए (01–05–2020) | प्लॉट नंबर 231 का भाग, खसरा नंबर 198, 199 बाके विहारी पुरम, मौजा बाबरपुर, एमडी डिग्री कालेज, सिकन्दरा, आगरा, उत्तर प्रदेश–282007 |
| (लखनऊ–लालबाग शाखा का एल.सी. नंबर : 00041974) शीला देवी (कर्जदार) रंजन कुमार (सह–कर्जदार 1) | 19–08–2020/रू. 23,02,574/– (रूपए तेईस लाख दो हजार पांच सौ चौहत्तर मात्र) एनपीए (01–03–2020) | प्लॉट नंबर 25 पर मकान, खसरा नंबर 461 मिनजुमला का हिस्सा, ग्राम मडियांव, जानकी पुरम, जिला लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226020 |
| (लखनऊ शाखा का एल.सी. नंबर : 00005477) हेम शंकर (कर्जदार) कविता रानी (सह–कर्जदार 1) | 19–08–2020/रू. 25,03,692/– (रूपए पच्चीस लाख तीन हजार छह सौ बानवे मात्र) एनपीए (01–05–2020) | मकान नंबर 5, खसरा नंबर 1688 ट का हिस्सा, ग्राम मऊ, परगना तहसील मोहनलालगंज, लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226020 |
| (वाराणसी शाखा का एल.सी. नंबर: 00003078) राजेश कुमार सिंह (कर्जदार) श्रीमती चंचल (सह–कर्जदार 1) | 19–08–2020/रू. 6,83,684/– (रूपए छह लाख तिरासी हजार छह सौ चौरासी मात्र) एनपीए (01–05–2020) | अराजी नंबर 215/1, मौजा लहरतारा, परगना देहात अमानत, वाराणसी, उत्तर प्रदेश–221002 |
| (लखनऊ शाखा का एल.सी. नंबर: 00005828) राजेश कुमार यू सिंह (कर्जदार) प्रियंका राजेश सिंह (सह–कर्जदार 1) | 19–08–2020/रू. 41,56,179/– (रूपए इकतालीस लाख छप्पन हजार एक सौ उनासी मात्र) एनपीए (01–05–2020) | प्लॉट नंबर 118 पर मकान, खसरा नंबर 513 का हिस्सा, ग्राम चिन्हट (गौरव विहार), वार्ड चिन्हट, लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226020 |
| (वाराणसी शाखा का एल.सी. नंबर: 00003433) सूर्य कुमार मिश्रा (कर्जदार) प्रियंका मिश्रा (सह–कर्जदार 1) | 19–08–2020/रू. 10,53,416/– (रूपए दस लाख तिरेपन हजार चार सौ सोलह मात्र) एनपीए (01–05–2020) | अराजी नंबर 136, मौजा होलापुर, परगना शिवपुर, वाराणसी, उत्तर प्रदेश–221002 |
| (गोरखपुर शाखा का एल.सी. नंबर: 00001326) उर्मिला गोंड (कर्जदार) मेवा संदीप कुमार (सह–कर्जदार 1) | 19–08–2020/रू. 8,88,380/– (रूपए आठ लाख अठासी हजार तीन सौ अस्सी मात्र) एनपीए (01–05–2020) | अराजी नंबर 182 एवं 183 स्थित प्लॉट, मौजा गायघाट खुर्द, टप्पा एवं परगना हवेली, तहसील सदर, गोरखपुर, उत्तर प्रदेश–273402 |
| (लखनऊ–लालबाग शाखा का एल.सी. नंबर: 00042559) सौरभ तोलानी (कर्जदार) सुनील कुमार तोलानी (सह–कर्जदार 1) | 19–08–2020/रू. 41,98,659/– (रूपए इकतालीस लाख अठ्ठानवे हजार छह सौ उनसठ मात्र) एनपीए (01–04–2020) | एमआईजी मकान नंबर एम 213, सेक्टर–जी, कानपुर रोड, योजना वार्ड–विद्यावती देवी नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226023 |
| (कानपुर शाखा का एल.सी. नंबर: 00002198) अर्पित शर्मा (कर्जदार) शोभित शर्मा (सह–कर्जदार 1) | 19–08–2020/रू. 6,56,238/– (रूपए छह लाख छप्पन हजार दो सौ अड़तीस मात्र) एनपीए (01–03–2020) | मकान नंबर 18/263 का एक चौथाई भाग, कुर्सावान दि मॉल, कानपुर कानपुर अर्बन, उत्तर प्रदेश–208001 |
| (कानपुर शाखा का एल.सी. नंबर: 00002221) महेश सिंह चौहान (कर्जदार) अर्चना सिंह (सह–कर्जदार 1) | 19–08–2020/रू. 80,40,803/– (रूपए अस्सी लाख चालीस हजार आठ सौ तीन मात्र) एनपीए (01–05–2020) | परिसर सं. 607, सी–ब्लॉक, पनकी, कानपुर कानपुर देहात, उत्तर प्रदेश–208020 |
| (इलाहाबाद शाखा का एल.सी. नंबर:00000082) किरण (कर्जदार) योगेश कुमार (सह–कर्जदार 1) | 19–08–2020/रू. 5,40,724/– (रूपए पांच लाख चालीस हजार सात सौ चौबीस मात्र) एनपीए (01–05–2020) | गाटा नंबर 2183, अहमदपुर नजूल राम बिलास नगर, रायबरेली, उत्तर प्रदेश–229001 |
| (हल्द्वानी शाखा का एल.सी. नंबर : 00004164) हीरा लाल (कर्जदार) नीमा (सह–कर्जदार 1) | 27–07–2020/रू. 10,54,219/– (रूपए दस लाख चौवन हजार दो सौ उन्नीस मात्र) एनपीए (01–02–2020) | खसरा नंबर 95/1मिन का हिस्सा, मोहल्ला बाजार कला हॉस्पिटल रोड बिलासपुर, रामपुर, उत्तर प्रदेश–244921 |

यदि उक्त कर्जदार डीएचएफएल को उपरोक्तानुसार भुगतान करने में विफल रहेंगे, डीएचएफएल अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के अधीन उपरोक्त प्रतिभूत आस्तियों के विरुद्ध कार्यवाही प्रारंभ करेगी, जिसकी लागत और परिणामों की जोखिम के लिए उक्त कर्जदार पूर्णरूपेण जिम्मेदार होंगे। उपरोक्त आस्तियों का अंतरण डीएचएफएल की पूर्व लिखित सहमति के बिना बिक्री, पट्टा या अन्य प्रकार से करने के संबंध में उक्त कर्जदारों पर अधिनियम के तहत रोक लगी है। कोई भी व्यक्ति, जो उक्त अधिनियम अथवा उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है अथवा उस हेतु अभिप्रेरित करता है, अधिनियम के अधीन दी गई व्यवस्था के अनुसार कारावास तथा/अथवा आर्थिक दण्ड का भागी होगा।
तिथि : 19–09–2020
स्थान : उत्तर प्रदेश
हस्ता./–
(प्राधिकृत अधिकारी)
दीवान हाउसिंग फाइनैंस कार्पोरेशन लिमिटेड

# समाज में सेवा भाव से कार्य करती है भाजपा : कपिल देव वर्मा

## प्लास्टिक उन्मूलन संकल्प कार्यक्रम संपन्न

संवाददाता। अंबेडकरनगर

**सेवा ही** धर्म है। इस सोच के साथ भारतीय जनता पार्टी धर्म और सम्प्रदाय से हट कर बिना भेद भाव के समाज में सेवा भाव से कार्य करती है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिन के अवसर पर मनाये जा रहे सेवा सप्ताह कार्यक्रम में शामिल जनपद के 70 स्थानों पर स्वच्छता अभियान एवम प्लास्टिक उन्मूलन संकल्प कार्यक्रम तय सारिणी के अनुसार भाजपा जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा के निर्देशन और जिला महामंत्री सुरेश कनौजिया के संयोजन में सभी मण्डलों में चलाया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा ने अपने गाँव गोविन्दपुर में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार स्वच्छ्ता और प्लास्टिक उन्मूलन संकल्प के अनुसार अपने सहयोगी पार्टी कार्यकर्ताओं गिरीश वर्मा,दुर्गेश प्रजापति,राजन गुप्त,अंकुर वर्मा के साथ सफाई किया और लोगों से प्लास्टिक के प्रयोग की हानियों से अवगत कराते हुये उपस्थित लोगों को उपयोग नहीं करने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम के संयोजक भाजपा जिला महामंत्री सुरेश कनौजिया ने रामनगर मण्डल के रामनगर महुवर गाँव में शहीद स्मारक की साफसफाई जिला उपाध्यक्ष दशरथ यादव,जिला मंत्री इन्द्रेश निषाद,मण्डल अध्यक्ष भगवान पाण्डेय के साथ किया।गाँव में घर घर जा कर प्लास्टिक के प्रयोग को नहीं करने का निवेदन किया।भाजपा जिला उपाध्यक्ष डाक्टर राना रणधीर सिंह ने देव इंद्रावती महाविद्यालय में सफाई अभियान पार्टी कार्यकर्ताओं वैभव सिंह,अमरेन्द्र प्रताप यादव, आनंद बहादुर सिंह के साथ अभियान चलाया। भाजपा जिला महामंत्री डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी ने विशाल त्रिपाठी,पंकज वर्मा के साथ प्राइमरी पाठशाला हथिना राज को साफ किया।


स्वच्छता अभियान में भाग लेते भाजपा नेता — पायनियर

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय ने जारी विज्ञप्ति में बताया है कि किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष राम प्रकाश यादव ने जलालपुर मण्डल अध्यक्ष संजीव मिश्र के साथ,अकबरपुर नगर मण्डल में भाजपा नेता मनोज गुप्त (गुड्डु)और नगर मण्डल अध्यक्ष गौरव श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश वर्मा ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ,जहांगीर गंज में मण्डल अध्यक्ष महेंद्र प्रताप वर्मा ने अम्बेश कुमार,प्रभू दयाल तिवारी, खजुरी मण्डल अध्यक्ष दिलीप तिवारी ने कृपा शंकर,कृष्ण कुमार पाण्डेय, केदार नगर मण्डल अध्यक्ष आनंद श्रीवास्तव ने शशि प्रकाश कश्यप, राकेश शर्मा,लाल चंद अग्रहरि, कुर्की मण्डल अध्यक्ष सदा राम वर्मा ने सभासद लालजी मिश्र, भाजपा नेता गया प्रसाद वर्मा, देवेन्द्र तिवारी, हरि नारायण के साथ स्वक्षता अभियान चला कर प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने का संकल्प दिलाया।

## प्लास्टिक कचरे से मुक्ति के लिए भाजपा ने चलाया जागरूकता अभियान

**अयोध्या।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर भाजपा द्वारा मनाये जा रहे सेवा सप्ताह के तहत शुक्रवार को प्लास्टिक कचरे से मुक्ति पर जागरुकता अभियान चलाया गया। सूर्यकुंड मंदिर पर महानगर के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने पूर्व महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में मंदिर परिसर में मौजूद प्लास्टिक को एकत्रित किया गया। पूर्व महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि पर्यावरण को शुद्ध रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। सिंगल यूज प्लास्टिक पर्यावरण को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाता है। हमें संकल्प लेना चाहिए कि सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल न करके इसके विकल्पों को इस्तेमाल करेंगे। इसके साथ में अपनी जीवन में कम से कम प्लास्टिक की चीजों को उपयोग में लायेंगे। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने एतिहासिक निर्णय लिये है। धारा 370 की समाप्तिए तीन तलाक से मुक्ति सरकार की उपलब्धियों में एक है। कतार में खड़े अंतिम व्यक्ति को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ मिला है। गरीबों को नि:शुल्क आवासए शौचालय गैस व विद्युत कनेक्शन दिया गया।

## हत्या मे शामिल आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल, एक की तलाश जारी

संवाददाता। मिल्कीपुर, अयोध्या

**सगे** भाई बहन को पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के मामले में किया गिरफ्तारए मृतक की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों पर दर्ज किया था मुकदमाए पुलिस ने दो आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल एक की तलाश जारी। गौरतलब हो कि कुमारगंज थाना क्षेत्र के सिधौना गांव में बीते 14सितंबर की देर रात परिवारिक कहासुनी के चलते शंकर पुत्र स्वर्गीय सुखराज ए रेनू पुत्री सुखराज व मनोज कुमार ने संकठा पुत्र सुखराज को कैची से मारकर बुरी तरह घायल कर दिया था। घायल अवस्था में युवक को परिजन इलाज कराने के लिए सीएचसी मिल्कीपुर ले गए थे जहां पर डाक्टरों ने हालत गंभीर बताते हुए जिला अस्पताल भेज दिया था। इलाज के दौरान घायल युवक को कोई राहत नहीं मिल रही थी जिसके चलते डॉक्टरों ने युवक को लखनऊ रेफर कर दिया था लखनऊ ले जाते समय रास्ते में ही युवक की मौत हो गई थी। परिजन मृतक को गांव लाते हुए तत्काल सूचना कुमारगंज पुलिस को दी थी सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक युवक का पंचनामा कराकर लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था वहीं मृतक की पत्नी सीमा ने कुमारगंज पुलिस को तीन लोगों के नाम नामजद तहरीर दी थी तहरीर के आधार पर पुलिस ने तीन लोगों पर गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी। कुमारगंज पुलिस को मुखबिर ने सूचना दिया कि सिधौना गांव में घटित घटना में शामिल दो आरोपी कहीं जाने का इंतजार रमेश नगर बड़ी नहर पर कर रहे हैं। जानकारी मिलते ही प्रभारी निरीक्षक कुमारगंज नित्यानंद सिंहए उप निरीक्षक अभिषेक सिंह व कांस्टेबल पिन्टू यादव एमहिला कांस्टेबल यमुना के साथ मौके पर पहुंचकर दोनों आरोपियों को रमेश नगर से गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शंकर व रेनू को जेल भेज दिया गया है तीसरे आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है जल्द गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

## कोई भी व्यक्ति अपने डाक्यूमेंट का पूर्व में बने आधार कार्ड में करा सकता है अपडेशन : डीएम

संवाददाता। अयोध्या

**जिलाधिकारी** अनुज कुमार झा ने बताया कि जनपद का कोई भी व्यक्ति उचित व आवश्यक डाक्यूमेंट के साथ अपने आधार नामांकन या पूर्व बने आधार कार्ड में अपडेसन अपने विवरण किसी भी केन्द्र पर जाकर करा सकते है। जिलाधिकारी ने आगे बताया कि भारतीय डाक विभाग, डाकघरो में आधार नामांकन व पूर्व में बने आधार में अपडेसन की सुविधा प्रदान कर रहा है। प्रधान डाकघर सिविल लाइनए अयोध्या डाकघर, साहबगंज डाकघर, सिटी पोस्ट आफिस चौक, मोती नगर, मजऊद्दीनपुर, पूरा बाजार। सब पोस्ट आफिस बारून, टिकरी बीकापुर, मिल्कीपुर, हरिंग्टनगंज, रूदौली, मीरमऊ, रूदौली, मवई, पटरंगा, बड़ागॉव, दर्शननगर, गोसाईगंज, मया बाजार, कुचेरा, महबूबगंज। जिलाधिकारी ने आगे बताया कि बैंक आफ बड़ौदा शाखा रूदौलीए भारतीय स्टैट बैंक शाखा सिविल लाइन एवं शाखा अयोध्या, इंडियन ओवर सीज बैंक शाखा अलका टावर रिकाबगंज, बड़ौदा उप्र ग्रामीण बैंक शाखा रौनाही एवं शाखा आरबीएन इण्टर कालेज गोसाईगंज, कैनरा बैंक शाखा नाका मुजफ्फरा पहाड़गंज जगत हास्पिटल के सामने एवं कैनरा बैंक शाखा सिविल लाइन, बैंक आफ इंडिया शाखा रिकाबगंज, बैंक आफ इंडिया ग्रामीण बैंक आफ आर्यवृत शाखा रूदौली, कारपोरेशन बैंक फैजाबाद, पंजाब नैशनल बैंक रूदौली, भारत संचार निगम लि0 बीएसएनएल आफिस रूदौली, स्कूल एजूकेशन एण्ड स्पोर्ट्स शाखा बीआरसी तारून, शाखा बीआरसी पाराताजपुर हरिग्टनगंज, शाखा बीआरसी सोहावल अरकुना, शाखा मया खंड शिक्षाधिकारी कार्यालय, शाखा बीआरसी बीकापुर। जिलाधिकारी ने बताया कि उपरोक्त के अतिरिक्त सीएससी आधार केन्द्र रामनगर मिश्ररौली तथा दीक्षा कम्प्यूटर मेदनीपुर पोस्ट जगदीशपुर रसूलाबाद में भी आधार कार्ड नामंकन एवं अपडेसन कराया जा सकता है। जिलाधिकारी ने जनपद वासियो से अपील की है कि इच्छुक व्यक्ति अपना आधार कार्ड बनवाने अथवा पूर्व में बने आधार कार्ड में कोई संसोधन करना हो तो वे अपने निकटतम किसी भी डाकघर बैंक आदि शाखाओ जिनका नाम ऊपर दिया गया है में जाकर अपना आधार संबंधी कार्य करा सकते है।

## सेवा सप्ताह के तहत गरीबों में फल वितरित

**अंबेडकरनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्म दिन पर दिनाँक 14 सितम्बर से 20 सितम्बर तक सेवा सप्ताह के रूप में भाजपा द्वारा मनाये जाने के क्रम में गरीब बस्तियों में फ्ल वितरण कार्य पूरे जनपद में जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा के निर्देशन और जिला उपाध्यक्ष विमलेंद्र प्रताप सिंह (मोनू)के संयोजन में किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा ने कार्यक्रम के संयोजक जिला उपाध्यक्ष विमलेंद्र प्रताप सिंह( मोनू)के साथ अकबरपुर नगर के राबीबहाउद्दीन पुर में जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय,सभासद अतुल वर्मा,युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अतुल मिश्र के साथ अनुसूचित जाति के बस्ती में जाकर सेवा और केला का वितरण किया ।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राम नगर में महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रेमशीला यादव ने भाजपा जिला महामंत्री सुरेश कनौजिया,मण्डल अध्यक्ष भगवान पाण्डेय,विनय पाण्डेय के साथ,कटेहरी मण्डल अध्यक्ष अमरजीत मौर्य ने नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अशरफ्पुर बरवा में अपने कार्यकर्ताओं के साथ,समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जहाँगीर में जिला महामंत्री अमरेंद्र कान्त सिंह नें मण्डल अध्यक्ष महेंद्र,उपमा पाण्डेय के साथ,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टाण्डा में भाजपा नेता श्याम बाबू गुप्त,मालीपुर में मण्डल अध्यक्ष हरि दर्शन राजभर नें महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष छाया पाठक के साथ फ्ल वितरण किया। जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय नें बताया कि पूरे जनपद के सभी 23 मण्डलों में मण्डल अध्यक्ष गणों और भाजपा नेताओं द्वारा गरीब बस्तियों और चिकित्सालयों में जाकर लोगों को फ्ल वितरण किया गया।

## जलभराव को लेकर विधायक दुखी, दी चेतावनी

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**जनपद के** विभिन्न मुहल्लों में जलभराव की विकट स्थिति को लेकर नगर विधायक डा. राधा मोहन दास अग्रवाल ने नगर निगम को चेतवानी दी है। उन्होंने कहा है कि एक वर्ष पहले जलजमाव से निजात के लिए 50 लाख की योजना नगर निगम को दी थी, लेकिन नगर निगम ने यह धन नहीं दिया। अब नगर निगम कह रहा है कि उसके पास इस योजना के लिए बजट नहीं है। नगर विधायक का घर दाउदपुर मुहल्ले में है। दो दिन से हुई बारिश से इस मुहल्ले में भारी जलजमाव हो गया है। हर बारिश के बाद यहाँ यही हाल होता है। नगर विधायक के मकान से 25 मीटर आगे और हिन्दू यूवा वाहिनी के प्रदेश महामंत्री पीके मल्ल के आवास से 250 मीटर तक हर बारिश के बाद पानी लग जाता है और रास्ता बन्द हो जाता है। विधायक डॉ. अग्रवाल के मुताबिक उनके निर्देश पर नगर आयुक्त ने पिछले साल रु. 50 लाख की योजना तैयार की थी। लेकिन नगर प्रमुख ने योजना की स्वीकृति नहीं दी। जलजमाव से आजिज नगर विधायक आज गंदे पानी में घुस गये और नगर आयुक्त अंजनी कुमार सिंह को चेतावनी दी कि नगर निगम समाधान नहीं करेगा तो वे उसी पानी में बैठकर धरना देंगे। उन्होंने जलजमाव का एक वीडियो बनाकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, दोनों उप-मुख्यमंत्रियों तथा नगर विकास मंत्री गोपाल टंडन को ट्वीट भी कर दिया और लिखा हम बोलेंगे तो बोलोगे कि बोलता है। इसके बाद उन्होंने नगर आयुक्त को पानी में ही बैठने का निर्णय सुना दिया। नगर आयुक्त ने नगर प्रमुख सीताराम जायसवाल को सारी बातें बताई और कहा कि पिछले साल ही इसके लिए एस्टीमेट बना था। लेकिन पैसा अवमुक्त नहीं किया गया। इससे नगर विधायक बहुत कुपित हैं।

### कहां गए 286 करोड़

**नगर विधायक** की महापौर से वार्ता हुई। नगर विधायक ने कहा कि आप प्रेस वार्ता करते हैं कि आपने रु 286 करोड़ का काम कराया और आप उसमें से दो साल 50 लाख रुपये दाऊदपुर के जलजमाव के समाधान के लिए नहीं दे सके। इसे कैसे स्वीकार किया जा सकता है। अब हम इसी पानी में लेंटेंगें और अब जितना मामला बढ़ना हो बढ़े, नगर निगम की यह गैरजिम्मेदाराना हरकत अब वे और अधिक स्वीकार नहीं करेंगे। महापौर सीताराम जायसवाल ने नगर विधायक को आश्वस्त किया कि किसी भी हालत में नगर निगम की बैठक में इस योजना को स्वीकृति दिलाकर दाऊदपुर की स्थाई जलजमाव का चिरस्थाई समाधान करा दिया जायेगा।

### निगम के पास नहीं है एक रूपया

**बाद नगर** निगम के मुख्य अभियंता सुरेश चन्द्रा विभागीय अधिकारियों के साथ मौके पर पंहुचे और उन्होंने नगर विधायक को बताया कि नगर निगम के पास एक रुपया नहीं है। अवस्थापना निधि में तीन साल से पैसा आया ही नहीं। 15 वित्त आयोग में 20.5 करोड़ आया और विभिन्न कार्यो में खर्च हो गया, विकास में लग ही नहीं पाया, राज्य वित्त का पैसा वेतन/पेंशन में चला जाता है। महापौर तथा नगर आयुक्त के निर्णय से उन्हें अवगत कराते हुए पानी से निकलने का आग्रह किया।

## 925 को रोजगार देने का दावा

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**सेवायोजन** कार्यालय द्वारा निजी क्षेत्र में भी बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के प्रयास किये जा रहे है। सेवायोजन कार्यालय द्वारा बेरोजगार अभ्यर्थियों एवं नियोजकों को एक ही स्थान पर आमंत्रित कर रोजगार मेलों का आयोजन किया जाता है जिसमें नियोजक अपनी आवश्यकतानुसार बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन करते है तथा बेरोजगार अभ्यर्थियों को भी अपनी इच्छानुसार संस्थान/कंपनी चयन करने की सुविधा उपलब्ध रहती है। यह जानकारी देते हुए जिलाधिकारी ने बताया है कि रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु सर्व प्रथम जाब सीकर को सेवायोजन पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराना आवश्यक है। बेरोजगार अभ्यर्थियों के समान ही नियोजकों के लिए भी उक्त पोर्टल पर पंजीकरण की व्यवस्था की गयी है। पंजीकरण के उपरान्त नियोजक अपने संस्थान की रिक्तियों को सेवायोजन पोर्टल पर अपलोड कर सकते है।


# कार्यालय नगर पंचायत मैलानी, जनपद – खीरी

पत्रॉकः—मेमो0 / न0पं0मै0 / विज्ञप्ति—नामान्तरण / 2020—21 दिनॉक—18.09.2020

**विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न क्रेता द्वारा नगर पंचायत कार्यालय में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है :—

| क्र. सं. | क्रेता का नाम | पिता / पति का नाम | पता | विक्रेता का नाम | पिता / पति का नाम | सम्पत्ति का पता | चौहद्दी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती शहाना बेगम | श्री सईदुल हसन | मो0 मस्जिद वार्ड—11 मैलानी खीरी | श्री रियाज अहमद, श्री कमाल अहमद व श्रीमती तनवीर जहाँ | श्री मेराजुल हसन | मो0 काली मन्दिर वार्ड—7 मैलानी / खीरी | पूर्व में प्लाट विक्रेता<br>पश्चिम में पलिया रोड<br>उत्तर में प्लाट सईदुल हसन<br>दक्षिण में प्लाट सिराजुल हसन |
| 2 | श्रीमती सुशीला देवी | श्री मूंगाराम | मो0 खाले कालोनी वार्ड—3 मैलानी खीरी | श्री शाश्वत केडिया | श्री महावीर प्रसाद केडिया | मो0 ईदगाह वार्ड—12 मैलानी खीरी | पूर्व में प्लाट सुरेश<br>पश्चिम में रास्ता<br>उत्तर में रास्ता<br>दक्षिण में प्लाट |
| 3 | श्रीमती नीलम | श्री बाबूराम | मो0 पंचायत वार्ड—1 मैलानी खीरी | श्री नीरज कुमार बाजपेई | श्री दशरथ बाजपेई | मो0 गौतमनगर वार्ड—2 मैलानी खीरी | पूर्व में प्लाट विक्रेता<br>पश्चिम में रास्ता<br>उत्तर में प्लाट विक्रेता<br>दक्षिण में प्लाट विक्रेता |
| 4 | श्रीमती निर्मला देवी | श्री दिलीप कुमार | मो0 अहिरान पलियाकलॉ खीरी | श्री बालकृष्ण गुप्ता | श्री विनोद कुमार गुप्ता | मो0 ईदगाह वार्ड—12 मैलानी खीरी | पूर्व में रास्ता<br>पश्चिम में खेत मोती सिंह<br>उत्तर में प्लाट राजेन्द्र<br>दक्षिण में प्लाट विक्रेता |
| 5 | श्री सरताज बेग | श्री अशफाक | मो0 कालीमन्दिर वार्ड—7 मैलानी खीरी | श्री राजीव कुमार बाजपेयी | श्री जयेन्द्र प्रकाश बाजपेयी | मो0 काली मन्दिर वार्ड—7 मैलानी खीरी | पूर्व में प्लाट जहीर अहमद<br>पश्चिम में रास्ता<br>उत्तर में प्लाट विक्रेता<br>दक्षिण में प्लाट विक्रेता |
| 6 | श्रीमती लक्ष्मी देवी | श्री अजय प्रताप सिंह | ग्राम सेहरामऊ उत्तरी तह पूरनपुर जिला पीलीभीत | श्रीमती कमला देवी | श्री संतोष कुमार ग्रोवर | मो0 काली मन्दिर वार्ड—7 मैलानी खीरी | पूर्व में प्लाट अनीता सिंह<br>पश्चिम में सड़क<br>उत्तर में मकान रूपराम<br>दक्षिण में प्लाट अनीता सिंह |
| 7 | श्रीमती सारिका | श्री कमल कुमार | मो0 पंचायत वार्ड—1 मैलानी खीरी | श्री नीरज कुमार बाजपेई | श्री दशरथ बाजपेई | मो0 गौतमनगर वार्ड—2 मैलानी खीरी | पूर्व में रास्ता<br>पश्चिम में प्लाट विक्रेता<br>उत्तर में प्लाट विक्रेता<br>दक्षिण में प्लाट विक्रेता |

क्रय किये गये प्लाट के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति है, तो वह 15 दिन के अन्दर लिखित रूप से अपनी आपत्ति अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। आपत्ति न प्राप्त होने की स्थिति में नामान्तरण सम्बन्धित कार्यवाही पूर्ण कर दी जायेगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत मैलानी**
**जनपद—खीरी**

# कार्यालय नगर पंचायत बभनान बाजार–बस्ती।

पत्रांक : 1210 / न0प0ब0बा0 / 2020—21 दिनांक 17.9.2020

## अल्पकालिक निविदा सूचना

एतद्द्वारा समस्त सम्बन्धित ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत बभनान बाजार बस्ती में राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निर्माण कार्य कराये जाने हेतु मोहरवन्द निविदा दिनांक 28.9.2020 समय 2 बजे दिन तक कार्यालय जिलाधिकारी (एल०बी०सी० पटल) पर आमन्त्रित किया जायेगा, जिसे अपर जिलाधिकारी महोदय/नामित मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में समय 03 बजे दिन में उपस्थित ठेकेदारों/प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा। निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 26.9.2020 तक नगर पंचायत बभनान बाजार बस्ती कार्यालय पर कार्यालय समय में की जायेगी। यदि इस सन्दर्भ में इसके अतिरिक्त कोई अन्य सूचना/जानकारी चाहते है तो दिनांक 26.9.2020 तक कार्यालय समय में नगर पंचायत बभनान बाजार कार्यालय से ज्ञात कर सकते है। विवरण निम्नलिखित है।

| क्र0 सं0 | निर्माण कार्य का नाम | योजना का नाम | लम्बाई मी0 में | धनराशि लाख में | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड नं0 01 अम्बेडकर नगर,हलुआ रोड से प्रभावती देवी के मकान तक इण्टरलाकिंग सडक व अण्डर ग्राउन्ड नाली का निर्माण कार्य। | राज्य वित्त आयोग | 110 | 7.27 | 2 प्रतिशत | 400 | 06 माह |
| 2 | वार्ड नं0 04 भगत सिंह नगर, में बिरजू के मकान से यासीन के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | राज्य वित्त आयोग | 35 | 1.95 | 2 प्रतिशत | 200 | 06 माह |
| 3 | वार्ड नं0 4 भगत सिंह नगर में रामप्रसाद चौधरी के मकान से बब्लू खान के मकान तक सडक के दोनो तरफ तक नाली ढक्कन सहित निर्माण कार्य। | राज्य वित्त आयोग | 2X56 | 3.36 | 2 प्रतिशत | 250 | 06 माह |
| 4 | वार्ड नं0 06 लक्ष्मीबाईनगर में मिडिल स्कूल स्थित काली जी स्थान परिसर में इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य। | राज्य वित्त आयोग | 39 | 6.12 | 2 प्रतिशत | 300 | 06 माह |
| 5 | वार्ड नं0 06 लक्ष्मीबाईनगर, में मिडिल स्कूल रसोई से ऐलेहदीस मस्जिद तक इण्टरलाकिंग सड़क एवं रिटर्निग वाल का निर्माण कार्य। | राज्य वित्त आयोग | 97 | 7.22 | 2 प्रतिशत | 300 | 06 माह |
| 6 | वार्ड नं0 07 सुभाष नगर में घोडहा पुरवा में रामकुमार के मकान से राम चन्द्र के मकान तक नाली निर्माण कार्य। | राज्य वित्त आयोग | 230 | 4.84 | 2 प्रतिशत | 300 | 06 माह |
| 7 | वार्ड नं0 07 सुभाष नगर में हरैया बभनान मार्ग पर उदयराज जायसवाल के मकान से गैस एजेंसी होते हुये मोल्हू चौधरी के खेत तक नाली निर्माण कार्य। | राज्य वित्त आयोग | 250 | 4.90 | 2 प्रतिशत | 300 | 06 माह |
| 8 | वार्ड नं0 08 बागेश्वर नगर, में सूरज लाल के मकान से रामकुमार पाठक के मकान तक एवं मातादीन मुंशी के मकान से भरत के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | राज्य वित्त आयोग | 121 | 4.92 | 2 प्रतिशत | 300 | 06 माह |
| 9 | वार्ड नं0 09 दीन दयाल नगर, में सिंघानिया के मकान से वृहस्पति जायसवाल के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | राज्य वित्त आयोग | 65 | 5.07 | 2 प्रतिशत | 250 | 06 माह |
| 10 | वार्ड नं0 10 महागौरी नगर, में कालीदीन के मकान से लड्डन के मकान होते हुए अफजाल के मकान तक इण्टरलाकिंग सडक व के0सी0 ड्रेन का निर्माण कार्य। | राज्य वित्त आयोग | 87 | 5.57 | 2 प्रतिशत | 250 | 06 माह |
| 11 | वार्ड नं0 10 महागौरी नगर में अभिलाष के मकान के पीछे से गोपाल चाट वाले के मकान तक नाली ढक्कन सहित निर्माण कार्य। | राज्य वित्त आयोग | 88 | 4.06 | 2 प्रतिशत | 250 | 06 माह |
| 12 | वार्ड नं0 10 महागौरी नगर में सुभाष किराने वाले के पीछे से जमुना के मकान तक नाली ढक्कन सहित निर्माण कार्य। | राज्य वित्त आयोग | 87 | 4.01 | 2 प्रतिशत | 250 | 06 माह |
| 13 | वार्ड नं0 11 चन्द्रशेखर आजाद नगर में ननकऊ सिंह के मकान से घिराऊ वर्मा के खेत तक इण्टरलाकिंग सडक व नाली का निर्माण टक्कन सहित कार्य। | राज्य वित्त आयोग | 70 | 4.80 | 2 प्रतिशत | 300 | 06 माह |
| 14 | वार्ड नं0 04 भगत सिंह नगर में राम प्रसाद के मकान के पीछे इण्टरलाकिंग का कार्य नाली सहित। | राज्य वित्त आयोग | 50 | 3.13 | 2 प्रतिशत | 200 | 06 माह |
| 15 | वार्ड नं0 05 अदि शक्ति नगर में उमरिया पुरवा के दक्षिण शेखर के खेत के पास तथा उत्तर सुल्ला प्रसाद के खेत के पास (मुख्य मार्ग पर) पुलिया का निर्माण कार्य। | राज्य वित्त आयोग | 2X 3.25 | 1.88 | 2 प्रतिशत | 100 | 06 माह |
| 16 | वार्ड नं0 11 चन्द्रशेखर आजाद नगर में हरी शंकर के मकान से डॉक्टर जय प्रकास पाण्डेय के मकान तक इं०ला0 सड़क एवं नाली निर्माण कार्य। | राज्य वित्त आयोग | 105 | 9.80 | 2 प्रतिशत | 400 | 06 माह |
| 17 | वार्ड नं0 11 चन्द्रशेखर आजाद नगर में भोला के मकान से हरी शंकर वर्मा के मकान तक इं०ला० सड़क एवं नाली निर्माण कार्य। | राज्य वित्त आयोग | 110 | 9.95 | 2 प्रतिशत | 400 | 06 माह |
| 18 | वार्ड नं0 02 पटेल नगर में राम भगवत के मकान से राज बाहदुर के खेत तक मिट्टी सोलिंग एवं रिटनिंग वाल का कार्य। | राज्य वित्त आयोग | 145 | 5.31 | 2 प्रतिशत | 300 | 06 माह |
| 19 | वार्ड नं0 05 आदि शक्ति नगर में राम धनी के मकान से आशाराम के खेत तक मिट्टी सोलिंग एवं रिटनिंग वाल का कार्य। | राज्य वित्त आयोग | 150 | 5.49 | 2 प्रतिशत | 300 | 06 माह |
| 20 | वार्ड नं0 08 बागेश्वर नगर में रिंकु के मकान से राजेन्द्र के मकान होते हुए मंगरे के मकान तक इं०ला0 सड़क एवं एल0 टाईप नाली निर्माण कार्य। | राज्य वित्त आयोग | 63 | 4.10 | 2 प्रतिशत | 200 | 06 माह |
| 21 | वार्ड नं0 08 बागेश्वर नगर में प्रा०वि० बभनान प्रथम के इं०ला0 सड़क का निर्माण कार्य। | राज्य वित्त आयोग | 30 | 1.59 | 2 प्रतिशत | 100 | 06 माह |

**(रमेश कुमार गुप्ता)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत बभनान बाजार,**
**जनपद—बस्ती।**

**(सईद खां)**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत बभनान बाजार,**
**जनपद—बस्ती।**

# टीवी चैनलों पर नियंत्रण
## सर्वोच्च न्यायालय का हस्तक्षेप

**चौथे** स्तंभ को फलते-फूलते संस्थान की तरह समाज के सामने आईने की तरह होना चाहिए जिसमें उन अधिकारों व मुद्दों की पैरवी हो जिनको राजनीति अनदेखा करती है। लेकिन विडंबना है कि अब उस पर अन्य संस्थानों द्वारा नियंत्रण या नियमन की आवश्यकता है क्योंकि इसे लंबे समय से प्रशासन या प्रचार का औजार बनाया गया है। अब सर्वोच्च न्यायालय ने इसके द्वारा सामाजिक ढांचा नष्ट होने से रोकने के लिए हस्तक्षेप किया है। उसने एक चैनल को एक विवादास्पद कार्यक्रम प्रसारित करने से रोका है जिसमें भारतीय सिविल सेवाओं में 'मुसलमानों की घुसपैठ व जिहाद के षडयंत्र के खुलासे' का प्रयास किया गया था। अदालत ने कहा कि यह जांच के बहाने एक खास समुदाय की छवि खराब करने तथा वर्तमान राजनीतिक परिवेश के मुकाबले माहौल बनाने का प्रयास है। सुप्रीम कोर्ट ने यह प्रसारण रोका हे जो भारत में संविधान द्वारा परिकल्पित बहुलता को तोड़ता था। लेकिन भारत में आज सैकड़ों खबरिया चैनल हैं जिनमें से कुछ पूर्वाग्रही तथा राजनीतिक पार्टियों के स्वामित्व में अथवा उनके द्वारा वित्त-प्रायोजित हैं। अदालत ने टेलीवीजन चैनलों पर होने वाली बहसों पर भी नियमन की जरूरत बताई है। उसने आपराधिक मामलों में समानान्तर जांच का उदाहरण दिया है जिससे तथ्यों के बजाय राष्ट्रीय स्तर पर भावनाओं का ज्वार पैदा किया जाता है। सरकार ने चैनल पर फैसले के एक दिन बाद सर्वोच्च न्यायालय में पेश शपथपत्र में कहा है कि यदि वह मीडिया का नियमन करना चाहता है तो पहले यह काम एलेक्ट्रानिक मीडिया के बजाय डिजिटल मीडिया के साथ किया जाना चाहिए क्योंकि सामाजिक मंचों की तेज व व्यापक पहुंच है। पिछले दो साल में भारत में हिंसा के ऐसे 50 से अधिक मामले सामने आए हैं जिनमें सोशल मीडिया का प्रयोग हुआ था। इनमें फेसबुक,




यू ट्यूब व ट्विटर शामिल हैं। फेसबुक व उसके नेटवर्कों का प्रयोग हर माह 2.3 बिलियन प्रयोगकर्ता करते हैं। भारत में वाट्सएप सर्वाधिक लोकप्रिय है जिसके 1.5 बिलियन वैश्विक प्रयोगकर्ताओं में से 400 मिलियन भारतीय हैं तथा यह सूचना प्रसार का बड़ा साधन बन गया है। अदालत ने पांच नागरिकों की एक समिति गठित करने का सुझाव दिया है जो एलेक्ट्रानिक मीडिया के बारे में मानकों का निर्धारण कर सकते हैं। लेकिन वर्तमान ढांचों का क्या होगा जो लगभग निष्प्रभावी हो चुके हैं। हालांकि, कोई विधिक नियामक व्यवस्था नहीं है, पर न्यूज़ ब्राडकास्टर्स असोसियेशन-एनबीए, ब्राडकास्ट एडिटर्स असोसियेशन व न्यूज़ ब्राडकास्टर्स फेडरेशन जैसी स्व-नियामक संस्थायें हैं। लेकिन वे अवसर के अनुकूल उठ खड़े होने तथा पेशेवर माहौल सुनिश्चित करने में विफल रही हैं। इसके साथ ही अनेक अधिकारियों के होने की अपनी राजनीति और लाबींग है। एनबीए प्रसारण शिकायतों को गंभीरता से लेता है तथा उसकी एक आचार संहिता है, पर यह अनिवार्य होने के बजाय केवल दिशानिर्देशों के रूप में है और किसी के खिलाफ कठोर दंड देने जैसी कार्रवाई नहीं करती है। आमतौर से गलती करने वालों को माफकर दिया जाता है या उनकी थोड़ी आलोचना हो जाती है। इसके साथ ही एनबीए के सदस्य स्वयं चैनलों से होते हैं और उनके हाथ एक सीमा तक पत्रकारिता के वर्तमान बिजनेस माडल से बंधे होते हैं। इस बिजनेस माडल का संबंध कवरेज तथा राजस्व व फंडिंग से है। जब तक विश्वसनीय, निष्पक्ष या प्रभावी संहिता नहीं होती है या जब तक एक विधिक शक्तियों वाली नियामक संस्था नहीं बनती है, तब तक हितों का टकराव होता रहेगा। निश्चित रूप से यदि प्रसारण मीडिया पर बेहतर नियमन लागू हो तो वह सनसनीखेज के बजाय संवेदनशील पत्रकारिता का माध्यम बनेगा। संविधान ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता दी है, पर उसके साथ जिम्मेदारियां भी हैं। लोकतंत्र में मीडिया भी अन्य संस्थानों की तरह नागरिकों के प्रति समान रूप से जवाबदेह है। उसे संस्थागत निष्ठा बनाए रखने के लिए अपने में लगातार सुधार करना होगा।

# गरीब बच्चों का भविष्य

हमें बच्चों को भविष्य के लिए तैयार करना होगा। इनमें समाज के हाशिए पर पड़े बच्चों के साथ ही समुचित सेवाओं तथा आर्थिक व सामाजिक हस्तक्षेपों की पहचान शामिल है।



**सुमित्रा मिश्रा**
(लेखिका सचल क्रेशों की कार्यकारी निदेशक हैं)



मार्च में पूरी भारत में कोरोना के कारण लाकडाउन के बाद भीड़ भरे ट्रकों में अपने थके माता-पिता के कंधों पर नंगे, भूखे, रोते व सोते बच्चों व शिशुओं की तस्वीरें रोज सामने आती थीं। प्रवासी श्रमिकों और उनके परिवारों के सड़कों पर आने के बाद हमारी सामाजिक व्यवस्था की विसंगतियां सामने आई थीं, जबकि बाकी लोग घर से काम कर रहे थे। यह 'स्वतंत्रता की ओर लंबा मार्च' होने के बजाय अपने घरों की ओर वापसी थी। यह विपरीत पलायन आजीविका समाप्त होने तथा लगातार बढ़ते संघर्षों को अभिव्यक्त करता था। कुछ लोगों के लिए यह मौत का रास्ता बन गया। अपने जीवन पर कोरोनावायरस तथा उसके अनेक प्रभावों से संघर्ष करते हुए यह महत्वपूर्ण है कि हम समाज की विभाजक रेखाओं पर नजर बनाए रखें। इसने खासकर असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को प्रभावित किया है जिनको उपयुक्त सामाजिक सुरक्षा व समर्थन नहीं प्राप्त था तथा उनके लिए अपने बच्चों की देखभाल एक कठिन काम था।

लाकडाउन के कारण कुपोषण से निपटने वाले अनेक कार्यक्रम प्रभावित हुए या बंद हो गए। 2015-16 के राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-4 के अनुसार भारत में पांच वर्ष से कम आयु वाले 21 प्रतिशत बच्चे कुपोषित थे तथा छः से 23 महीनों की आयु वाले 91.4 प्रतिशत बच्चों को उपयुक्त भोजन नहीं मिलता था। पांच वर्ष से कम आयु के हर तीसरे, यानी 38 प्रतिशत बच्चों की बढ़वार प्रभावित थी, हर पांचवें या 21 प्रतिशत बच्चे बहुत कमजोर थे तथा 36 प्रतिशत का वजन कम था। लाकडाउन के कारण सामाजिक-आर्थिक प्रभाव और गंभीर हुए क्योंकि आंगनबाड़ी केन्द्र बंद हो गए तथा कुपोषण से निपटने के लिए भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित करने वाले स्रोत बहुत घट गए।

स्टेट आफ यंग चाइल्ड इन इंडिया-एसओवाईसी रिपोर्ट से गरीबी, जेंडर भेदभाव, जाति व वर्ग के भेद, हिंसा, छोटे बच्चों को उपलब्ध सेवाओं तक पहुंच तथा बच्चों की देखभाल करने वालों में पेशेवर व्यवहार की कमी जैसी समस्यायें सामने आई हैं। इस रिपोर्ट को हाल ही मे शुरुआती बाल विकास-ईसीडी क्षेत्र में कार्यरत संगठन मोबाइल क्रीचेज़ ने जारी किया है। इसमें 6 वर्ष से कम आयु वाले भारत के बच्चों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां हैं जो देश की जनसंख्या का 13 प्रतिशत हैं।

इसके साथ ही उनकी जरूरतें संबोधित करने वाले विधाई ढांचे का आलोचनात्मक परीक्षण भी किया गया है। रिपोर्ट में इस आयुवर्ग के वंचित श्रेणी वाले बच्चों पर जोर देते हुए प्रत्येक श्रेणी के लिए विशेष हस्तक्षेपों का सुझाव दिया गया है। इससे निकलने वाले परिणामों में केरल व गोवा में सबसे अच्छे प्रदर्शन के सर्वोत्तम व्यवहारों के साथ ही झारखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार व मध्य प्रदेश जैसे राज्यों का विवरण भी है जहां प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं रहा है। इसकी संस्तुतियों को महामारी-पश्चात दुनिया पर लागू किया जा सकता है जहां हाशियाकरण व अनदेखी से निपटने के लिए समुचित नीतिगत हस्तक्षेप जरूरी होंगे।

बच्चों की देखभाल करने वाली दुनिया की सबसे बड़ी योजना-समन्वित बाल विकास सेवा योजना-आईसीडीएस के पुनः निर्धारण की आवश्यकता है क्योंकि इसमें डिजाइन व क्षमता संबंधी कमियां हैं, यह बच्चों की देखभाल व शुरुआती शिक्षा पर ध्यान नहीं देती है तथा हाशियाकृत बच्चों को समान व प्रभावी सेवायें दिलाने के लक्ष्य से बहुत दूर है। अक्सर सबसे छोटे बच्चों पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया जाता और वे सर्वाधिक संकटग्रस्त होते हैं। अतः ऐसे विकास अवसरों की तलाश जरूरी है जो जीवन की स्वस्थ नीव डाल सकें। ईसीडी में निवेश से न केवल व्यक्तिगत क्षमता व आर्थिक प्रगति सुनिश्चित होगी, बल्कि इससे महिला सशक्तीकरण का रास्ता भी खुलता है। इसमें महिलाओं के साथ बच्चों के अधिकारों को देखते हुए राज्य हस्तक्षेप व अधिक बजटीय आबंटन की आवश्यकता बताई गई है।

एसओवाईसी रिपोर्ट में देखभाल करने वालों की भूमिका के साथ ही जेंडर पूर्वाग्रहों पर ध्यान दिया गया है जिसके कारण माताओं पर अनावश्यक बोझ पड़ता है। खासकर असंगठित क्षेत्र में महिलाओं को तिगुना बोझ उठाना पड़ता है। उनको बच्चों की देखभाल के साथ घर के बाहर काम करना होता है, बाजार तक उनकी पहुंच समान नहीं होती है, काम के घंटे अधिक होते हैं, कार्यस्थितियां खराब होती हैं व मजदूरी कम मिलती है। इसके साथ ही उनको घर पर काम करना पड़ता है। मैटर्निटी या चाइल्डकेयर लाभ से वंचित इन महिलाओं के छोटे बच्चे इन अस्वास्थ्यकर स्थितियों में पड़े रहते हैं। इससे छोटे बच्चों की देखभाल और कठिन हो जाती है। इसलिए परिवारों द्वारा बच्चों की समुचित देखभाल के क्षेत्र में राज्य का हस्तक्षेप जरूरी है। अनौपचारिक क्षेत्र में कार्यरत महिलाओं के बच्चों की देखभाल के लिए सरकार-प्रायोजित नेशनल क्रीच योजना है। लेकिन इनकी संख्या में कमी आई है। 2019 में देश में केवल 7,930 क्रीच काम कर रहे थे जिसका अर्थ 21,000 बच्चों के लिए एक क्रीच है। इस योजना को मजबूत करने के लिए उपयुक्त बजट जरूरी है। इसके साथ ही आंगनबाड़ियों को चरणबद्ध रूप से बदल कर आंगनबाड़ी-क्रीच में बदला जा सकता है।

महामारी के कारण हुए लाकडाउन में आंगनबाड़ी व आशा कार्यकर्ताओं को कोरोना के खिलाफलड़ाई की पहली पंक्ति में शामिल किया गया। लेकिन एसओवाईसी रिपोर्ट के अनुसार उनको पेशेवर कार्यकर्ता के बजाय पार्टटाइम कार्यकर्ता के रूप में प्रयोग करते हुए अधिकांश राज्यों में न्यूनतम मजदूरी से भी बहुत कम पैसा दिया गया। बच्चों की देखभाल में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करते हुए उनको पेशेवर बनाने तथा जिम्मेदारियों के अनुकूल भुगतान की आवश्यकता है। इसका अर्थ है कि इन कार्यकर्ताओं को समुचित प्रशिक्षण दिया जाए तथा अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एजुकेशन-ईसीसीई आयाम को मजबूत किया जाए जो आईसीडीएस का कमजोर हिस्सा बना हुआ है।


तीन से 6 वर्ष आयुवर्ग के सभी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण ईसीसीई प्राप्त करने का अधिकार है, चाहे वे आंगनबाड़ी केन्द्रों में हों अथवा सरकार के पूर्व-प्राथमिक केन्द्रों में, निजी स्कूलों में या अन्य स्कूल-पूर्व केन्द्रों में। देश के लिए ईसीडी को प्राथमिकता देने का अर्थ टिकाऊ विकास लक्ष्य तथा बाल अधिकारों के प्रति अपनी अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धता पूरी करने में सहायक हो सकता है। हालांकि, बच्चों की बेहतरी के अनेक आयामों के बारे में डेटा की कमी है जिससे अनेक प्रक्रियाओं का निर्धारण व कुछ क्षेत्रों के बारे में गहरी जानकारी नहीं प्राप्त हो पाती है। इसके साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर डेटा के अभाव में बजट का विश्लेषण व राज्यों को आबंटन भी अनुपयुक्त आबंटन, उसके कम उपयोग तथा बच्चों की देखभाल में प्रबंधन क्षमता की कमी जैसे मामले भी सामने आते हैं।

देश में 2018-19 में हर बच्चे पर खर्च बहुत कम, केवल 1,723 करोड़ रुपये था। इसे बढ़ा कर प्रति वर्ष 1.25 ट्रिलियन रुपये किया जाना चाहिए ताकि योजना की कमी दूर कर समग्र हस्तक्षेप सुनिश्चित हो सके। इस दृष्टिकोण से होने वाला लाभ बजटीय आबंटन को किसी अन्य कल्याण कार्यक्रम के मुकाबले बेहतर सिद्ध करेगा। कोरोनावायरस ने हमारे जीवन के प्रति सोच, हमारे कामकाज और सहायक व्यवस्थाओं को पूरी तरह बदल दिया है। इसने हमें अनेक त्रासद सबक सिखाए हैं। समय आ गया है कि हम विभिन्न संकटग्रस्त समूहों की वंचनाओं, अनदेखी व पृथक्करण पर गौर कर उनको समान पहुंच देने पर ध्यान दें। इसमें बच्चों के लिए आवश्यक सेवायें शामिल हैं। हमें हाशियाकृत समाज के बच्चों की पहचान, सेवाओं, तथा सामाजिक व आर्थिक हस्तक्षेपों पर ध्यान देना चाहिए ताकि उनको भविष्य के लिए सक्षम बनाया जा सके।

# तकनीक पर आधारित भविष्य की बौद्धिकता

"वर्ष 2020 की घटनाओं ने मानव सभ्यता की दौड़ को तेज गति दी है और वह अपने मस्तिष्क की बौद्धिकता के विकल्प तलाश रही है।"

**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)



हम में से बहुत से लोग अब वीडियो-कान्फ्रेंसिंग विशेषज्ञ हो गए हैं और हर नई काल पर नई वर्चुल पृष्ठभूमि का प्रयोग करते हैं, आनलाइन किराने का सामान खरीदते हैं तथा फोन व कंप्यूटर स्क्रीन पर नवीनतम खबरों की अपडेट पर नजर रखते हैं। ऐसे में क्या क्या निकट भविष्य जैसे 2021 का अनुमान लगाना गलत होगा? हालांकि अभी 2020 को 'गैप इयर' कहना बहुत जल्दबाजी होगा क्योंकि हमारे सामने रोज चौंकाने वाली नई विचित्र किस्म की आश्चर्यजनक घटनायें सामने आती हैं। लेकिन अगले साल की संभावित प्रवृत्तियों पर नजर डालना गलत नहीं होगा। पहला, इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि अगले वर्ष तकनीक का हमारे जीवन, काम, व्यायाम, भोजन या खरीद पर असाधारण प्रभाव पड़ेगा। यदि महामारी ने हमे अनिश्चितताओं के समुद्र में फेंक दिया है तो हमें अपने चारों ओर सावधानी से देखने पर डेटा का समुद्र भी दिखाई देगा। इसमें तेजी से तैरने में सक्षम लोगों को जल्दी ही एक तख्ता मिल जाएगा जिससे वे किसी खास चीज तक पहुंच कर अवसरों के समुद्र की संभावनायें समझेंगे। हालांकि, यह काम पहले ही शुरू हो गया था, पर नई तकनीक में इसे कृत्रिम बुद्धि-एआई का नाम दिया गया है। यह वर्तमान समय में डिजिटल दुनिया की अधिकांश चीजों पर कब्जा कर लेगी।

एल्गोरिद्म का प्रयोग महामारियों का जल्दी पता लगाने तथा यहां तक कि शहर में यातायात पैटर्न का पता लगाने के लिए किया जाएगा। इसके साथ ही खराब मौसम की जल्दी भविष्यवाणी हो सकेगी, स्वास्थ्यरक्षा तथा सर्वाधिक संकटग्रस्त लोगों की रक्षा पर ध्यान दिया जा सकेगा। लेकिन जल्द ही बाकी सभी चीजों की तरह यह जीवन के सभी निर्णयों का आधार बन जाएगी। मैं अगले साल की संभावनाओं पर गौर करने के बजाय यह कहना चाहता हूं कि 2020 की घटनाओं ने मानव सभ्यता की दौड़ बहुत तेज कर दी है जहां हम अपने बौद्धिक मस्तिष्क का विकल्प तलाश करेंगे। दुनिया पहले ही ऐसे अनेक उदाहरणों से भरी है कि एआई के पहले से उपलब्ध वेब के विभिन्न क्षेत्रों में अनेक प्रयोग होंगे। संक्षेप में हम नए नकनीकी युग के प्रवेश द्वार पर खड़े हैं जहां संवेदनशील व इनआर्गेनिक बुद्धि अनन्त तक छा जाएगी। ऐसे में कोई कार्ड बंद करना एआई व्यवस्था बंद करने के लिए काफी नहीं होगा क्योंकि हजारों मशीनें अनेक स्रोतों के डेटा प्वाइंटों से हमारे खरीदने के व्यवहार की जांच कर रही होंगी। वे निश्चित रूप से मानव जीवन पर गहरा प्रभाव डालेंगी।

इसके बाद डेटा तक पहुंच की असाधारण गति और अधिक उन्नत तकनीक पर आधारित 5जी सुविधा के साथ आएगी। दुनिया पहले ही अद्यतन 5जी या पांचवीं पीढ़ी की मोबाइल तकनीक की दिशा में आगे बढ़ रही है जहां भौगोलिक दूरियों और राष्ट्रीय सीमाओं का उसी प्रकार कोई महत्व नहीं रह जाएगा। यदि महामारी न आती तो ऐसा हो चुका होता। भारत निश्चित रूप से 5जी तकनीक की दौड़ में एक साल खो चुका है। लेकिन इस विलम्ब के कारण शायद प्रोटोकाल और नेटवर्क साझीदारी समाधान पहले की तुलना में ज्यादा सुरक्षित हो जाएं।

वास्तव में 5जी तकनीक का पहला प्रयोग शहरी क्षेत्रों में होगा जहां से काफी मात्रा में राजस्व प्राप्त हो सकता है। इसके कारण वर्तमान स्ट्रीमिंग की तुलना में डाउनलोडिंग पांच गुना तेज हो जाएगी तथा सोशल मीडिया वीडियो, पसंदीदा फिल्में व क्रिकेट मैच ज्यादा आनन्ददायक हो जाएंगे। शहर की कुछ आर्टीरियल सीवर लाइनों में 5जी चिप लगाने के बाद शहर की ड्रेनेज व्यवस्था के रखरखाव में मानव श्रम की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी। यदि आने वाले डेटा का स्मार्ट मशीनें एआई के कारण फौरन विश्लेषण करेंगी तो मशीन वर्म के प्रयोग से चोक सीवर की सफाई हो सकेगी, लीकेज दूर हो सकेगी या जहरीली गैस का रिसाव रोका जा सकेगा। इसका अर्थ हर साल हजारों अमूल्य जीवनों की सुरक्षा होगा।

इसके साथ ही घर अल्ट्रा स्मार्ट हो जाएंगे जिनके लिए बड़ी टेक् कंपनियां प्रोटोकाल तैयार करने में काफी आगे बढ़ चुकी हैं। ऐसे में गैस का बर्नर मेन्यू तय कर सकेगा तथा सप्ताहान्त के लिए समुचित भंडारण के अभाव में भी आपका बार कुछ पसंदीदा वाइन पेश कर सकेगा। सुदूर व ग्रामीण क्षेत्रों के लिए रोबोटिक सर्जरी पहले ही भारत के बाहर सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। ऐसे में चांदनी चौक में स्वचालित कार ज्यादा दूर की बात नहीं है।

अब सर्वव्यापक तकनीक का हमारे बदलते कार्बन यथार्थ के साथ सह-अस्तित्व स्थापित हो गया है। इससे मानवता के सामने संकट घटा है। ये संकट ज्यादातर अब साइबर क्षेत्र में होंगे और 2021 में अब तक डिजिटल क्रांति की तुलना में हर प्रकार के ज्यादा साइबर सुरक्षा हमले देखने को मिल सकते हैं। इन साइबर सुरक्षा हमलों में सिम क्लोनिंग, फिशिंग हमले, बैंक पासवर्ड व ओटीपी की चोरी आदि पहले से ही उपभोक्ताओं को परेशान कर रहे हैं तथा कानून व्यवस्था मशीनरी के लिए चुनौती बन गए हैं। यह डिजिटल संकट वर्क फ्राम होम के समय और गंभीर हो गया है। तकनीकी शक्तियों के बढ़ने से मानव जीवन और जटिल होता जाएगा तथा नए प्रोटोकाल व सहायक विकसित होंगे।

आपको लगभग सभी महत्वपूर्ण सार्वजनिक मंचों में साइबर सुरक्षा को ज्यादा मजबूत करना पड़ेगा तथा मंत्रियों के बीच संवाद का तरीका इतना बदल जाएगा जिसकी पहले कल्पना भी असंभव थी। इसके साथ ही उभरते खतरों का सामना करने के लिए बहुआयामी समाधान भी सामने आएंगे जिससे राज्य-विरोधी शक्तियों को उपभरती तकनीक के दुरुपयोग से रोका जा सकेगा। भविष्य में नीति, भाषा और व्याकरण के नए क्षेत्र विकसित होंगे जिनके बारे में अलग से विचार की आवश्यकता है।

## आप की बात

### डिजिटल शिक्षा की कमियां

**अभी** कोरोनावायरस महामारी के काल में हमने देखा कि ऑनलाइन शिक्षा, वर्चुअल शिक्षा, डिजिटल शिक्षा का बहुत वर्चस्व रहा। लगभग 70 प्रतिशत बच्चों ने ऑनलाइन क्लासेज के माध्यम से पढ़ाई करी है। ऑनलाइन क्लासों में हमने देखा कि टीचरों और बच्चों को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा जैसे कि दोषपूर्ण इंटरनेट कनेक्टिविटी व अन्य तमाम समस्याएं। ज्यादातर पर्वतीय क्षेत्रों में यह दिक्कतें बहुत ज्यादा रही। अध्यापक भी इस बीच में बहुत मेहनत कर रहे हैं परंतु बच्चे उनका पूरा लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। इंटरनेट की पर्याप्त गति के अभाव में ऑनलाइन शिक्षा का उद्देश्य विफल हुए जा रहा है। इस दिशा में हम केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर के छात्रों द्वारा प्रदर्शन देखी सकते हैं। इसका कारण यह है कि उचित इंटरनेट कनेक्शन ना हो पाने के कारण बच्चे पूरी मेहनत से पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं। इन सभी चिंताओं के बीच हमें अब आगे की राह देखनी होगी। हालांकि इसके लिए सरकार ने बहुत प्रयास किए हैं जैसे राष्ट्रीय ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क जिसका उद्देश्य देश के सभी पंचायतों में इंटरनेट कनेक्टिविटी पहुंचाना है जिससे कि दुर्गम इलाकों में रह रहे बच्चों को डिजिटल सुविधाएं मिलें।

– **सुदर्शन सोराड़ी**, नैनीताल

### चीनी जासूसी से सावधान

**विश्व** कोरोना से जंग लड़ रहा है। हर तरफ हाहाकार मचा हुआ है। लोग एक के बाद एक मौत के मुंह में समा रहे हैं। चीन से उपजा कोरोना वायरस तो देश के लिए शार्प बनकर आया है पर अब भी चीन अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। उल्लेखनीय है कि, पूर्वी लद्दाख में जारी तनाव के बीच अब खुलासा हुआ है कि, चीन अपनी एक कंपनी के जरिए भारत के करीब दस हजार से ज्यादा हस्तियों और संगठनों की जासूसी कर रहा है। और इतना ही नहीं, वह दुनियाभर अमेरिका, ब्रिटेन समेत दुनियाभर के 24 लाख लोगों की जासूसी कर रहा था। वैसे अंग्रेजी अखबार इंडियन एक्सप्रेस ने हालही में खुलासा किया है कि, चीन की जासूसी लिस्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रपति कोविंद, कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, सीजेआई बोबडे जैसी हस्तियां शामिल हैं। अखबार ने अपने खुलासे की दूसरी कड़ी में भारतीय अर्थव्यवस्था के भीतर चीन के गहरे जमे जासूसी त्रंत्र के बारे में बताया है। ड्रैगन भारतीय अर्थव्यवस्था की किस कदर जासूसी कर रहा है, इसका अंदाजा इसी से लग सकता हैं कि उसकी निगरानी लिस्ट में इंडियन रेलवे में इंटर्नशिप कर रहे इंजीनियरिंग स्टूडेंट से लेकर अजीम प्रेमजी की वेंचर कंपनी के चीफ इन्वेस्टमेंट ऑफिसर तक शामिल हैं।

– **निधि जैन**, लोनी, गाज़ियाबाद


### फिल्मी दुनिया का सच

**सुशांत** सिंह राजपूत की हत्या हुई या उसने आत्महत्या की इस यक्ष प्रश्न से शुरू हुई बहस में सिनेमा जगत के साथ-साथ, सोशल मीडिया, टीवी चैनल, नेता, सरकारें, सरकारी महकमे, जांच एजेंसियों, सब कूद पड़े और ये बहस संसद तक पहुंच गई। कहते हैं किसी भी चीज़ की अति अच्छी नहीं होती अब जब इतने सारे लोगों एक ही मामले में कूदेंगे तो दलदल और कीचड़ तो बनेगी ही। अब इस कीचड़ को एक दूसरे पर उछालने का खेल शुरू हो गया है। सभ्य और संभ्रांत दिखने वाले लोग गरिमा और मर्यादा की लक्ष्मण रेखा पार कर चुके हैं और सब ज़िद पकड़े बैठे हैं की मैं ही सही और सच्चा हूँ। यूं तो ग्लैमर और सत्ता का गठबंधन बहुत पुराना है पर एक दूसरे को नीचे दिखाने का वर्तमान दौर अभूतवपूर्व है। फिल्म उद्योग ही नहीं हर क्षेत्र में अच्छे बुरे हर तरह के लोग होते हैं। बुरे लोगों को बेनकाब करने के लिए हमें ना तो बुरा बनना है ना अच्छे लोंगो को परेशान करना है बल्कि ये काम तो एक शल्य चिकित्सक की तरह करना चाहिए जो शरीर से खराब अंग, अच्छे अंगों को नुकसान पहुंचाए बिना निकलाता है।


– **बृजेश माथुर**, गाजियाबाद

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**


## फरमाया



**तीन** वैक्सीन अभ्यर्थी भिन्न चरणों में हैं। हमें उम्मीद है कि अगले वर्ष के प्रारम्भ में एक वैक्सीन भारत में उपलब्ध हो जाएगी।
– **डॉ हर्षवर्धन**
केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री



**इस** चुनाव को सबसे बड़ा खतरा लाखों मतों पर नियंत्रण रखने वाले विपक्षी दलों के गर्वनरों से है। मेरे लिए यह विदेशों से बड़ा खतरा है।
– **डोनाल्ड ट्रंप**
अमेरिकी राष्ट्रपति



**मैंनें** इस किसान विरोधी अध्यादेश के विरोध में कैबिनेट मंत्री पद से इस्तीफा दिया है। हम किशनों के साथ खड़े हैं और उनके लिए कुछ भी करेंगे।
– **हरसिमरत कौर बादल**
पूर्व केंद्रीय मंत्री

## क्विक न्यूज

### दहेज की भेंट चढ़ी एक और युवती

**वाराणसी।** जंसा थाना क्षेत्र के संजोई गांव निवासिनी नेहा राजभर 19 वर्षीय विवाहिता ने गुरुवार को देर रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पति बेचन राजभर ने घटना की सूचनाण्पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर घटना की पूछताछ की और शव को अपने कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया।नेहा का मायके रामनगर हैए मायने वालों ने पति बेचन राजभर सहित ससुराल वालों के खिलाफदहेज उत्पीड़न की मुकदमा पंजीकृत कराया है। घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो सका। पुलिस घटना की जानकारी में जुटी है।

### रक्तदान कर मनाया पीएम का जन्मदिन

**वाराणसी।** पीएम मोदी के जन्मदिन के शुभ अवसर पर संतुष्टि हॉस्पिटल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। नेवादा से पार्षद विनीत सिंह, किशोर पांडे, डॉक्टर रितु गर्ग एवं डॉक्टर संजय गर्ग, सरिता, सरोज जयसवाल एवं अन्य लोगों के द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान कर दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रधानमंत्री को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर सभी ने मिलकर राष्ट्र सेवा और जनहित को सर्वोपरि रखने वाले सच्चे कर्म योगी आदर्शवादी राजनेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 70 वें अवतरण दिवस की हार्दिक बधाइयां एवं शुभकामनाएं दी एवं बाबा विश्वनाथ से प्रार्थना की कि वह उनको दीर्घायु करें एवं इसी तरह वह भारत देश को विश्व गुरु बनाने की दिशा में हमेशा कार्यरत रहे।

### यात्रियों से वसूला जा रहा मनमाना किराया

**फतेहपुरचौरासी,उन्नाव।** क्षेत्र में सड़कों पर दौड़ रही यात्री वाहन के चालकों द्वारा सोशल डिस्टेंसिंग के नाम पर यात्रियों से मनमाना किराया वसूला जा रहा है। इतना ही नहीं वाहन चालक कोरोना महामारी में भी अपने वाहनों में यात्रियों को ठसाठस भर रहे हैं। जो न केवल सूबे के मुखिया द्वारा लगाए गए लॉकडाउन में सोशल डिस्टेंसिंग की धज्जियां उड़ा रहे है बल्कि यातायात नियम को भी यह चालक ठेंगा दिखा रहे है। उन्नाव-हरदोई मार्ग, कालीमिट्टी शिवराजपुर मार्ग पर बस टैम्पो आटो या अन्य चलने वाले साधन लॉकडाउन के साथ यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाते देखे जा सकते है।

### फांसी के फंदे पर झूल युवती ने की आत्महत्या

**वाराणसी ।** भेलूपुर थाना अंतर्गत विरदोपुर में 23 वर्षीय नव विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मामले की जानकारी शुक्रवार प्रातः परिजनों को उस समय हुई जब काफी देर तक दरवाजा नहीं खुलने पर परिजनों के आवाज देने के बावजूद अंदर से कोई आहट नहीं हुई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा कि भदोही चौरी की मूल निवासिनी शीतल राय की शादी तीन माह पूर्व विरदोपुर भेलूपुर निवासी अंकित राय से हुई थी। फिलहाल अंकित के बड़े भाई की पत्नी और बच्चे की तबियत खराब चल रही है। इसके चलते घर वालों की माली हालत ठीक नहीं थी। कयास लगाया जा रहा है कि आर्थिक समस्या से जुझ रही युवती ने तनाव आत्महत्या कर लिया।

### लाठी डंडों से हमला कर किया जख्मी

**उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के सुखलाल खेड़ा निवासी कौशल किशोर द्विवेदी भारतीय किसान यूनियन के नेता है। शुक्रवार दोपहर उनका बेटा रामगोपाल मामूली बात को लेकर घरवालों से झगड़ रहा था। तभी पड़ोस में रहने वाले रामऔतार, अजीत यादव, नीरज, धीरज, सत्य नारायन ने लाठी डंडों से रामगोपाल पर हमला बोल दिया और उसे जमकर मारा पीटा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिवारी जनों ने 112 पुलिस को मारपीट की जानकारी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिये भेजा है। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है।

### संविदा पर नौकरी की अनिवार्यता का मामला

# विपक्ष फैला रहा भ्रम: केशव

संवाददाता। प्रयागराज



**उप मुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्या ने शुक्रवार को सर्किट हाउस में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पांच साल संविदा पर नौकरी की अनिवार्यता को लेकर विपक्ष भ्रम फैला रहा है। जबकि शासन द्वारा ऐसा कोई भी नियम पारित नही किया गया है। सिर्फऔर सिर्फ जनता के बीच में झूठ फैलाने का काम सपा बसपा और कांग्रेस के नेता कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता झूठी अफवाह को लेकर सतर्क रहें। यही नही समाज के बीच जाकर विपक्ष द्वारा फैलाए जा रहे साजिश भरे अफवाह का पर्दाफाश जरूर करें।डिप्टी सीएम ने सर्किट हाउस में कार्यकर्ताओं और आम जनता की शिकायतों को सुना और उनके निस्तारण का निर्देश दिया। इस मौके पर मंत्री ने कई योजनाओं का लोकार्पण किया। साथ ही तमाम कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। बैठक में भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी विधायक हर्षवर्धन बाजपेई विधायक संजय गुप्ता डॉक्टर आर के वर्मा अवधेश चंद गुप्ता शशि वार्ष्णेय कुंज बिहारी मिश्रा अरुण अग्रवाल वरुण केसरवानी राजेश केसरवानी रमेश पासी बबलू केसरवानी विवेक अग्रवाल विश्वास श्रीवास्तव देवेंद्र प्रताप सिंह मनीष केसरवानी प्रमोद जायसवाल किशोरी लाल जायसवाल पार्षद मनोज कुशवाहा विजय श्रीवास्तव राजू पाठक आदि उपस्थित रहे।

## एलवन अस्पताल का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

**उन्नाव।** डीएम रवीन्द्र कुमार ने शुक्रवार को एलवन अस्पताल बिछिया (सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र) का औचक निरीक्षण किया। डीएम ने निर्देश दिए कि दिन में तीन बार साफ-सफाई की जाए और परिसर में किसी भी तरह की गन्दगी नहीं होनी चाहिए। मरीजों की चादर, बिस्तर प्रतिदिन बदले जाए। मरीजों द्वारा पूछे जाने पर खाने की गुणवत्ता उनके द्वारा अच्छी बताई गई। डीएम ने कहा कि इस उद्देश्य से शासन के दिशा निर्देशों के अनुपालन में व्यापक स्तर पर विभिन्न माध्यमों से जागरूकता कार्यक्रम संचालित किया जा रहा। इस निमित्त कोविड-19 महामारी को दृष्टिगत रखते हुये सभी जनपद वासियों को जागरूक करने हेतु स्वास्थ्य विभाग भी विभिन्न स्तर पर संक्रमण फैलने से रूकने हेतु लोगों को जागरूक करे और अपना बचाव भी करें। ताकि सभी जनपद वासियों को कोरोना वायरस के संक्रमण एवं वेक्टर जनित बीमारियों से सुरक्षित रखा जा सके।

# आरोपितों की गिरफ्तारी न होने पर कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन



**उन्नाव।** कर्मचारी नेता के साथ मारपीट मामले में आरोपितों की गिरफ्तारी न होने पर शुक्रवार को आक्रोशित कर्मचारियों ने सीएमओ कार्यालय में प्रदर्शन किया और डीएम को संबोधित करते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। बताते चले कि उत्तर प्रदेश मेडिकल एंड पब्लिक हेल्थ मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष प्रेम सिंह परिवार के साथ शहर के मोहल्ला मोतीनगर में रहते है। चौदह सितम्बर को वह अपनी कार से सीएमओ कार्यालय जा रहे थे। तभी घर से बाहर कंप्यूटर इंस्टिट्यूट के निकट खड़े वाहनों को हटवाने के लिए ड्राइवर ने हॉर्न बजाया। जिस पर संचालक से विवाद शुरू हो गया। विरोध करने पर संचालक ने मारपीट करना शुरू कर दिया। मामला बढ़ा तो संचालक ने अपने साथियों को बुलाकर मारपीट की। जिससे प्रेमसिंह के बाएं हाथ में चोंटे आने के साथ ही सर पर भी गंभीर चोंटे आई थी। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर केस दर्ज कराया था। मामले में आरोपितो की गिरफ्तारी न होने पर शुक्रवार को आक्रोशित कर्मचारियों ने सीएमओ कार्यालय में प्रदर्शन किया और डीएम को संबोधित करते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन के दौरान राजस्व संग्रह अमीन संघ, डिप्लोमा फार्मासिस्ट संघ, नगर पालिका संघ समेत कई अन्य विभागों के कर्मी शामिल हुए। प्रदर्शन की सूचना पर मौके पर सदर कोतवाली प्रभारी दिनेश चंद्र मिश्रा भी पहुंचे। कोतवाल ने कहा पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होगी। संगठन के जिला अध्यक्ष सुबोध कुमार त्रिपाठी ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष के साथ हुई मारपीट की घटना निंदनीय है। अगर समय रहते आरोपियों पर कार्रवाई नही हुई तो वह दोबारा प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिला अध्यक्ष उमा निवास बाजपेयी ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष के हाथ और सिर में गंभीर चोट आई हैं। ऐसे में एफआईआर को जानलेवा हमले की धाराओं में तरमीम किया जाए। प्रदर्शन के दौरान उमा निवास बाजपेयी, मोहम्मद एजाज, दिलीप अवस्थी, हैदर हसन, शैलेश शुक्ल और सूरज सिंह मौजूद रहे।

# नाले में गिरा बाइक सवार दूधिया युवक, मौत

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**● घंटों कड़ी मसक्कत के बाद पुलिस को मिला शव**

**लोहता** थाना अंतर्गत गुरुवार की आधी रात थाना क्षेत्र के बेदौली नाले में बाइक सवार दूधिया युवक गिर गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची।घण्टो बाद पुलिस युवक को खोजने में सफलता हासिल कर पाई। घटना की जानकारी पुलिस को 4 बजे मिली।

प्राप्त जानकारी के अनुसार लोहता थाना क्षेत्र अंतर्गत पांच नम्बर गेट भरथरा गांव बेदौली नाले के समीप कोटवा लहरतारा रोड पर दूधिया लहरतारा की ओर से आ रहे बाइक सवार युवक नाले में गिर गया। सूचना पर पुलिस शव को नाले के समीप खोजबीन कर रही थी कि शव सुबह पुल से पार कर दूसरी ओर दिखाई दिया। पुलिस ने शव का शिनाख्त कराने के लिए पास पड़ोस के लोगो व प्रधान से सम्पर्क किया। घण्टो बाद पुलिस को सूचना मिली कि युवक का नाम रिंकू पाल 23 वर्ष पुत्र स्वरूमाया शंकर पाल खोजवा निवासी है जो हाल पता विशनपुर गांव में पिछले 10 वर्षों से अपने माँ व दो भाइयों व एक बहन के साथ किराये पर रहता है। लोहता थानाध्यक्ष विश्वनाथ प्रताप सिंह ने बताया कि मृतक कल शाम को विशनपुर से बालटा में दूध लेकर पहुचाने के लिए निकला था, जो घर वापसी के दौरान आसंका है कि दूधिया बाइक सड़क किनारे खंती में लेकर जा गिरा जिससे बाइक तार में फंस गया और युवक नाले में जा गिरा, जिसका शव सुबह नाले की पुलिया से घटना से बाएं ओर मिली। पुलिस ने शव कड़ी मसक्कत के बाद निकालते हुए पंचायतनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## विरदोपुर में नव विवाहिता ने की आत्महत्या, लॉकडाउन में हुई थी शादी

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**भेलूपुर थाना** अंतर्गत विरदोपुर में 23 वर्षीय एक नव विवाहिता ने शुक्रवार की भोर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ के बाद शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि जिला भदोही चौरी की मूल निवासिनी शीतल राय की शादी तीन माह पूर्व विरदोपुर थाना भेलूपुर निवासी अंकित राय के साथ हुई थी। अंकित के बड़े भाई की पत्नी और बच्चे की तबीयत इन दिनों खराब चल रही है। परिजन उसी में परेशान चल रहे हैं। आज भोर में शीतल ने अपने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। घटना की जानकारी परिवार वालों को हुई तो उन्होंने पुलिस को दिया।मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी ने छानबीन के बाद फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलवाया। पुलिस ने बताया कि पूछताछ में पता चला कि शीतल की शादी लॉकडाउन के दौरान हुई थी। उसके पिता मुम्बई में रहकर आटो चलाते हैं। आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। भेलूपुर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

# उच्च रक्तचाप नियंत्रण के लिए चिकित्साधिकारियों को प्रशिक्षण

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**मुख्य चिकित्सा** अधिकारी कार्यालय सभागार में नेशनल प्रोग्राम फॉर प्रिवेंसन एंड कंट्रोल ऑफ कैंसर, डाइबिटीज, कार्डियोवैसकुलर डिसीजेज एंड स्ट्रोक (एनपीसीडीसीएस) कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न सीएचसी व पीएचसी पर कार्यरत चिकित्सा अधिकारियों को 'इंडिया हाइपरटेंशन कंट्रोल इनीशिएटिव' (आइएचसीआइ) पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण सत्र की शुरुआत करते हुये मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ वीबी सिंह ने बताया कि कोविड-19 के दौरान उच्च रक्त चाप के मामले बढ़े हैं। ऐसे में इस कार्यक्रम का महत्व और भी बढ़ जाता है। मरीज के रक्तचाप की जांच तत्काल की जानी चाहिए। वर्ष 2025 तक उच्च रक्त्चाप से होने वाली मृत्यु दर में 25: तक की कमी एवं उच्च रक्तचाप को नियंत्रण में लाना ही आइएचसीआइ का लक्ष्य है। गैर संचारी रोगों के नोडल अधिकारी डॉ पीपी गुप्ता ने बताया कि गैर संचारी रोगों से होने वाली मृत्यु में उच्च रक्तचाप एक बहुत बड़ा कारण है और उच्च रक्तचाप एक साइलेंट किलर है। इससे ग्रसित व्यक्ति को पता नहीं चल पाता और इसके कारण वह अन्य बीमारियों से भी ग्रसित हो जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन से सीवीएचओ एवं प्रशिक्षक डॉ. अभिनव ने बताया कि उच्च रक्तचाप के मरीजों की स्थिति में सुधार लाने के लिए अस्पताल में आये प्रत्येक 30 वर्ष या उससे अधिक उम्र के मरीजों की रक्तचाप जांच आवश्यक है और उनमें से जिन मरीजों का रक्तचाप नियंत्रित न हो उन्हें उपचार सम्बन्धी सही सलाह देते हुये उनका इलाज तत्काल किया जाता है। अराजीलाईन के चिकित्सा अधिकारी डॉ. अभिषेक ने सभी चिकित्सा अधिकारियों को आइ.एच.सी.आइ. के अंतर्गत उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लागू किये गये ड्रग प्रोटोकाल के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। विश्व स्वास्थ्य संगठन की सीवीएचओ डॉ. ललिता चौहान ने बताया कि इस कार्यक्रम के रिपोर्टिंग के लिए एक 'सिम्पल' ऐप बनाया गया है जिसमें उच्च रक्तचाप के सभी मरीजों की संपूर्ण जानकारी संकलित की जायेगी एवं इसके माध्यम से मरीजों को डॉक्टर को कब दिखाना है, इसकी सूचना उनके पास स्वतरू ही पहुँच जायेगी। इसी क्रम में एनसीडी के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. डीपी सिंह ने बताया कि एनसीडी क्लीनिक और सीएचसीध्पीएचसी में एनसीडी कार्नर बनाया जा रहा है जिससे समुदाय के लोगों को उचित स्वास्थ्य सुविधाएँ प्राप्त हो सकें। उन्होने बताया कि यह प्रशिक्षण 14 सितंबर से 19 सितंबर तक चलेगा जिसमें जिला अस्पताल, शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के चिकित्सा अधिकारियों को प्रशिक्षित किया जाएगा।

## लापता वृद्ध का शव मिलने से सनसनी, हत्या की आंशका

**चकलवंशी,उन्नाव।** मांखी थाना क्षेत्र के फिरोजपुर कला मजरा पोलेखेड़ा गांव निवासी वृद्ध पंचम राठौर खेती किसानी के साथ ही मवेशी पाले हुए था। गुरुवार वह दोपहर बाद मवेशी चराने खेतों की ओर गया था। मगर देर रात तक घर नहीं पहुंचा। जिसके चलते परिजन वृद्ध की खोजबीन करते रहे। शुक्रवार को ठठांर तालाब में ग्रामीणों को वृद्ध का शव पड़ा दिखाई दिया। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने परिजनों को दी। परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने शव को तालाब से बाहर निकला और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने बताया कि वृद्ध के दोनों हाथ रस्सी से बंधे हुए मिले और सिर पर चोट के निशान थे और दोनों आंखें फूटी हुई थी। परिजनों ने पुलिस में तहरीर देकर हत्या किए जाने की आशंका जताई गई है। पावा चौकी प्रभारी राम औतार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# माघमेले का पिछला भुगतान न होने पर आगामी टेंडर का होगा बहिष्कार

**● माघमेला ठेकेदार संघ के अध्यक्ष अनिल यादव ने दी चेतावनी**

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज



**प्रयागराज** मेला प्राधिकरण ठेकेदार संघ की बैठक आज सिविल लाइंस स्थित एक होटल में हुई। संघ के पदाधिकारियों ने एक स्वर से नारेबाजी करते हुए माघमेले के बकाया 50 करोड़ रुपये के भुगतान की मांग मेला प्रशासन और उत्तर प्रदेश सरकार से की है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर करोड़ों का बकाया भुगतान जल्द से जल्द नही किया गया तो ठेकेदार संघ आगामी माघमेला 2020 2021 के टेंडर का खुला विरोध करेंगे।

बैठक में ठेकेदारों ने बीते 15 वर्षों से न होने वाले भुगतान और श्रमिकों के धरने से ठेकेदारों को हुई परेशानियों को लेकर चर्चा की। मेला प्रशासन द्वारा माघमेला 2019 20 के लोक निर्माण विभाग बिजली विभाग और जल निगम के 20 करोड़ रुपए बकाया के शीघ्र भुगतान की मांग की गयी। संघ के अध्यक्ष अनिल यादव ने कहा कि कोविड 19 की वजह से जो स्थिति है उस पर प्रशासन तथा विभागों के अधिकारी भुगतान पर चर्चा भी नहीं कर रहे हैं। जिससे वर्तमान में स्थिति यह हो गई है कि ठेकेदारों के घरों पर श्रमिक हड़ताल कर रहे हैं। कई वर्षों से ठेकेदार इस आशा से कार्य करते आ रहे हैं कि अगले वर्ष भुगतान हो जाएगा। वर्तमान में स्थिति यह है कि कोई भी ठेकेदार अब कार्य करने की स्थिति में नहीं है। अध्यक्ष अनिल यादव ने उत्तर प्रदेश सरकार से मांग की है कि जल्द से जल्द भुगतान किया जाए। बैठक में कहा गया कि जिलाधिकारी भानुचन्द्र गोस्वामी ने 30 जुलाई 2020 को अवशेष धनराशि 445219675 रुपये के लिए प्रमुख सचिव नगर विकास उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ को पत्र लिखा है लेकिन शासन ने अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया। कहा गया कि 24 सितम्बर को ठेकेदार संघ की बैठक होगी। इसके बाद आगामी माघ मेला के बारे में फैसला लिया जायेगा। इस अवसर पर अध्यक्ष अनिल यादव महामंत्री आशीष कुमार द्विवेदी उपाध्यक्ष जन्मेजय सिंह राकेश वैश्य राजा मुन्ना मनीष मेहरा मंत्री लकी श्रीवास्तव अशफाक अहमद आदि उपस्थित रहे।

## छात्र का शव घर पहुंचा-मचा कोहराम माथे पर फंसी बुलेट

**● गुरुवार की देररात छात्र ने पिता की रिवाल्वर से गोली मार की थी खुदकुशी**

**उन्नाव।** छात्र से खुद को गोली मारने के मामले में पुलिस से देर रात पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। छात्र का शव देररात घर पहुंचा तो कोहराम मचा गया। शुक्रवार को छात्र के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। उधर, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में माथे में गोली लगने से मौत की पुष्टि हुई है। सिर में फंसी एक बुलेट बरामद हुई है। शहर के सिविल लाइन मोहल्ला निवास ग्राम विकास अधिकारी श्रीकांत सिंह के बेटे दिव्यांश से गुरुवार की देर शाम घर में रखी रिवाल्वर से खुद को गोली मार खुदकुशी कर ली। पुलिस ने देर रात ही पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया और छानबीन में जुट गई थी। सीओ सफीपुर अंजनी कुमार राय ने बताया कि मामले की पुलिस कर्मियों से जांच पड़ताल की जा रही है। परिजनों से अभी तक किसी के आरोप कोई कार्रवाई नहीं की गई है। छात्र के परिजनों के साथ घरेलू व अन्य परिचतों से संबंधों के बारे में छानबीन कर रही है। उधर, घटना के बाद रिवाल्वर को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।

# प्रयागराज मंडल पर चला सघन साफ-सफाई अभियान

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज



**देश को** स्वच्छ बनाने के लिए प्रयागराज मंडल स्वच्छता पखवाड़ा के तहत सघन सफाई अभियान चला रहा है। केंद्र सरकार एवं रेल मंत्रालय के निर्देश पर 16 से 30 सितंबर तक प्रयागराज मंडल पर स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। शुक्रवार को तीसरे दिन प्रयागराज जंक्शन कानपुर सेन्ट्रल इटावा प्रयागराज छिवकी कानपुर अनवरगंज अलीगढ़ टूंडला फतेहपुर फफूँद आदि स्टेशनों पर प्लेटफार्मों सीढ़ियों कार्यालय कक्षों रेलवे लाइनों शौचालयों नालियों फुट ओवरब्रिजों तथा सरकुलेटिंग एरिया में सघन साफसफाई की गई। सफाई को और उत्कृष्ट बनाने के लिए सफाई मशीनों का अधिक से अधिक उपयोग किया गया। पीआरओ केशव त्रिपाठी ने बताया कि कोरोना महामारी को ध्यान में रखते हुए सफाई अभियान में मास्क सेनिटाइजर और सोशल डिस्टेंसिंग के पालन का विशेष ध्यान दिया जा रहा है। केशव त्रिपाठी ने बताया कि 30 सितम्बर तक लगातार नए नए अभियान चलाए जाएंगे। 19 एवं 20 सितम्बर को स्वच्छ रेलगाड़ी दिवस 21 एवं 22 सितम्बर को स्वच्छ चिकित्सालय दिवस 23 एवं 24 सितम्बर को स्वच्छ नीर 25 सितम्बर को स्वच्छ आहार दिवस 26 सितम्बर को आवासीय कालोनियों में स्वच्छ परिसर दिवस 27 सितम्बर को कार्य स्थल एवम कार्यालय स्वच्छ परिसर दिवस 28 सितम्बर को स्वच्छ प्रसाधन दिवस 29 सितम्बर को स्वच्छ प्रतियोगिता दिवस और 30 सितम्बर को पुनर्मूल्यांकन होगा।

# पंद्रह दिन से खराब पड़ा है अग्निशमन केंद्र का मोटर

**हसनगंज,उन्नाव।** तहसील मुख्यालय के लखनऊ-बांगरमऊ रोड के किनारे बने अग्निशमन केंद्र में पन्द्रह दिन से मोटर खराब पड़ी है। जिससे अजगैन, सोहरामऊ, औरास, हसनगंज सहित चार थानों के बीच में बना अग्निशमन केंद्र अवस्थाओं के बीच गुजर रहा है। अग्निशमन केंद्र मात्र एक ही पानी भरने के लिए मोटर है जो वह भी बेकार पड़ा हुआ है। यदि आकस्मिक कोई बड़ी आग जनी हो जाए तो आग बुझाने के लिए कोई व्यवस्था नही है।



### पानी की किल्लत से जूझ रहा विभाग

फायर स्टेशन में पुलिस विभाग व फायर स्टेशन को मिलाकर लगभग एक सैकड़ा पुलिसकर्मी रहते हैं। जिनको पानी की किल्लत से जूझना पड़ रहा है। फायर स्टेशन कर्मी व पुलिस कर्मियों को पीने के लिए पानी व बाथरूम के पानी को लेकर बहुत ही किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। पानी मोहान नगर पंचायत से टैंकर द्वारा पानी की सप्लाई की जा रही है। इस संबंध में उपजिलाधिकारी हसनगंज प्रदीप वर्मा ने बताया कि अग्निशमन केंद्र प्रभारी को निर्देश दे दिया गया है। अग्निशमन केंद्र प्रभारी नरेंद्र द्विवेदी ने बताया कि जो मोटर खराब हुई है, मिस्त्री बुलाकर दिखाया गया है।

# वाराणसी में विभिन्न स्थानों पर किया गया कोरोना टेस्ट

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**● जरूरमंद व्यक्तियों को वितरित की गईं आईवर्मेक्टिन दवा**

**जिलाधिकारी** कौशल राज शर्मा के निर्देशन में जिले के विभिन्न स्थानों पर कोरोना एंटीजन टेस्ट किया गया। कबीरचौरा एसएसपीजी हास्पिटल के 415 मरीजों के कोरोना टेस्ट में सभी व्यक्ति निगेटिव पाये गये। जिला महिला चिकित्सालय के 200 मरीजों के कोरोना टेस्ट में सभी व्यक्ति निगेटिव पाये गये। एलबीएस हॉस्पिटल, रामनगर के 68 मरीजों के कोरोना टेस्ट में सभी मरीज निगेटिव पाये गये तथा यहीं पर 65 व्यक्तियों के कोरोना टेस्ट में 2 व्यक्ति पॉजिटिव पाये गये। क्राइम ब्रांच के 10 कर्मचारियों के कोरोना टेस्ट में 3 व्यक्ति पॉजिटिव पाये गये। राजघाट अर्बन पीएचसी के अंतर्गत पठानी टोला, छितनपुरा मार्केट, सलेमपुरा के 7 दुकानदारों के कोरोना टेस्ट में सभी व्यक्ति निगेटिव पाये गये। शिवपुर अर्बन पीएचसी के 31 मरीजों के कोरोना टेस्ट में सभी मरीज निगेटिव पाये गये। विवेकानंद हास्पिटल, भेलूपुर के 15 मरीजों के कोरोना टेस्ट में 2 मरीज पॉजिटिव पाये गये। टाउनहाल अर्बन पीएचसी के अंतर्गत पहडिया के 20 व्यक्तियों के कोरोना टेस्ट में सभी व्यक्ति निगेटिव पाये गये। प्रेमचंद नगर कॉलोनी, पाण्डेयपुर के 104 व्यक्तियों के कोरोना टेस्ट में सभी व्यक्ति निगेटिव पाये गये। सिगरा कॉलोनी के 8 व्यक्तियों के कोरोना टेस्ट में एक व्यक्ति पॉजिटिव पाया गया। जिला प्रोबेशन कार्यालय के 22 कर्मचारियों के कोरोना टेस्ट में सभी व्यक्ति निगेटिव पाये गये। कोटवा बाजार के 14 दुकानदारों के कोरोना टेस्ट में सभी व्यक्ति निगेटिव पाये गये। खुशहाल नगर के 4 व्यक्तियों के कोरोना टेस्ट में सभी व्यक्ति निगेटिव पाये गये। जनपद प्रशासन के नेतृत्व में मास कोरोना टेस्ट का यह अभियान 18 सितम्बर को कोइराजपुर और गिलट बाजार स्थित अतुलानन्द स्कूल के शिक्षकों और कर्मचारियों का मास कोरोना टेस्ट किया जायेगा।

## ब्लॉक संसाधन केंद्र सुमेरपुर

# धूल फांक रहे बीएसए के निर्देश

**शिक्षकों की सेवा पुस्तिका गुमशुदगी का मामला- बीएसए के आदेश के बावजूद नहीं हुई कार्रवाई, उछल कूद करने वाले शिक्षकों पर बीईओ ने कसा शिकंजा**

**पाटन।** लंबे समय से बेपटरी चल रहे ब्लॉक संसाधन केंद्र सुमेरपुर में जिम्मेदारों की मनमानी बीएसए के निर्देशों पर भी भारी पड़ रही है। अधीनस्थ द्वारा की जा रही नाफरमानी की वजह क्या हैए इसका बेहतर जवाब शायद खुद बीएसए दें पाएं। मामला बीआरसी कार्यालय से शिक्षकों की सेवा पुस्तिकाओं की गुमशुदगी का है। इस संबंध में शिक्षकों की शिकायत पर बीएसए द्वारा पूर्व सह समन्वयक के विरुद्ध दो बार कार्यवाही के स्पष्ट आदेश जारी किए जा चुके हैं। बावजूद इसके बीईओ अपने अधिकारी की बात मानने को तैयार नहीं है। शिक्षकों की माने तो उच्चाधिकारी के निर्देश के बावजूद बीईओ स्तर से ना ही किसी तरह की कार्यवाही पर अमल किया गया और ना ही सेवा पुस्तिका उपलब्ध कराने की दिशा में ही कोई कदम उठाया जा रहा है। उल्टे उन्हें विभिन्न तरीकों से डरा धमकाकर आवाज दबाने के प्रयास किए जा रहे हैं। ब्लॉक सुमेरपुर क्षेत्र में प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में तैनात करीब 35 शिक्षकों की सेवा पुस्तिकाएं बीईओ कार्यालय से गायब है। सेवा पुस्तिका गायब होने के कारण एरियर व वेतन वृद्धियां न लग पाने से परेशान शिक्षकों ने इसकी शिकायत बीईओ स्तर पर सुनवाई न होने के बाद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रदीप कुमार पांडेय से की थी। इसके संबंध में बीएसए ने बीईओ से जवाब तलब करने के बाद जुलाई माह में तत्कालीन सह समन्वयक गंगा कृष्ण के विरुद्ध संबंधित थाने में एफआई आर दर्ज कराने के निर्देश दिए थे। किंतु बीएसए के आदेश के बावजूद बीईओ दाताराम के स्तर से इस संदर्भ में कोई कार्यवाही नहीं की गई। जिसके बाद शिक्षकों द्वारा शिकायत को संज्ञान में लेकर बीएसए स्तर से गत 1 सितंबर को बीईओ को पुनः चेतावनी जारी करते हुए कार्यवाही के निर्देश दिए। किंतु खास बात यह रही कि उच्च अधिकारी द्वारा दो बार लिखित तौर पर कार्यवाही के निर्देश तो दिए गए किंतु धरातल पर कार्यवाही शून्य रही। अब एक तरफ जहां शिक्षक अधिकारियों की दोहरी नीति में उलझ कर दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं । वहीं विभागीय सूत्रों की माने तो शिकायत को लेकर अधिक उछल कूद मचाने वाले शिक्षकों पर बीईओ ने अपना शिकंजा कसना शुरू कर दिया है।

# एदियुरप्पा ने जदएस के भाजपा सरकार में शामिल होने की अटकलें की खारिज

**भाषा।** नई दिल्ली

**कर्नाटक** के मुख्यमंत्री बी एस एदियुरप्पा ने जदएस के राज्य सरकार में शामिल होने या समर्थन देने की अटकलें शुक्रवार को खारिज कर दी। कर्नाटक के मुख्यमंत्री एदियुरप्पा तीन दिवसीय दौरे पर दिल्ली आए हुए हैं। ऐसी अटकलों को खारिज कर दिया जो पूर्व मुख्यमंत्री एच डी कुमारस्वामी द्वारा विकास संबंधी कार्यों को लेकर चर्चा करने के लिए हाल में उनसे मुलाकात करने के बाद सामने आई थीं। एदि ने संवाददाताओं से कहा, यह सब अटकलें हैं और इसमें कोई सच्चाई नहीं है। विपक्षी दल के एक नेता, कुमारस्वामी ने हाल में विकास संबंधी कार्यों पर चर्चा करने के लिए हाल में मुझसे मुलाकात की थी। बैठक में किसी राजनीतिक मुद्दे पर चर्चा नहीं की गई।

उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी भाजपा के पास कर्नाटक में पर्याप्त बहुमत है और उसे जदएस (जनता दल सेक्युलर) से किसी समर्थन की जरूरत नहीं है। एदियुरप्पा ने विपक्ष के इस आरोप को भी खारिज कर दिया कि उनके पुत्र एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बी वाई विजेंद्र एक सुपर मुख्यमंत्री के तौर पर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विजेंद्र पार्टी कार्यों पर ध्यान केंद्रित किए हुए हैं और सरकार के कामकाज में हस्तक्षेप नहीं कर रहे हैं। एदियुरप्पा ने कहा, विपक्ष के कुछ नेता उनके राजनीतिक विकास को देखकर ईर्ष्या में आधाराहीन आरोप लगा रहे हैं।

एदियुरप्पा ने कहा कि वह दिन में बाद में पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा के साथ मंत्रिमंडल के विस्तार पर चर्चा करेंगे। एदियुरप्पा ने कहा कि उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव बी एल संतोष के साथ भी एक चर्चा की। एक आधिकारिक बयान के अनुसार इससे पहले दिन में, मुख्यमंत्री एदियुरप्पा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कई केंद्रीय मंत्रियों के साथ मुलाकात की और राज्य से संबंधित विकास कार्यों पर चर्चा की।

एदियुरप्पा ने संसद भवन में पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर से मुलाकात की और मेकेदातू परियोजना के लिए संदर्भ की शर्तें और राज्य में कलासा और बंडुरी नाला परियोजनाओं के लिए पहले चरण की वन मंजूरी जल्द प्रदान करने का अनुरोध किया। उन्होंने बाद में जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से मुलाकात की और सरकार से अपर कृष्णा परियोजना चरण-तीन और अपर भद्र परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने का आग्रह किया।

मुख्यमंत्री ने साथ ही सिंचाई एवं पेयजल परियोजनाओं के लिए जल्द मंजूरी का अनुरोध किया जिसमें जल संसाधनों का उपयोग करने के लिए राज्य को आवंटित मेकेदातु और कलासा और बंडुरी नाला परियोजनाएं शामिल हैं। इसमें कहा गया है कि उन्होंने इस्पात मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से भी मुलाकात की और उनसे विश्वेश्वरैया आयरन एंड स्टील लिमिटेड के विनिवेश की प्रक्रिया में तेजी लाने का अनुरोध किया। एदियुरप्पा ने 17 सितंबर को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ ही रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की थी। इन अटकलों के बीच कि मुख्यमंत्री मंत्रिमंडल विस्तार पर आगे बढ़ सकते हैं, पूर्व मंत्री एच विश्वनाथ और एम पी रेणुकाचार्य सहित राज्य के कई नेता राष्ट्रीय राजधानी आ चुके हैं।



उज्जैन में मप्र के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का चेक देते हुए।

## प्रशासन में बेटे का दखल नही, उनका नाम घसीटना सुनियोजित साजिशः एदियुरप्पा

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री बीएस एदियुरप्पा ने उन दावों को बकवास करार दिया है जिनमें कहा जा रहा है कि उनके बेटे बीवाई विजएंद्र प्रशासन में हस्तक्षेप कर रहे हैं। एदियुरप्पा ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि उनके बेटे का नाम इसमें लाकर भ्रम की स्थिति पैदा करने के लिए सुनियोजित षड्यंत्र रचा जा रहा है। वह मंत्रिमंडल विस्तार तथा राज्य के विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करने के लिए नई दिल्ली में प्रधानमंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिलने पहुंचे। जद(एस) नेता एचडी कुमारस्वामी के साथ हाल में बैठक करने की अटकलें भी खारिज की।

एदियुरप्पा ने एक सवाल के जवाब में कहा, आमतौर पर लोग तरक्की करने वालों को बर्दाश्त नहीं कर पाते। विजएंद्र ने कभी भी दखल (प्रशासन में) नहीं दिया। कर्नाटक भाजपा के उपाध्यक्ष के तौर पर वह अपना काम कर रहे हैं, राज्यभर में यात्रा कर पार्टी को मजबूत कर रहे हैं। विपक्ष के नेता सिद्धरमैया ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया था कि विजएंद्र प्रशासन में दखलंदाजी कर रहे हैं और असल मुख्यमंत्री वह ही हैं।

### एदि ने पीएम को बेंगलुरु टेक समिट के उद्घाटन के लिए आमंत्रित किया

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री एदियुरप्पा ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी से नई दिल्ली में मुलाकात की और राज्य के विकास से जुड़े कई मुद्दों पर चर्चा की। मोदी को बेंगलुरु टेक समिट का ऑनलाइन उद्घाटन करने के लिए आमंत्रित भी किया। संसद भवन में मोदी और एदियुरप्पा के बीच करीब 15 मिनट की मुलाकात हुई। एदि ने मोदी को बेंगलुरु टेक समिट का 19 नवंबर को ऑनलाइन उद्घाटन करने का आमंत्रण दिया। पीएम से मुलाकात से पहले मुख्यमंत्री ने कहा था कि वह राज्य के विकास और मंत्रिमंडल विस्तार से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

## नक्सलियों ने की जवान की हत्या

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में नक्सलियों ने छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के एक जवान की हत्या कर दी। बीजापुर जिले के पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पदेदा गांव के करीब सुरक्षा बलों ने आरक्षक मल्लु राम सूर्यवंशी (38) का शव बरामद किया है। सूर्यवंशी पिछले एक सप्ताह से लापता था। सूर्यवंशी की हत्या की सूचना के बाद पुलिस दल को घटनास्थल भेजा गया था। सुरक्षा बलों ने घटनास्थल से एक पर्चा भी बरामद किया है। जिसमें नक्सलियों के गंगालूर एरिया कमेटी ने इस हत्या की जिम्मेदारी ली है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। सूर्यवंशी राज्य के बिलासपुर जिले का निवासी था। वह छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल की 17 वीं बटालियन में तैनात था। वह सशस्त्र बल की जिस कंपनी में तैनात था वह कंपनी क्षेत्र में पुलिस शिविर का निर्माण समेत अन्य कार्य करती है। सूर्यवंशी पिछले सप्ताह अपने शिविर से लापता हो गया था।

## कृषि सुधार विधेयक किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अहम भूमिका निभाएंगेः शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में पारित कृषि सुधार संबंधी विधेयकों को अभूतपूर्व करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि ए विधेयक किसानों के जीवन में एक सकारात्मक परिवर्तन लाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने सिलसिलेवार ट्वीट कर कृषक उपज व्यापार और वाणिज्य (संवर्धन और सरलीकरण) विधेयक, 2020 और कृषक (सशक्तिकरण व संरक्षण) कीमत आश्वासन और कृषि सेवा पर करार विधेयक, 2020 के लोकसभा से पारित होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया।

भारत के मेहनती किसान देश की खुशहाली और समृद्धि के वाहक हैं, जिन पर पूरे देश को अभिमान है। मोदी सरकार के रूप में पहली बार कोई सरकार किसानों के सशक्तिकरण के लिए इस तरह दिन रात काम कर रही है और कल लोकसभा में पारित हुए ऐतिहासिक कृषि सुधार विधेयक इसी दिशा में एक अभूतपूर्व कदम है। शाह ने कहा कि ए ऐतिहासिक विधेयक किसानों व कृषि क्षेत्र को बल देंगे और उनको बिचौलियों व अन्य समस्याओं से मुक्त करेंगे। इन विधेयकों से किसानों को उनकी उपज बेचने के लिए नए अवसर प्राप्त होंगे, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी।

यह ऐतिहासिक व महत्वपूर्ण कृषि सुधार किसानों के जीवन में एक सकारात्मक परिवर्तन लाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक अहम भूमिका निभाएंगे। इन विधेयकों के पारित होने पर मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। इन विधेयकों के विरोध में देश के कुछ हिस्सों खासकर कृषि प्रधान पंजाब और हरियाणा जैसे राज्यों में किसान प्रदर्शन भी कर रहे हैं।

## लोस अध्यक्ष ने कहा कि मंत्री सदन में उपस्थित नहीं हो पाएं तो उन्हें पहले सूचित कर दिया जाए

**नई दिल्ली।** लोस अध्यक्ष ओम बिरला ने संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी से कहा कि यदि कोई मंत्री कार्यसूची में अंकित दस्तावेज को पेश करने के लिए उनके नाम का उल्लेख होने पर अनुपस्थित रहते हैं तो इस बारे में पहले सूचित कर दिया जाए। लोकसभा अध्यक्ष ने सदन में आवश्यक पत्र पेश किए जाते समय केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री रामेश्वर तेली का नाम लिया तो वह सदन में उपस्थित नहीं थे। अध्यक्ष ने यह निर्देश दिया। तेली की गैर-मौजूदगी में केंद्रीय संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने उनकी ओर से सदन में कागजात रखे। लोकसभा अध्यक्ष ने संसदीय कार्य मंत्री जोशी से कहा कि यदि कोई मंत्री अत्यावश्यक कार्य से सदन में नहीं आ सकें तो इस बारे में उन्हें पहले सूचित कर दिया जाए। बृहस्पतिवार को भी यही स्थिति थी जब उन्होंने एक मंत्री का नाम लिया था जिन्हें विधेयक पेश करना था, लेकिन उनकी गैर-मौजूदगी रही।

## क्विक न्यूज

### तीन नकाबपोश लुटेरे बैंक से 1.5 करोड़ रुपए लूटकर फरार

**जयपुर।** राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले के संगरिया कस्बे में तीन हथियारबंद लुटेरों ने एक निजी बैंक के कर्मचारियों को बंधक बनाकर बैंक से 1.5 करोड़ रुपए की नगदी लूट ली और फरार हो गए। पुलिस ने लुटेरों को पकड़ने के लिए पड़ोसी राज्यों पंजाब और हरियाणा की ओर जाने वाले रास्तों में नाकाबंदी की है और सबूत जुटाने के लिए बैंक में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है। पुलिस उपाधीक्षक दिनेश राजोरा ने शुक्रवार को कहा, हम मामले की जांच कर रहे है। आरोपियों को पकड़ने के लिए तलाश अभियान शुरू किया गया है। सबूत जुटाए जा रहे है। पुलिस ने बताया कि हनुमानगढ़ के संगरिया कस्बे की नई धान मंडी में एक्सिस बैंक की शाखा में बृहस्पतिवार को घटना उस समय हुई जब बैंक को बंद किया जा रहा था। उसी दौरान तीन नकाबपोश हथियाबंद लुटेरे चाकू लेकर बैंक में घुसे और उन्होंने कर्मचारियों को बंधक बनाकर नगदी लूट ली। बदमाशों ने बैंक कर्मचारियों को करेंसी चेस्ट रूम में बंद कर दिया और कार से फरार हो गए। मामले की जांच की जा रही है।

### हिप्रः मुख्यमंत्री ने विधायक निधि बहाल करने की घोषणा की

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने शुक्रवार को विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास निधि को दोबारा शुरू करने की घोषणा की। राज्य के विधायकों को दी जाने वाली निधि पांच महीने से अधिक समय तक निलंबित थी। मानसून सत्र के अंतिम दिन राज्य विधानसभा में मुख्यमंत्री ने कहा कि विधायक निधि बहाल की जाएगी और इसकी पहली किस्त के 25 लाख रुपए अक्टूबर में जारी किए जाएंगे। कोविड-19 से मुकाबले के लिए राज्य सरकार ने अप्रैल में विधायक निधि को दो साल के लिए निलंबित करने की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए नेता प्रतिपक्ष मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि इस मुद्दे पर चर्चा करने के लिए कांग्रेस विधायकों ने ठाकुर से मुलाकात की थी। उन्होंने कहा कि यह निधि विधायकों के व्यक्तिगत लाभ के लिए नही है बल्कि इसे चुनाव क्षेत्रों के कई गांवों और अन्य स्थानों में खर्च किया जाएगा। ज्यादातर विधायक यह निधि बहाल करने के पक्ष में थे।

### गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री केशुभाई पटेल कोरोना से संक्रमित

**अहमदाबाद।** गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री केशुभाई पटेल कोविड-19 से संक्रमित पाए गए है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। गांधीनगर सिविल अस्पताल की अधीक्षक डॉ नियति लखानी ने कहा कि उनके एक सहायक के संक्रमित पाए जाने के बाद आरटी-पीसीआर और एंटीजन जांच के लिए उनके नमूने एकत्र किए गए। लखमानी ने बताया, एंटीजन जांच में उनके संक्रमित होने की पुष्टि हुई जबकि आरटी-पीसीआर जांच की रिपोर्ट आना बाकी है। उनके परिवार ने कहा कि 92 वर्षीय नेता फिलहाल गांधीनगर स्थित घर में पृथक-वास में हैं।

### पाकिस्तान ने संघर्ष विराम का उल्लंघन किया

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के बांदीपोरा जिले के गुरेज सेक्टर में पाकिस्तानी सैनिकों ने नियंत्रण रेखा पर शुक्रवार को संघर्ष विराम का उल्लंघन किया। रक्षा प्रवक्ता ने इसकी जानकारी दी। प्रवक्ता ने बताया कि भारतीय सेना ने प्रभावी तरीके से इसका जवाब दिया। रक्षा प्रवक्ता कर्नल राजेश कालिया ने बताया, पाकिस्तान ने बिना किसी उकसावे के गुरेज सेक्टर के कंजलवान में नियंत्रण रेखा पर आज सुबह गोलाबारी कर संघर्ष विराम का उल्लंघन किया। कालिया ने बताया कि अब तक किसी के हताहत होने की सूचना नही मिली है।

### गोवा आप के संयोजक एल्विस गोम्स ने पद छोड़ा

पणजी। आम आदमी पार्टी (आप) गोवा के संयोजक एल्विस गोम्स ने शुक्रवार को पद छोड़ते हुए कहा किया कि वह भाजपा शासित राज्य में पार्टी के लिए जमीनी स्तर पर काम करेंगे। गोम्स ने एक संवाददाता सम्मेलन में पद से अपने इस्तीफे की घोषणा करते हुए कहा कि उनके सहयोगी और वरिष्ठ नेता राहुल महाम्ब्रे को अगली घोषणा तक गोवा इकाई के संयोजक के रूप में नामित किया गया है। पूर्व नौकरशाह 2017 के गोवा विधानसभा चुनाव के दौरान आप की तरफ से मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार थे। पार्टी ने तब 40 विधानसभा सीटों में से 39 पर चुनाव लड़ा था। उन्होंने कहा कि आप की गोवा इकाई के संयोजक का पद छोड़ने के मेरे फैसले के बारे में किसी को भी कोई क्यास नही लगाना चाहिए। मैंने पार्टी के हित में फैसला लिया है क्योंकि मै जमीनी स्तर पर काम करना चाहता हू।गोम्स ने दावा किया कि आप गोवा के लोगो के बीच लोकप्रियता हासिल कर रही है। उन्होने कहा कि हर मोर्चे पर प्रमोद सावंत सरकार की विफलता देखी जा रही है।गोम्स ने कहा कि कोविड-19 के प्रसार पर अंकुश लगाने और मरीजो के समुचित इलाज के लिए भाजपा सरकार की विफलता ने शासन करने की क्षमता पर सवालिया निशान लगा दिया है।कोविड-19 अस्पतालो में पर्याप्त बेड नही हैं। वही कोविड-19 सुविधाओं वाले निजी अस्पताल भरे हुए हैं। उन्होंने निजी स्वास्थ्य सुविधाओं पर अधिक पैसे लेने का आरोप लगाया।



गुवाहाटी में असम के मुख्यमंत्री सर्बानंद सोनेवाल ई-बुक, 'सेवा ही संगठन' का विमोचन करते हुए।

## भाजपा की पूर्व विधायक पारुल कांग्रेस में शामिल

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में होने वाले विधानसभा की 27 सीटों के उप चुनाव के पहले सत्तापक्ष भाजपा और विपक्षी दल कांग्रेस के कथित तौर पर असंतुष्ट नेताओं का दल बदल करने का सिलसिला लगातार जारी है और शुक्रवार को भाजपा की पूर्व विधायक पारुल साहू प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ की उपस्थिति में कांग्रेस में शामिल हो गईं। कांग्रेस में साहू का स्वागत करते हुए कमलनाथ ने कहा, मैं वास्तव में खुश हूं कि साहू ने प्रदेश के वर्तमान हालात को देखते हुए कांग्रेस में शामिल होने का एक सही फैसला किया है। यह उनकी घर वापसी है।

कमलनाथ ने सत्तारूढ़ भाजपा पर झूठी घोषणाएं कर प्रदेश की जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की घोषणाओं पर तंज करते हुए कांग्रेस ने कहा, चौहान अपनी जेब में हमेशा एक नारियल रखते हैं और जहां भी उन्हें मौका मिलता है, वह घोषणा करते हुए नारियल तोड़ देते हैं।

मार्च माह में कांग्रेस की 15 माह पुरानी सरकार गिराने के बाद भाजपा की सत्ता वापसी का अप्रत्यक्ष तौर पर जिक्र करते हुए कमलनाथ ने कहा कि भाजपा ने प्रदेश को बदनाम किया है और डॉ बाबा साहेब आंबेडकर ने भी नहीं सोचा होगा कि मध्यप्रदेश में इस तरह की अनैतिक घटना घटेगी।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा कि भाजपा ने संविधान और लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ किया है और प्रदेश के लोग आगामी उप चुनावों में इस मुद्दे पर अपना फैसला देंगे। उन्होंने कहा कि यह उप चुनाव प्रदेश का भविष्य तय करेगा। सागर जिले की सुरखी विधानसभा सीट से 2013 में भाजपा की विधायक बनी पारुल साहू ने कहा कि कांग्रेस में शामिल होने के बाद कहा कि उन्होंने घर वापसी की है और वह इससे बहुत खुश हैं।

## हरिद्वार कुम्भ में श्रद्धालुओं को पास के जरिए मिलेगा प्रवेश : रावत

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने शुक्रवार को कहा कि अगले साल हरिद्वार में आयोजित होने वाले कुम्भ मेले में आने वाले लोगों की संख्या को नियंत्रित किया जाएगा और पास के माध्यम से श्रद्धालुओं को इसमें प्रवेश दिया जाएगा। रावत ने आनलाइन बातचीत में कहा, कोरोना वायरस महामारी के कारण इस आयोजन में आने वाले लोगों की संख्या को नियंत्रित किया जाएगा और इसलिए इसमें हिस्सा लेने वाले श्रद्धालुओं को पास जारी किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि साधु संतों के साथ उन्होंने इस विषय में चर्चा की है और कोरोना वायरस महामारी के कारण संख्या सीमित रख कुम्भ मेले के आयोजन को छोटा करने के विचार पर वह समहत हो गए हैं। रावत ने कहा, कुम्भ मेले में संख्या सीमित रखने के लिए जरूरी है कि श्रद्धालुओं को पास के आधार पर ही इसमें प्रवेश की अनुमति दी जाए। कुम्भ मेले के इतिहास में यह पहला मौका होगा कि इस धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए श्रद्धालुओं को पास जारी किए जाएंगे। दुनिया भर में आयोजित होने वाले मेलों में यह सबसे बड़ा है। मुख्यमंत्री अपने कार्यकाल के साढ़े तीन साल पूरा होने के अवसर पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। चारधाम सभी मौसम में चालू रहने वाली सड़क की चौड़ाई की सीमा शीर्ष अदालत ने साढ़े पांच मीटर तय कर दी है जो रणनीतिक दृष्टि से ठीक नहीं है।

## हरसिमरत का इस्तीफा राजनीतिक निर्णय : पंजाब भाजपा प्रमुख

**चंडीगढ़।** पंजाब भाजपा इकाई के प्रमुख अश्वनी शर्मा ने हरसिमरत कौर बादल के मंत्रिमंडल से दिए इस्तीफे को शुक्रवार को शिरोमणि अकाली दल (शिअद) का राजनीतिक निर्णय करार दिया और कहा कि पार्टी अब भी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का हिस्सा है। कौर ने कृषि क्षेत्र से जुड़े तीन विधेयकों के विरोध में बृहस्पतिवार को केन्द्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था।

शर्मा ने पत्रकारों से कहा कि केन्द्र में भाजपा नीत सरकार द्वारा लाए तीन विधेयक किसान समुदाय के हित में हैं। शर्मा ने कहा, अकाली दल राजग का हिस्सा है, लेकिन यह एक अलग राजनीतिक दल है। उन्होंने यह निर्णय कुछ राजनीतिक कारणों के चलते लिया है। हमारा (शिअद-भाजपा) गठबंधन है, लेकिन दोनों अलग राजनीतिक दल हैं। उन्होंने एक राजनीतिक निर्णय लिया है।

दोनों दलों के गठबंधन के जारी रहने पर शर्मा ने कहा कि उन्होंने (अकाली दल) ने खुद ही कहा है कि वे राष्ट्रीय लोकतांत्रिक दल (राजग) का हिस्सा हैं। शिअद प्रमुख सुखबीर सिंह बादल ने बृहस्पतिवार को दिल्ली में कहा था कि भविष्य के कदम और भाजपा नीत राजग गठबंधन में रहने या नहीं रहने को लेकर बाद में पार्टी की बैठक में निर्णय लिया जाएगा।

शर्मा ने कहा कि तीनों विधेयक निश्चित रूप से कृषि आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। पंजाब भाजपा प्रमुख ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आश्वासन दिया है कि फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य और सरकारी खरीद जारी रहेगी। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए शर्मा ने कहा कि पंजाब की सत्तारूढ़ पार्टी किसानों को विधेयकों पर भ्रमित करने की कोशिश कर रही है ताकि शराब माफिया, छात्रवृत्ति घोटाले, भ्रष्टाचार और अपने चुनावी वादों को निभाने में विफलता जैसे ज्वलंत मुद्दों से ध्यान हटा सके।

## पंजाब, पंजाबियत और हर पंजाबी किसानों के साथः सिद्धू

**भाषा।** चंडीगढ़

**केंद्र सरकार** के तीन कृषि विधेयकों के खिलाफ किसानों के विरोध-प्रदर्शनों के बीच पंजाब के विधायक और पूर्व मंत्री नवजोत सिंह सिद्धू ने शुक्रवार को कहा कि पंजाब, पंजाबियत और हर पंजाबी किसानों के साथ है। पिछले साल मंत्री पद से इस्तीफे के बाद अपनी चुप्पी तोड़ते हुए सिद्धू ने खेती को पंजाब की आत्मा कहा। उन्होंने ट्वीट किया शरीर के घाव भर जाते हैं पर आत्मा पर वार नासूर बन कर सदा रिसता है, हमारे अस्तित्व हमारी आत्मा पर वार बर्दाश्त नही। जंग की तूती बोल रही है - इंकलाब जिंदाबाद। पंजाब, पंजाबियत और हर पंजाबी कंधे से कंधे मिलाकर एकजुट होकर किसान के साथ है। राज्य मंत्रिमंडल से इस्तीफा देने के एक साल से अधिक समय बाद कांग्रेस नेता ने अपने ट्विटर हैंडल पर यह ट्वीट पोस्ट किया।

एक अन्य ट्वीट में, उन्होंने भाजपा सरकार पर कटाक्ष किया और कहा, सरकारें तमाम उम्र यही भूल करती रही, धूल उनके चेहरे पर थी, आईना साफ करती रही। पिछले साल राज्य मंत्रिमंडल से इस्तीफा देने के बाद से सिद्धू ने चुप्पी साध ली थी और अब उन्होंने इस मुद्दे पर अपनी राय रखी है। अमृतसर के विधायक सिद्धू का मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह के साथ टकराव चल रहा था। पिछले साल जून में मंत्रिमंडल में महत्वपूर्ण फेरबदल में सिद्धू से महत्वपूर्ण विभाग ले लिए गए थे। पंजाब में कई किसान संगठन कृषि विधेयकों का विरोध कर रहे हैं।



कोलकाता में एपीडीआर कोलकाता मेट्रो अथारिटी के खिलाफ प्रदर्शन करते लोग।

# मोदी ने बदली राजनीतिक कार्यसंस्कृतिः नड्डा

**भाषा।** नई दिल्ली

**भाजपा** अध्यक्ष जेपी नड्डा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना करते हुए शुक्रवार को कहा कि दबाव की राजनीति में नहीं आकर उन्होंने देश में राजनीतिक कार्यसंस्कृति को बदल दिया है और गरीबों व पिछड़ों के अधिकारों की हमेशा रक्षा की है। उन्होंने कृषि सुधारों से संबंधित विधेयकों को इसका उदाहरण बताया।

नड्डा ने भाजपा के मुखपत्र कमल संदेश द्वारा प्रकाशित विशेषांक नए भारत के प्रणेता का विमोचन करने के बाद अपने संबोधन में कहा, कृषि से जुड़े जो तीनों विधेयक लोकसभा में पारित हुए हैं वे सही मायने में किसानों को बिचौलियों और तमाम अवरोधों से मुक्त करेंगे। इस कृषि सुधार से किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए नए-नए अवसर मिलेगे, जिससे उनका मुनाफा बढ़ेगा और किसान सशक्त होंगे। नड्डा का यह बयान ऐसे समय में आया है जब

**● कृषि से जुड़े जो तीनों विधेयक लोकसभा में पारित हुए हैं वे सही मायने में किसानों को बिचौलियों और तमाम अवरोधों से मुक्त करेंगे**

लोकसभा ने बृहस्पतिवार को कृषि उपज व्यापार और वाणिज्य (संवर्द्धन और सुविधा) विधेयक, कृषक (सशक्तीकरण एवं संरक्षण) कीमत आश्वासन समझौता और कृषि सेवा पर करार विधेयक पारित कर दिया। आवश्यक वस्तु (संशोधन) विधेयक पहले ही पारित हो चुका है।

इन विधेयकों के विरोध में देश के कुछ हिस्सों खासकर कृषि प्रधान पंजाब और हरियाणा जैसे राज्यों में किसान प्रदर्शन कर रहे हैं जबकि भाजपा का सबसे पुराना सहयोगी



शिरोमणि अकाली दल खफा हो गया है। पार्टी की नेता एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री हरसिमरत कौर बादल ने तीनों विधेयकों को किसान विरोधी बताते हुए बृहस्पतिवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने आज उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया।भाजपा अध्यक्ष ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि उसने अपने घोषणापत्र में यह वादा किया था कि किसानों को एपीएमसी से बाहर निकाल कर लाएंगे और आवश्यक वस्तु अधिनियम को बदलेंगे। उन्होंने कहा, जो लोग इन कृषि विधेयकों का विरोध कर रहे हैं, वे वास्तव में किसान और उनके उत्पाद की बिक्री के बीच में मौजूद बिचौलियों की भाषा बोल रहे हैं।

न्यूनतम समर्थन मूल्य एवं सरकारी खरीद अर्थात एपीएमसी की व्यवस्था बनी रहेगी। विधेयक किसानों को कई और विकल्प प्रदान कर उन्हें सही मायने में सशक्त करने वाले हैं। इसके तहत एक परिस्थितिकी तंत्र के निर्माण का प्रावधान किया गया है जिसमें किसान कानूनी बंधनों से आजाद होंगे। नड्डा ने कहा कि किसानों को उपज बेचने का विकल्प देकर उन्हें सशक्त बनाया गया है लेकिन कुछ लोग जानबूझ कर किसानों को गुमराह कर रहे हैं ताकि किसान लाभ न उठा सकें। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहले भी कहा है कि हमें दबाव की राजनीति में नहीं आना है और हमारी सरकार वह काम करती रहेगी जो देश के गांव, गरीब और किसान के लिए जरूरी हैं। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश में हर क्षेत्र में आज बदली हुई तस्वीर दिख रही है।

भाजपा अध्यक्ष ने याद दिलाया कि आयुष्मान भारत योजना को लागू करते समय भी उसका जमकर विरोध किया गया था लेकिन आज वही आयुष्मान भारत योजना देश के गरीबों के लिए सबसे बड़ी वरदान साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में गरीब कल्याण और आर्थिक सुधारों से लेकर देश की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण रखने हेतु लाए गए बदलावों को जो देश और दुनिया ने देखा है, वह अकल्पनीय और अद्भुत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने राजनीतिक कार्यसंस्कृति को बदल कर रख दिया है। पहले की सरकारें विकास का रिपोर्ट कार्ड रखने की जगह जाति आधारित वोट बैंक और तुष्टिकरण की राजनीति करती थी लेकिन मोदी जी ने राजनीति में विकास, सेवा, जन-कल्याण और जनता के लिए समर्पण की संस्कृति का शुभारंभ किया।



ठाणे में शुक्रवार को एक मंडी में प्याज से भरे बोरे ले जाता व्यक्ति

## केंद्र के किसान मारो, पंजाब मारो षड्यंत्र का हिस्सा हैं कृषि विधेयकः अमरिंदर सिंह

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने शुक्रवार को कृषि सुधार संबंधी विधेयकों की कड़ी आलोचना की और कहा कि इन्हें भारतीय जनता पार्टी नीत केंद्र सरकार, किसान मारो, पंजाब मारो के षड्यंत्र के तहत राष्ट्र पर थोपना चाहती है।

लुधियाना स्थित पंजाब कृषि विश्वविद्यालय के किसान मेले की शुरुआत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, मुझे नहीं पता कि भाजपा और अकालियों की पंजाब से क्या दुश्मनी है और वे हमें क्यों बर्बाद करना चाहते हैं। सरकार की ओर से यहां जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार मेले के उद्घाटन में सौ स्थानों से डिजिटल माध्यम से किसान, किसानों के प्रतिनिधि और अन्य हितधारकों ने हिस्सा लिया। सिंह ने फिर चेतावनी दी कि विधेयकों से सीमावर्ती क्षेत्रों के लोगों में आक्रोश बढ़ेगा और पाकिस्तान इसका फायदा उठा सकता है। सिंह ने कहा कि किसान विरोधी इस कदम से पंजाब का माहौल बिगड़ेगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली को इस मुद्दे पर पुनर्विचार करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि पिछले 65 सालों में भारत को खाद्य के मामले में आत्मनिर्भर बनाने में पंजाब के किसानों ने जो बलिदान दिया है।

## गाय के शरीर पर चुनावी विज्ञापन उकेरे जाने को लेकर कांग्रेस पर भड़की भाजपा

**भाषा।** इंदौर

**आगामी** उपचुनावों के लिए मध्यप्रदेश के सांवेर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार प्रेमचंद गुड्डू के पक्ष में गाय के शरीर पर चुनावी विज्ञापन उकेरे जाने को लेकर सत्तारूढ़ भाजपा ने शुक्रवार को तीखी आपत्ति जताई। सफेद गाय की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल है जिसमें उसके शरीर पर रंगों से लिखा दिखाई दे रहा है-सांवेर का विकास, प्रेमचंद गुड्डू।

गाय के शरीर पर कांग्रेस का चुनाव चिन्ह हाथ का पंजा भी उकेरा गया है। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता उमेश शर्मा ने एक बयान में कहा कि यह बेहद शर्मनाक है कि गुड्डू ने अपने चुनावी विज्ञापन के लिए गौ माता का इस्तेमाल किया है। इस हरकत पर कांग्रेस उमीदवार के खिलाफ पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज



होनी चाहिए। उधर, गुड्डू ने कहा कि गाय के शरीर पर चुनावी विज्ञापन उकेरे जाने से उनका कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के ही किसी कार्यकर्ता ने उन्हें बदनाम करने के लिए साजिश के तहत यह हरकत की है और गाय के फोटो को सोशल मीडिया पर डाला है। इस बीच, सांवेर पुलिस थाने के उप निरीक्षक मनोज कटारिया ने कहा कि सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीर का खुद संज्ञान लेते हुए हमने सांवेर क्षेत्र में संबंधित गाय की तलाश की।

लेकिन हमें वह नहीं मिली। शायद यह गाय इस क्षेत्र के बाहर की है। इस बीच, पशु हितैषी संस्था पीपुल फॉर एनिमल्स की स्थानीय इकाई की अध्यक्ष प्रियांशु जैन ने बताया कि उन्होंने पुलिस और प्रशासन को शिकायत कर कहा है कि सांवेर विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार के दौरान मूक पशुओं का इस्तेमाल तत्काल रुकवाया जाए क्योंकि पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत यह एक अपराध है। सांवेर, सूबे के उन 28 विधानसभा क्षेत्रों में शामिल है जहां आने वाले दिनों में उप चुनाव होने हैं। हालांकि, चुनावी कार्यक्रम अभी घोषित नहीं हुआ है। भाजपा ने इस सीट पर गुड्डू के खिलाफ प्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट को मैदान में उतारा है।

## अधीर चौधरी ने बंगाल में भाजपा के उभार पर ममता को बहस की चुनौती दी

**भाषा।** कोलकाता

**बंगाल** कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने राज्य में भारतीय जनता पार्टी के उभार और इसके कारणों पर चर्चा करने के लिए शुक्रवार को ममता बनर्जी को चुनौती दी। चौधरी ने कहा कि उनकी पार्टी के भाजपा से हाथ मिलाने के आरोपों में कोई सच्चाई नहीं है।

उन्होंने कहा कि बनर्जी, बंगाल में भाजपा की सबसे बड़ी एजेंट हैं। चौधरी ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस के कई सांसदों ने संसद में नागरिकता संशोधन विधेयक पर मतदान में हिस्सा नहीं लिया था। उन्होंने एक वीडियो संदेश में कहा, मैं टीएमसी अध्यक्ष (ममता) को चुनौती देता हूं कि बंगाल में भाजपा के उभार और उसके कारणों पर मेरे साथ बहस करें।

क्या आपके भीतर इसे स्वीकार करने की हिम्मत है? चौधरी ने कहा कि मुझे पता चला कि टीएमसी ने दिल्ली में आरोप लगाया है कि कांग्रेस ने बंगाल में भाजपा के साथ हाथ मिलाया है और क्षेत्रीय कार्यकर्ता कांग्रेस पर भरोसा नहीं करते। अधीर चौधरी पर पत्थर फेंकने से पहले मैं आपसे (बनर्जी) आग्रह करता हूं कि अपने नेताओं को आईना देखने को कहें।

## आरेडिका में स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन



**संवाददाता।** रायबरेली

**आधुनिक** रेल डिब्बा कारखाना में 16 सितंबर से चल रहे स्वच्छता पखवाड़ा के तहत शुक्रवार को आरेडिका की ओर से बड़े पैमाने पर सफाई अभियान चलाया जा रहा है और अन्य गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी कड़ी में कोरोना वायरस से लड़ने में और इसके रोकथाम के लिए सरकार व डब्लूएचओ द्वारा सोसल डिस्टेंसिंग के साथ ही स्वच्छता को लेकर लोगों को जागरूक किया गया। इसीक्रम उप मुख्य यांत्रिक अभियंता संरक्षा व प्रशिक्षण ने कर्मचारयों व अनुबंधिधत कर्मियों को साबुन, मास्क और सैनिटाइजर वितरित किया।

## सेवामुक्त विमानवाहक विराट शनिवार को शुरु करेगा अपनी अंतिम यात्रा

**भाषा।** मुंबई

**भारतीय** नौसेना का विनिवेशित विमानवाहक पोत विराट शनिवार को नौसेना डॉकयार्ड से अपनी अंतिम यात्रा शुरू करेगा और गुजरात के भावनगर जिले के अलंग तक जाएगा। भारतीय नौसेना के एक बयान के अनुसार, ऐतिहासिक पोत को शुक्रवार को अलंग के लिए रवाना होना था, लेकिन इसके प्रस्थान में एक दिन की देरी हुई है।बयान के अनुसार कुछ कागजी काम अभी भी चल रहे हैं और इसमें कुछ और समय लगेगा। इसलिए विराट को शनिवार को रवाना किया जाएगा। यह पोत मुंबई में 2017 में सेवामुक्त होने से पहले 30 वर्षों तक भारतीय नौसेना की सेवा में था।यह भारतीय बेड़े में एकमात्र युद्धपोत था जिसने ब्रिटेन की शाही नौसेना और बाद में भारतीय नौसेना में सेवा दी थी। विराट को संग्रहालय या रेस्तरां में बदलने की कोशिशें हुईं, लेकिन यह योजना विफल हो गई।अलंग स्थित श्री राम समूह ने जहाज के विघटन के लिए निलामी में जीत हासिल की थी। नौसेना के एक अधिकारी ने कहा कि कंपनी की अपनी उच्च क्षमता वाले टग हैं जो पोत को अलंग तक ले जाएंगे और वहां तक ले जाने में दो दिन लगेंगे। समुद्र तटीय शहर अलंग में दुनिया का सबसे बड़ा जहाज विघटन यार्ड है।

## पाकिस्तानी सेना ने पुंछ में नियंत्रण रेखा के पास अग्रिम स्थानों पर फिर की गोलाबारी



**भाषा।** जम्मू

**पाकिस्तानी** सेना ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पास अग्रिम चौकियों पर भारी गोलीबारी और गोलाबारी करके लगातार दूसरे दिन शुक्रवार को संघर्ष विराम समझौते का उल्लंघन किया। अधिकारियों ने बताया कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान के आक्रामक व्यवहार का मुंहतोड़ जवाब दिया। एक रक्षा प्रवक्ता ने कहा, पाकिस्तानी सेना ने शुक्रवार को शाम करीब साढ़े चार बजे बालाकोट सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास छोटे हथियारों से गोलीबारी करके और मोर्टार से गोले दागकर बिना उकसावे के संघर्ष विराम समझौते का उल्लंघन किया। पाकिस्तानी बलों ने इस महीने अब तक 31 बार संघर्ष विराम समझौते का उल्लंघन किया है।

बालाकोट सेक्टर में बृहस्पतिवार को भी पाकिस्तान की गोलीबारी में भारतीय सेना का एक जवान घायल हो गया था। अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तानी बलों ने राजौरी जिले के सुंदरबनी सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास मंगलवार को भारी गोलीबारी की थी और मोर्टार के गोले दागे थे, जिसमें सेना का एक जवान शहीद हो गया था और एक अधिकारी समेत दो जवान घायल हो गए थे। इससे पहले, राजौरी के केरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास पाकिस्तानी बलों द्वारा दो सितंबर को संघर्ष विराम समझौते के उल्लंघन में एक जूनियर कमीशंड ऑफिसर शहीद हो गया था।

### जम्मू-कश्मीर के पुंछ में नियंत्रण रेखा के निकट चार मोर्टार निष्क्रिय किए

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में सेना ने शुक्रवार को नियंत्रण रेखा के निकट संघर्ष विराम के उल्लंघन के दौरान पाकिस्तानी सेना की तरफ से दागे गए मोर्टार के चार बिना फटे गोलों का पता लगाकर उनको नष्ट किया गया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नियंत्रण रेखा से लगे बालाकोट इलाके को निशाना बनाकर बृहस्पतिवार को पाक की तरफ से दागे गए मोर्टार के गोलों के नहीं फटने की सूचना ग्रामीणों ने दी थी जिसके बाद बम निरोधक दस्ते का दल इलाके में पहुंचा था। उन्होंने कहा कि दल ने अभियान के दौरान इन गोलों का पता लगाकर उन्हें नष्ट किया और इलाके में जान-माल का कोई नुकसान नहीं होने दिया।

## गंभीर चोट न केवल विकलांग करती है बल्कि गहरे भावनात्मक निशान छोड़ती हैः सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सड़क दुर्घटना के पीड़ित के मामले में मुआवजा राशि में वृद्धि करते हुए कहा कि अदालत को यह ध्यान में रखना चाहिए कि गंभीर चोट न केवल विकलांगता लाती है बल्कि गहरे भावनात्मक निशान छोड़ती है। शीर्ष अदालत ने कहा कि इसने बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि उचित मुआवजे में उन सभी तत्वों को शामिल किया जाना चाहिए जो कि पीड़ित व्यक्ति को उस स्थिति के निकट ले आएगा, जैसा वह दुर्घटना से पहले था। न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव, न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी और न्यायमूर्ति एस रवींद्र भट की पीठ ने कहा कि वैसे तो एक पीड़ित दुर्घटना के बाद जिस प्रकार के आघात, दर्द और पीड़ा से गुजरता है, उसे कोई भी राशि अथवा अन्य मुआवजा समाप्त नहीं कर सकती है। उच्च अदालत ने सड़क दुर्घटना के एक मामले में पीड़ित को बतौर मुआवजा 7,77,600 रुपए देने का आदेश दिया था, जिसे उच्चतम न्यायालय ने बढ़ाकर 19,65,600 रुपए किया। शीर्ष अदालत पप्पू देव यादव की याचिका पर सुनवाई कर रही थी जोकि तीस हजारी अदालत में डाटा एंट्री ऑपरेटर का काम कर रहे थे और हर महीने 12,000 रुपए वेतन पाते थे।

## पेज एक का शेष

### कृषि विधेयकों...

4,000 करोड़ रुपये का नुकसान होगा तथा इसका ग्रामीणों के जीवनयापन और कृषि पर बेहद बुरा प्रभाव पड़ेगा। किसान मजदूर संघर्ष कमेटी के महासचिव श्रवण सिंह पंधेर ने कहा कि इन तीन कृषि विधेयकों के विरोध में हमने 24 से 26 सितंबर तक देशव्यापी रेल रोको आंदोलन शुरू करने का फैसला किया है।' इससे पहले पंजाब के अलग अलग किसान संगठनों ने 25 सितंबर को बंद का आह्वान किया है। बादल परिवार के पैतृक जिले मुक्तसर स्थित बादल गांव में विरोध कर रहे एक किसान ने आत्महत्या की कोशिश की। उसने शुक्रवार सुबह करीब साढ़े छह बजे जहर खा लिया और उसकी हालत अब भी गंभीर बनी हुई है। पंजाब में मुक्तसर, अमृतसर तथा अन्य इलाकों में हजारों किसान भारतीय किसान यूनियन, किसान मजदूर संघर्ष कमेटी, आल इंडिया किसान संघर्ष कोऑर्डिनेशन कमेटी तथा राष्ट्रीय किसान महासंघ के बैनर तले धरना दे रहे हैं।

### बिचौलियों के...

होने के कारण वे अपनी फसल को देश के किसी भी बाजार में अपनी मनचाही कीमत पर बेच सकेंगे। प्रधानमंत्री ने विपक्षी पार्टियों, खासकर कांग्रेस पर, आरोप लगाया कि वह इन विधेयकों का विरोध कर किसानों को भ्रमित करने का प्रयास कर रही हैं और बिचौलियों के साथ किसानों की कमाई को बीच में लूटने वालों का साथ दे रही हैं। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे इस भ्रम में न पड़ें और सतर्क रहें। मोदी ने ये बातें आज 'ऐतिहासिक' कोसी रेल महासेतु को राष्ट्र को समर्पित करने और बिहार के रेल यात्रियों की सुविधाओं के लिए 12 रेल परियोजनाओं का शुभारंभ करने के बाद अपने संबोधन में कही।

### हरसिमरत के...

रहे हैं। दूसरी तरफ अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने ट्वीट के माध्यम से दुष्यंत पर निशाना साधते हुए कहा कि छोटे सीएम (दुष्यंत) को पद प्यारा है, किसान प्यारे क्यों नहीं हैं। इसमें कुछ तो राज है। उन्हें किसान माफ नहीं करेंगे। सरकार की पिछलग्गू बनकर जजपा किसान की खेती-रोटी छीनने के जुर्म की भागीदार है। नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि हरियाणा सरकार में गठबंधन सहयोगी जजपा के नेता ताऊ देवीलाल की बात करते हैं। गठबंधन सहयोगी किसान हितैषी होते तो अबतक सरकार से अलग हो गए होते। लेकिन उन्हें किसान हित से ज़्यादा, कुर्सी प्यारी है। उन्होंने हरियाणा विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर लोकसभा द्वारा पारित इन विधेयकों से पड़ने वाले प्रभाव पर चर्चा कराने की मांग की। हुड्डा ने कहा कि विधानसभा सत्र शुरू होने पर उनकी पार्टी विधेयक के खिलाफ प्रस्ताव लाएगी।

### यूपी में...

कराने के निर्देश दिए हैं। बीते साढ़े तीन वर्ष में संपन्न तीन लाख पदों पर चयन प्रक्रिया के अनुरूप तीन माह में भर्ती प्रक्रिया संचालित करें। इसके साथ ही छह महीने में सभी पात्रों को नियुक्ति पत्र वितरित करें। सीएम योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट रूप से कहा है कि जिस प्रकार यूपी लोकसेवा आयोग एवं अन्य सरकारी भर्ती हुई हैं, उसी पारदर्शी व निष्पक्ष तरीके से तेजी से आगे की भी सभी भर्ती कराई जाएं। सभी विभागों में रिक्त पदों के सापेक्ष नियुक्ति प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने के लिए विभागों को रिक्तियों के आंकड़े कल तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि चयन प्रक्रिया में शुचिता और पारदर्शिता ही हमारी नीति है और इसे प्रत्येक दशा में सुनिश्चित किया जाएगा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी भर्ती बोर्ड के साथ ही आयोग के साथ बैठक करने की योजना बना ली है। सीएम योगी आदित्यनाथ 21 सितंबर को प्रदेश के सभी भर्ती बोर्ड व आयोग के शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक कर रुकी हुई नियुक्तियों के सम्बंध में वार्ता करेंगे। इस दौरान रुकी भर्ती कैसे फिर से शुरू हो और किस-किस विभाग में तत्काल पदों की जरूरत है, इस बात पर भी चर्चा होगी। 21 को सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ होने वाली बैठक को लेकर सभी भर्ती बोर्ड व आयोग के अफसर मुस्तैद हो गए हैं। यूपी की योगी सरकार ने नगरीय निकाय सीमा में शामिल की गईं ग्राम पंचायतों के कारण बेरोजगार हुए 700 से अधिक ग्राम रोजगार सेवकों को अन्य ग्राम पंचायतों में रिक्त पदों पर समायोजित करने का निर्णय किया है। ग्राम्य विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने जिलाधिकारियों को ग्राम पंचायत की सहमति से समायोजन कराने के निर्देश दिए हैं। नगर निगमों के सीमा विस्तार और नए नगरीय निकाय गठित होने से बेरोजगार हुए ग्राम रोजगार सहायक लंबे समय से समायोजन की मांग कर रहे थे।

### कोरोना के...

के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होने कहा कि चंद रोज बाद ही नवरात्र, दुर्गा पूजा, दशहरा तथा दीपावली का त्यौहार है। इसमें भी कहीं पर कोई सार्वजनिक कार्यक्रम की अनुमति नहीं दी जाएगी। लोग कोविड प्रोटोकॉल के साथ ही घर से बाहर निकल सकेंगे।सीएम योगी ने कहा कि लखनऊ के साथ कानपुर में कोरोना संक्रमितों की संख्या पर अभी भी नियंत्रण नहीं है। यहां पर स्वस्थ होकर घर जाने वाले लोगों की लगातार देखरेख हो। इन सभी के उपचार विधि का गहन अध्ययन किया जाए। उन्होंने कहा कि अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य, जिला चिकित्सालयों में तथा अपर मुख्य सचिव चिकित्सा शिक्षा मेडिकल कॉलेजों व चिकित्सा संस्थानों में सफलतापूर्वक उपचारित रोगियों के इलाज के बारे में चिकित्सकों से विचार-विमर्श करें और स्वस्थ्य हुए रोगियों की दर में वृद्धि कराएं। बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रदेश में एक दिन में एक लाख 55 हजार से अधिक टेस्ट होने पर संतोष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि समय पर कोविड.19 के रोगी को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाने से उसका उपचार एल-1 श्रेणी के कोविड चिकित्सालय में ही किया जा सकता है। कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग पर विशेष ध्यान दिया जाना आवश्यक है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कोविड चिकित्सालयों में ऑक्सीजन तथा आवश्यक दवाओं की सुचारु उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। प्रदेश के सभी अस्पतालों में ऑक्सीजन की उपलब्धता के सम्बन्ध में कोई समस्या न हो। मुख्यमंत्री ने कोविड.19 से बचाव तथा यातायात सुरक्षा के सम्बन्ध में लोगों को निरन्तर जागरूक करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने पब्लिक एड्रेस सिस्टम से कोविड.19 तथा यातायात सुरक्षा के बारे में जनता को जागरूक करने के लिए जिलाधिकारियों तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों व पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित किया। मुख्यमंत्री ने जीएसटी के अन्तर्गत अधिक से अधिक पंजीयन के लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जीएसटी की चोरी न होने पाए। उन्होंने उद्योग बन्धु की बैठक करने तथा उद्यमियों एवं निवेशकों की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश भी दिए है। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह, मुख्य सचिव आरके तिवारी, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त आलोक टण्डन, कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक सिन्हा, अपर मुख्य सचिव वित्त संजीव मित्तल, अपर मुख्य सचिव गृह एवं सूचना अवनीश कुमार अवस्थी, पुलिस महानिदेशक हितेश सी अवस्थी तथा सूचना निदेशक शिशिर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### राजधानी में...

करके एम्बुलेंस को लौटा दिया गया। वहीं दूसरी ओर सूबे में कोरोना वायरस कहर बन कर टूट रहा है। शुक्रवार को 6584 नए मरीज पाए गए हैं। जबकि 67825 केस एक्टिव बताए गए हैं। वही अभी तक प्रदेश में 4869 मरीजों की मौत हो चुकी है। विभाग के मुताबिक अभी तक प्रदेश में 341788 केस कोरोना के मिल चुके हैं। आज 6806 मरीजों को डिस्चार्ज किया गया। अभी तक सूबे में 270094 संक्रमित मरीज ठीक किये जा चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक आज लखनऊ में 1244, कानपुर में 407, प्रयागराज में 336, गोरखपुर में 203, गाजियाबाद में 191, वाराणसी में 239, नोएडा में 134, बरेली में 101, मेरठ में 225, मुरादाबाद में 90, अलीगढ़ में 124, झांसी में 145, सहारनपुर में 119, बाराबंकी में 84, देवरिया में 35, बलिया में 58, अयोध्या में 116, शाहजहांपुर में 83, आगरा में 88, जौनपुर में 58, रामपुर में 26, कुशीनगर में 45, महाराजगंज में 65, आजमगढ़ में 61, हरदोई में 103, लखीमपुर खीरी में 230, मुजफ्फरनगर में 115, गाजीपुर में 62, मथुरा में 88, इटावा में 73, गोंडा में 21, बुलंदशहर में 74, बस्ती में 39, पीलीभीत में 40, सीतापुर में 67, प्रतापगढ़ में 36, उन्नाव में 47, सिद्धार्थनगर में 32, सुल्तानपुर में 45, चंदौली में 41, बहराइच में 46, बिजनौर में 49, मैनपुरी में 57, सोनभद्र में 38, बदायूं में 84, रायबरेली में 46, संत कबीर नगर में 9, हापुड़ में 49, फिरोजाबाद में 39, अमरोहा में 33, कन्नौज में 40, ललितपुर में 38, मिर्जापुर में 15, अमेठी में 2, मऊ में 9, संभल में 26, फर्रुखाबाद में 48, शामली में 81, फतेहपुर में 69, जालौन में 31, औरैया में 44, बांदा में 52, कानपुर देहात में 67, एटा में 34, भदोही में 11, बलरामपुर में 43, कौशांबी में 11, अंबेडकर नगर में 20, बागपत में 9, कासगंज में 13, चित्रकूट में 19, हमीरपुर में 13, हाथरस में 18, श्रावस्ती में 2, महोबा में 9 कोरोना वायरस के संक्रमित मरीज पाए गए हैं।

### लव जेहाद...

में क्रूरता की हदें पार करते हुए उनकी हत्या तक कर दी गई। मुख्यमंत्री ने इस तरह की घटनाओं को बेहद गंभीरता से लेते हुए सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। पिछले दिनों कानपुर में हुई ऐसी ही घटनाओं पर पुलिस ने एक विशेष जांच दल का गठन किया था। जानकारों का कहना है कि राज्य विधि आयोग ने पिछले वर्ष मुख्यमंत्री को एक रिपोर्ट सौंपी थी, जिसमें जबरन धर्मांतरण की घटनाएं रोकने के लिए एक नया कानून बनाने का सुझाव दिया गया था। रिपोर्ट में कहा गया था कि मौजूदा कानूनी प्रावधान धर्मांतरण की जांच करने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। इस गंभीर मसले पर कुछ अन्य राज्यों की तरह एक नए कानून की जरूरत है। आयोग ने अपनी रिपोर्ट के साथ विधेयक का मसौदा भी प्रस्तुत किया था। रिपोर्ट में आयोग ने पड़ोसी देशों जैसे नेपाल, म्यांमार, भूटान, श्रीलंका और पाकिस्तान में बनाए गए धर्मांतरण विरोधी कानूनों का जिक्र भी किया था। इसके अलावा आयोग ने मध्य प्रदेश, ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश, तमिलनाडु, गुजरात, राजस्थान, छत्तीसगढ़, झारखंड, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड जैसे राज्यों में बलपूर्वक, धोखाधड़ी, विवाह या खरीद द्वारा धर्मांतरण पर प्रतिबंध लगाने को बनाए गए विशेष कानून पर भी प्रकाश डाला था।

### पोल वॉल्टर डुप्लांटिस ने बुबका का विश्व रिकार्ड तोड़ा

**रोम।** स्वीडन के पोल वॉल्टर अर्मांड डुप्लांटिस ने सर्गेइ बुबका का 26 साल पुराना आउटडोर विश्व रिकार्ड तोड़ दिया है। डुप्लांटिस ने रोम में गोल्डन गाला पियेत्रो मेनिया मीट में दूसरे प्रयास में छह मीटर 15 सेंटीमीटर की कूद लगाकर बुबका का छह मीटर 14 सेंटीमीटर का रिकार्ड तोड़ा जो उन्होंने जुलाई 1994 में बनाया था।

### चोट के कारण ओसाका फ्रेंच ओपन से बाहर

**पेरिस।** अमेरिकी ओपन चैम्पियन नाओमी ओसाका ने बाएं पैर की हैमस्ट्रिंग चोट के कारण फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया। इससे पेरिस में 27 सितंबर से शुरू हो रहे फ्रेंच ओपन में ओसाका और मौजूदा चैम्पियन एश बार्टी हिस्सा नहीं लेंगी। वहीं टूर्नामेंट के आयोजकों ने दर्शकों की संख्या में और कटौती करने का फैसला किया है क्योंकि फ्रांस में कोरोना वायरस महामारी से हालात बिगड़ रहे हैं।

### टॉटेनहम, एसी मिलान ने यूरोपा लीग क्वालिफाइंग में जीत दर्ज की

**लंदन।** टॉटेनहम ने एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए आखिरी मिनटों में दो गोल कर यूरोपा लीग क्वालिफाइंग के दूसरे चरण के मुकाबले में नौ खिलाड़ियों के साथ खेल रहे लोकोमोटिव प्लोवदिव को 2-1 से हराया।

एसी मिलान और रेंजर्स ने भी दूसरे दौर के मुकाबलों में जीत दर्ज की। मैच के 71वें मिनट में जी. मिनचेव के गोल से लोकोमोटिव प्लोवदिव ने टॉटेनहम पर बढ़त बना ली लेकिन 80वें मिनट में कप्तान हैरी केन ने पेनल्टी को गोल मे बदल कर स्कोर1-1 कर दिया।

### कोपा लिबर्टाडोरेस चैंपियन फ्लेमेंगो को डेन वैले ने हराया

**साओ पाउलो।** ब्राजील के कोपा लिबर्टाडोरेस चैंपियन फ्लेमेंगो को इक्वाडोर के इंडिपेंडेंट डेल वैले से 5-0 से हार का सामना करना पड़ा। लिबर्टाडोरेस कप के इस मुकाबले के लिए छह महीने बाद मैदान मे उतरी फ्लेमेंगो के खिलाफ कोपा सुदामेरिकाना की मौजूदा चैम्पियन डेन वैले को ज्यादा परेशानी नही हुई। मोइसिस कैइडो मैच के 40वे मिनट में ने पहला गोल किया। टीम ने बाकी के चारों गोल दूसरे हाफ में किए।

### रैना ने जम्मू कश्मीर के डीजीपी से खेल को बढ़ावा देने के बारे में चर्चा की

**श्रीनगर।** भारत के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के पुलिस प्रमुख दिलबाग सिंह से यहां मुलाकात की और इस केन्द्र शासित प्रदेश के युवाओं के खेल कौशल मे सुधार करने की योजना पर चर्चा की। पुलिस प्रवक्ता ने कहा, प्रसिद्ध (पूर्व) अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सुरेश रैना ने जम्मू कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) दिलबाग सिंह से आज (शुक्रवार) को पुलिस मुख्यालय (पीएसक्यू) में मुलाकात की और पुलिस की उन योजनाओ की चर्चा कि जिसमें स्थानीय युवाओं के खेल कौशल को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

# कोरोना काल में आईपीएल का आगाज आज से

**भाषा। अबुधाबी**

कोरोना वायरस महामारी के खौफ के बीच दुनिया भर के क्रिकेटप्रेमियों के चेहरों पर मुस्कान लाने के लिए इंडियन प्रीमियर लीग शनिवार से शुरू होगी जिसमें एक बार फिर महेंद्र सिंह धोनी के शांत रवैए, विराट कोहली की आक्रामकता और रोहित शर्मा की कप्तानी पर सभी की नजरें होंगी। गत चैम्पियन रोहित की मुंबई इंडियंस का सामना पहले मैच में धोनी की चेन्नई सुपर किंग्स से होगा। भारत में कोरोना महामारी के बढ़ते मामलों के कारण टूर्नामेंट यूएई में खेला जा रहा है और मैदान में दर्शक नहीं होंगे। कठिन हालात में सिनेमा और क्रिकेट के लिए तरस रहे दर्शकों के लिए यह आईपीएल खास होगा और खिलाड़ियों के लिए भी। ऐसे में जब सामाजिक दूरी और स्वास्थ्य प्रोटोकॉल दिनचर्या का हिस्सा बन चुके हैं, अगले 53 दिन धोनी की चेन्नई सुपर किंग्स, कोहली की रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर, रोहित की मुंबई इंडियंस, केएल राहुल की किंग्स इलेवन पंजाब और श्रेयस अय्यर की दिल्ली कैपिटल्स समेत आईपीएल टीमों के नाम होंगे। आईपीएल पहले भी विदेश में हुआ है लेकिन इस बार करोड़ों डॉलर का यह क्रिकेटिया तमाशा पहली बार जैविक सुरक्षित माहौल में होगा। इसमें क्रिस गेल और डेविड वार्नर के गगनभेदी छक्कों पर तालियां पीटने वाले नहीं होंगे और ना ही सुपर ओवर में कोई शोर सुनाई देगा। इसके बावजूद कोई शिकायत नहीं क्योंकि कम से कम खेल देखने को तो मिलेगा। कागजों पर आकलन करें तो मुंबई की टीम सबसे मजबूत नजर आ रही है जिसमें रोहित के अलावा हार्दिक और कृणाल पंड्या , कीरोन पोलार्ड और डैथ ओवरों के शहंशाह गेंदबाज जसप्रीत बुमराह हैं। चेन्नई टीम को भले ही बूढ़ों की फौज कहें लेकिन इस टीम ने साबित किया है कि सफलता और प्रतिभा उम्र के मोहताज नहीं होते। शेन वाटसन, ड्वेन ब्रावो, फाफ डु प्लेसी और रविंद्र जडेजा ने अपना सौ प्रतिशत टीम को दिया है और इस बार भी देंगे। कोहली की उपलब्धियों में आईपीएल खिताब की कमी खटकती है जिसे वह पूरा करना चाहेंगे। आरोन फिंच, क्रिस मौरिस और देवदत्त पडीक्कल की मौजूदगी में टीम मजबूत दिख रही है। दिल्ली कैपिटल्स ने पिछले साल लय हासिल की और उनके पास अय्यर जैसा बेहतरीन कप्तान , पृथ्वी साव और ऋषभ पंत जैसे प्रतिभाशाली बल्लेबाज हैं। इसके साथ ही रविचंद्रन अश्विन जैसा

## अगले 53 दिन चलेगी टीमों में जंग





### ●चैम्पियन रोहित की मुंबई इंडियंस का सामना पहले मैच में धोनी की चेन्नई सुपर किंग्स से होगा

अनुभवी गेंदबाज टीम में है। राहुल की पंजाब टीम का अच्छा प्रदर्शन भविष्य में राहुल को भारत की संभावित कप्तानों की जमात में शामिल कर सकता है। यह देखना होगा कि ग्लेन मैक्सवेल, गेल और मोहम्मद शमी जैसे स्टार खिलाड़ियों को वह कैसे संभालते हैं। सनराइजर्स हैदराबाद की कोशिश एक बार फिर फाइनल तक पहुंचने की होगी और उनके कप्तान डेविड वार्नर मैच जिताने के फन में माहिर हैं।उनके पास जॉनी बेयरस्टॉ की आक्रामकता , केन विलियमसन की कूलनेस और राशिद खान की कलाई का जादू है। आईपीएल का कुछ भाग 2014 में यूएई में खेला गया था, तब कोलकाता नाइट राइडर्स ने खिताब जीता था। बेन स्टोक्स अगर दुनिया के सर्वश्रेष्ठ हरफनमौला हैं तो आंद्रे रसेल सबसे आक्रामक बल्लेबाज। उन्होंने पिछले सत्र में 52 छक्के जड़कर यह साबित किया था। अंडर 19 विश्व कप सितारे शुभमन गिल, शिवम मावी और कमलेश नागरकोटी टीम में युवा जोश भरेंगे जबकि इयोन मोर्गन के रूप में अनुभवी कप्तान टीम के पास है। राजस्थान रॉयल्स की उम्मीदों का दारोमदार विदेशी खिलाड़ियों जोस बटलर, स्टीव स्मिथ और जोफ्रा आर्चर पर होगा। स्टोक्स अपने बीमार पिता की देखभाल के लिए न्यूजीलैंड में है और उनका खेलना संदिग्ध है। पहले मैच में मुंबई का पलड़ा भारी लग रहा है। रोहित, क्विंटोन डिकॉक, सूर्य कुमार यादव, ईशान किशन, पंड्या बंधु, कीरोन पोलार्ड बल्लेबाजी को मजबूत देते हैं। ट्रेंट बोल्ट और नाथन कूल्टर नाइल भी टीम में हैं। चेन्नई टीम में इतने सालों में ज्यादा बदलाव नहीं आया है। धोनी के सबसे विश्वस्त सिपहसालार सुरेश रैना इस बार नहीं है। उनकी जगह रितुराज गायकवाड़ भी

### मीडिया को स्टेडियम में जाने की अनुमति नहीं

**दुबई।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार को कहा कि कोविड-19 महामारी को देखते हुए लगाए गए सख्त स्वास्थ्य सुरक्षा प्रोटोकॉल के कारण आईपीएल के 13वें चरण में मीडियाकर्मियों को स्टेडियम में जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। पता चला है कि यह पहला चरण होगा जिसमें फ्रेंचाइजी को मैच से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस कराने की जरूरत नहीं होगी। हालांकि प्रत्येक मैच के बाद वर्चुअल मीडिया कांफ्रेंस कराना अनिवार्य होगा। बीसीसीआई ने कहा, ड्रीम11 इंडियन प्रीमियर लीग 2020 कोविड-19 महामारी के कारण संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में बंद स्टेडियम में आयोजित की जा रही है।

### आईपीएल के रिकार्ड

**अबुधाबी।** शनिवार से शुरू हो रहे आईपीएल से पहले पिछले सत्रों के कुछ आंकड़े इस प्रकार है। **टीम :** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के नाम सबसे बड़े स्कोर बनाने के रिकार्ड है जिसने पुणे वारियर्स के खिलाफ 2013 में पांच विकेट पर 263 और गुजरात लायंस के खिलाफ 2016 में तीन विकेट पर 248 रन बनाए थे। चेन्नई सुपर किंग्स ने 2010 में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पांच विकेट पर 246 रन बनाए थे। आईपीएल में न्यूनतम स्कोर का रिकार्ड भी आरसीबी के नाम है जो 2017 में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 49 रन पर आउट हो गई थी। दूसरे पर रॉयल्स और तीसरे पर दिल्ली डेयरडेविल्स है जो क्रमश: आरसीबी और मुंबई इंडियंस के खिलाफ 2009 और 2017 में 58 और 66 रन पर आउट हो गई थी। दिल्ली के खिलाफ 2017 में मुंबई इंडियंस की मिली 146 रन की जीत रनों के अंतर से सबसे बड़ी जीत है। केकेआर दूसरे नंबर पर है जिसने गुजरात लायंस को 2016 में 144 रन से हराया था। अब तक आठ मैचों का फैसला सुपर ओवर से हुआ है जिसमें से तीन में केकेआर शामिल थी। एक मैच में सर्वाधिक अतिरिक्त रन देने का रिकार्ड केकेआर के नाम है जिसने 2008 में डेक्कन चार्जर्स के खिलाफ 28 रन दिए थे। किंग्स इलेवन पंजाब ने 2011 में आरसीबी के खिलाफ 27 रन फालतू दिए थे।



**बल्लेबाजी रिकार्ड :** आरसीबी के कप्तान विराट कोहली के नाम आईपीएल में सबसे ज्यादा रन है जिन्होंने 12 सत्रों में 5412 रन बनाए है। चेन्नई के सुरेश रैना ने 5368 और मुंबई के कप्तान रोहित शर्मा ने 4898 रन बनाए है। वेस्टइंडीज के क्रिस गेल ने आईपीएल में सबसे ज्यादा 326 छक्के जड़े है जबकि आरसीबी के एबी डिविलियर्स ने 357 और चेन्नई के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने 297 छक्के लगाए है। गेल के नाम आईपीएल में सर्वोच्च स्कोर का रिकार्ड भी है जिन्होंने 2013 में पुणे वारियर्स के खिलाफ 66 गेंद में नाबाद 175 रन बनाए थे जो टूर्नामेंट का सबसे तेज शतक भी है। केकेआर के ब्रेंडन मैकुलम (नाबाद 158) दूसरे और डिविलियर्स (नाबाद 133) तीसरे स्थान पर है। गेल ने आईपीएल में सबसे ज्यादा छह शतक जमाए है जबकि कोहली के नाम पांच और सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान डेविड वार्नर के नाम चार शतक है। किंग्स इलेवन पंजाब के कप्तान केएल राहुल ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 2018 में 14 गेंद में 51 रन बनाए जो आईपीएल का सबसे तेज अर्धशतक है। केकेआर के यूसुफ पठान और सुनील नारायण ने क्रमश: 2014 और 2017 में 15 गेंद में अर्धशतक बनाया था।



**गेंदबाजी रिकार्ड :** मुंबई के लसिथ मलिंगा ने आईपीएल में 122 मैचों में 7.14 की इकॉनामी रेट से 170 विकेट लिए है। दिल्ली के अमित मिश्रा (157) दूसरे और चेन्नई के हरभजन सिंह (150) तीसरे स्थान पर है। मलिंगा और हरभजन इस बार आईपीएल नहीं खेल रहे हैं। मुंबई के अलजारी जोसेफ के नाम सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी का रिकार्ड है जिन्होंने पिछले साल सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 3 . 4 ओवर में 12 रन देकर छह विकेट लिए थे। दिल्ली के अमित मिश्रा ने आईपीएल में 147 मैचो में तीन बार हैट्रिक बनाई है। मुंबई के पूर्व हरफनमौला युवराज सिंह ने दो और चेन्नई के सैम कुरेन ने एक हैट्रिक बनाई है। केकेआर के सुनील नारायण ने छह बार चार विकेट लिए है। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज प्रवीण कुमार ने 119 मैचों में 14 मैडन ओवर डाले।

# धोनी तरोताजा और मानसिक रूप से दृढ : कोच



**भाषा। अबुधाबी**

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने शुक्रवार को कहा कि टीम के करिश्माई कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के लिए एक साल से ज्यादा समय का ब्रेक काफी फायदेमंद रहा जिससे वह तरोताजा होकर तकनीकी रूप से अलग इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की चुनौतियों से निपटने के लिए मानसिक रूप से दृढ़ हैं। शनिवार को सीएसके और रोहित शर्मा की मुंबई इंडियंस के बीच टूर्नामेंट का शुरूआती मुकाबला खेला जाएगा। न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान फ्लेमिंग ने कहा कि उनकी टीम का बड़े मैच जीतने का अनुभव अगले 53 दिन तक काफी काम आएगा। पिछले महीने धोनी ने एक साल से ज्यादा समय के ब्रेक के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया और जब आईपीएल के लिए उनकी तैयारियों के बारे में पूछा गया तो फ्लेमिंग ने कहा, इसमें कुछ भी अलग नहीं हुआ। वह बहुत फिट है और मानसिक रूप से काफी व्यस्त है और दृढ़ है।

### सीएसके के पास स्पिन में विविधता, यूएई की परिस्थितियों में मिलेगा फायदेमंद : ली

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट ली ने शनिवार से शुरू हो रही इंडियन प्रीमियर लीग के 13वें सत्र में तीन बार की चैम्पियन चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) को खिताब का दावेदार करार देते हुए कहा कि स्पिन विभाग में विविधता से टीम को यूएई की परिस्थितियों में फायदा होगा। भारत में कोविड-19 के मामलों के कारण आईपीएल का आयोजन यूएई में हो रहा है। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला गत चैम्पियन मुंबई इंडियन्स और चेन्नई सुपरकिंग्स के बीच खेला जाएगा। ली ने स्टार स्पोर्ट्स के कार्यक्रम गेम प्लान में कहा, वे (सीएसके) काफी मजबूत टीम है। मैने उनकी स्पिन आक्रमण के कारण उनके चैम्पियन बनने का अनुमान लगाया है।

### दिल्ली कैपिटल्स की जर्सी कोरोना वारियर्स को समर्पित

**नई दिल्ली।** आईपीएल टीम दिल्ली कैपिटल्स ने शुक्रवार को कहा कि उसके खिलाफ यूएई मे इंडियन प्रीमियर लीग के दौरान जो जर्सी पहनेंगे उस पर थैंक्यू कोविड वारियर्स लिखा होगा जो कोरोना महामारी के बीच काम पर डटे कोरोना योद्धाओं के जज्बे को उनका सलाम होगा। आईपीएल की शुरूआत शनिवार को चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच पहले मैच से होगी। दिल्ली टीम ने एक बयान में कहा , दिल्ली कैपिटल्स की आधिकारिक मैच जर्सी पर थैंक्यू कोविड वारियर्स लिखा होगा और पूरे सत्र में टीम यही जर्सी पहनेगी।

### समान मौकों और अच्छे जूनियर कार्यक्रम से महिला हॉकी टीम को मदद मिली : रानी

**भाषा। बेंगलुरू**

भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान रानी का मानना है कि पुरूष हॉकी टीम के समान मौके मिलने और बेहतरीन जूनियर कार्यक्रम से महिला टीम के प्रदर्शन में सुधार आया है। भारतीय महिला हॉकी टीम ने पिछले कुछ साल में अच्छा प्रदर्शन किया है जिसमें 2018 एशियाई खेलों में रजत पदक और ओलंपिक क्वालीफिकेशन शामिल है।

### माय टीम–11 ने भारतीय 20 सीजन को लेकर कैम्पेन लांच किया

**नई दिल्ली।** देश के अग्रणी फैंटेसी स्पोर्ट्स प्लेटफार्म्स में से एक माय टीम-11 ने भारतीय-20 सीजन को लेकर इंडिया की अपनी फैंटेसी ऐप नाम से अपना कैम्पेन लॉन्च किया है। इस कैम्पेन का उद्देश्य इंडियन ब्रांड फॉर इंडियन पीपल के संदेश को बढ़ावा देना है।

यह एक होमग्रोन ऐप्लिकेशन पर पसंदीदा फैंटेसी क्रिकेट खेलने पर गर्व करने पर जोर देता है जो यूजर्स को लीग के वास्तविक मैच अनुभव से जोड़ने का वादा करता है। यह कैम्पेन वीडियो के जरिये शुरू किया गया था, जिसमें क्रिकेट विशेषज्ञों को माय टीम-11 ऐप में अपनी टीमों की सिफारिश करते और बनाते देखा जा सकता है। भारतीय -20 सीजन में जो कैम्पेन चलेगा।

## लिन को यूएई में टी10 क्रिकेट के अनुभव का आईपीएल में काम आने की उम्मीद

**भाषा। अबु धाबी**

खराब लय से गुजर रहे ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज क्रिस लिन को उम्मीद है कि शनिवार से शुरु हो रही इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में वह मुंबई इंडियन्स के लिए बेहतर प्रदर्शन करेंगे क्योंकि उन्हें यूएई में टी10 क्रिकेट खेलने का अनुभव है। भारत में कोविड–19 के मामलों के कारण आईपीएल का आयोजन यूएई में हो रहा है।

### आईसीसी के सामने टी20 लीग और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के बीच संतुलन बनाना गंभीर चुनौती : फ्लावर

**नई दिल्ली।** मशूहर कोच एंडी फ्लावर का कहना है कि अगले दशक में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के सामने टी20 लीग और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के बीच वित्तीय रूप से व्यवहारिक संतुलन बनाना एक गंभीर चुनौती होगी। उन्हें यह भी लगता है कि स्टार खिलाड़ियों जैसे विराट कोहली को पांच दिवसीय प्रारूप के बारे में लगातार बात करते रहना होगा।

### आईपीएल में बर्न आउट से बचें इंग्लैंड के क्रिकेटर : कोच सिल्वरवुड

**मैनचेस्टर।** इंग्लैंड के मुख्य कोच क्रिस सिल्वरवुड को यकीन है कि आईपीएल जैसे विश्व स्तरीय टूर्नामेंट से खिलाड़ियों को टी20 विश्व कप की तैयारी में मदद मिलेगी लेकिन उन्हें खिलाड़ियों की थकान और चोटिल होने का डर है। इंग्लैंड के दस क्रिकेटर आईपीएल खेलने यूएई पहुंच गए हैं। इनमें से सात क्रिकेटर हाल ही में आस्ट्रेलिया के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला में इंग्लैंड टीम का हिस्सा थे। सिल्वरवुड ने कहा कि खिलाड़ियों को बर्न आउट से बचने के लिए एहतियात बरतनी होगी क्योंकि अगले सात सप्ताह वे बायो बबल में रहेंगे।

### हरिकृष्णा पांचवें स्थान पर , वेसली सो को बढ़त

**भाषा। चेन्नई**



भारतीय ग्रैंडमास्टर पी हरिकृष्णा ने सेंट लुईस रैपिड और ब्लिट्ज आनलाइन शतरंज टूर्नामेंट में संयुक्त पांचवां स्थान बरकरार रखा है जबकि अमेरिका के वेसली सो शीर्ष पर पहुंच गए हैं। रैपिड वर्ग के आखिरी तीन दौर में हरिकृष्णा ने अमेरिका के जैफरी शियोंग को 66 चालों में हराकर अच्छी शुरूआत की। अमेरिका के ही हिकारू नकामूरा से ड्रा खेलने के बाद वह सो से 69 चालों में हार गए। वहीं दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को रूस के अलेक्जेंडर ग्रिसचुक ने 46 चालों में हराया। सो अब 13 अंक लेकर शीर्ष पर हैं जबकि कार्लसन उनसे एक अंक पीछे हैं।रूस के इयान नेपोनियाश्चि और ग्रिसचुक के दस दस अंक हैं। हरिकृष्णा, लेवोन आरोनियन और नकामूरा पांचवें स्थान पर हैं।

### न्यायालय ने सार्वजनिक सेवाओं के लिए 31 मार्च तक खरीदे गए बीएस–4 वाहनों के पंजीकरण की अनुमति दी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि दिल्ली में नगर निगम की जरूरी सार्वजनिक सेवाओं के लिए इस साल 31 मार्च को अथवा उससे पहले खरीदे गए बीएस–4 वाहनों का पंजीकरण होना चाहिए। शीर्ष अदालत ने अक्टूबर 2018 में कहा था कि एक अप्रैल 2020 से देश में किसी भी बीएस–4 उत्सर्जन मानक वाले वाहन की बिक्री और पंजीकरण नहीं होगा। वर्ष 2016 में केंद्र सरकार ने बीएस–5 उत्सर्जन मानक को दरकिनार करते हुए 2020 से सीधे बीएस–6 उत्सर्जन मानक को अपनाने की घोषणा की। बीएस (भारत स्टेज) मानकों को वाहनों के लिए यूरोप में बनाए गए उत्सर्जन मानकों के आधार पर तैयार किया गया है। यह किसी वाहन से निकलने वाले प्रदूषण को विनियमित करने की व्यवस्था है। प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति एस. ए. बोबड़े की अध्यक्षता वाली पीठ अनिवार्य सार्वजनिक सेवाओं के लिए उपयोग में लाए जाने वाले तीन प्रकार के वाहनों सीएनजी, बीएस–4 और बीएस–6 के पंजीकरण संबंधी याचिका की सुनवाई कर रही थी।

### भारी बरसात से देश के कुछ हिस्सों में धान, दलहन, तिलहन, सब्जियां की फसल प्रभावित : सरकार

**नई दिल्ली।** देश के कुछ हिस्सों में भारी बारिश के कारण धान, दलहन, तिलहन, मसाले, फलों और सब्जियों सहित विभिन्न खड़ी फसलों को प्रभावित किया है। शुक्रवार को यह जानकारी संसद को दी गई। कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने राज्यसभा को एक लिखित जवाब में कहा, देश के कुछ हिस्सों में भारी बारिश जैसी घटनाएं हुई हैं, जिससे खड़ी फसलों को नुकसान हुआ है। तोमर ने राज्यवार स्तर पर, भारी बारिश के कारण प्रभावित फसलों का ब्यौरा भी साझा किया जो राज्य सरकारों द्वारा दी गई सूचना पर आधारित है। आंध्र प्रदेश में 52,551.99 हेक्टेयर क्षेत्र पर फसल प्रभावित हुई। प्रभावित फसलों में केला, सब्जियाँ, सुपारी, प्याज, पपीता, फूल, रतालू, मिर्च और टमाटर शामिल हैं। असम में।,90,176.73 हेक्टेयर क्षेत्र में खड़ी फसलें प्रभावित होने की सूचना है। यहां चावल, मक्का, जूट, दालें और सब्जियों की फसल प्रभावित हुई हैं। बिहार में 9,22,038.82 हेक्टेयर में धान, मक्का, फल और सब्जियों की फसलें प्रभावित हुई।

### भारत–अमेरिका के बीच रणनीतिक ऊर्जा साझेदारी की जड़ें हुई मजबूत: राजदूत संधू

**वाशिंगटन।** अमेरिका में भारत के राजदूत तरनजीत सिंह संधू ने कहा है कि दोनों देशों के बीच रणनीतिक ऊर्जा साझेदारी ने बहुत कम समय में गहरी जड़ें जमा ली हैं और इस सहयोग से दोनों देशों में अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने की प्रक्रिया तेज हो सकती है। भारत के 1.3 अरब लोगों की विकास संबंधी आकांक्षाओं को पूरा करने में अमेरिका एक महत्वपूर्ण साझेदार है और मानवीय प्रयासों का ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है, जहां भारत और अमेरिका के बीच आपसी सहयोग नहीं है। संधू ने अमेरिकी ऊर्जा विभाग द्वारा आयोजित 2020 के प्राकृतिक गैस शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए गुरुवार को कहा कि आपसी संबंधों के लिहाज से कुछ क्षेत्र हाल के वर्षों में महत्वपूर्ण बनकर उभरे हैं और ऊर्जा ऐसा ही क्षेत्र है। शिखर सम्मेलन को अमेरिकी ऊर्जा मंत्री डैन ब्रोइलेट और व्हाइट हाउस की राष्ट्रीय आर्थिक परिषद की निदेशक लैरी कुडलो ने भी संबोधित किया।

# अंतिम समय में बिकवाली से सेंसेक्स ने खोई शुरुआती तेजी

### ●बैंकिंग, वित्तीय शेयरों पर रहा दबाव

**भाषा। मुंबई**

वैश्विक बाजारों से मिले जुले संकेतों के बीच बैंक, वित्तीय व उपभोक्ता उत्पाद कंपनियों के शेयरों में गिरावट से शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स मजबूती के साथ खुला लेकिन आखिरी घंटे में हुई बिकवाली से यह 134 अंक गिरकर बंद हुआ। बंबई शेयर बाजार (बीएसई) का कारोबार की समाप्ति पर 134.03 अंक यानी 0.34 प्रतिशत गिरकर 38,845.82 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह एनएसई का निफ्टी भी 11.15 अंक यानी 0.10 प्रतिशत फिसलकर 11,504.95 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में एचडीएफसी बैंक में सर्वाधिक 2.39 प्रतिशत की गिरावट रही। इसके अलावा कोटक बैंक, बजाज फिनसर्व, मारुति सुजुकी, टाइटन, भारतीय स्टेट बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एचडीएफसी और टाटा स्टील में भी गिरावट रही। इनके इतर भारती एयरटेल का शेयर सर्वाधिक 3.73 प्रतिशत तक तेजी में रहा। इसके अलावा महिंद्रा एंड महिंद्रा, एनटीपीसी, टेक महिंद्रा, सन फार्मा, पावरग्रिड और ओएनजीसी के शेयरों में 2.72 प्रतिशत तक की तेजी रही। इस पूरे सप्ताह के दौरान सेंसेक्स 8.73 अंक यानी 0.02 प्रतिशत नीचे रहा जबकि निफ्टी 40.50 अंक यानी 0.35 प्रतिशत बढ़त में रहा। जिओजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, भारतीय बेंचमार्क सूचकांक दिन के अधिकांश समय के दौरान बढ़त में रहने के बाद कारोबार के अंतिम समय लुढ़क गए। अमेरिकी फेड रिजर्व द्वारा तत्काल प्रोत्साहन उपाय लाने में असफल रहने और कुछ देशों में वायरस के संक्रमण के पुन: उभरने के कारण वैश्विक संकेत ज्यादातर मिश्रित रहे। साप्ताहिक आधार पर घरेलू सूचकांक लगभग स्थिर रहे। बीएसई के समूहों में वित्त, बैंक, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, एफएमसीजी, पूंजीगत वस्तुएं और धातु सूचकांक में 1.16 प्रतिशत तक की गिरावट रही। दूसरी ओर स्वास्थ्य सेवा, दूरसंचार, रियल्टी, यूटिलिटी, बिजली और वाहन कंपनियों के समूह सूचकांकों में 3.50 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई। बीएसई का मिडकैप 0.26 फीसदी चढ़ा जबकि स्मॉल कैप 0.32 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ। कारोबारियों के अनुसार, वित्तीय कंपनियों के शेयरों में गिरावट तथा विदेशी निवेशकों की बिकवाली से शुरुआत सकारात्मक होने के बावजूद घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट रही। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने बृहस्पतिवार को 249.82 करोड़ रुपए की शुद्ध बिकवाली की।इस बीच चीन का शंघाई कंपोजिट, दक्षिण कोरिया का कोस्पी और जापान का निक्की बढ़त के साथ बंद हुआ। यूरोपीय बाजार शुरुआती कारोबार में गिरावट में चल रहे थे। कच्चा तेल का वैश्विक बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 0.39 प्रतिशत बढ़कर 43.47 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। वहीं, विदेशी मुद्रा बाजार में, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 21 पैसे मजबूत होकर 73.45 पर बंद हुआ।







### आईटीएटी ने अप्रैल–अगस्त के बीच 5,392 मामलों का निपटारा किया

**नई दिल्ली।** आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण (आईटीएटी) ने अप्रैल से अगस्त 2020 अवधि के दौरान 5,000 से अधिक कर मामलों का निपटारा किया। बृहस्पतिवार को जारी एक आधिकारी विज्ञप्ति मे यह जानकारी दी गई। इसमे कहा गया, इस अवधि के दौरान जब धीरे धीरे लॉकडाउन को उठाने की शुरुआत हो रही थी तब अप्रैल से 31 अगस्त 2020 तक 5,392 मामलों का निपटारा किया गया जबकि इस दौरान 3,078 मामले दर्ज किए गए।

### दिवाना कानून के तहत जून तक 250 दबाव वाली कंपनियों को बचाया गया: साहू

**नई दिल्ली।** भारतीय दिवाला एवं रिण शोधन अक्षमता बोर्ड के चेयरपर्सन एम. एस. साहू ने बृहस्पतिवार को कहा कि दिवाला कानून के तहत समाधान योजना के जरिए जून 2020 तक करीब 250 कर्ज बोझ तले दबी कंपनियों को बचाया गया। इस कानून का मूल उद्देश्य ही कंपनियो को जिंदा रखना है। दिवाला और ऋणशोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) को लागू हुए चार वर्ष हो चुके है। यह कानून दबाव वाली परिसंपत्तियो के समयबद्ध और बाजार से जुड़े समाधान की सुविधा देता है।

### टिकटॉक के बारे में फैसला लेने पर काम जारी: ट्रंप

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उन्होंने चीन की वीडियो शेयर करने वाली सोशल नेटवर्किंग सेवा टिकटॉक के बारे में फैसला करने के लिए वालमार्ट और ओरेक्ल के दल के साथ बातचीत की है। पिछले महीने ट्रंप ने टिकटॉक और वीचैट पर प्रतिबंध लगाने के लिए एक कार्यकारी आदेश पर दस्तखत किए थे, जिसके तहत यदि दोनो चीनी कंपनियां अपना स्वामित्व किसी अमेरिकी कंपनी को देकर प्रतिबंध से बच सकती है।

### नीति उल्लंघन को लेकर कुछ समय के लिए हटाए जाने के बाद गूगल प्ले स्टोर पर लौटा पेटीएम ऐप

**नई दिल्ली।** गूगल ने खेलों में सट्टेबाजी संबंधी गतिविधियों पर अपनी नीति के उल्लंघन को लेकर शुक्रवार को पेटीएम के ऐप को कुछ घंटे के लिए प्ले स्टोर से हटा दिया था लेकिन बाद में उसे बहाल कर दिया गया। पेटीएम द्वारा ऐप पर हाल ही में पेश एक गेम से कैशबैक का विकल्प हटाने के बाद शुक्रवार की शाम को पुन: प्ले स्टोर पर बहाल कर दिया गया। पेटीएम ने एक ट्वीट में कहा, अपडेट: और हम वापस आ गए। गूगल ने वॉलेट एवं पेमेंट बैंक सेवाएं देने वाली कंपनी पेटीएम के ऐप को शुक्रवार की सुबह अपने प्ले स्टोर से हटा दिया था। हालांकि, जो उपयोक्ता पहले से ऐप को लिए हुए थे, उन्हें ऐप का इस्तेमाल करने में कोई असुविधा नहीं हुई। गूगल ने सुबह एक ई–मेल के माध्यम से कहा था, ऐप को प्ले स्टोर नीतियों के उल्लंघन के चलते रोका गया है– हमारी नीति के संबंध में आईपीएल टूर्नामेंट से पहले आज एक स्पष्टीकरण जारी किया गया है। गूगल ने यह भी कहा कि इस कदम से केवल प्ले स्टोर पर ऐप की उपलब्धता प्रभावित होगी और इसके उपयोक्ताओं पर कोई असर नहीं होगा।

## रुपया 21 पैसे की बढ़त के साथ सप्ताह भर के उच्च स्तर पर बंद

**भाषा। मुंबई**

वैश्विक बाजारों में डॉलर के कमजोर रुख के बीच शुक्रवार को रुपया डॉलर के मुकाबले 21 पैसे मजबूत होकर 73.45 पर बंद हुआ। यह इसका सप्ताह भर से अधिक समय का उच्च स्तर है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार पर डॉलर के मुकाबले रुपया बढ़त के रुख के साथ 73.47 पर खुला। कारोबार के अंत में यह 73.45 पर बंद हुआ जो पिछले बंद




भाव के मुकाबले 21 पैसे की मजबूती दर्शाता है। दिन में कारोबार के दौरान इसने 73.15 रुपए प्रति डॉलर के उच्च स्तर और 73.55 रुपए प्रति डॉलर के निचले स्तर को छुआ। बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 14 पैसे की गिरावट के साथ 73.66 पर बंद हुआ था। साप्ताहिक आधार पर डॉलर के मुकाबले रुपए में आठ पैसे का सुधार रहा। एचडीएफसी सिक्युरिटीज के खुदरा अनुसंधान उप–प्रमुख देवर्ष वकील ने कहा कि रुपए में बढ़त की अहम वजह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर डॉलर का टूटना है।

पायनियर
लखनऊ, शनिवार, 19 सितंबर, 2020



### एफबीआई निदेशक ने कहा

# ‘एंटीफा विचारधारा है, कोई संगठन नहीं’

● ट्रंप और रे के रिश्तों में दरार के संकेत

एपी। वाशिंगटन




**अमेरिका** की संघीय जांच एजेंसी (एफबीआई) के निदेशक क्रिस रे ने बृहस्पतिवार को सांसदों को बताया कि एंटीफा एक विचारधारा है, कोई संगठन नहीं। उनके इस बयान से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ रिश्ते और खराब होने की आशंका है जिन्होंने कहा था कि वह इसे आतंकवादी समूह करार देंगे।

कांग्रेस में सुनवाई के कुछ घंटे बाद ट्रम्प ने एफबीआई निदेशक को एंटीफा और चुनाव में रूसी हस्तक्षेप पर दिए गए उनके बयान के लिए ट्विटर के सहारे आड़े हाथों लिया। बता दें कि अमेरिकी सुरक्षा को खतरे को लेकर कांग्रेस में हुई सुनवाई में दोनों मुद्दे प्रमुख रहे।

एंटीफा का संदर्भ देते हुए राष्ट्रपति ने लिखा, मैं उन्हें भलीभांति वित्तपोषित अराजक तत्वों और ठगों का गुट मानता हूं जो इसलिए सुरक्षित हैं क्योंकि कॉमीम्यूलर से प्रेरित एफबीआई यह पता लगाने में अक्षम है या अनिच्छुक है कि वित्तपोषण कहां से हो रहा है और वह उन्हें हत्या करने के बावजूद बचने दे रही है।

उल्लेखनीय है कि क्रिस रे तीन साल तक बचते रहने की कोशिशों के बाद अंततः सुर्खियों में आ गए। इससे पहले उनके पूर्ववर्ती जेम्स कॉमी भी राजनीति में फंस गए थे और अंततः उन्हें हटा दिया गया था।

रे ने बृहस्पतिवार को कहा था कि एफबीआई ने ट्रम्प के अभियान और रूस के बीच संबंधों की जांच में अस्वीकार्य गलती की थीं। वहीं, ट्रम्प कई बार समस्याओं का समाधान करने की गति को लेकर रे पर निशाना साध चुके हैं और रूसी जांच को लेकर अपने इस खुफिया समूह को संदेह के साथ देखते रहे हैं।

रे ने बृहस्पतिवार को इसका विरोध नहीं किया कि एंटीफा कार्यकर्ता गंभीर चिंता का विषय है। हालांकि उन्होंने कहा कि एफबीआई की जांच से जो संकेत मिले हैं उससे हम उन्हें हिंसक और अराजकतावादी कट्टरपंथी के तौर पर उल्लेख कर सकते हैं, लेकिन यह समूह या संगठन नहीं है। यह एक आंदोलन या विचारधारा है।

गौरतलब है कि फासीवादी विरोधियों (एंटी-फासिस्ट) को संक्षेप में एंटीफा कहते हैं। घोर वामपंथी समूहों के लिए भी इस शब्द का इस्तेमाल किया जाता है। ट्रम्प मानते हैं कि जून में काले अमेरिकी नागरिक जॉर्ज फ्लॉयड की मौत के बाद हिंसा के लिए एंटीफा ही जिम्मेदार हैं।


बगदाद में फ्रांस दूतावास के बाहर प्रदर्शनकारियों की घेराबंदी में तैनात सुरक्षा बल

# संरा में भारत के राजदूत टीएस तिरुमूर्ति ने महासभा अध्यक्ष से मुलाकात की

● कोरोना महामारी के बीच 15 सितंबर से शुरू हुआ संयुक्त राष्ट्र का 75वां सत्र

●75 साल के इतिहास में पहली बार डिजिटल माध्यम से सत्र में भाग लेंगे दुनिया भर के नेता

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त** राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि एवं राजदूत टीएस तिरुमूर्ति ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 75वें सत्र के अध्यक्ष वोलकल बोज़किर से मुलाकात की। इस दौरान दोनों राजनयिकों ने मौजूदा संयुक्त राष्ट्र महासभा के एजेंडे के मुद्दों पर चर्चा की।

तिरुमूर्ति ने ट्वीट संयुक्त राष्ट्र महासभा के नए अध्यक्ष महामहिम राजदूत वोलकन बोजकिर से मुलाकात करना मेरा सौभाग्य है जो संयुक्त राष्ट्र के बहुत ही अहम समय में महासभा के मार्गदर्शन की जिम्मेदारी ले रहे हैं। बोजकिर ने ट्वीट किया, तिरुमूर्ति ने बृहस्पतिवार को मुझसे मुलाकात की और हमने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 75वें सत्र के एजेंडे के मुद्दों पर चर्चा की।

गौरतलब है कि कोविड-19 महामारी के बीच संयुक्त राष्ट्र महासभा का 75वां सत्र 15 सितंबर को शुरू हुआ। संयुक्त राष्ट्र के 75 साल के इतिहास में पहली बार विश्व नेता डिजिटल माध्यम से इस वार्षिक उच्च स्तरीय सत्र में मिलेंगे और मानवता के समक्ष मौजूद कुछ गंभीर खतरों पर चर्चा करेंगे जिनमें कोविड-19 महामारी और जलवायु संकट की वजह से सामाजिक-आर्थिक असर भी शामिल है।

उल्लेखनीय है कि बोजकिर तुर्की के वयोवृद्ध राजनयिक हैं और उन्होंने अपने पूर्ववर्ती नाइजीरिया के तज्जानी मुहम्मद बांदे से संयुक्त राष्ट्र महासभा के 75वें सत्र की अध्यक्षत की जिम्मेदारी ली है। उनका कार्यकाल सितंबर 2021 में समाप्त होगा।

# भारत-चीन सीमा विवाद को लेकर अमेरिका चिंतित

● भारतीय मूल के अमेरिकी कांग्रेस सदस्य ने की अपील, चीन उकसावे की कार्रवाई करे बंद, निकाले कूटनीतिक समाधान

भाषा। वाशिंगटन

**भारतीय** मूल के एक अमेरिकी कांग्रेस सदस्य ने चीन से अपील की है कि वह भारत के प्रति अपने सैन्य उकसावों को बंद करे और लद्दाख में सीमा पर गतिरोध को लेकर बने तनाव का कूटनीतिक समाधान निकाले।

राजा कृष्णमूर्ति ने खुफिया विषयों पर हाउस परमर्नेंट सेलेक्ट कमेटी द्वारा एक वर्गीकृत ब्रीफिंग के बाद यह कहा, जिसमें वह पहले और एकमात्र भारतीय-अमेरिकी सदस्य हैं। इस मुद्दे पर समिति की बैठक पहली बार हुई थी।

उन्होंने कहा, मैं इस मुद्दे को लेकर बहुत चिंतित हूं। इसलिए मैं एक द्विदलीय प्रस्ताव लाया जिसे सदन ने मंजूरी दी। इसमें चीन से कहा गया है कि वह भारत के प्रति अपने सैन्य उकसावे बंद करे और कूटनीति समाधान पर ध्यान दे।

कृष्णमूर्ति ने कहा, मैं इस विवाद पर करीबी नजर बनाए रखूंगा जब तक कि इसका पूर्ण समाधान नहीं निकल आता।इससे पहले बृहस्पतिवार को अमेरिकी राष्ट्रपति की उप सहायक लीजा कर्टिस ने शीर्ष अमेरिकी थिंक टैंक से कहा था कि चीन की आक्रामकता के प्रति भारत का रवैया सख्त लेकिन जिम्मेदारी से भरा है।

# ट्रंप कोरोना वायरस से निपटने में असफल: ओलिविया ट्रोए

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका** के उपराष्ट्रपति माइक पेंस की पूर्व सलाहकार और व्हाइट हाउस में कोरोना वायरस कार्यबल में जिम्मेदारी निभा चुकी ओलिविया ट्रोए ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार कहा था कि कोविड-19 कुछ मामलों में अच्छा है क्योंकि यह घिनौने लोगों से उन्हें हाथ मिलाने से रोकता है।

उल्लेखनीय है कि ट्रोए ट्रम्प प्रशासन की हालिया सदस्य हैं जो राष्ट्रपति के खिलाफ सामने आई हैं और उन्होंने मतदाताओं से उन्हें (ट्रम्प को) दूसरा कार्यकाल नहीं देने की अपील की है। ट्रम्प ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह ट्रोए को नहीं जानते हैं जो पेंस की आंतरिक सुरक्षा सलाहकार रह चुकी हैं।

ट्रम्प के खिलाफ रिपब्लिकन मतदाताओं के समूह ने बृहस्पतिवार को वीडियो को जारी किया जिसमें ट्रोए ने कहा कि ट्रम्प के साथ काम करना भयानक था। उन्होंने कहा कि ट्रम्प दोबारा निर्वाचित होने को लेकर अधिक चिंतित हैं बजाय देश की कोरोना वायरस से रक्षा करने के।

ट्रोए ने कहा, सच्चाई यह है कि वह किसी की फिक्र नहीं करते, सिवाय खुद के। उन्होंने जोर देकर कहा, अगर राष्ट्रपति ने कोरोना वायरस को गंभीरता से लिया होता या अगर वह वास्तव में यह बताने की कोशिश करते कि वे कितने गंभीर हैं, तो वह संक्रमण की दर को कम कर सकते थे, वह कई जिंदगियों को बचा सकते थे।

गौरतलब है कि चुनाव प्रचार करने विस्कोंसिन जा रहे ट्रम्प ने पत्रकारों से कहा, उन्होंने (ट्रोए) उपराष्ट्रपति के साथ काम किया है। वह निम्न श्रेणी की व्यक्ति के तौर पर कार्यबल में थीं। मुझे नहीं पता कि वह कौन हैं।

उन्होंने कहा, जहां तक मेरी जानकारी है मैंने कभी उनसे मुलाकात नहीं की। वह शायद कमरे में थीं। मुझे नहीं पता वह कौन है। वह मुझे नहीं जानती हैं। वह महज अन्य व्यक्तियों की तरह वहां थी। सीएनएन हो या वाशिंगटन पोस्ट वे हमेशा नकारात्मक बाते ही कहेंगे।

इस बीच, पूरी जिंदगी रिपब्लिकन रहीं ट्रोए ने कहा कि उनकी योजना नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में ट्रम्प के डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी जो बाइडेन के पक्ष में मतदान करने की है। इस बीच, व्हाइट हाउस की प्रवक्ता जूड डीर ने ट्रोए के दावे का खंडन किया है और उसे पूरी तरह झूठ करार दिया है।



दक्षिणी इराक में अमेरिकन इंस्टीट्यूट फॉर इंग्लिश लर्निंग पर एक आईईडी हमला हुआ जिसमें कोई हताहत नहीं हुआ लेकिन इमारत को भारी क्षति पहुंची

# कोविड-19 संक्रमण का पता लगाने के लिए ज्यादा कारगर रैपिड जांच विकसित

भाषा। बोस्टन

**शोधकर्ताओं** ने कोरोना वायरस संक्रमण का पता लगाने के लिए एक नई रैपिड जांच पद्धति विकसित की है। इस तरीके से एक घंटे से भी कम समय में संक्रमण का पता लगाया जा सकता है और इसके लिए बहुत कम उपकरण की जरूरत होगी।



शोधकर्ताओं ने कहा कि स्टॉप कोविड नामक नई जांच पद्धति काफी सस्ती होगी जिससे कि लोग हर दिन जांच करा सकेंगे। अनुसंधान करने वाली टीम में मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) के वैज्ञानिक भी थे।

न्यू इंग्लैंड जर्नल ऑफ मेडिसीन में प्रकाशित अध्ययन में अनुसंधानकर्ताओं ने कहा है कि नई जांच विधि 93 प्रतिशत संक्रमित मामलों का पता लगा सकती है। पारंपरिक जांच पद्धति में भी यही दर है। अध्ययन के सह लेखक और एमआईटी के वैज्ञानिक उमर अबुदैया ने बताया, हमें रैपिड जांच को मौजूदा स्थिति का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाना होगा ताकि लोग हर दिन खुद ही जांच करा लें। इससे महामारी की रफ्तार को घटाने में मदद मिलेगी।

अनुसंधानकर्ताओं ने उम्मीद जताई कि जांच किट को आगे इस तरह तैयार कर लिया जाएगा कि इसका कार्यालय, अस्पताल, स्कूल, घर कहीं पर भी इस्तेमाल हो सकेगा।अनुसंधानकर्ताओं के मुताबिक स्टॉप कोविड जांच के नए संस्करण में किसी मरीज के नमूने में वायरस की आनुवंशिक सामग्री के साथ मैग्नेटिक बीड्स के जरिए संक्रमण का पता लगाया जाएगा।

अनुसंधानकर्ताओं के मुताबिक इस तरीके से जांच की संवेदनशीलता बढ़ जाती है। मानक जांच पीसीआर पद्धति में भी यही तरीका अपनाया जाता है।अध्ययन के एक और सह लेखक जोनाथन गुटेनबर्ग ने कहा, बीड्स पर वायरल जीनोम लेने के बाद हमने पाया कि जांच की संवेदनशीलता काफी बढ़ जाती है। अनुसंधानकर्ताओं ने स्टॉप कोविड पद्धति से मरीजों के 402 नमूने की जांच की। जांच में इसने 93 प्रतिशत संक्रमित मरीजों का पता लगाया।

## इजराइल में फिर से लागू हुआ लॉकडाउन

**यरुशलम**। इजराइल में कोरोना वायरस प्रसार को रोकने के लिए शुक्रवार से एक पूर्ण लॉकडाउन लागू हो जाएगा। इजराइल में पिछले कुछ महीनों में कोरोना वायरस को लेकर स्थिति लगातार खराब हुई है। तीन सप्ताह तक लागू होने वाला लॉकडाउन अपराह्न दो बजे लागू होगा। इसके तहत कई व्यापार बंद होंगे, लोगों के एक जगह जमा होने पर सीमा लागू होगी तथा कुल मिलाकर लोगों को उनके घरों के एक किलोमीटर के दायरे में सीमित किया जाएगा। यह लॉकडाउन यहूदी नववर्ष की छुट्टियां से टकरा रहा है। इस दौरान लोग आमतौर पर अपने परिवार के सदस्यों से मिलने जाते हैं या इबादत के लिए एकत्रित होते हैं।प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतान्याहू ने बृहस्पतिवार को अपने संबोधन में चेतावनी दी थी कि निजी अस्पतालों में लोगों की भीड़ बढ़ने से रोकने के लिए और सख्त नियम लागू करने की जरूरत पड़ सकती है।

# पाक ने लंदन स्थित उच्चायोग को भेजा शरीफ की गिरफ्तारी का वारंट

● नवाज शरीफ इन दिनों चिकित्सा के लिए ब्रिटेन में हैं

●लाहौर हाईकोर्ट से चार हफ्ते के लिए मिली इलाज की अनुमति के बाद से ही वहां पर है पूर्व पाक पीएम

भाषा। इस्लामाबाद



**पाकिस्तान** की सरकार ने लंदन स्थित अपने उच्चायोग के माध्यम से अपदस्थ प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को गिरफ्तारी का वारंट भेजा है। मीडिया में शुक्रवार को आई एक खबर में यह जानकारी दी गई। शरीफ, चिकित्सा के लिए ब्रिटेन में रह रहे हैं।

लाहौर उच्च न्यायालय से इलाज के लिए चार सप्ताह के लिए विदेश जाने की अनुमति मिलने के बाद पिछले साल नवंबर से शरीफ (70) लंदन में हैं। उनकी बेटी मरियम और दामाद मुहम्मद सफदर को एवेनफील्ड संपत्ति के मामले में छह जुलाई 2018 को दोषी पाया गया था।

शरीफ को अल-अजीजिया स्टील मिल्स मामले में दिसंबर 2018 में दोषी पाए जाने पर सात साल की जेल की सजा हुई थी। उन्हें दोनों मामलों में जमानत मिल गई थी और लंदन जाने की अनुमति भी दे दी गई थी। शरीफ के वकील के मुताबिक उन्हें पाकिस्तान लौटने के लिए आठ सप्ताह का समय दिया गया था, लेकिन स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण वह नहीं आ पाए। डॉन अखबार के अनुसार लंदन स्थित पाकिस्तान उच्चायोग को शरीफ की गिरफ्तारी का वारंट प्राप्त हुआ है। खबर के मुताबिक दस्तावेज बृहस्पतिवार को मिल गए थे लेकिन उच्चायोग ने इस पर कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं दी थी। खबर के अनुसार, सूत्रों ने अखबार को बताया कि उच्चायोग को शरीफ को गिरफ्तार करने संबंधी दस्तावेज प्राप्त हुए हैं। सूत्रों ने कहा कि सभी कानूनी औपचारिकताओं और प्रक्रिया का पालन किया जाएगा। ब्रिटेन जाने की अनुमति मिलने से पहले शरीफ लाहौर की कोट लखपत जेल में सात साल की जेल की सजा काट रहे थे।

## अफगानिस्तान की महिलाएं निशाने पर

**काबुल**। अफगानिस्तान में अमेरिकी दूतावास ने आगाह किया है कि कट्टरपंथी संगठन विभिन्न लक्ष्यों, विशेषकर महिलाओं को निशाना बनाने की योजना बना रहे हैं। दूतावास की ओर से बृहस्पतिवार को जारी की गई इस चेतावनी में किसी संगठन का नाम नहीं लिया गया। यह चेतावनी ऐसे समय में जारी की गई है जब तालिबान और अफगाान सरकार द्वारा नियुक्त वार्ताकार पहली बार एक साथ बैठ कर दशकों के अनवरत युद्ध का कोई शांतिपूर्ण अंत खोजने की कोशिश कर रहे हैं। तालिबान के प्रवक्ता ज़बीउल्ला मुजाहिद ने कहा, तालिबान का इस तरह के हमले करने का कोई इरादा नहीं है। वहीं दूतावास की ओर से जारी चेतावनी के अनुसार, कट्टरपंथी संगठन लगातार अफगानिस्तान में कई लोगों को निशाना बनाने की योजना बना रहे हैं। शिक्षकों, मानवाधिकार कार्यकर्ताओं, कार्यालय कर्मचारियों और सरकारी कर्मचारियों सहित महिलाओं और असैन्य श्रमिकों पर बड़ा खतरा है। दूतावास ने इस पर कोई विशिष्ट जानकारी नहीं दी।



सेंट्रल विस्कॉन्सिन एयरपोर्ट पर रैली से लौटने के बाद मीडिया से वार्ता करते अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प



## घरेलू, यौन हिंसा पर राष्ट्रमंडल में रखे शबाना ने अपने विचार

**राष्ट्रमंडलीय** सचिवालय ने कोविड-19 महामारी के दौरान घरेलू तथा यौन हिंसा के बढ़ते प्रकरणों को देखते हुए एक अभियान चलाया है।

अभिनेत्री शबाना आज़मी जो इस अभियान का समर्थन कर रही हैं का कहना है, 'इस महामारी के दौरान महिलाओं के विरुद्ध हिंसा स्वयं ही एक महामारी है जो परिवारों, समुदायों, तथा अर्थव्यवस्थाओं को नष्ट कर देती है। इस दिषा में हमारे समाज ने कभी पर्याप्त प्रयास नहीं किये। लोगों ने इसे निजी घटना बताया और पल्ला झाड़ लिया। ये भी कहा जाता रहा है कि महिला ने कुछ तो ऐसा किया होगा जो उसके साथ ऐसा हुआ। मेरा नाम शबाना आज़मी है। मैं भारत की एक सिनेमा और थियेटर अभिनेत्री हूं। मेरा कहना है कि अब और नहीं! अब किसी पर आरोप लगाना बंद करना चाहिये। अब किसी बहाने की संभावना समाप्त हो चुकी है। मेरे साथ आज आप भी संकल्प लीजिये कि 'राष्ट्रमंडल कहता है कि अब और नहीं!



## दर्शकों की प्रतिक्रिया से कविता सेठ हुईं भावुक



**अभिनेत्री** कविता सेठ का कहना है कि 'मुझे आज भी स्मरण है कि फिल्म 'वेकअप सिड' का ये पहला दिन था। मैं एक थियेटर में इसे देखने गई थी और फिल्म देखते हुए दर्षकों की प्रतिक्रिया देखकर सुखद आष्चर्य हुआ। लोग तो इसका गाना 'इकतारा लगभग गा ही रहे थे। मैं ये देखकर भावुक हो गई और मेरी आंखों से आंसू ढुलकने लगे। मुझे अनुमान भी नहीं था कि इकतारा गाना इतना हिट हो जाएगा।'

## अभिनेता सूर्या की टिप्पणी को लेकर अवमानना कार्यवाही से इनकार



**चेन्नई।** मद्रास उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय पात्रता व प्रवेश परीक्षा (नीट) के आलोक में न्यायपालिका के खिलाफ अभिनेता सूर्या की टिप्पणी को लेकर उन पर आपराधिक अवमानना कार्यवाही शुरू करने से शुक्रवार को इनकार कर दिया। मुख्य न्यायाधीश ए पी साही और न्यायमूर्ति जे सेंथिलकुमार राममूर्ति की पीठ ने महाधिवक्ता विजय नारायण के विचारों से सहमति जताते हुए अभिनेता के खिलाफ अवमानना कार्यवाही शुरू करने की अनुमति देने से शुक्रवार को इनकार कर दिया। पीठ ने कहा, इसलिए, यह विषय हमारे न्यायिक विवेक से आगे बढ़ाए जाने योग्य नहीं है और हम महाधिवक्ता द्वारा प्रकट किए गए विचार से सहमत हैं।

## एलेन डी जेनेरेस देंगी आरोपों पर स्पष्टीकरण



**कॉमेडियन** तथा होस्ट एलेन डी जेनेरेस जल्दी ही अपने चैट शो के नए संस्करण के साथ वापसी करने की तैयारी कर रही हैं, इसके साथ ही वो उन पर लगे विषैले कार्यस्थल संबंधी आरोपों का भी उत्तर देंगी। नस्लीय असंवेदनशीलता तथा यौन दुर्व्यवहार के भीतरी आरोपों के बीच अपने तीन निर्माताओं को निकालने के बाद अब उनका शो 'द एलेने डिजेनेरेस शो' का 18वां संस्करण इसी 21 सितंबर को प्रीमियर होगा।'

आरोपों के संदर्भ में डिजेनेरेस ने कहा, 'मैं काम पर वापसी करते हुए अपने स्टूडियो जाने के लिए व्यग्र हूं और हां हम वहां इसके बारे में भी बात करने वाले हैं।'

स्टूडियो में उनके साथ टिफैनी हैडिस भी नए शो को प्रारंभ करने में मदद करेंगी।

# भिन्न दृष्टिकोण रखने वाले हमारे आइकन्स की कहानी कहता एक शो-'मेगा आइकन्स 2'

नेशनल जियोग्राफिक चैनल पर आने वाले शो 'मेगा आइकन' के सीज़न 2 में आपको दीपिका पादुकोण, रतन टाटा जैसे लोकप्रिय लोगों की जीवन यात्रा के बारे में एक झलकी दिखाने का प्रयास किया गया है। इसमें जीवन में उनके द्वारा चयनित विकल्पों के पीछे की अवधारणा के बारे में जानकारी देने का प्रयास किया गया है।

**क्या** आपने कभी सोचा है कि लाखों लोगों में से कुछ ही शिखर व्यक्तित्व क्यों बन पाते हैं? क्या जीवन के प्रति उनकी अवधारणा बिलकुल अलग थी या फिर उनके चयनित विकल्पों के कारण वे ऐसी यात्रा पर निकल पड़े जिसमें वे दुनिया भर में लोकप्रिय हुए? ये सही है कि किसी भी निर्णय को लेने से आपके मन तथा शरीर दबाव पड़ता है, लेकिन कुछ लोग ऐसे हैं जिनमें हर बात को लेकर एक अलग दृष्टिकोण से देखने की शक्ति होती है। वे इन्हीं शक्तियों के बल-बूते महानता की ऊंचाइयों तक जा पहुंचते हैं और फिर वे हमारे सम्माननीय बन जाते हैं।

इन व्यक्तित्वों के बारे में ऐसे ही सत्य का पता लगाने तथा इसके पहले सीज़न से आगे जाते हुए, जिसमें विराट कोहली, एपीजे अब्दुल कलाम सहित अन्य लोगों के बारे में बताया गया था, नेशनल जियोग्राफिक चैनल अब नए मेगा आइकन के साथ वापसी कर रहा है। इस सीरीज़ में हम भारत के 'मैन ऑफ स्टील-रतन टाटा, विश्व प्रसिद्ध अभिनेत्री तथा फैषन आइकन-



दीपिका पादुकोण, बॉलिवुड गायक, संगीतकार तथा संगीत निर्माता-ए आर रहमान तथा आकाश से आगे जाने वाली पहली भारतीय महिला कल्पना चावला-जैसा कि उनके माता-पिता ने बताया, के जीवन के महत्वपूर्ण क्षणों, जिनके कारण आज वे इतने सफल तथा चर्चित माने जाते हैं, को भी रेखांकित करने का प्रयास होगा।'

इस शो में जीवन के विविध क्षेत्रों में विश्व प्रसिद्ध व्यक्तित्वों को प्रस्तुत किया जाएगा। इसके साथ ही सीजन 2 इससे पूर्व के संस्करण से बड़ा और अद्भुत रहने वाला है। इस सीरीज़ के माध्यम से इन व्यक्तित्वों की दर्शकों के और निकट लाने का प्रयास किया जाएगा। इसमें उनसे तथा उनके प्रियजनों के अंतरंग साक्षात्कार के साथ ही और रोचक जानकारी जुटाई जाएगी। हमें इस सीरीज़ के माध्यम से सिनेमाई पुनर्रचना के द्वारा जानने का प्रयास किया जाएगा कि उनकी सफलता के पीछे उनका पालन-पोषण, अनुभव और परिश्रम या फिर जीवन के प्रति उनके द्वारा अपनाया गया दृष्टिकोण ही वो कारक था जिसके कारण वे औरों से इतने आगे निकल सके। इस सीरीज़ में दिखाए जाने वाले आइकन्स को जनता के बीच फिल्म, संगीत, विज्ञान या उद्यम के क्षेत्र में उनकी लोकप्रियता को उनके चयन का आधार बनाया गया है।

इस सीज़न के लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए स्टार एंड डिज़्नी इंडिया की इनफोटेन्मेंट एंड किड्स, की प्रमुख अनुराधा अग्रवाल ने बताया, 'इस बार हम नए प्रेरक आइकन्स को लेकर सीज़न 2 का प्रारंभ कर रहे हैं। शो के माध्यम से हम इन व्यक्तित्वों के बारे में लोगों की जिज्ञासा को शांत करने का ही प्रयास करने वाले हैं जो जानना चाहते हैं कि जीवन में विकल्पों के चयन से उसकी गुणवत्ता या सफलता पर क्या प्रभाव पड़ता है। इसमें इन आइकन्स की जीवन यात्रा के विविध पहलुओं का खंगालते हुए जानने का प्रयास किया जाएगा कि किस कारण से वो आज यहां तक पहुंचने में सफल हुए हैं?' सीरीज़ के बारे में टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन रतन टाटा ने बताया, 'मैं हमेषा से प्रकृति, विज्ञान, संस्कृति तथा इतिहास के बारे में इस प्लेटफॉर्म द्वारा प्रदत्त प्रामाणिक जानकारी का कायल रहा हूं।'

उनकी कहानी से हो सकता है कि किसी को प्रेरणा मिल जाए, कहते हुए एआर रहमान ने कहा, 'रतनजी, दीपिका तथा स्वर्गीय कल्पना के साथ इस कार्यक्रम का हिस्सा बनकर मैं अत्यंत प्रसन्न हूं।'

दीपिका का कहना है कि ये प्लेटफॉर्म विष्वसनीयता का प्रतीक है, 'इस सीरीज़ का हिस्सा बनकर मैं अत्यंत विनम्रता का अनुभव कर रही हूं और अपने जीवन की कुछ बातें लोगों के बीच रखकर मैं उपकृत अनुभव करूंगीं।'


**( ये सीरीज़ नेषनल जियोग्राफिक चैनल पर 20 सितंबर से हर रविवार सायं 7 बजे प्रसारित की जाएगी आप इसे डिज्नी हॉटस्टार पर भी देख सकते हैं )**

## झलक



### द लास्ट वर्ड

**मृत्यु,** दुख तथा प्यार के अस्तित्व संबंधी परिदृष्य को समझने के क्रम में अचानक ही एक महिला की जीवन के प्रति प्यास जागृत हो जाती है। इसमें अभिनय किया है एंक एंजेल्का, थॉर्सटन मेर्टेन तथा नीना गुमिच ने। इसे 17 सितबर से नेटफ्लिक्स पर प्रसारित।



### रैचेड

**एक मानसिक** संस्थान में एक युवा नर्स अपने रोगियों की सेवा करने के क्रम में अचानक ही मानव से परिवर्तित होकर भयानक दैत्यनी बन जाती है। इस मनोविज्ञान से संबंधित कहानी को नेटफ्लिक्स पर 18 सितंबर से देखा जा सकता है।



### लव सॉन्ग फॉर लताशा

1992 का लॉस एंजेल्स विद्रोह वास्तव में लताषा हार्लिन्स की हत्या के कारण उपजा था। इस वृत्तचित्र में उस 15 वर्षीय युवा के जीवन और सपनों के बारे में बताने का प्रयास किया गया है। ये फिल्म नेटफ्लिक्स पर 21 सितंबर से देखी जा सकेगी।

## रजनीकांत ने कोरोना संक्रमित प्रशंसक को ऑडियो संदेश भेजकर उसके स्वस्थ होने की कामना की



**भाषा।** चेन्नई

**जाने** माने अभिनेता रजनीकांत ने कोविड-19 और किडनी संबंधी एक अन्य बीमारी से संक्रमित अपने एक प्रशंसक को बृहस्पतिवार को ऑडियो संदेश भेजकर उसके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। रजनीकांत ने संदेश में कहा, मुरली। मैं रजनीकांत बोल रहा हूं। आपको कुछ नहीं होगा। बहादुर बनिए। मैं ईश्वर से प्रार्थना कर रहा हूं। उन्होंने कहा, आप जल्द स्वस्थ होंगे और घर लौटेंगे। आप स्वस्थ होने के बाद अपने परिवार के साथ मुझसे मिलने आइए। हौसला रखिए। मैं आपके लिए प्रार्थना करूंगा। ईश्वर आपको लंबी आयु दे। दरअसल, रजनीकांत के इस प्रशंसक ने एक सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर संदेश पोस्ट किया था, जिसमें उसने अपने स्वस्थ होने को लेकर संदेह जताया था और आशंका जताई थी कि वह एक राजनीतिक दल की शुरुआत करने के लिए आयोजित समारोह में अभिनेता के लिए काम नहीं कर पाएंगे। उसने रजनीतकांत से 2021 विधानसभा चुनाव जीतकर तमिलनाडु का नेतृत्व करने की अपील की थी। अभिनेता का संदेश सुनने के बाद मुरली ने रजनीकांत को धन्यवाद दिया। उसने ट्वीट करने दावा किया कि हालिया जांच रिपोर्ट में वह कोरोना वायरस से संक्रमित नहीं पाया गया है। प्रशंसक ने भरोसा जताया कि वह किडनी संबंधी बीमारी से भी उबरने के बाद स्वस्थ हो जाएगा।

# तीन भारतीयों ने महिला फिल्म निर्माताओं की मुश्किलों पर की विस्तार से चर्चा

● **टोरंटो में भारतीय वाणिज्य दूतावास के सहयोग से किया गया वीमेन इन इंडियन सिनेमा विषयक टीआईएफएफ स्पॉटलाइट का आयोजन**

**भाषा।** नई दिल्ली

**तीन** भारतीय महिला निर्देशकों ने 45वें टोरंटो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (टीआईएफएफ) में एक उद्योग स मेलन पैनल में पुरुष-प्रधान फिल्म उद्योग में पितृसत्ता की बेड़ियों को तोड़ने के संघर्ष पर प्रकाश डाला। फिल्म समीक्षक एवं पत्रकार नमन रामचंद्रन द्वारा संचालित वीमेन इन इंडियन सिनेमा विषयक टीआईएफएफ स्पॉटलाइट का आयोजन टोरंटो में भारतीय वाणिज्य दूतावास के सहयोग से किया गया। पैनल में शामिल फिल्मकारों - लीना यादव (पार्च्डै, राजमा चावल), अश्विनी अय्यर तिवारी (निल बट्टे सन्नाटा, बरेली की बर्फी, पंगा) और अभिनेता से निर्देशक बनी तनिष्ठा चटर्जी- ने चुनौतियों के साथ ही बदलती दुनिया में अवसरों पर अपने विचार रखे। टोरंटो में भारतीय महावाणिज्यदूत अपूर्व श्रीवास्तव ने कहा, हम दो कारणों से इस पहल के साथ साझेदारी करने के लिए सहमत हुए। पहला यह कि महिला निर्देशक एक नए परिप्रेक्ष्य को लाती हैं और दूसरा यह फिल्म उद्योग में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य के अनुरूप है, कैमरे के पीछे और सामने, दोनों ही। चटर्जी ने कहा कि रोम रोम में की शूटिंग के दौरान उनकी टीम की




अधिकतर सदस्य महिलाएं थीं जिसमें फोटोग्राफी निर्देशक भी शामिल थीं। इसलिए इसकी शूटिंग के दौरान लैंगिक कोई मुद्दा नहीं था। उन्होंने कहा कि फिल्म एक ऐसे व्यक्ति के बारे में हैं जिसकी बहन लापता हो जाती है। पुरुष नायक को अपने तलाश अभियान के दौरान अपने स्वयं के गहरे लैंगिक पूर्वाग्रहों का अहसास होता है। उन्होंने कहा, मैं महिलाओं के बारे में एक फिल्म बनाना चाहती थी लेकिन साथ ही पुरुषों में कुछ चीजों को झंकझोरना चाहती थी। यादव ने कहा कि मुंबई में फिल्म के सेट पर कुछ लोग महिलाओं को लेकर ऐसी टिप्पणी करते हैं जिसके बारे में वे नहीं जानते कि वास्तव में उसका अर्थ है क्या। उन्होंने कहा कि मुंबई उद्योग में आज काफी प्रतिस्पर्धा है कि यदि आप अपने काम में अच्छे हैं तो इसका निर्णय बिना किसी लैंगिग भेदभाव के होता है कि किसे काम दिया जाएगा और किसे नहीं। अय्यर, तिवारी ने आगरा में पांच वर्ष पहले निल बट्टे सन्नाटा की शूटिंग के अनुभव साझा करते हुए कहा, स्थानीय प्रोडक्शन के लोगों को महिलाओं से आदेश लेने की आदत पड़ने में थोड़ा समय लगा। यह थोड़ा मुश्किल था लेकिन उन्होंने अंत में इसे स्वीकार कर लिया। यादव ने कहा कि जब वह अपनी फिल्म पार्च्ड की शूटिंग के स्थानों की तलाश में थीं तो उन्हें थोड़ी दिक्कत का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा, जिन गांवों में मैं गई वहां मुझे अनुमति देने से इनकार कर दिया गया क्योंकि मैं एक महिला थी। ग्रामीणों ने कहा कि उनकी महिलाएं मेरी वजह से बिगड़ जाएंगी।

# जूना अखाड़ा की छड़ी चारधाम देवस्थलों के लिए हुई रवाना



**हरिद्वार ( उत्तराखंड )।** उत्तराखंड के मु यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने बृहस्पतिवार को यहां जूना अखाड़ा स्थित माँ माया देवी मंदिर पहुंच कर देवी का आशीर्वाद लिया और अखाड़े की पौराणिक छड़ी का साधु संतों के साथ पूजन कर उसे चारधाम यात्रा की यात्रा पर रवाना किया। जूना अखाड़ा लंबे समय से छड़ी यात्रा निकाल रहा था, लेकिन यह बीच में करीब 70 साल के लिए बंद हो गईथी। यात्रा 2019 से फिर शुरू हुई है। पहले छड़ी यात्रा बागेश्वर से निकली जाती थी लेकिन दो साल पहले जूना अखाड़ा के हरिगिरि महाराज ने मु यमंत्री रावत से इस प्राचीन छड़ी यात्रा को दोबारा शुरू करने की अनुमति ली और इस प्राचीन छड़ी को हरिद्वार लाकर स्थापित किया। इस मौके पर उत्तराखंड के शहरी विकास मंत्री मदन कौशिक, जूना अखाड़ा के हरिगिरि महाराज सहित भारी सं या में साधु संत और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने इस अवसर पर कहा कि छड़ी यात्रा के शुभारंभ का यह दूसरा वर्ष है। उत्तराखंड में लगभग 40 दिन यह छड़ी यात्रा चलेगी और इस यात्रा के माध्यम से सभी का मंगल हो, ऐसी हमारी कामना है।

## गंगा नदी में आठ अनोखी प्रजातियों की मछलियों की मौजूदगी का पता चला

**भाषा।** नई दिल्ली

**जलशक्ति** राज्य मंत्री रतनलाल कटारिया ने बृहस्पतिवार को कहा कि एक अध्ययन के माध्यम से पता चला है कि गंगा नदी में आठ अलग-अलग एवं अनोखी प्रजातियों की मछलियां मौजूद हैं। कटारिया ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पारिस्थितिकीय मापदंडों से संकेत मिलता है कि गंगा नदी की स्थिति में सुधार हो रहा है। मंत्री ने कहा कि नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत सात करोड़ रुपए से अधिक की लागत से मछलियों एवं मत्स्य पालन के आकलन की परियोजना आरंभ की गई थी। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के तहत कराए गए अध्ययन में गंगा नदी की मु य धारा में 190 प्रजाति की मछलियों के बारे में पता चला। इनमें आठ अनोखी किस्म की मछलियां हैं।

# भारत को भी ब्रिटेन की तरह साइकिल चलाने पर केंद्रित मोटापा विरोधी मुहिम शुरू करनी चाहिए

**भाषा।** लंदन

**स्वास्थ्य** विशेषज्ञों का कहना है कि भारत को भी लोगों में मोटापे की समस्या को दूर करने के लिए ब्रिटेन की तरह साइकिल चलाने पर जोर देने की रणनीति अपनानी चाहिए। ऐसा माना जा रहा है कि मोटापे के कारण कोविड-19 संबंधी जटिलताएं भी बढ़ जाती हैं। पब्लिक हेल्थ इंग्लैंड (पीएचई) की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, अत्यधिक मोटापे की समस्या से ग्रसित लोगों को कोविड-19 के कारण अधिक जटिलताओं एवं मौत का अधिक खतरा है और उन्हें अस्पताल एवं आईसीयू में भर्ती करने की अधिक जरूरत पड़ती है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने देशभर में साइकिल चलाने के लिए हजारों मील लंबा सुरक्षित मार्ग बनाने, साइकिल चलाने एवं पैदल चलने वालों की रक्षा के लिए हाईवे कोड को मजबूत करने और चिकित्सकों को मरीजों को साइकिल चलाने के लिए प्रोत्साहित करने के मकसद से दो अरब पौंड की निवेश पहल की थी। गुड़गांव स्थित पारस अस्पताल में जनरल एंड लेप्रोस्कोपिक सर्जरी के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. नवीन सतीजा ने कहा, मोटापा दूर करने के लिए साइकिल चलाने को प्रोत्साहित करने की ब्रिटेन की नई रणनीति एक दिलचस्प जन स्वास्थ्य नीति पहल है। हमारा मानना है कि भारत को भी विशेषकर शहरी इलाकों में काम पर जाने के लिए मोटर चालित वाहनों के बजाए साइकिल के प्रयोग की मुहिम शुरू करनी चाहिए। उन्होंने चिंता जताई कि कोविड-19 संबंधी चिंताओं ने लोगों की गतिविधियों को बाधित कर दिया है। डॉ. सतीजा ने कहा, यह महत्वपूर्ण है कि लोग इस समय व्यायाम के सुरक्षित तरीके खोजें। गुड़गांव के कोलंबिया एशिया हॉस्पिटल में इंटरनल मेडिसिन के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. अमिताभ घोष ने कहा, लोग इस समय घरों के भीतर रह रहे हैं और व्यायामशालाओं में जाने एवं समूह में योग करने से बच रहे हैं, ऐसे में अधिक वजन वाले लोगों की सं या और बढ़ने की आशंका है। उन्होंने कहा, शहरों में साइकिल चलाने के लिए समर्पित एवं सुरक्षित मार्ग लोगों को काम पर जाने के लिए साइकिल के इस्तेमाल के लिए प्रोत्साहित करेगा। हीरो मोर्ट्स कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक पंकज एम मुंजाल ने भी ब्रिटेन की तरह साइकिल चलाने को प्रोत्साहित करने का समर्थन किया।



# अब आवास प्लस देगा सपनों का आशियाना

● पीएम आवास योजना में वंचित रह गए लाभार्थियों का किया गया ऑनलाइन सर्वे, सत्यापन कर आवंटित होंगे आवास

संवाददाता। सीतापुर



**प्रधानमंत्री** आवास योजना में अपना घर पाने का सपना पूरा करने से वंचित रहने वालों के लिए आवास प्लस योजना नई खुशखबरी बनकर आया है, ऐसे हजारों पात्र जो आवास पाने का हक रखते है, का ऑनलाइन सर्वे में चिन्हित किया गया है, जो परिवार पात्र होने के बावजूद आवास पाने में वंचित रह गए है, ऐसे परिवारों को आवास प्लस योजना के तहत लांभावित किया जाएगा। पूरे जिले में दो लाख 90 हजार 708 पात्रों को चिन्हित किया गया है। अब इनकी पात्रता का सत्यापन किया जाएगा। जिसके बाद पात्रों को आवास वितरित किए जाएंगे। परियोजना निदेशक ने बताया कि सीतापुर में सूबे में ही नहीं बल्कि देश में भी पहला स्थान प्राप्त किया है। हजारों परिवारों का अपने घर का सपना साकार हुआ है। बीते तीन सालों में एक लाख 14 हजार से अधिक परिवारों को आशियाना मिला है सीतापुर में सर्वाधिक लाभार्थियों को आवास वितरित किए गए है। पात्रों का चयन वर्ष 2011 के सर्वे के अनुसार किया गया है।

### यह होंगे आवास प्लस योजना के अपात्र

- मोटरयुक्त दोपहिया/ तिपहिया/ चौपहिया वाहन/मछली पकड़ने की नाव।
- मशीनी तिपहिया/चौपहिया कृषि उपकरण।
- 50 हजार अथवा इससे अधिक ऋण सीमा वाले किसान क्रेडिट कार्ड।
- वे परिवार जिनका कोई सदस्य सरकारी कर्मचारी हो।
- सरकार के पास पंजीकृत गैर कृषि उद्यम वाले परिवार।
- वे परिवार जिनका कोई सदस्य 10 हजार रू. से अधिक प्रति माह कमा रहा हो।
- आयकर देने वाले परिवार।
- वे परिवार जिनके पास रेफ्रिजरेटर हो।
- वे परिवार जिनके पास लैड लाइन फोन हो।
- वे परिवार जिनके पास 2.5 एकड़ या इससे अधिक सिंचित भूमि हो और कम से कम एक सिंचाई उपकरण हो।
- दो या इससे अधिक फसल वाले मौसम के लिए 5 एकड़ या इससे अधिक सिंचित भूमि।
- वे परिवार जिनके पास 7.5 एकड़ या इससे अधिक भूमि हो और कम से कम एक सिंचाई का उपकरण हो।
- हाउस होल्ड परिवार जो पूर्व से ही पक्का मकान रखता हो या उसने इस दौरान पक्का मकान लिया हो।
- परिवार जो पूर्व से ही केन्द्र सरकार/राज्य सरकार की आवासीय योजना का लाभ प्राप्त कर चुका हो।
- परिवार जो केन्द्र सरकार/राज्य सरकार की आवासीय योजना की व्हाइट लिस्ट का हिस्सा हो।
- स्थाई रूप से पलायन कर गए परिवार।
- परिवार के मुखिया की मृत्यु और कोई वैधानिक वारिस न होना।
- अनिच्छुक परिवार।
- डुप्लीकेट इंट्री के परिवार को हटाना।
- नाबालिग मुखिया यदि उसके माता-पिता की मृत्यु हो गई है, यदि माता-पिता जीवित है तो समझा जाए कि वो अलग-अलग परिवार के लायक नहीं है।

### प्रधानों का नहीं होगा दखल

**आवास** प्लस योजना की खास बात यह होगी कि इस योजना में प्रधानों को कोई अधिकार नहीं होगा, सचिव व सेक्टर प्रभारी संयुक्त रूप से पात्रों का सत्यापन करेंगे। जिससे प्रधानों की मनमानी पर भी शिकंजा कसेगा।

अभी तक पीएम योजना में सीतापुर ने देश में सर्वाधिक आवास लाभार्थियों को देते हुए पहला स्थान प्राप्त किया है, 1 लाख 14 हजार पात्रों को आवास दिए गए है, सर्वे में छूट गए पात्रों को अब आवास प्लस योजना के तहत आवास दिए जाएंगे, इसके 13 मानक निर्धारित किए गए हैं।



**अरूण कुमार सिंह, पीडी।**

# गैरजनपद से सीतापुर आए तीन डिप्टी एसपी

संवाददाता। सीतापुर



**शासन स्तर** से पुलिस विभाग में किए गए तबादलों के क्रम में सीतापुर पुलिस विभाग को तीन नए सीओ मिल गए है। अमरोहा से दिनेश कुमार सिंह यादव, प्रतापगढ़ सिंह अभिषेक प्रताप अजेय और उन्नाव से यादुवेन्द्र सिंह यादव का तबादला जनपद के लिए हो गया है। आपको बता दें कि सीओ सदर यतेन्द्र सिंह नागर का बरेली और सीओ सिधौली अभय प्रताप मल्ल का बांदा के बजाय लखीमपुर के लिए तबादला हो गया है।

थम नहीं रहा, संक्रमण...

# कोरोना के मिले 67 नए मामले

● तीन हजार के पार हुई मरीजों की तादात

संवाददाता। सीतापुर




**पूरा जनपद** कोरोना के खौफ में जी रहा है। 3 हजार से अधिक लोग कोरोना से संक्रमित हो चुके हैं। महामारी को रोकने के लिए किए जा रहे प्रयास सफल नहीं हो रहे हैं। पिछले 24 घंटे में 67 नए ममाले मिले हैं। इसमें शहर के 15 मरीज हैं। विजय लक्ष्मी नगर में 3, घूरामऊ बंगला, कलेक्ट्रेट कॉलोनी, तामसेन गंज व रोटी गोदाम में 2-2 और आई हॉस्पिटल, जेल रोड, शिवपुरी व बस स्टॉप में 1-1 केस मिला है। शहर के साथ ही कस्बाई व ग्रामीण अंचल में भी कोरोना का कहर टूटा है। बिसवां में 22 मरीज मिलने से हड़कम्प मच गया है। खैराबाद में 6 मरीज मिले हैं। महमूदाबाद, मिश्रिख व सिधौली में 3-3 केस मिले हैं। पहला, परसेंडी व रेउसा में 2-2 और महोली, बेहटा, गोंदलामऊ व मछरेहटा में 1-1 केस निकला है। इसी के साथ कुल पॉजिटिव केस 3,137 हो गए हैं। बिसवां सीएचसी में एंटीजेन से कोरोना की जांच की गई। तुलापुरवा 32 वर्षीय महिला व उसके 12 वर्षीय पुत्र के साथ ही गांव भदेशिया के 25 वर्षीय युवक की रिपोर्ट पॉजिटिव आई।

प्रधान की मनमानी से बिफरे ग्रामीणों का फूटा गुस्सा...

# सोहरिया में मचा आधी रात को तांडव, लाठी-डंडों के साथ चले गुम्मे

● एक ग्रामीण की हुई मौत, छावनी में तब्दील हुआ गांव, एसपी ने घटना स्थल पर पहुंचकर लिया जायजा

संवाददाता। सीतापुर



मृतक ग्रामीण की फाइल फोटो



घटना स्थल पर मौजूद पुलिस बल

**गांव की** सरकार बनने में भले अभी समय है लेकिन सीतापुर की ग्राम पंचायतों में शह-मात और खून खराबे का खेल शुरू हो गया है ताजा मामला थाना रामपुर कला क्षेत्र के ग्राम पंचायत सोहरिया में बन रहे पंचायत भवन निर्माण के विरोध में हुई हत्या का है पुराने विवाद को प्रशासन निपटा नहीं पाया बीती रात ग्राम प्रधान कमलेश वर्मा और पूर्व प्रत्याशी के समर्थकों के बीच जमकर ईट पत्थर चले और मारपीट हुई जिसमें गांव के इसरार की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए सूचना पाकर मौके पर एसपी आरपी सिंह एसपी एमपी सिंह समेत भारी पुलिस फोर्स पहुंचा मामले में ग्राम प्रधान की ओर से पूर्व प्रत्याशी के भाई सलमान सिया राम राम जीवन राजकुमार महेश प्रमोद के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया है पुलिस कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। सोहरिया ग्रामीणों ने रात करीब साढ़े ग्यारह बजे धावा बोल दिया। जिससे प्रधान पक्ष के तेजनीपुर गांव के लोगों के बीच जमकर लाठी डंडे व ईंट गुम्मे से हुई मारमीट में प्रधान पक्ष के इसरार की मौत हो गयी तथा कई लोग घायल हो गये।मृतक को रामपुर कला पुलिस ने पीएम के लिए भेज दिया है। फिलहाल घटना स्थल पर 6 थानों की पुलिस तैनात कर दी गई है एसपी आरपी सिंह रात को ही घटना स्थल पहुंच गयेथे। ग्रामीणों की मानें तो प्रधान करुणेश वर्मा द्वारा अपने निवास स्थान के बिल्कुल पास ही पंचायत भवन का निर्माण कराया जाना बताया जा रहा है।जिसका विरोध कई दिनों से किया जा रहा था और ग्रामीणों ने इसकी शिकायत डीएम व तहसील स्तर पर की जा चुकी है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत भवन पहले से मदारपुर गांव में बना है इसे वहीं बनना चाहिए। प्रधान के घर से करीब भवन बनना लोगों में विरोध का मुख्य कारण है।

पंचायत भवन निर्माण के दौरान विवाद में इसरार की मौत हो गई लेकिन मौत कैसे हुई इसका पीएम कराया जा रहा है गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

**एन. पी. सिंह, एएसपी साउथ**

## नन्हे मुन्हों को किया नि:शुल्क ड्रेस वितरण

**बिसवाँ सीतापुर।** प्रत्येक छात्र के अंदर एक प्रतिभा छिपी रहती रहती है प्रतिभा को उभारने का कार्य अध्यापक और अध्यापिकाऐ करते हैं करते हैं अत: प्रत्येक छात्र को प्रोत्साहित करना चाहिए उक्त बातें खंड शिक्षा अधिकारी जितेंद्र बहादुर चौधरी ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुतुबपुर में छात्र छात्राओं को निशुल्क टाई बेल्ट परिधान मास्क आदि वितरित करते समय कही। कार्यक्रम के दौरान प्राथमिक शिक्षक संघ के मंत्री संकेत वर्मा ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि जब तक विद्यालयों में शिक्षा सुचारू रूप से प्रारंभ नहीं हो जाती तब तक छात्र-छात्राएं घर में ही रहकर अपनी पढ़ाई सुचारू रूप से जारी रखें। इस अवसर पर मुख्य रूप से सुनील बाजपेई अंजू मौर्या मोहनी श्रीवास्तव लालिमा श्रीवास्तव रितमा शर्मा सर्वेश भार्गव ललिता वर्मा मनोज दीक्षित आदि लोग उपस्थित रहे।

# बैठक में अफसरों से डीएम ने मांगा स्पष्टीकरण

संवाददाता। सीतापुर



सीतापुर-बैठक करते जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज

**जिलाधिकारी** विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने लंबित एवं डिफॉल्ट शिकायतों की एक एक करके समीक्षा की एवं शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण समय से किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों का स्पष्टीकरण भी तलब किये जाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिये कि संबंधित अधिकारी नियमित रूप से शिकायतों की स्थिति की समीक्षा करें और कोई भी शिकायत डिफॉल्ट श्रेणी में न जाने पाए, यह सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि लंबित शिकायतों का निस्तारण तत्परता के साथ किया जाय। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी(न्यायिक) हरिशंकर शुक्ल, मुख्य चिकित्साअधिकारी डा. आलोक वर्मा, जिला विकास अधिकारी राकेश पाण्डेय, उपजिलाधिकारी सदर अमित भट्ट सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

**किसानों की आय बढ़ाने पर जोर:** कलेक्ट्रेट सभागार शुक्रवार को किसान हितों को लेकर मंथन का गवाह बना। यहां आयोजित कृषि तकनीकी प्रबन्ध अभिकरण के गर्वनिंग बोर्ड की बैठक, किसानों की आय बढ़ाने और उर्वरक पर निर्भरता कम करने पर विचार किया गया। अध्यक्षता कर रहे जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने किसानों के सुझाव सुने और अधीनस्थों को किसानों की समस्याएं निपटाने का निर्देष दिया। इसके बाद जिलाधिकारी ने कौशल विकास मिशन को लेकर बैठक की और फाइनल प्लान तैयार करने का आदेश दिया। बैठक में सीडीओ संदीप कुमार, उप कृषि निदेशक अरविन्द मोहन मिश्र आदि मौजूद रहे।

**सरकारी दफ्तरों में ट्रैफिक नियमों के पालन का आदेश:** जिलाधिकारी द्वारा सभी कार्यालयध्यक्षों को निर्देश जारी किए गए है कि कार्यालय आने वाले अफसरों व कर्मचारियों से यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराएं, डीएम ने निर्देश दिए कि बाइक सवार कर्मी बिना हेलमेट कार्यालय न आए सीट बेल्ट अनिवार्य रूप से लगाए, यदि कर्मी नियमों का पालन नहीं करते है तो इसके जिम्मेदार भी कार्यालयध्यक्ष होगें।

**कई महीने बाद जिला मजिस्ट्रेट कोर्ट में हुई सुनवाई:** मार्च से बंद पड़ी जिला मजिस्ट्रेट कोर्ट शुक्रवार से फिर शुरू की गई, जिला मजिस्ट्रेट विशाल भारद्वाज द्वारा तकरीबन एक घंटे तक कोर्ट में वादों का निपटारा गया, सुनवाई फिर से शुरू होने से लम्बित प्रकरण हल हो सकेगें।

## क्विक न्यूज

### मारपीट में पुलिस ने की पूछताछ

**संदना सीतापुर।** थाना संदना के गांव असली कुचलाई की मुक्ता सिंह ने थाना कमलापुर के गांव हरदीपुरवा निवासी बिंदेश्वरी देवी, पंछी देवी व वंशराज पर मारपीट का आरोप लगाया है। सूत्रों की मुताबिक तीनों अपने घर पर पीड़िता के साथ मारपीट कर रहे थे, जिसकी सूचना ग्रामीणों ने 112 पुलिस को दी थी। मामले में जानकारी देते हुए एएसपी दक्षिणी एनपी सिंह ने बताया कि पीड़िता के पति अनिल यादव से चल रहे विवाद में मुकदमा करने को लेकर में दोनों पक्षों में मारपीट हुई है, पुलिस पति अनिल यादव बिंदेश्वरी देवी, पंछी देवी को हिरासत में लेकर पूछताछ की है।

### डंफर ने मारी टक्कर, मौत

**अटरिया सीतापुर।** थाना अटरिया इलाके के नीलगांव चौराहा पर हाई क्रॉस के दौरान रामचंद्र को डंफर ने टक्कर मार दी। इलाज के लिए लखनऊ ले जाते समय उसकी मौत हो गई। बता दें नई बस्ती निवासी मृतक माता पिता के साथ नेशनल हाईवे क्रॉस कर रहा था, उसके मां बाप को भी मामूली चोट आई हैं। 38-थाना अटरिया इलाके के गांव बर्मन पुरवा में बेखौफचोरों ने अरूण कुमार गौतम के घर से गुरुवार रात 7 हजार की नकदी समेत लाखों के जेवर पार कर दिए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दे दी है।

### पुलिस पर पिटाई का आरोप

**ऐलिया सीतापुर।** थाना इमलिया सुल्तानपुर के गांव बीबीपुर में पुलिस द्वारा पीड़ित पक्ष को ही पीटने का मामला सामने आया है। पीड़ित सोनेलाल ने थाने में तहरीर देकर थाना प्रभारी विनय कुमार सिंह को पीड़ा सुनाई है। इससे पहले 14 सितंबर को हुए विवाद को लेकर पीड़ित ने काजी कमालपुर चौकी में तहरीर दी थी।

### विवाहिता की संदिग्ध मौत

**तंबौर सीतापुर।** थाना तंबौर इलाके के गांव दलपतपुर में विवाहिता पूजा पत्नी रंजीत की संदिग्ध हालातों में मौत हो गई। मृतका का शव घर में पड़ी टीन से लटकता मिला। मृतका के पिता मुल्लू व भाई ने ससुरालीजनों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। मौके पर पहुंची तंबौर पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### अवैध शराब के कारोबार में लिप्त अभियुक्त चढ़े हत्थे

**सीतापुर।** अवैध शराब कारोबारियों पर कार्यवाही करते हुए सीतापुर पुलिस ने 9 अभियुक्तों को 80 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। थाना तालगांव पुलिस रिखौना के भगीरथ, मुबारकपुर के बच्चा, गोविंदपुरवा के राकेश व राजेंद्र, कसरैला के राजू को गिरतार करके 50 लीटचर कच्ची बरामद की है। थाना रामकोट पुलिस ने बीहट गौड़ के जगदीश, लवकुश व मोलते और अलियापुर के पप्पू को 30 लीटर गिरतार किया है।

### पुलिस की गिरफ्त में आया गैंगस्टर

**सिधौली सीतापुर।** कोतवाली सिधौली पुलिस ने वांछित गैंगस्टर मुन्ना गोस्वामी निवासी रसूलापनाह थाना अटरिया को गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली प्रभारी राम प्रकाश ने बताया कि अभियुक्त थाने का टॉप टेन अपराधी है जिस पर डकैती के मामले भी दर्ज हैं। गिरतारी टीम में कोतवाली प्रभारी के साथ हेड कांस्टेबल सुरेश राठौर, कांस्टेबल सुरेश कुमार,रमेश कुमार, पीसी राम अवतार शामिल रहे।

### कोविड में लापरवाही पड़ी भारी, 67 का चालान

**सीतापुर।** अपराधों की रोकथाम के लिए सीतापुर पुलिस द्वारा चलाया जा रहा अभियान शुक्रवार को भी जारी रहा। कोविड प्रोटोकॉल का उल्लंघन करने वाले 67 व्यक्तियों का चालान करके 7,700 जुर्माना वसूला गया। यातायात नियमों का उल्लंघन में 51 वाहनों के चालान किए गए। विभिन्न मामलों में 59 अभियुक्त गिरतार किए गए हैं, जबकि 29 विवेचनाओं का निस्तारण किया गया है।

### सिविल लाइन में धरे गए बिजली चोर

**सीतापुर।** बिजली चोरों के खिलाफबिजली विभाग का अभियान जारी है, शुक्रवार को शहर के सिविल लाइन में केबिल काटकर चोरी करते तीन लोगो को पकड़ा गया, उनके विरूद्ध विद्युत अधिनियम के तहत केस दर्ज कराया गया है, साथ ही 7 मीटर बदलकर 2 लाख 80 हजार रूपये का जुर्माना भी वसूला गया। अधीक्षण अभियंता सीपी यादव ने बताया कि बिजली चोरो के विरूद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा।

### बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष ने कोरोना बचाव की दी जानकारी

**सीतापुर।** दीवानी कचेहरी परिसर में शुक्रवार को अधिवक्ता हितो पर मंथन किया गया। यहां आयोजित बैठक में बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान सदस्य अखिलेश अवस्थी ने कठिनाइयों के समाधान का आवश्वासन दिया। उन्होंने कोरोना के बचाव के लिए काढ़ा पीते रहने का सुझाव दिया। बैठक में विजय अवस्थी, राजेन्द्र तिवारी, शिवनाथ मिश्रा, रत्नेश द्विवेदी, लालबहादुर श्रीवास्तव, सूरज राय, दुर्गेश बाजपेई आदि मौजूद रहे।

### अस्पताल के निकट हुआ हादसा, मौके पर ही युवक की हुई मौत

**मछरेहटा सीतापुर।** मछरेहटा कस्बे से नीमसार जाने वाली सड़क पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास हुए भीषण हादसे मे युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना मछरेहटा के गांव गंज निवासी कौशल पुत्र जराखन बैंक के कार्य से मछरेहटा गया था। दिन के लगभग दो बजे जब वह मछरेहटा से अपने गांव वापस आ रहा था उसी समय गैस एजेंसी और अस्पताल के बीच मछरेहटा की तरफसे आ रहे ट्रक संख्या यूपी 13टी0616 ने साइकिल सवार कौशल को पीछे से टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई । ट्रक मे आम व शीशम की लकड़ी लदी हुई थी। राहगीरों और ग्रामीणों ने दौड़कर ट्रक को रोका लेकिन उसमे बैठे लोग चालक सहित फरार हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। खबर लिखे जाने तक मौके पर पुलिस पहुंच चुकी थी और आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। मृतक के भाई मनोज ने बताया कि लगभग दस साल पहले कौशल (मृतक) की शादी हुई थी और उसके दो बच्चे भी है।

# जिले में रहस्यमयी बुखार से दो की मौत लोगों में फैली दहशत

**लहरपुर/सिधौली सीतापुर।** जिले में रहस्यमयी बुखार से दो की मौत हो जाने से लोगो में दहषत का माहौल है। लहरपुर के मोहल्ला मीरा टोला निवासी 47 वर्षीय मोहम्मद यूनुस पुत्र अब्बास व सिधौली क्षेत्र के गड़ियाहसनपुर निवासी 14 वर्षीय अयान पुत्र अख्तर की रहस्यमयी बुखार से मौत जबकि उसके दो सगे भाई बीमार शुक्रवार को गड़िया हसनपुर निवासी तीन सगे भाई 14 वर्षीय अयान, 24 वर्षीय शादाब व 16 वर्षीय सुहेल पुत्रगण अख्तर को तेज बुखार आने पर आनन-फानन में लखनऊ के निजी अस्पताल ले जाया गया, जहांइलाज के दौरान अयान की मौत हो गई, जबकि शादाब व सुहेल का इलाज जारी है। परिजनों के अनुसार डेंगू से हुई किशोर की मौत हुई है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लिया गांव का जायजा। गांव में कई दिनों से डेंगू को लेकर ग्रामीण भयभीत है। वहीं लहरपुर में मृतक यूनुस पिछले एक सप्ताह से बुखार से पीड़ित था और वहीं के निजी क्लीनिक से इलाज करा रहा था। हालत बिगड़ने पर उसे सीएचसी लहरपुर ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। सीएचसी अधीक्षक डा. आनंद मित्रा ने दी जानकारी। संदिग्ध बुखार को लेकर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मीरा टोला में लोगो की स्वास्थ्य जांच की।

# सौतेले चाचा ने भतीजे को गोली से उड़ाया

● नानक चौकी पर लटकता मिला ताला

संवाददाता। गोला गोकर्णनाथ, खीरी





**बीती देर** रात नगर के मोहल्ला लक्ष्मी नगर कॉलोनी निवासी एक युवक की उसके सौतेले चाचा ने गोली मारकर हत्या कर दी। घटना पुलिस चौकी नानक से महज 20 मीटर की दूरी पर घटित हुई। घटना के समय चौकी पर ताला लटकता मिला जिसके चलते गुस्साएं युवाओं ने रात में कोतवाली का घेराव कर दिया। जिसके बाद पुलिस हरकत में आई और मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा। घटना के महज बीस मिनट पूर्व एनसीआर दर्ज करवाना पुलिस की भूमिको को संदिग्ध साबित करता है।

बताते चलें कि मोहल्ला लक्ष्मी नगर निवासी राम राखन बाजपेई के पुत्र कुलदीप बाजपेई ने राम राखन बाजपेई के पौत्र अमन बाजपेई पुत्र विजय बाजपेई की गोली मारकर उस समय हत्या कर दी जब वह खाना खाकर बाहर सड़क पर टहल रहा था। घटना के बाद अमन बाजपेई के मित्र व परिजन चौकी पहुंचे पर घटनास्थल से महज चंद कदमों की दूरी पर स्थित चौकी पर रात में ताला लटकता पाया गया। गोली की आवाज पुलिस के कानों तक नही पहुंची। जिसके बाद गुस्साये परिजनों ने कोतवाली का रात में घेराव किया। जिसके बाद पुलिस हरकत में आई और मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा। शुक्रवार को दोपहर लगभग दो बजे शव पीएम के बाद गोला लाया गया। जिसके बाद शव का अंतिम संस्कार किया गया। दुखद घटना सुनकर मृतक परिवार को सांत्वना देने के लिए नगर व दूर दराज से लोगों का आना जाना लगा रहा।

परिजनों के मुताबिक कुलदीप बाजपेई का गुरुवार को अपने पिता राम राखन बाजपेई से पैसों को लेकर कहासुनी हो गई जिसके चलते पुत्र पिता पर हमलावर हो गया। तभी मौके पर मौजूद रामराखन बाजपेई के पोते अमन बाजपेई ने जैसे तैसे कर बाबा को अपने सौतेले चाचा की गिरफ्त से छुड़ाया। जिससे उसका सौतेला चाचा कुलदीप बाजपेई बहुत क्रोधित होकर अपने पिता से यह कहता हुआ चला गया कि जो भी व्यक्ति तुम्हें बचाएगा उसे मै जान से मार डालूंगा। जिसके चलते उसने रणनीत बनाते हुए पहले कोतवाली गोला में एक तहरीर देकर एनसीआर दर्ज कराई और पुलिस से मिलकर उसके लगभग 20 मिनट पश्चात ही घटना को अंजाम दिया गया। पुलिस ने यदि दर्ज प्राथमिक रिपोर्ट को गम्भीरता से लिया होता तो शायद एक मां की आंखों का तारा आज जीवित होता। पुलिस ने लम्बी चैडी कहानी गढ़ते हुए मुकदमें में अपनी पीठ थपथपाने का पूरा प्रयास किया है। पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है।

# विकास को दी गई प्राथमिकता, 11 इंटरलॉकिंग सड़कों का लोकार्पण



**तिकुनियां, खीरी।** गांव के विकास के लिए आए पैसों को विकास के लिए प्राथमिकता के आधार पर गांव में लगाया गया है। सरकार की सभी योजनाएं पात्रों तक पहुंची है और पंचायत में विकास की गंगा बही है। यह बातें ग्राम प्रधान सोनिया गर्ग ने एक कार्यक्रम में कही। सुथना बरसोला की प्रधान सोनिया गर्ग ने पंचायत निधि से बनी 11 इंटरलॉकिंग सड़कों का लोकार्पण किया। जिनकी लागत लगभग 15 लाख से अधिक है। ग्राम प्रधान ने जनता को भरोसा दिया और कहा कि सभी पात्रों को योजनाओं का लाभ मिला है और मिलेगा। सचिव धीरेंद्र मौर्य ने कहा कि पंचायत में 441 आवासों के सत्यापन का काम पूरा हो गया है जल्द ही पात्र लोगो को आवास का पैसा मिलेगा। इस अवसर पर अजय गर्ग टीटूए मनोज महावरए प्रदीप गर्गए पुरुषोत्तम गर्गए राजकुमारए सुरेश तलवार व इमरान आदि लोग मौजूद रहे।

# छेड़छाड़ की शिकायत करने गये दंपति को जेल भेजने की दी चेतावनी

संवाददाता। फतेहपुर

**किशनपुर** थाना क्षेत्र के ग्राम अकबरपुर इटरौरा गांव निवासी एक पीड़ित दम्पति ने शुक्रवार को उपजिलाधिकारी खागा व पुलिस क्षेत्राधिकारी खागा की चौखट पर न्याय की गुहार लगाते हुए बताया कि विगत 13 सितम्बर को उसकी पत्नी के साथ गांव के ही दबंगो ने उस समय छेड़छाड़ करते हुए दुष्कर्म का प्रयास किया जब वह खेत पर चारा काटने गयी थी। पीड़ित दम्पति ने कहा कि जब न्याय की आस लेकर वह विजयीपुर चौकी पहुँचे तो चौकी इंचार्ज ने उनकी एक न सुनी और डांट–डपटकर भगा दिया। दम्पति ने बताया कि इसके बाद वह लोग न्याय की गुहार लेकर किशनपुर थाना पहुँचे। जहॉ जहॉ पर पहले तो उन लोगो पर सुलह–समझौते का दबाव बनाया गया, किन्तु जब वह सुलह–समझौते के लिए राजी न हुए तो उन्हें पुलिस द्वारा एससी/एसटी ऐक्ट समेत अन्य संगीन धाराओं में जेल भेजने तक की धमकी दे डाली। पीड़ित दम्पति ने कहा कि अगर उन्हें इंसाफन मिला तो वह लोग उच्चाधिकारियों की चौखट पर जाकर माथा टेकेंगे और न्याय की गुहार लगायेंगे, किन्तु किसी भी कीमत पर सुलह–समझौता नही करेंगे। पीड़िता के पति ने बताया कि उनकी पत्नी के साथ छेड़छाड़ करने वाले दबंगो के हौसले इतने बुलन्द हो गये है कि उन्हें गांव से आने–जाने के दौरान गाली–गलौच कर जलील किया जा रहा है और जब इंसाफ के लिए पुलिस की चौखट पर पहुँचता है तो वहॉ पर भी इंसाफदिलाने के बजाए आरोपियों को संरक्षण प्रदान करते हुए उन्हें थाने से डांट–डपटकर भगाते हुए अब झूठे मुकदमें में फंसाने की धमकी दी जा रही है। पीड़ित दम्पति ने बताया कि उक्त दबंगों में पंचू पासवान पुत्र सूरजपाल पासवान व लोधी रैदास पुत्र बब्बू आदि शामिल है।

# कार्य में लापरवाही पर डीएम ने लगाई कड़ी फटकार

● नानक चौकी पर लटकता मिला ताला

संवाददाता। लखीमपुर, खीरी

**राष्ट्रीय कृषि** विकास योजना अंतर्गत पशुधन प्रक्षेत्रों के सुदृढ़ीकरण एवं आधुनिकीकरण की योजना मझरा पर कार्यदायीं संस्था उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्य अनावासीय भवनों एवं पशु शेड के अनुरक्षण एवं नव निर्माण तथा वाहय स्थल विकास कार्यों का डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने औचक निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान परियोजना के अंतर्गत सीसी रोड का कार्य गुणवत्ता युक्त न मिलने पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित को कड़ी फ्टकार लगाई। वही दो पशु शैडो की एस्बेस्टर शीट में छेद पाए गए। जिस पर उन्होंने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि एस्बेस्टस शीट को तत्काल परिवर्तित कराया जाए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यो में किसी भी स्तर पर गुणवत्ता में लापरवाही न बरती जाए। इस मौके पर मौजूद जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि उक्त परियोजना की स्वीकृति लागत 14.42 करोड़ है। जिसमें 11.52 करोड़ धनराशि अवमुक्त हो चुकी है और अध्यावाधित व्यय 7.80 करोड़ है। उक्त परियोजना के अंतर्गत सीसी रोड का कार्यए फीड गोदाम शेडए खलिहान कवर्ड एवं खुला हुआए ट्रैक्टर शेड एवं कार्यालय पशु शेडए सिक पशु शेडए पोस्टमार्टम हाउस पशुए सीड एवं सीड ग्रेटर गोडाउनए सोलर फिसिंग का कार्य इत्यादि कराए गए हैं। निरीक्षण के दौरान जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी राजेश कुमार सिंह, लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड के सहायक अभियंता राजेश वर्मा व परियोजना प्रबंधक पीके गुप्ता मौजूद रहे।

## कलेक्ट्रेट में डीएम ने 05 आशा संगिनियों को वितरित किया स्मार्टफोन




**लखीमपुर, खीरी।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज अग्रवाल के साथ जिले की पांच आशा संगिनी को स्मार्टफोन एवं पांच कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स को टेबलेट वितरित किए। डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि पूरे स्वास्थ्य महकमें को टेक्नोलॉजी फ्रेंडली बनाने हेतु सरकार कुछ नए क़दम उठा रही है। जिसके क्रम में आज स्वास्थ्य महकमे से जुड़ी आशा संगिनियो को स्मार्टफोन एवं कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर्स को टेबलेट का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार आशा संगिनी और कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर्स को टेक्नोलॉजी सुविधाओं से लैस करते हुए कैसे स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाया जाए। इसके लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि आशा संगिनियो को स्मार्टफोन के उपयोग से फील्ड में काम करने में काफी सहूलियत होगी। वितरण के दौरान डीएम ने आशा संगिनी उसे स्मार्टफोन के उपयोग के संबंध में भी जानकारी ली। सीएमओ डॉ मनोज अग्रवाल ने कहा कि जनपद खीरी में तैनात 57 कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर को टेबलेट एवं 161 आशा संगिनियों को स्मार्टफोन सरकार की ओर से वितरण हेतु प्राप्त हुए हैं। जिन्हें आज जिलाधिकारी द्वारा प्रतीकात्मक रूप से 05 आशा संगिनी एवं 05 सीएचओ को प्रदान किया गया है।

## सपा प्रबुद्ध सभा की 25 सदस्यीय कमेटी घोषित




**फतेहपुर।** समाजवादी पार्टी प्रबुद्ध सभा की बैठक पार्टी कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष ओम चंद्र मिश्रा ने नई कार्यकारिणी का गठन किया। जिसमें 25 सदस्य कमेटी घोषित किया गया। महासचिव वेद प्रकाश और राजन तिवारी को पद का दायित्व दिया गया तथा मौजूद सदस्यों द्वारा राजन तिवारी का सम्मान किया गया। इसी कड़ी में पप्पू तिवारी कोषाध्यक्ष, उपाध्यक्ष राजेंद्र शुक्ला, सुनील पांडेय, मुन्ना बाजपेई, धीरज दुबे, अनुराग भारद्वाज, नीरज त्रिपाठी, विजय अवस्थी, वीरेंद्र पांडेय, सचिव बृजेश द्विवेदी, अनुज तिवारी, कुलदीप तिवारी, कुलदीप शुक्ला, नितिन मिश्रा, अरविंद शुक्ला, गौरव तिवारी, प्रशांत दीक्षित, अजय दीक्षित, अभिषेक द्विवेदी, सत्यम अवस्थी, दिवाकर शुक्ला, विधानसभा अध्यक्ष बिंदकी नितिन दुबे को सदस्य बनाया गया। इस कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष विपिन सिंह यादव के द्वारा समस्त लोगों को सम्मानित किया गया तथा मुख्य अतिथि के द्वारा प्रदेश सचिव प्रबुद्ध सभा दिनेश तिवारी व संचालन अवधेश पांडेय द्वारा किया गया।

## मालगाड़ी की जद में आकर मां-बेटी की दर्दनाक मौत



**शाहजहांपुर।** शुक्रवार सुबह रोडवेज क्रासिंग के निकट रेलवे लाइन पार करते समय मां-बेटी की मालगाड़ी की जद में आकर कटकर दर्दनाक मौत हो गई। मौके पर मौजूद लोगो ने फौरन जीआरपी पुलिस को घटना की सुचना दी आनन -फानन में घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम स्थल भेजा। थाना कांट क्षेत्र के गढ़ी पश्चिमी की रहने वाली प्रेमवती अपनी बेटी प्रियंका के साथ लखीमपुरखीरी के थाना पसगवां क्षेत्र अंतर्गत गांव सल्लिया में अपने मायके जाने को शाहजहांपुर आये थे। दोनो रोडवेज के पास रेलवे क्रासिंग के पास से होकर निकल रहे थी। इसी दौरान महाकाली होटल के पास ओवर ब्रिज के नीचे रेलवे लाइन पार करते वक्त अचानक मालगाड़ी आ गई। दोनो मां-बेटी संभल पाते उससे पहले ही मालगाड़ी की चपेट में आकर दोनो की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। मालगाड़ी के चालक ने मेमो दिया। जिसके बाद जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची। आसपास लोगो की भीड़ लग गई। घटना की जानकारी परिजनों को दी गई। परिजन भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## शाहजहांपुर सीवरेज परियोजना का भूमि पूजन कर परियोजना का किया शिलान्यास



**शाहजहांपुर।** प्रदेश सरकार के चिकित्सा शिक्षा उत्तर प्रदेश सुरेश कुमार खन्ना ने मघई टोला में शाहजहॉपुर सीवरेज परियोजना का भूमि पूजन कर परियोजना का षिलायान्स किया। इसके बाद गर्रा पुल स्थित माडल वेन्डिग जोन (आधुनिक का लोकार्पण कर 26 दुकानदारों को आवंटन पत्र सौंपे। इस अवसर पर मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा वेडिंग जोन में 100 से अधिक शेड बनाकर सौपे जायेगे इससे जाम एव गन्दगी की समस्या से निबटने के लिए नायाब तरीका है। सभी सब्जी दुकाने एक ही स्थान पर लगाई जाएंगी और जाम की समस्या नही रहेगी। इस मौके पर उन्होंने कहा गन्दगी न फैलाये जो सब्जी नहीं बिक सके उसको एक स्थान पर रखे जिसके बाद नगर निगम सब्जिया गौशाला को भेजेगा इस मौके पर मंत्री सुरेश खन्ना ने दुकानदरों को सख्त हिदायत देते हुए कहा जो दुकानदार गन्दगी फैलाते हुए पाया गया उसके विरुद्ध कार्यवही करते हुए दुकान का आवंटन निरस्त कर दिया जाएगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह ने कहा दुकानों का निर्माण कराया गया है। सभी 100 दुकाने बननी है शीघ्र ही बाकी दुकानो का आवंटन कर दुकानदारों के सुपुर्द किया जाएगा नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने कहा नगर निगम की टीम सफाई कार्य को करेगी हरे कचरे का कलेक्षन कराकर उसका उपयोग गौषाला एवं नंदीषाला में किया जायेगा। इसके साथ ही पथ विक्रेताओ तथा ग्राहकों के लिए शौचालये एवं पेयजल की व्यवस्था सुनिष्चित की गई है। उन्होंने कहा नगर निगम इस स्थान पर एक तरल जैविक खाद का छोटा सा प्लांट स्थापित करेगा जिससे खराब सब्जियों से खाद उपलब्ध हो सकेगी। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक डॉ एस आनंद महानगर जिला अध्यक्ष अरुण गुप्ता सहित अन्य भाजपा के नेता व नगर निगम के अधिकारी मौजूद थे।

## घरेलू कलह के चलते महिला ने खाया जहरीला पदार्थ

**बिंदकी ( फतेहपुर )।** घरेलू कलह के चलते महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत गंभीर हुई तो परिजनों को इसकी जानकारी हुई। जिस पर हड़कंप मच गया। परिजनों ने निजी वाहन से लाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार जाफरगंज थाना क्षेत्र के बहादुरपुर गांव निवासिनी शिव प्यारी उम्र 50 वर्ष पत्नी रामाश्रय ने घरेलू कलह के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। महिला की हालत बिगड़ी तो जहरीला पदार्थ खाने की जानकारी परिजनों को हुई। इस पर हड़कंप मच गया। परिजनों ने आनन–फानन में निजी वाहन से लाकर सीएचसी में भर्ती कराया। हालांकि काफी देर चले उपचार के बाद महिला की हालत में सुधार हुआ तो फिर वापस ले गए। इस मामले में महिला के परिजनों ने बताया कि मामूली बात होने पर धतूरे का फल खा लिया। जिसके कारण हालत बिगड़ी और इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया।

# डीएम ने की जन कल्याणकारी योजनाओं की बिन्दुवार समीक्षा

**फतेहपुर।** जिलाधिकारी संजीव सिंह ने विकास भवन सभागार में अधिकारियों के साथ विकास प्राथमिकता बिन्दुओं की बैठक की। उन्होने आबकारी विभाग, विद्युत, पीडब्लूडी, स्वास्थ्य विभाग, बाल विकास, मनरेगा, जल निगम, बेसिक शिक्षा, प्रधानमंत्री आवास, कृषि, पूर्ति, समाज कल्याण, नगर पालिका आदि विभागों में चल रही जन कल्याणकारी योजनाओं की बिन्दुवार समीक्षा की। कोविड–19 माहामारी से लॉकडाउन के कारण विभागों के लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति कम पायी गयी, को बढ़ाने के निर्देश दिये। खागा, बिन्दकी के प्राथमिक/सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में प्रसव संख्या कम पाये जाने पर एमओवाईसी से स्पष्टीकरण लेने के निर्देश सीएमओ को दिये। उन्होने कहा कि कार्यो का टेन्डर आदि हो गया है और वर्षा भी समाप्ति की ओर है। कार्यो में तेजी लाकर समय से पूर्ण कराये जाय। अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका को निर्देश दिये कि 35 कूड़ा वाहन मिले है।समस्त वाहनों में जीपीएस सिस्टम लगवाये जाय और डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन की कार्ययोजना के अनुसार कूड़ा का निस्तरण कराया जाय। 102, 108 एम्बुलेन्स के नोडल अधिकारी को निर्देश दिये कि एम्बुलेन्स में उपकरणों की जांच की जाय और प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना के तहत ब्लांकवार अभियान चलाकर एक सप्ताह में छूटे हुए पात्र लाभार्थियों को गोल्डेन कार्ड बनाये जाय। स्वंय सहायता समूहो का लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत गठन किया जाय। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के लाभार्थियों का सत्यापन शत प्रतिशत करके लाभान्वित किया जाय और एक सौ दस आँगनबाड़ी केन्द्रो का निर्माण कार्य चल रहा है। जिसमें 62 आँगनबाड़ी केन्द्र पूर्ण हो चुके है। शेष में तेजी लाकर निर्धारित अवधि में पूरा कराने के निर्देश दियें और जिस स्थित में निर्माण कार्य हो यथा स्थिति की रिपोर्ट देना सुनिश्चित करें। राष्ट्रीय पोषण माह चल रहा है जिसे शासनदेश के अनुसार सम्पन्न कराने के निर्देश डीपीओं को निर्देश दिये। खादी ग्रामोद्योग अधिकारी को निर्देश दिये कि प्रस्तुत किया गया डाटा त्रुटिपूर्ण है जिसे ठीक कराया जाय। अधिशाषी अभियन्ता सिंचाई को निर्देश दिये कि नहरों में पानी छोड़ने का रोस्टर फसल के अनुसार बनाया जाय और समय से पानी छोड़ा जाय। उन्होने एआर को–आपरेटिव को निर्देश दिये कि 115 के सापेक्ष सत्तर समितियां चल रही है, के दस्तावेजो एवं बड़े बकायेदारों की सूची उपलब्ध कराये। उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिये कि मुख्यमंत्री के पैसानी पर कोई बदलाव न करें, उसी में अपनी रिपोर्ट का ब्यौरा भरकर भेजे। प्रत्येक माह की दस तारीख को जिला स्तर पर विकास की बैठक की जायेगी और 15 तारीख को मण्डलायुक्त के साथ बैठक सम्पन्न होगी।

# किसान निधि में धोखाधड़ी करने वाले पांच गिरफ्तार

● पुलिस ने आरोपियों से 5 लैपटॉप बरामद किए

● जिलाधिकारी ने मीडिया को जानकारी दी

● गिरफ्तार अभियुक्तों पर होगी गैंगस्टर की कार्रवाई

● सभी अभियुक्तों की संपत्तियां होंगी सीज

संवाददाता। शाहजहांपुर



**जिला अधिकारी** इंद्र विक्रम सिंह ने जनपद में हुए किसान निधि में धोखाधड़ी का पर्दाफाश करते हुए मीडिया को जानकारी देते हुए बताया , कि किसान निधि में धोखा धड़ी कर गबन करने वाले गिरोह का किया भंडाफोड़ हो गया है। पुलिस अधीक्षक एस आंनद ने टीम लगाकर जाँच कर पांच लोगो को गिरफ्तार कर इसने पास से 3 लैपटॉप कंप्यूटर उपकरण बरामद किए। उन्होंने कहा गिरफ्तार अभियुक्त अपात्र किसानों के खातों में किसान निधि का पैसा भेज कर ठग रहे थे किसानों को। जिला अधिकारी इंद्र विक्रम सिंह ने कहा संविदा कर्मचारियों की मिलीभगत से चल रहा था खेल का पर्दाफाश हो गया है और इस संबंध में विशेष जानकारी जुटाई जा रही है। उन्होंने कहा पुलिस ने जांच में 200 अपात्र किसान के पैसे का खेल उजागर किया है जिस पर जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह ने रोक लगाई है । मीडिया को जानकारी देते हुए जिलाधिकारी ने कहा यह सभी लोग किसानों को ठगने का काम प्लानिंग के साथ करते थे जिसमे हरिशंकर पुत्र रामदयाल निवासी शेखुपुर थाना सिंधौली, अनिल कुमार पुत्र महेंद्र पाल निवासी सेमरा मजरा डभौरा थाना गढ़िया रंगीन, विपिन कुमार पुत्र मोहन सिंह निवासी ग्राम मुड़िया खेड़ा अजमाबाद थाना गढ़िया रंगीन, मोहित गांधी पुत्र जगदीश कुमार गांधी निवासी मोहल्ला एमनजई जलालनगर थाना सदर बाजार, दिनेश पुत्र बेचे लाल निवासी पैगपुर थाना सिंधौली अपात्र भूमिहीन किसानों को बहला फुसलाकर झांसे में लेकर उनके आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक प्राप्त कर संचालित सरकारी सिस्टम में गड़बड़ी करके फर्जी खतौनी नंबर डालकर अपात्र फर्जी किसानों के बैंक खाते में किसान सम्मान निधि की रकम भेज दिया करते थे। जबकि इसके एवज में यह किसानों पहली किस्त स्वंय ले लिया करते थे और अन्य किस्तें फर्जी किसानों के खाते में भेज दिया करते थे। इस लाभ प्राप्ति के लिए इस कृत्य को उक्त आरोपियों द्वारा स्वीकार किया गया है। डीएम इंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि जो भी धनराशि उक्त आरोपियों द्वारा फर्जी किसानों को मुहैया कराई गई है। ऐसे लोगों की पहचान कर रकम वापस लेकर उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। साथ ही पकडे गए आरोपियों के खिलाफ गैंगेस्टर की कार्यवाही कर इनकी संपत्ति कुर्क की जाएगी ।

## क्विक न्यूज

### हिन्दू देवी देवताओं पर अश्लील टिप्पणी करने वाले पर लगी रासुका

**मोहम्मदी, खीरी।** एनएसए प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि 05 अगस्त को फैयाज मंसूरी के नाम से एक पोस्ट डाली गयी थी। जिससे मोहम्मदी में शांति व्यवस्था को खतरा उत्पन्न हो गया था। प्रकरण में आईटी एक्ट के तहत मुकदमा लिखकर दोषी को जेल भेजा गया था। इस पोस्ट के कारण लोग सड़कों पर उतर आए थे। हिन्दू संगठनो ने कठोर कारवाई की मांग कर प्रदर्शन भी किया था। इस पोस्ट से कानून व्यवस्था को खतरा उत्पन्न हो गया था जिस कारण अन्य थानों की फोर्स मोहम्मदी बुलाई गई थी। लोक व्यवस्था कायम करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी पुलिस अधीक्षक,अपर पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस उपाधीक्षक के अनुमोदन के उपरांत फैयाज मंसूरी पर रासुका की कार्रवाई की गयी है। जिसकी एक प्रति अभियुक्त को जिला कारागार में भी उपलब्ध कराई गई है।

### पत्रकार को दी गई श्रद्धांजलि

**लखीमपुर, खीरी।** विगत दिनों सड़क दुर्घटना में घायल हुए वरिष्ठ पत्रकार मो0 यासीन की मेडिकल कॉलेज लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई। खबर मिलते ही पत्रकारों में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस अधीक्षक अपर पुलिस अधीक्षक एवं समस्त साथी पत्रकार द्वारा दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। मृतक की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई।

### आज 55 और लोगों की आयी कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव

**फतेहपुर।** जनपद में आज फिर कोरोना के संक्रमितो की संख्या में इजाफा होने से इस वैश्विक महामारी ने जनपद में अपना शिकंजा और कस लिया है। आज 55 और कोरोना संक्रमित मिलने से जहाँ लोगों में दहशत बढ़ी है। डीएम संजीव सिंह द्वारा देर शाम जारी विज्ञप्ति में आज जनपद में कुल ऐक्टिव केस बढ़कर 246 हो गये हैं जबकि कुल संक्रमितो का आँकड़ा बढ़कर 1835 हो गया हैं। राहत की बात यह है कि इस दौरान 1394 मरीज ठीक होकर घर जा चुके हैं। गौरतलब है कि स्टेट की रिपोर्ट में 69 कोरोनो संक्रमित आज की अपडेट में बताये गये हैं जबकि जनपद में अब तक 32 संक्रमितो की मौत होने का इस रिपोर्ट में हवाला दिया गया है। पिछले 24 घण्टों के दरम्यिान 2 और लोगों ने दम तोड़ दिया।

### शकूलपुर कांड के मुख्य अभियुक्त को मिली जमानत

**फतेहपुर।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम शकूलपुर मजरे फरसी में पिछले दिनों दो पक्षों में हुए विवाद के बाद कलंदरो पर कायम किए गए मुकदमे में गिरफ्तार 5 लोगों की जमानत अर्जी आज जूनियर डिवीजन कोर्ट नंबर दो में दाखिल की गई। जिसमें मुख्य अभियुक्त बनाए गए कासिम के अधिवक्ता दिनेश पटेल ने पुलिस की कार्यवाही पर गलत नामजदगी व गिरफ्तारी पर सवाल उठाते हुए तथ्य रखे। जिस पर अदालत ने कासिम को जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए। जबकि चार अन्य की जमानत अर्जियां खारिज हो गई।

### पीएम के जन्मदिन पर किया गया पौधरोपण

**फतेहपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सत्तरवें जन्म दिवस के अवसर पर डॉ0 भीमराव अम्बेडकर राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सौजन्य से पौधरोपण किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 रेखा वर्मा एवं स्वयंसेविकाओं ने पीपल का पौधा लगाकर सभी को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया। डॉ0 रेखा वर्मा ने बताया कि पीपल के वृक्ष का पौराणिक, धार्मिक एवं वैज्ञानिक महत्व है। पीपल का वृक्ष पर्यावरण की दृष्टि से अत्यन्त लाभदायक है। यह अन्य पौधों की तुलना में अधिक ऑक्सीजन प्रदान करता है। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य सहित पूरा महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

### सदर विधायक ने पूरे ग्राम को करवाया सैनेटाइज

**फतेहपुर।** सेवा सप्ताह की कडी में रघुवर का पुरवा मूसेपुर नगर वार्ड रेडइया मे सदर विधायक विक्रम सिंह ने जाकर ग्राम स्वच्छता अभियान के तहत पूरे गांव में ब्लीच, सेनेटाइज करवाया। वहीं उपस्थित लोगों को मास्क साबुन वितरण किया गया। विधायक ने लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया और कहा कि इस वैश्विक महामारी में अपनी सुरक्षा का विशेष ध्यान दें। समय-समय पर अपने हाथों को अच्छी तरह से धोंये, हाथों को सेनेटाइज करते रहे, दो गज की दूरी बनाकर रहें, अपने घरों के आस-पास पानी एकत्रित न होने दे जिससे कि अन्य बीमारी का शिकार लोग बनें। लोगों को मास्क व साबुन वितरण कर दो गज की दूरी मास्क है जरूरी का संदेश आम जनमानस तक पहुँचाया। वहीं उपस्थित भाजपा नगर अध्यक्ष उत्तरी संजय गुप्ता ने विधायक को मोहल्लों का भ्रमण करवाकर सेनेटाइज करवाया। भ्रमण में आमजनमानस की समस्याओं को भी सदर विधायक ने देखा। इस मौके पर संजय गुप्ता नगर अध्यक्ष, ब्रजेन्द्र सिंह बूथ अध्यक्ष, श्याम सिंह, रामसुचित शर्मा, गुडडू यादव, संजय श्रीवास्तव, वन्दना द्विवेदी, दीपक मौर्या, तालीम मौर्य, आनन्द तिवारी, आदि मौजूद रहे।

### ट्रक-रोडवेज बस की भिड़ंत दो यात्री घायल

**फतेहपुर।** थरियांव थाना क्षेत्र के अन्तर्गत हाईवे एनएच-2 में बस-ट्रक की भिडन्त में दो यात्री घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार कानपुर से इलाहाबाद की ओर जा रही रोडवेज बस आज दोपहर जैसे ही थरियांव थाना क्षेत्र के अन्तर्गत हाईवे पर पहुंची तभी ट्रक से जा टकराई। जिससे बस में सवार कानपुर नगर के ग्राम रहूल निवासी अजय कुमार पुत्र किशोरीलाल 35 वर्ष व संजय कुमार पुत्र परमेश्वर 37 वर्ष घायल हो गये। जबकि बस में बैठे अन्य सवारी बाल-बाल बच गये। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सरकारी एम्बुलेन्स ने घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया है।

### सड़क हादसे में महिला की मौत

**फतेहपुर।** खखरेरू थाना क्षेत्र के ग्राम भीमपुर के समीप देर शाम अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से एक लगभग 52 वर्षीय महिला गम्भीर रूप से घायल हो गयी। जिसे उपचार के लिए अस्पताल ला रहे थे तभी रास्ते में उसकी मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम कासिमपुर हन्तवा निवासी रामगोपाल की पत्नी शिवकली कल शाम पैदल कहीं किसी काम से जा रही थी। जब वह भीमपुर गांव के समीप पहुंची तभी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गयी। सूचना पाकर मौके में पहुंचे परिजनों ने आनन-फानन उसे उपचार के लिए अस्पताल ला रहे थे। तभी रास्ते में उसने दम तोड दिया। वहीं सूचना पाकर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया है।

### संदिग्ध अवस्था में युवक की मौत

**फतेहपुर।** कल्याणपुर थाना क्षेत्र के ग्राम दरियापुर में संदिग्ध परिस्थितियों में एक लगभग 22 वर्षीय युवक की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को विच्छेदन हेतु भेज दिया है। जानकारी के अनुसार थाने के दरियापुर गांव निवासी बृजेश लाल का पुत्र अंकित कुमार की कल शाम संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। उधर परिजनों ने इसकी सूचना क्षेत्रीय पुलिस को दे दी। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। हादसे के बाद जहां परिजनों में कोहराम मचा है। वहीं पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है।

### सर्पदंश ने महिला की मौत, बालिका गम्भीर

**फतेहपुर।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रो के अन्तर्गत बालिका समेत दो लोगों को जहरीले सर्प ने डस लिया। जिन्हे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां महिला की मौत हो गयी। किशनपुर थाना क्षेत्र के मड़ौली गांव निवासी बेटा निषाद की 40 वर्षीय पत्नी इन्द्ररानी घर की साफसफाई कर रही थी। तभी जहरीले सर्प ने उसे डस लिया। जैसे ही परिजनों को जानकारी हुयी तो उसे तत्काल उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाये। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसी तरह गाजीपुर थाना क्षेत्र के मकदूमपुर गांव निवासी शिवकुमार की 8 वर्षीय पुत्री शिवानी कल शाम खेत से घर आ रही थी तभी जहरीले सर्प ने उसे डस लिया।

### गन्ने के खेत में बच्चे का शव बरामद

**शाहजहांपुर।** घर के बाहर खेल रहा बच्चे का शव गन्ने के खेत मे मिलने से हड़कंप मच गया। बच्चे के शव की सूचना मिलते ही आला पुलिस अधिकारियों सहित फॉरेंसिक व डॉग स्कॉट टीम मौके पर पहुंच गई और जांच पड़ताल में जुट गई। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की पड़ताल कर गहनता से जांच में जुट गई है। रौजा थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरिया सड़क निवासी हंसराम का 10 वर्षीय पुत्र नीलेश शुक्रवार की सुबह करीब 9रू30 बजे घर से कुछ दूर स्थित पीपल के पेड़ के पास अपने जानवरों के पास खेल रहा था जो अचानक गायब हो गया। थोड़ी देर बाद उसकी मां उर्मिला उसे ढूंढती हुई वहां पहुंची लेकिन वह नहीं मिला, जब काफी देर तक नीलेश अपने घर नहीं पहुंचा तो परिजनों को चिंता हुई और उसे ढूंढा गया। गांव के लोग भी लापता नीलेश की तलाश में जुट गए। दोपहर लगभग 1रू00 बजे नीलेश का शव एक गन्ने के खेत में पड़ा देख ग्रामीण सहम गए। बच्चे के नाक से खून बह रहा था। आशंका जताई जा रही है कि बच्चे की गला दबाकर हत्या की गई है। बच्चे की हत्या से परिवार में कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलते ही रोजा थानाध्यक्ष राजेंद्र बहादुर सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए और उन्होंने परिवार वालों से घटना के संबंध में पूछताछ की। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के आला अफसर व फॉरेंसिक व एवं डॉग स्कायड टीम ने मौके पर पहुंच कर जांच घटना स्थल से साक्ष्य जुटाने में लग गई। फिलहाल बच्चे की हत्या के कारणों का पता नही चल पाया है। वही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# सरकारी नौकरी संविदा का न कोई निर्णय और न ही है कोई शासनादेश: बेसिक शिक्षा मंत्री



संवाददाता। इटावा

**बेसिक शिक्षा** मंत्री सतीश चंद्र द्विवेदी ने इटावा सिंचाई विभाग में शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक एवं कार्यकर्ताओं के साथ एमएलसी चुनाव की रणनीति तैयार की। सरकारी संविदा की नौकरी के सवाल पर जवाब देते हुए कहा कि अखबारों ने एक रिपोर्ट छापी है। उन्होंने अनुमान व्यक्त किया है। सरकार ने ऐसा कोई आदेश नहीं दिया है। न ही कोई शासनादेश जारी किया है। इस पर क्या कहें !

स्कूल में बच्चों की यूनिफॉर्म को लेकर कोई गलत फहमी नही है। कपड़े के बारे में सामान्य निर्देश हैं। रोजगार देने के लिए प्रवासी मजदूर जो महिलाएं हैं एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से यूनिफॉर्म सिलाई जाए। इसके लिए विभागीय कोई भी हस्तक्षेप नहीं है। अन्य किसी भी प्रकार की शिकायत के लिए विभागीय समीक्षा करने के बाद तय करेंगे। शिक्षक भर्ती पर बोलते हुए कहा कि 69000 शिक्षकों की भर्ती का मामला पेंडिंग नहीं है कोर्ट का निर्णय सुरक्षित है लॉकडाउन से पहले हम पूरी तरह से आगे बढ़ रहे थे लेकिन लॉकडाउन के बाद स्थितियों रुक गई है। फैसला सर्वोच्च न्यायालय का आएगा उस दिशा में आगे बढ़ेंगे।

स्कूल खोलने को लेकर बताया कि केंद्र सरकार गृह मंत्रालय से निर्देश आएगा स्कूल तभी खोले जाएंगे। हमारी तरफसे तैयारी पूरी हो चुकी है। बच्चों को मिड डे मील का खाद्यान्न घर.घर वितरित किया जा रहा है पुस्तकें वितरित की जा चुकी है। स्वेटर का कार्य भी पूरा होने वाला है।

निजी विद्यालयों के द्वारा जबरन फीस वसूलने पर बताया कि निजी स्कूल के लिए सरकार के लिए पहले ही निर्देश दिए जा चुके हैं। कोई बस की फीस नहीं लेगाए स्कूलों की बढ़ने वाली फीस नहीं बढ़ाई जाएगीए तीन तीन महीने की फीस नहीं ली जाएगी। जो अभिभावक फीस देने की स्थिति में नहीं है उनसे फीस नहीं ली जाएगी किसी प्रकार का कोई भी प्राइवेट स्कूल अभिभावकों पर दबाव नहीं बनाएगा। यदि कोई निजी स्कूल नहीं मानेगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी।

## फर्रुखाबाद में 37 कोरोना मरीज

**फर्रुखाबाद।** जनपद में शुक्रवार को कोरोना की बढत जारी रही। 37 कोरोना मरीज पाए गये कोरोना की संख्या बढ़कर 2002 हो गयी। कोरोना के 773 मरीज स्वस्थ हो गये जबकि 885 मरीज अस्पताल में भर्ती है,होम आइसोलेशन में 711 लोग है,लगभग 33 की मौत हो चुकी है । विवरण इस प्रकार है – सुरेन्द्र सिंह 27 वर्ष, अंजना 24 वर्ष जे एन वर्मा रोड, मंजीता 32 वर्ष लोहिया कैम्पस, मेघनाथ 47 वर्ष,अनन्या 3 वर्ष,नन्दनी 5 वर्ष न्यू आदर्श कालोनी, धीरेन्द्र कुमार 38 वर्ष, प्रमोद कुमार 33 वर्ष भोलेपुर, जितेन्द्र 35 वर्ष,सुरभि 24 वर्ष, आकांक्षा 18 वर्ष आवास विकास, राजेश कुमार 42 वर्ष मसेनी, शोभित कुमार 38 वर्ष कर्नलगंज,वीटाना चौहान 58 वर्ष दुर्गा कालोनी, मनोज 55 वर्ष, कल्पना 28 वर्ष, सेनापति स्ट्रीट, सन्तू तोमर 32 वर्ष,निर्मला तोमर 62 वर्ष जजी कालोनी, संजीव 53 वर्ष ग्वालटोली, सिब्बू 23 वर्ष बिर्राबाग, अंकित कटियार 30 वर्ष कुटरा कालोनी, इसके अलावा दीपक चाका 31,संजीव कुमार 42 वर्ष किन्दर नगला,हासिम अली 50 वर्ष,अर्पित 15 वर्ष,अजय 19 वर्ष मीरपुर कायमगंज, प्रेमसागर 67 वर्ष कुतलुपुर राजेपुर, प्राची 12 वर्ष,मो इरफान 40 वर्ष बिहार,संदीप कुमार 40 वर्ष ऊगरपुर मोहम्मदाबाद सभी कोरोना पाजिटिव पाये गये ।

# गृह क्लेश से तंग युवक का शव पेड़ पर लटकता मिला

संवाददाता। चकरनगर

**चकरनगर** थाना क्षेत्र के गांव छिवरौली में गृह क्लेश से तंग युवक ने चंबल नदी किनारे बबूल के पेड़ पर रस्सी का फंद्दा गले में डालकर जीवन लीला समाप्त कर ली। दोपहर से खोजने निकले पिता को दूसरे दिन पुत्र का शव पेड़ पर लटकता मिला। पुलिस ने पंचनामा भरते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा। उक्त घटना से स्वजन में कोहराम मचा। पिंटू दोहरे 25 पुत्र राम नरेश दोहरे की घर में गुरुवार दोपहर समय ग्रामीण सूत्रों के मुताबिक कुछ कहासुनी हो गई थी। जिसके बाद पिंटू हाथ में रस्सी और विधुत केवल लेकर घर से निकल गया था। तदोपरांत स्वजन द्वारा उक्त गायब युवक की काफी खोजबीन की गईए किन्तु देर रात्रि तक उसका कोई सुराग नहीं मिला। पुत्र की खोज में शुक्रवार भोर सुबह निकले पिता को करीब साढ़े सात बजे चंबल नदी किनारे पुत्र का शव एक बबलू के पेड़ पर फासी के फंद्दे से झूलता मिला। सूचना पर ग्रामीणों के साथ पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का जायजा लेते हुए शव को फासी का फंद्दा काटकर नीचे उतारा और पंचनामा की कार्यवाही करते हुए पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। इधर उक्त युवक की मौत की खबर से स्वजन में कोहराम मच गया। उक्त सूचना पर रिस्तेदारों के आने का सिलसिला शुरू हो गया। इस संबंध में जब स्वजन से बात की गई तो उन्होंने मृतक को मंद बुद्धि बताया और मां ने रोते हुए लॉक डाउन से मंद बुद्धि होने की बत कही। वहीं कुछ ग्रामीणों सूत्रों ने बताया कि मृतक जिद्दी किस्म का जरुर थाए किन्तु मंद बुद्धि होने की बात कभी सामने नहीं आई।

प्रभारी निरीक्षक चकरनगर राजेश कुमार सिंह चौहान का कहना है कि, मंद बुद्धि के युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है। वह पहले भी कई बार घर से भागने की हरकत कर चुका था।

## कलेक्ट्रेट नाजिर को पुत्र शोक

**कानपुर देहात।** जनपद के कलेक्ट्रेट नाजिर पद पर तैनात जगदीश यादव के छोटे पुत्र शशांक उम्र 27 की शिवराजपुर मे गंगा नहाते समय डूब जाने पर आकस्मिक निधन से कलेक्ट्रेट परिवार सोकाकुल दिखा। वही डीएम डाण्दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता मे कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष अपर जिलाधिकारी प्रशासन अपर जिलाधिकारी वित्तध्राजस्व व कलेक्ट्रेट स्टाफने नाजिर के पुत्र के आकस्मिक निधन पर दो मिनट मौन रखा गया।

# उपचार के दौरान गर्भवती महिला की हुई मौत

संवाददाता। कायमगंज फर्रुखाबाद

**उपचार** के दौरान एक गर्भवती महिला की मौत हो गयी। जिस परपिता ने दामाद पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। नगर से सटे गांव लालबाग हमीरपुर निवासी कासिम की 22 वर्षीय पत्नी निदा लगभग 9 माह की गर्भवती थी । आज वह अपने घर पर सही सलामत हालत में अपने बालों को कंघी से सुलझा रही थी। उसी समय अचानक महिला को चक्कर आ गया। बेहोशी की हालत में उसका पति तथा अन्य परिजन उपचार के लिए नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां परीक्षण के बाद ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया। जैसे ही चिकित्सक ने निदा को मृत घोषित किया । उसी समय उसके मायके कस्बा व थाना शमशाबाद के मोहल्ला मीरा दरवाजा निवासी मृतका के पिता फारूक तथा मां परवीन भी सीएससी कायमगंज आ गए। अपनी बेटी को मृत देखकर पिता व मां होशो हवास खो बैठे। और आक्रोश में आकर मृतका के पिता फारूक ने अपने दामाद कासिम पर लापरवाही तथा देखरेख न करने का आरोप लगाते हुए हाथापाई शुरू कर दी । मौके पर मौजूद कासिम के गांव लालबाग निवासी कुछ लोगों ने बीच.बचाव कर मामला रफा.दफा किया। इसके बाद ससुराल व मायके पक्ष के लोग मृतका का शव लालबाग लेकर चले गए।जहां समाचार लिखे जाने तक दोनों पक्षों में समझौते का प्रयास जारी था। इस दुखद घटना से जहां नवविवाहिता 22 वर्षीय निदा की मौत हुई वही गर्भ में पल रहे शिशु की भी अकाल मौत होने से यदि यह कहा जाए कि एक साथ दो प्राणी इस दुनिया से चले गए उनमें से एक तो ऐसा जिसने गर्भ से निकलकर बाहर की दुनिया में आंखें तक नहीं खोल पाई थी।

# आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर कार दुर्घटनाग्रस्त, उपनिरीक्षक की मौत



संवाददाता। ताखा

**आगरा** लखनऊ एक्सप्रेस वे पर दो गाड़ियों के बीच हुई जबरदस्त टक्कर उप निरीक्षक देवराज सिंह यादव की हालत गंभीर आगरा ले जाते समय रास्ते में मौत हुई।

शाम के लगभग 6रू00 बजे के आसपास लखनऊ से छुट्टी पर आगरा अपने घर जा रहे उपनिरीक्षक देवराज सिंह यादव जोकि आशियाना थाना लखनऊ में उप निरीक्षक एसआई के पद पर तैनात थे अपने घर जा रहे थे रास्ते में चैनल नंबर 128 के पास उनकी गाड़ी नंबर यूपी 83 एसी 000 5 का बैलेंस बिगड़ा और डिवाइडर से टकराती हुई दूसरी तरफ जा गिरी दूसरी साइड से आती हुई गाड़ी ने जिसका नंबर आरजे 45 बर4 313 ने जोरदार टक्कर मार दी जिसमें देवराज सिंह यादव बुरी तरह घायल हो गए

बताया जा रहा है मौके पर पहुंची पुलिस ने गाड़ी को अपने कब्जे में लिया और देवराज सिंह यादव जो कि घायल अवस्था में थे उनको उपचार हेतु सैफई मेडिकल कॉलेज भेज दिया थोड़ी ही देर में सैफई मेडिकल कॉलेज उनके परिजन भी आ गए लेकिन वहां जब उनके परिजनों ने देखा देवराज सिंह यादव की हालत बहुत ज्यादा गंभीर है तो उनके परिजन देवराज सिंह को आगरा के लिए ले चले लेकिन आगरा पहुंचने से पहले ही देवराज सिंह यादव ने दम तोड़ दिया।

# मण्डलायुक्त ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से की कोरोना संक्रमण की समीक्षा

संवाददाता। कानपुर देहात

**मण्डलायुक्त** कानपुर ने वीडियों कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्टेªट सभाकक्ष में कोविड 19 के तहत किये जा रहे कार्यो की समीक्षा जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में की गयी। समीक्षा में नबीपुर केन्द्रीय विद्यालय में संचालित एल.1 व जिला अस्पताल के ट्रामा सेन्टर में संचालित एल 2 कोविड अस्पताल में किये जा रहे व्यवस्थाओं की जानकारी ली। बैठक में जिलाधिकारी ने एल.1 व एल.2 प्रभारी को निर्देशित किया कि लाइटए पानीए भोजनए साफसफाई व सेनेटाइजेशन आदि सभी सुविधाएं कोविड.19 मानक के अनुसार सुनिश्चित की जाये। उन्होंने होम आइसोलेशन में रखे गये सभी व्यक्तियों का टेंपरेचर और पल्स ऑक्सीमीटर से प्रतिदिन आर0आर0टी0 टीम द्वारा लिया जाये।

उन्होंने एकीकृत कोविड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर द्वारा होम आइसोलेशन में रखे हुए व्यक्तियों की स्वास्थ्य जानकारी लिये जाने का निर्देश उपस्थित सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि होम आइसोलेशन में उसी व्यक्ति को रखा जायेगाए जिनके पास इंफ्रारेड थर्मामीटर एवं पल्स ऑक्सीमीटर होना आवश्यक है। वहीं जिलाधिकारी ने कोविड मरीजों से लिये गये फीडबैंक की जानकारी ली गयी जिसमें एल.1 हॉस्पिटलए केन्द्रीय विद्यालयए नबीपुर मातीए कानपुर देहात में भर्ती कोविड.19 मरीजों से दिनांक.18.09.2020 को कन्ट्रोल रूम सह प्रभारी राजीव राज द्वारा की गयी वार्ता एवं फीड बैक लिया गया। कतिपय मरीजों द्वारा व्यवस्था संतोषजनक बताई गयी। जिसमें नत्थू उम्र.65 वर्ष निवासी अमरौधाए श्रीमती सीमा निवासी संदलपुर उम्र.25 वर्षए श्री शैलेश कुमार निवासी कानपुर नगर उम्र.56 एवं श्री लवकुश कुमार निवासी सरवनखेड़ा उम्र 20 वर्ष से वार्ता की गयी उनके द्वारा दी गयी फीड बैक में कोविड सेन्टर की व्यवस्था संतोषजनक बताई गयी। सर्वेश कुमार उम्र.34 निवासी.कानपुर नगर से वार्ता करने पर शिकायत की गयी की खाना सही नहीं मिला है रोटियां कच्ची मिली है। और खाना बाहर से मगाने पर अन्दर नहीं आने देते है उक्त मरीज की शिकायत पर तत्काल संज्ञान लेते हुए प्रभारी कोविड सेन्टर एवं अभिहित अधिकारी खानपान से वार्ता कर उक्त शिकायत को तत्काल निस्तारित करने को निर्देशित किया। कन्ट्रोरूम सह प्रभारी राजीव राज द्वारा 05 होम आइसोलेट व्यक्तियों से वार्ता की गयी तथा उनके द्वारा संतोषजनक फीडबैक दिया गया।

## अपर जिलाधिकारी ने गौसंरक्षण केन्द्रों की समीक्षा कर दिये निर्देश

**कानपुर देहात( सं. )।** जिलाधिकारी डा. दिनेश चन्द्र के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी प्रशासन पंकज वर्मा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में गौ सरंक्षण केन्द्रों को ठीक प्रकार से संचालित कराये जाने के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि गौ संरक्षण केन्द्रों में ठीक प्रकार से सभी व्यवस्थायें संचालित हो तथा गौ संरक्षण केन्द्रों में गौवंशों को हरा चाराए पानीए भूसा आदि समय से दिया जाये। कही भी किसी गौ संरक्षण केन्द्रों से कोई शिकायत नही मिली चाहिए तथा सभी एसडीएमए ईओ अपने अपने क्षेत्रों में गौसंरक्षण केन्द्रों का निरीक्षण भी करते रहे तथा कोई कमी ओ तो उसे ठीक कराये। पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि प्रतिदिन पशु चिकित्सक गौ संरक्षण में जाकर जानवरों का परीक्षण करेंगे तथा लापरवाही पाये जाने पर कार्यवाही भी की जायेगी।

# तालाब में घुसा मगरमच्छ गांव की जनता भयभीत



संवाददाता। चकरनगर

**सहसों** थाना क्षेत्र के पसिया गांव के समीप कैमन के तालाब में अचानक शुक्रवार को मगरमच्छ दिखने से पशु चराने वालों में हड़कंप मच गया। उक्त तालाब में दिखे मगरमच्छ से पसिया व चंद्रहंसपुरा गांव के ग्रामीण बुरी तरह भयभीत है। पांच नदियों के मकड़जाल में घिरी चकरनगर की धरती पर वन्य एवं जलीय जीवों के आतंक की हकीकत किसी से भी छिपी नही है। कहीं अजगर पशु निगल रहे हैए तो कहीं तेंदुए घर में घुसकर पालतू जानवरों को खा जाते है। यही नहीं चंबल नदी में पलने वाले मगरमच्छ और घडियाल नरभक्षी हो गये है। हालात यहां तक आ गये कि मगरमच्छ गांव के तालाब मेंए तेंदुए और अजगर घरों में घुस रहे है। जिससे क्षेत्र की जनता बुरी तरह भयभीत है और सैंक्चुअरी कर्मियों के कांन पर शिकायत के बाद भी जूं तक नहीं रेंग रही है। यहीं नहीं सैंक्चुअरी कर्मियों को अपनी सीमा का भी आंकलन नहीं है। अजगर हो या मगरमच्छ जब तक घर में नहीं घुस जाता तब तक सैंक्चुअरी कर्मी उसे अपने ही क्षेत्र में कहकर मामले को टालने का प्रयास करते है। क्षेत्रीय सैंक्चुअरी कार्मियों के सामने उच्चाधिकारी भी बौने है। उक्त मामले की सूचना के बाद भी सैंक्चुअरी कर्मी मगरमच्छ पकड़ना तो दूर की बातए मौके पर देखने भी नहीं पहुंचे। उपरोक्त दो गांव की जनता में सैंक्चुअरी कर्मियों के खिलाफआक्रोश व्याप्त है।

# जल निगम के अधिशाषी अभियन्ता सहित 16 मिले नदारद, शासन को भेजी जायेगी रिपोर्ट



संवाददाता। फर्रुखाबाद

**जिलाधिकारी** मानवेन्द्र सिंह नें शुक्रवार को अधिशाषी अभियन्ता जल निगम के कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। जिसमे उन्हें खुद अधिशाषी अभियंता सहित 16 कर्मचारी गायब मिले। जिससे डीएम का पारा चढ़ गया। उन्होंने सभी अनुपस्थित कर्मियों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही के साथ ही शासन को रिपोर्ट भेजने के निर्देश जारी किये।डीएम के अचानक पंहुचने से जल निगम कार्यालय में हड़कंप मच गया। डीएम उपस्थिति रजिस्ट्रर चेक किया तो उन्हें अधिशाषी अभियन्ता जल निगम सुनील कुमार तिवारी, रामरतन, महेश श्रीवास्तव, देवेन्द्र सिंह, आशुतोष कटियार, शमीम बेगम, चंचल, नवनीत तिवारी एवं निखिल प्रताप सिंह, अश्वनी कुमार, मूलचन्द्र, रामवीर सिंह, प्रवेश कुमार, पुनीत कुमार यादव, चपरासी अनुपस्थित मिले।

कर्मचारी ग्रीशचंद द्वारा एक दिन पूर्व ही हाजरी भर दी और मौके से गायब मिले। जिसको देखकर जिलाधिकारी का पारा चढ़ गया। डीएम ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। इसके साथ ही गायब सभी कर्मियों के खिलाफ विभागीय कार्यवाही करने के और शासन को रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिये।

## फतेहगढ़ बस अड्डे का शौचालय गंदा देख भड़के जिलाधिकारी

**शुक्रवार** को निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी को फतेहगढ़ बस अड्डे में बना शौचालय गंदा मिला। जिसे कई महीनों से साफ नही किया गया और उपयोग भी नही हुआ था। उन्होंने शौचालय के संचालन में अबरोध उत्पन्न करने वाले जिम्मेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिये। उन्होनें ईओ नगर पालिका रविन्द्र कुमार को तत्काल शौचालय की मरम्मत कराकर,एक कर्मचारी तैनात कर जल्द से जल्द शौचालय को शुरू कराने के निर्देश दिये।

## उद्योग व्यापार संगठन के पूर्व जिलाध्यक्ष गौरहरी अग्रवाल सहित चार भू-माफिया घोषित

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी नें उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन गौरहरी अग्रवाल सहित चार और के खिलाफ भू–माफिया की कार्यवाही की है। इसके साथ चारों के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कराने के आदेश दिये हैं। शुक्रवार को डीएम मानवेन्द्र सिंह नें बड़ी कार्यवाही करते हुए शहर के सेठ गली निवासी गौरहरि अग्रवाल, नानक चन्द्र, विनोद चन्द्र, विनय कुमार पुत्र हरिशचन्द्र के खिलाफ भू–माफिया की कार्यवाही की है। दरअसल वक्फ भूमि मालियत रू0 23,78,47,500 पर गौरहरि अग्रवाल, नानक चन्द्र, विनोद चन्द्र, विनय कुमार पुत्र हरिशचन्द्र द्वारा अवैध रूप से अभिलेखों में कूटरचना करते हुए वक्फ भूमि हस्तगत कर बिक्री की गई। जिस पर डीएम ने जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को उक्त भू–माफियाओं के विरूद्ध तत्काल प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराकर नियमानुसार बैाानिक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी नें बताया कि संज्ञान में आया है कि गौर हरि अग्रवाल द्वारा नगर फर्रूखाबाद में अन्य भूमियों पर भी इसी तरह अभिलेखों में कूटरचना करके भूमियों पर कब्जा किया गया है। उन्होंने बताया कि उप जिलाधिकारी सदर को इस मामले में स्वयं जांच कर एक माह के अन्दर सूची सहित स्पष्ट रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये है।

# हत्या की सूचना पर दौड़ा पुलिस प्रशासन

संवाददाता। इटावा

**जनपद** के बसरेहर थाना क्षेत्र के गांव लुधपुरा निवासी के 90 वर्षीय श्रीराम शाक्य पुत्र पुनू शाक्य की बहन रामवती पत्नी मंगू लाल के नाती अवनीश पुत्र कैलाश बाबू निवासी जरावन कुर्रा थाना कुर्रा जिला मैनपुरी के घर मौत हो गयी।जिसके बाद मृतक के पार्थिक शरीर का अंतिम संस्कार करने उनको गांव लेकर आये थे कि तभी मृतक की बहन के तीसरे नंबर के रामप्रकाश के पुत्र सन्टी पुत्र उपेंद्र ने डायल 112 सूचना दी कि जमीन की लालच में मृतक की हत्या कर उसका अन्तिम संस्कार करने जा रहे है जिसपर पुलिस प्रशासन में हड़कम कट गया और घटना स्थल पर भारी पुलिस बल पहुच गया जहाँ घटना की सच्चाई कुछ और ही निकली।जानकारी देते हुए अवनीश ने बताया कि मृतक मेरे पिता के मामा है और उनकी शादी न होने के कारण उनकी देखरेख में कर रहा था किसके अशीर्वद में उन्होंने मुझे आज से दो वर्ष पूर्व अपनी पांच बीघा जमीन मेरे नाम कर दी।शुक्रवार की सुबह 4 बजे व्रद्ध अवस्था के करण उनकी मौत हो गयी उनकी इच्छा अनुसार उनके अन्तिमसंस्कार उनकी पैतृक जमीन पर करने के लिए उन्हें बसरेहर थाना क्षेत्र के गांव लुधपुरा लेकर आये जहा हमारे चाचा के पुत्र ने पुलिस को झूठी सूचना दी कि उनकी हत्या कर दी गयी है।घटना की संवेदनशीलता को समझते हुए मौके पर कार्यवाहक जसवंत नगर क्षेत्राधिकारी रमेश सिंह पहुचे और घटना की जानकारी ली क्षेत्र के लोगों व प्रभारी जनों से बात करने पर मामला हत्या का झूठा पाया गया जिस पर सूचना देने वाले को पुलिस ने हिरासत में ले लिया।

## अवर्गीकृत होटलों को पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश

**कानपुर देहात( सं. )।** पर्यटकों को भ्रमणार्थ तीन मूलभूत सुविधाओं की आवश्यकता होती है यथा.आवास जलपान एवं मार्गीय सुविधा जो पर्यटन उद्योग के अन्तर्गत आते है। पर्यटन विभाग की प्रमुख उद्देश्य पर्यटकों हेतु उक्त सुविधाओं को प्रदान किया जाना हैए जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिल तथा पर्यटन स्थलों को विकास एवं प्रचार.प्रसार हो सके।

पर्यटन निदेशालय उत्तर प्रदेश द्वारा दिये गये निर्देशें की उपरोक्त जानकारी देते हुए पर्यटन अधिकारी कानपुर नगर ने बताया कि हॉस्पिटैलिटी सेक्टर के अन्तर्गत होटल उद्योग को प्रोत्साहन दिए जाने हेतु पर्यटन मंत्रालयए भारत सरकार ने अपने पोर्टल पर सभी अवर्गीकृत होटलोंए लॉजों, गेस्ट हाउसों, पेइग गेस्ट हाउसोंए बेड एण्ड ब्रेकफास्ट होम स्टे आदि अन्य आवासीय ईकाईयों को उक्त पोर्टल पर संकलित कराये जाने हेतु सभी प्रदेशों को निर्देश जारी किये गये है।

# भीतरगांव क्षेत्र में कोरोना संग डेंगू बुखार का हमला

संवाददाता घाटमपुर

**कोरोना** के साथ क्षेत्र में डेंगू बुखार का प्रकोप जारी है। जिसको लेकर बिकास खंण्ड भीतरगांव के कई गांवों में हाहाकार मचा हुआ है सीएचसी भीतरगांव के अधीन अमौर गांव में बीते एक सप्ताह से डेंगू बुखार का कहर जारी हैं ग्रामीणों ने बताया कि बीते दो दिन पहले एक महिला की मौत और दर्जनों लोगों के बीमार होने की जानकारी मिलने पर सीएचसी की मेडिकल टीम व सफाई कर्मियों को लेकर ब्लाक कर्मी अमौर गये तथा कोरोना संग डेंगू बुखार की जॉंच की चिकित्साधीक्षक डा0 अजय मौर्या ने बताया कि गांव में 75 लोगों की जॉंच की गयी जिसमें 4 कोरोना संक्रमित पाये गये। उधर गांव में सफाई कर्मी कर्मी के न आने से चारो ओर गंन्दगी का आलम है। तहसील मुख्यालय की सीएचसी घाटमपुर में आज 153 की जॉंच की गयी जिसमें ब्लाक कर्मी के अलावा घाटमपुर चौकी एक सिपाही सहित तीन लोग पाजिटिव पाये गये चिकित्साधीक्षक डा0 कैलाशचंद्रा ने बताया कि सभी को होम आइसोलेशन किया गया।

## बाल संरक्षण समिति की बैठक

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी डॉ दिनेश चंद के निर्देशन में ब्लॉक प्रमुख संतोष चौधरी की अध्यक्षता में ब्लॉक सभागार अकबरपुर में ब्लॉक बाल संरक्षण समिति की बैठक आहूत की गयी। बैठक में सभी सम्मानित सदस्यों के द्वारा प्रतिभाग किया गया। ब्लॉक बाल संरक्षण समिति में उपस्थित मेरे द्वारा विकासखण्ड के समस्त केन्द्रों से उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को किशोर न्याय ;बालकों की देखरेख एवं संरक्षण अधिनियमद्ध 2015 नियमावली 2016 के अन्तर्गत बाल कल्याण समिति व किशोर न्याय बोर्ड द्वारा बच्चों को सुरक्षात्मक वातावरण के विषय में बताया गया।

# करंट लगने से मजदूर झुलसा, रेफर



संवाददाता घाटमपुर

**कोतवाली** क्षेत्र के गांव बीरपुर के पास निर्माणाधीन एक गेस्ट हाउस में करंट लगने से एक मजदूर बुरी तरह से झुलस गया, घायल मजदूर को परिजन इलाज के लिये सीएचसी ले गये जहाँ घंटों तड़पने के बाद भी उसे न तो इलाज मिला और न ही कानपुर ले जाने के लिये एम्बूलेंन्स बाद में परिजन झुलसे मजदूर को मारुति बैन से कोतवाली ले आये और इलाज में लापरवाही तथा एम्बूलेंन्स न मिलने का आरोप लगाकर मूसानगर रोड जाम कर दिया जो करीब एक घंन्टे तक जाम रही तथा वाहनों की लाइन लग गयी। बाद में पंहुची पुलिस झुलसे मजदूर को स्वास्थ्य सेवा की 108 से इलाज के लिये कानपुर भेजवाया। कोतवाली की पुलिस चौकी पतारा क्षेत्र के गांव जगन्नाथपुर निवासी लखपती संखवार ( 45 ) पुत्र रामआसरे अन्य मजदूर साथियों के साथ गांव बीरपुर के पास निर्माणाधीन एक गेस्ट हाउस में काम करने गया था बताते है। सुबह 9 बजे के करीब लगखपती दीवाल में चढ़ कर ईंटें दे रहा था कि तभी ऊपर से गुजरी 11 हजार की लाइन का तार छू गया और लाखपती बुरी तरह से झुलास गया। जिसे परिजन इलाज के लिये सीएचसी ले गये, परिजनों का आरोप है कि काफी देर तड़पने के बाद डाक्टर आये और बिना इलाज किये हैलट रिफर कर दिया लेकिन अस्पताल से एम्बूलेंन्स नही मिली।

# पांच करोड़ से अधिक कीमत की जमीन अवैध कब्जे से हुई मुक्त

संवाददाता। कानपुर देहात



**डीएम** की सख्त कार्यप्रणाली व निर्देश पर शुक्रवार को भूमाफियाओं द्वारा कब्जाई गयी भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया गया। मुक्त करायी गयी जमीन की बाजार कीमत सवा पॉच करोड रूपये के आस पास ऑकी जा रही है। शुक्रवार को जनपद की अकबरपुर तहसील क्षेत्र के दो गॉवों में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर स्कूल का सॅचालन कर रहे दो भू माफियाओं का चाबुक चला। एसडीएम सदर आनन्द कुमार सिंह के नेतृत्व में अकबरपुर तहसील प्रशासन ने तहसील क्षेत्र के हसनापुर व मुरीदपुर गॉवों दो भूमाफियाओं के खिलाफ कारगार कार्यवाही की। तहसील अधिकारियों व भारी पुलिस सुरक्षा के बीच पहले हसनापुर गॉव में भूमाफिया जगदीश यादव जिसने करीब 8 बीघा सरकारी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर स्कूल सॅचालित कर रहे भवन को बुलडोजर के माध्यम से ढहाया गया। इस जमीन की कीमत करीब 90 लाख रूपये ऑकी जा रही है। भूमाफिया पर 8 लाख रूपये का जुर्माना भी ठोंका गया। इसके बाद एसडीएम के नेतृत्व में अधिकारियों व अकबरपुर पुलिस दल हाईवे किनारे स्थित मुरीदपुर गॉव पहुॅचा यहॉ भूमाफिया पुत्तीलाल यादव द्वारा सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर अपने स्कूल आर्दश कृष्ण अर्जुनदास इण्टर कालेज के मुख्य गेट व अवैध कब्जे को ढहाया गया। हाईवे किनारे स्थित इस बेशकीमती जमीन की कीमत साढे चार करोड रूपये के आसपास ऑकी जा रही है। पुत्तीलाल यादव के खिलाफएसडीएम ने संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज करने के आदेश भी दिये। सदर एसडीएम आनन्द कुमार सिंह ने बताया कि शासन की मॅशा के मुताबिक व डीएम के निर्देश पर सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले दोनों भूमाफियाओं के खिलाफकार्यवाही की गयी है।

# मोदी के साहसिक कार्यों को युगों तक सराहेंगे लोगः चन्द्रिका प्रसाद

संवाददाता। चित्रकूट


परिचर्चा में बोलते राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय व अन्य

**राष्ट्रीय** जन उद्योग व्यापार संगठन ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मोत्सव पर परिचर्चा कर सेवा दिवस के रूप में मनाया। बतौर मुख्य अतिथि लोनिवि राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि मोदी की ऐतिहासिक अगुवाई में राम मन्दिर बनवाने, धारा 370 हटाने व चीन को बराबरी से जवाब देने के जो साहसिक काम हुए हैं उसे युगों-युगों तक लोग सराहेंगे।

शुक्रवार को ये परिचर्चा राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के संगठन महामंत्री शानू गुप्ता के आवास पर हुई। शानू गुप्ता ने आधा सैकड़ा नन्हे बच्चों को कॉपी, किताब, पेंसिल, रबर, कटर, पटरी आदि लेखन सामग्री व मिठाई एवं मास्क बांटा। भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने कहा कि मोदी सरकार व्यापारी, किसान सभी के हित में काम कर रही है। पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्र ने मोदी के जीवन पर रोशनी डाली।

नगर पालिका चेयरमैन नरेन्द्र गुप्ता ने मोदी की जीवनशैली अनुकरणीय बताई। आयोजक व्यापारी नेता शानू गुप्ता ने मोदी के आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने को सबको ज्ञान, टेक्नोलॉजी व प्रेक्टिकल के प्रयोग की जरूरत बताया। इस मौके पर प्रदेश मंत्री विनोद केसरवानी, सुनील हड्डू गुप्ता, शिवशंकर गुप्ता, शेशू जायसवाल, विनोद आर्य, सुनील जायसवाल, संजय सोनी, ओम शंकर केसरवानी, रामप्रकाश, अमित पौहरिया, रविराज अग्रहरि, पप्पू जायसवाल, उज्ज्वल गुप्ता, विष्णु केसरवानी आदि मौजूद रहे।

## तीन महिलाओं को अनियंत्रित वाहन ने कुचला, हालत गंभीर

**मौदहा (हमीरपुर)।** मौदहा से अरतरा की ओर जा रही तेज गति अल्टिका गाड़ी की चपेट में आइ जानवरों चराने वाली रोड किनारे बैठी तीन महिलाओं को अनियंत्रित होकर मारी टक्कर तीनों महिलाएं गंभीर रूप से घायल सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने लाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया भर्ती दो की हालत नाजुक होने पर सदर अस्पताल के लिए किया रिफर। ग्राम अरतरा निवासी आशा 35 वर्ष पत्नी कमलेश ,रमाकांती पत्नी सियाराम प्रजापति व पूजा 13 पुत्री जागेश्वर अपनी भैंस चराने मौदहा रोड में पुलिया के पास बैठी थी तभी मौदहा की ओर से जा रही अर्टिका कार ने अनियंत्रित होकर तीनों महिलाओं को कुचलती हुई आगे पेड़ में जा टकराई जिससे तीनों महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस व एंबुलेंस में घायलों को मौदहा के समुदाय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां आशा व रमाकांती की हालत नाजुक होने पर प्राथमिक उपचार के बाद दोनों सदर अस्पताल के लिए रिफर कर दिया।

# झाड़फूंक करने के बहाने तांत्रिक बाइक व मोबाइल लेकर फरार

संवाददाता। सरीला (हमीरपुर)

**कस्बे के** हटवारा मुहाल निवासी पिता पुत्री को झाड़-फूंक के बाद बेतवा नदी के बीहड़ में तांत्रिक बाइक लेकर भाग गया। परिजनों ने इस मामले की सूचना पुलिस को दी है। घटना स्थल जनपद जालौन का होने की वजह से पीड़ित मामला दर्ज कराने के लिए पुलिस के चक्कर लगा रहा है।

कस्बे के हटवारा मुहाल निवासी निजाम सब्जी विक्रेता है। उसकी 14 वर्षीय पुत्री साहीन अस्वस्थ रहती है। निजाम ने बताया कि गुरुवार की सुबह उसके परिचित के साथ एक तांत्रिक उसके घर आया था। तो पुत्री को झाड़-फूंक से ठीक करने की बात कह कर उसे फफूंद चलने को कहा तो वह अपनी बाइक से पुत्री को लेकर तांत्रिक के साथ फफूंद चला गया। देर शाम वापस आते समय लगभग रात्रि 11 बजे जनपद जालौन के परासन गांव के पास बेतवा नदी के बीहड़ में तांत्रिक ने फिर उसकी बेटी की झाड़-फूंक करने की बात कहकर बाइक रोक दी थी।

थोड़ी देर तक झाड़-फूंक भी करता रहा। बाद में तांत्रिक ने अपने गुरु से बात करने के लिए उसका मोबाइल भी ले लिया। और बाइक लेकर भाग गया। आगे बताया कि उसके चीखने चिल्लाने पर खेतों में काम कर रहे लोग मौके पर आ गए। तथा पुलिस व परिजनों को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला जरिया थाने में दर्ज कराने की बात कहकर घर जाने को कह दिया था। तो वह परिजनों के साथ घर वापस आ गया था। जरिया थाना में भी उसका मामला दर्ज नहीं हो रहा है। चौकी प्रभारी सरीला रामबाबू का कहना है कि घटनास्थल जनपद जालौन के आटा थाना क्षेत्र का है होने की वजह से पीड़ितों को आटा थाने जाने के लिए कहा गया है।

## विवक न्यूज

### आरक्षियों की बैठक कर जेडी ने दिये कड़े निर्देश

**हमीरपुर।** अभियोजन कार्यालय में कल आरक्षी व मुख्य आरक्षियों की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई जिसमें संयुक्त निदेशक बीएल वर्मा ने कोर्ट कार्यों को लेकर समीक्षा कर कहा कि कोर्ट के हरेक काम निश्चित समय पर किये जाये काम में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। कोर्ट कार्यों को समय से निपटाने के लिये अभियोजन विभाग से आरक्षी व मुख्य आरक्षी समेत करीब तीस लोगों की ड्यिटी लगायी गयी है। सभी कर्मी विभाग के अभियोजन अधिकारी व ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी की देखरेख में काम करते है यदि कोई कानूनी समस्या आती है तो आरक्षी व मुख्य आरक्षी विभाग के जेडी, पीओ एसपीओ से जानकारी प्राप्त करते है। समीक्षा बैठक में संयुक्त निदेशक ने सभी आरक्षियों के उनके कार्यों की समीक्षा करते हुये संबंधित अभिलेख देखे और दिशा निर्देश दिये कहा कि यदि किसी आरक्षी को कोई कानूनी समस्या आये तो उन्हे अवगत करायें। कोर्ट द्वारा मांगी जाने वाली रिपोर्ट व अन्य कार्य समय से उपलब्ध करायें जाये। इस मौके पर आरक्षियों ने अपनी समस्याएं रखी जिसका निस्तारण जेडी श्री वर्मा ने किया।

### महिला को लगा करेंट झुलसी

**मौदहा( हमीरपुर)।** सुबह सवेरे घरेलू कार्य निपटाते हुए महिला आई करंट की चपेट में हालत गंभीर अस्पताल में कराया गया भर्ती। क्षेत्र के गांव थाना सिसोलर निवासी अंजू 26 पत्नी राकेश सुबह सवेरे अपने घर में साफ-सफाई का कार्य कर रही थी तभी साफ-सफाई करते समय पंखा हटाते हुये उसमें उतरे करंट की चपेट में आ जाने से अचेत होकर फर्श पर गिर पड़ी वहीं परिजनों द्वारा मौदहा के सरकारी अस्पताल में कराया भर्ती जहां पर इलाज जारी है।

### बाइक से गिर कर युवक घायल

**मौदहा (हमीरपुर)।** बाइक से रिश्तेदारी में जा रहा युवक गाड़ी का संतुलन बिगड़ने से सड़क पर गिरकर घायल हो गया। राहगीरों की मदद से अस्पताल में कराया गया भर्ती हालत नाजुक होने पर सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। कलौली जार निवासी अरविन्द बाइक से अपने गांव कलौली जार से रिश्तेदारी मौदहा आ रहा था तभी गुरुवार की शाम लगभग 7 बजे गांव मकरांव के पास बाइक का संतुलन बिगड़ जाने से बाइक सहित रोड पर गिर गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे राहगीरों की मदद से मौदहा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां पर हालत चिंताजनक देख डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

### खेत में काम कर रहे युवक को सर्प ने काटा

**मौदहा (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के गांव में गुरुवार की शाम खेत में काम कर रहे युवक को सर्प ने डस लिया जिसे मौदहा के सरकारी अस्पताल में कराया भर्ती क्षेत्र के गांव अरतरा निवासी रोहित कुमार अपने खेतों पर काम कर रहा था तभी अचानक सर्प ने उसे डस लिया जिसे परिजनों द्वारा मौदहा के सरकारी अस्पताल में कराया भर्ती। हालत में सुधार बताया जा रहा है।

### नाबालिग से छेड़खानी का आरोपी गिरफ्तार

**जालौन (उरई)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम में सोमवार की रात घर में घुसकर नाबालिग के साथ छेड़छाड़ के मामले में कोतवाली पुलिस ने युवक के मामला दर्ज कर लिया तथा आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।मंगलवार को नाबालिग ने कोतवाली पुलिस से शिकायत की थी कि गांव के अजीत कुमार सोमवार की रात करीब 2 बजे घर में घुस आये थे तथा छेड़छाड़ कर जान से मारने की धमकी दी दी। पुलिस ने 3 दिन तक जांच के आरोपित के छेड़छाड़, जान से मारने के साथ पास्को अधि. के तहत खिलाफमामला दर्ज कर लिया है। आरोपित के खिलाफमामला दर्ज कर आरोपित अजीत कुमार को मुखबिर की सूचना पर कोतवाल रमेशचंद्र मिश्रा के नेतृत्व में टीम ने छापामारी कर गांव से पकड़ लिया तथा चिकित्सकीय परीक्षण कर जेल भेज दिया है। कोतवाल ने बताया कि आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है तथा मामले की जांच चल रही है।

### खाद के गड्ढे पर दबंग पक्का निर्माण कराने पर आमादा

**जालौन (उरई)।** किसी अन्य के नाम आवंटित खाद के गड्ढे पर गांव का ही दबंग कब्जा कर पक्का निर्माण कर रहा है। मना करने पर झगड़े पर आमादा हो जाता है। पीड़ित ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर खाद के गड्ढे से अतिक्रमण हटवाने की मांग की है। तहसील क्षेत्र के ग्राम हदीपुरा निवासी आशुतोष मिश्रा ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनके बाबा के नाम ग्राम पंचायत के ओर से खाद के गड्ढे का पट्टा दिया गया था। लेकिन गांव के ही दबंग श्यामसुंदर ने उक्त खाद के गड्ढों पर अतिक्रमण कर लिया है। अब वह उन गड्ढों पर पक्का निर्माण भी कर रहा है। जब उन्होंने खाद के गड्ढे पर पक्का निर्माण करने से रोका तो वह झगड़े पर आमादा हो गया। पीड़ित ने एसडीएम से दबंग द्वारा अतिक्रमण कर किए जा रहे पक्के निर्माण को रुकवाने की मांग एसडीएम से की है।

### भ्रष्टाचार के खुलासे को भाजपा नेत्री ने की जांच की मांग

**चित्रकूट।** भाजपा निगरानी समिति सदस्य ममता तिवारी ने मऊ ब्लाक के हर्दीकला, रेडीभुसौली व औझर में मनरेगा से हुए कार्यों तथा शौचालयों की जांच की मांग डीएम से की है। शुक्रवार को भाजपा जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की सदस्य ममता तिवारी ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि मऊ ब्लाक के हर्दीकला, रेडीभुसौली व औझर गांव में स्वच्छ भारत मिशन के तहत 2018-19 में शौचालय पात्रों को नहीं दिये गये। अपात्रों को शौचालय देकर घटिया कार्य कराया गया है। तीनों गांवों को ओडीएफघोषित कर शौचालय कार्य पूर्ण करना दिखाया है। अपात्रों के नाम कार्ड बनवाकर उन्हीं के खातों में धनराशि भेजकर प्रधान, सचिव व पंचायत मित्र ने बंदरबांट कर लिया है। पात्र व्यक्ति रोजगार को परेशान है। भाजपा नेत्री ममता तिवारी ने कहा कि जनसूचना अधिकारी के तहत आख्या देने में हीलाहवाली की जा रही है। डीएम से शौचालय व मनरेगा के कार्यों की तकनीकी जांच कराने की मांग की है, ताकि भ्रष्टाचार का खुलासा हो सके।

### तेज रफ्तार ट्रैक्टर के नीचे घुसा बाइक सवार, घायल

**कोंच(जालौन)।** शुक्रवार की दोपहर उरई रोड पर एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर के नीचे बाइक सवार घुस गया।आसपास मौजूद लोगों ने बाइक सवार को ट्रैक्टर के नीचे से निकाल कर घायल अवस्था में उपचार हेतु सीएचसी में भर्ती कराया। उरई रोड पर मथुरा प्रसाद महाविद्यालय के पास एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने सामने से आ रही बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार उक्त ट्रैक्टर के नीचे घुस गया और बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। आसपास मौजूद लोगों ने दौड़ कर बाइक सवार युवक को ट्रैक्टर के नीचे से निकाल कर सीएचसी में भर्ती कराया। घायल युवक का नाम मोटू उर्फ़ चंद्रकांत दोहरे पुत्र राजेन्द्र प्रसाद निवासी नया पटेल नगर बताया गया है। पुलिस ने जाम खुलवाकर ट्रैक्टर व बाइक अपने कब्जे में कर ली।

### पुलिस ने तमंचा व चाकू के साथ दो को दबोचा

**कोंच(जालौन)।** पुलिस ने तमंचा व चाकू के साथ दो युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।कोंच कोतवाली की खोड़ा चौकी प्रभारी सुदीप कुमार ने हमराही सिपाहियों की मदद से मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार को क्षेत्र की चंदेहा पुलिया से असलम उर्फ़अक्सास पुत्र मूसा कुरैशी निवासी आजादीलेन कोंच को 315 बोर तमंचा व 2 जिंदा कारतूस एवं नईम राईन पुत्र अली हसन निवासी आजाद नगर कोंच को एक चाकू के साथ गिरफ्तार कर लिया।

# सीडीओ के निरीक्षण में मुख्य पशु चिकित्सा व समाज कल्याण विभाग में मिले आठ कर्मी गैर हाजिर

● सभी कर्मियों का एक दिन का बेतन रोकने के आदेश

**हमीरपुर।** आज सीडीओ ने जिला समाज कल्याण अधिकारी व मुख्य पशु चिकित्साधिकारी कार्यालय का निरीक्षण किया जिसमें आठ कर्मचारी गैर हाजिर पाये गये सभी कर्मियों का एक दिन का बेतन रोकने के आदेश दिये गये है। सीडीओ कमलेश कुमार बैश्य ने आज सवा दस बजे विकास भवन पहुचकर सबसे पहले मुख्य पशु चिकित्साधिकारी कार्यालय का निरीक्षण किया जिसमें डिप्टी सीवीओ समेत आठ कर्मचारी गैर हाजिर पाये गये।

सीडीओ ने बताया कि डिप्टी सीवीओ सोमप्रकाश तिवारी के अलावा कनिष्ठ सहायक मोहम्मद अहमद, श्रीमती अनुश्वेता, बनमाली, सुधांशु, विक्रम, श्वेता, संदीप सिंह गैर हाजिर पाये गये है। विभागीय कर्मियों का कहना है कि डिप्टी सीवीओ की ड्यिटी शासन ने दूसरे जिले में लगा दी है इसी प्रकार सीवीओ डा ओपी यादव निरीक्षण के समय एडीएम दफ्तर में अभिलेखों में हस्ताक्षर कराने गये थे। इसी प्रकार समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय के निरीक्षण में सीडीओ ने बताया कि जिला समाज कल्याण अधिकारी दस बजकर बीस मिनट तक उपस्थित नहीं हुये थे। इसी प्रकार रमेश चंद्र के कालम में टी अंकित पाया गया था, याकूब कम्प्यूटर आपरेटर 6 सितम्बर से लगातार गैर हाजिर चल रहे है। सीडीओ ने साफ कहा है कि जो कर्मचारी गैर हाजिर है उनका एक दिन का बेतन रोक दिया गया है।

## महिला की भूमि पर दबंगों ने किया कब्जा

**चित्रकूट।** मारकुण्डी थाना क्षेत्र के जारोमाफी गांव हालमुकाम दलेला जिला सतना मप्र की अनुसूचित जाति की लल्लीबाई पुत्री रामजियावन पत्नी गेंदालाल ने जिलाधिकारी को सौंपे पत्र में कहा कि छिरिहाखुर्द के दबंग प्रधानपति उसकी भूमि पर कब्जा किये हैं। शुक्रवार को पीड़िता ने जिलाधिकारी को सौंपे पत्र में लल्लीबाई ने कहा कि तहसील मानिकपुर के जारोमाफी गांव के गाटा संख्या 11 रकबा 0963 व रकबा 0245 वरासत दर्ज हुई थी। छिरिहाखुर्द के दबंग प्रधानपति रामराज यादव पुत्र राजाराम व छत्रपाल, कमलेश, शिवनारायण, मुलायम, सभापति, दिलीप, कल्लू, संदीप ने अवैध ढंग से खेत पर कब्जा कर लिया है। जोती फसल को बर्बाद कर दिया है। वह अपनी ससुराल दलेला से जारोमाफी आई तो उसे जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर गाली-गलौज कर गांव में घुसने पर जान से मारने की धमकी दी है। पीड़िता ने अपने साथ हुई घटना की तहरीर मारकुण्डी थाने में दिया तो दबंगों की पहुंच के चलते उसकी सुनवाई नहीं हुई। पुलिस क्षेत्राधिकारी मऊ 11 सितम्बर को मौके पर गये। फिर भी आरोपीगणों के खिलाफकोई कार्यवाई नहीं की। पीड़िता ने कहा कि दबंग किस्म के प्रधानपति आदि उसका अपहरण कर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। उसकी भूमिधरी पर दबंगों ने कब्जा कर लिया है। पीड़िता ने दबंगों के खिलाफकानूनी कार्यवाही की मांग की है।

# हॉट-स्पॉट क्षेत्र के शत-प्रतिशत लोगों के नमूने लें: जिलाधिकारी

संवाददाता। चित्रकूट


बैठक में निर्देश देते डीएम।

**डीएम** शेषमणि पाण्डेय की अध्यक्षता में कोविड-19 के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित कोविड कमांड एवं कंट्रोल सेंटर पर कोरोना हॉस्पिटल एलटू फैसलिटी दो सौ शैया अस्पताल खोह में संबंधित अधिकारियों के साथ रोकथाम एवं बचाव बावत बैठक हुई। शुक्रवार को बैठक में डीएम ने उपजिलाधिकारियों तथा अधिशाषी अधिकारियों को निर्देश दिये कि हॉटस्पाट क्षेत्रों में सभी आवश्यक वस्तुओं की डिलेवरी लगातार जारी रहे। सीएमओ से कहा कि हॉटस्पाट क्षेत्र के लोगों की शत-प्रतिशत नमूने लें।

आरोग्य सेतु एवं आयुष कवच एप डाउनलोड करायें। कांट्रेक्ट ट्रेसिंग, सेम्पल के कार्य, सर्विलांस टीम की स्थिति, एंटीजन टेस्ट, आरटीपीसीआर, ट्रूनाट आदि कोविड-19 को निर्धारित 12 बिन्दुओं पर समीक्षा कर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी मूलभूत सुविधायें सुनिश्चित रहें। होम आइसोलेट में कोई भी मरीज घर से बाहर न निकले। संदिग्ध लोगों के नमूने लेकर कोरोना संक्रमण से बचाव के मद्देनजर सर्विलांस टीम हर घर जाकर लोगों को मास्क पहनने एवं सामाजिक दूरी का पालन करने को जागरूक करें। डीएम ने निर्देश दिये कि कोविड जांच बढाई जाये। लक्षण युक्त मरीजों का शत-प्रतिशत नमूना लिया जाये। इसमें कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। बैठक में सीडीओ अमित आसेरी, एडीएम जीपी सिंह, एएसपी प्रकाश स्वरूप पाण्डेय, सीएमओ डॉ विनोद कुमार, एसडीएम सदर रामप्रकाश आदि मौजूद रहे।

## पीएम आवास योजना चयन में भेदभाव की डीएम व सीडीओ से शिकायत

**जालौन ( उरई )।** प्रधानमंत्री आवास योजना में चयन के लिए सुविधा शुल्क मांगने एवं न देने पर आवास के लाभ से वंचित करने का आरोप लगाते हुए गांव की महिलाओं ने डीएम व सीडीओ को शिकायती पत्र भेजा है। जिसमें चयन सूची की जांच कराने एवं पात्र व्यक्तियों को योजना का लाभ दिलाने की मांग की गई है। विकास क्षेत्र के ग्राम सुढ़ार सालाबाद निवासी पूनम देवी पत्नी अरूण कुमार, कुमकुम देवी पत्नी सुनील कुमार ने डीएम डॉ. मन्नान अख्तर व सीडीओ को शिकायती पत्र भेजकर बताया कि उनके परिवार झुग्गी झोपड़ी में रहने को मजबूर है। कच्चा मकान गिरने के कारण परिवार खुले आसमान के नीचे सोने को मजबूर है। अभी तक उनके परिवारों को किसी भी पंचवर्षीय योजना में कोई लाभ नहीं मिला है। न ही उन्हें अभी तक आवास मिला है। पीड़ित महिलाओं का आरोप है कि उनके गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए पात्रों का चयन किया जा रहा है। जिसमें ग्राम विकास अधिकारी व प्रधान सुविधा शुल्क की मांग कर रहे है। सुविधा शुल्क न देने पर उन्हें आवास से वंचित किया जा रहा है। आवास के लिए पात्रों का चयन गुपचुप तरीके से हो रहा है। जिसमें अपात्रों को भी आवास का लाभ दिया जा रहा है। जबकि उन्हें पात्र होते हुए भी वंचित किया जा रहा है। पीड़ित महिलाओं ने तैयार की जा रही सूची की जांच कराकर उसमें अपात्रों को हटाने व पात्र व्यक्तियों को बिना सुविधा शुल्क दिए योजना में चयनित कराने की मांग की है।

# आरोपियों को दबोचकर तीन बालिका बरामद


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल के निर्देश पर गुमशुदा एवं अपहता की बरामदगी को जारी अभियान के तहत पहाड़ी थानाध्यक्ष श्रवण कुमार सिंह की अगुवाई में दरोगा टीकाराम वर्मा ने अपहृत बालिका को बरामद कर मनोज पुत्र सुमेर निवासी औदहा को दबोचा है। दो सितम्बर को पहाडी कस्बे के एक ग्रामीण ने थाने में सूचना दी कि औदहा गांव के मनोज पुत्र रामसुमेर उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। मामले को दर्जकर थाने के दरोगा टीकाराम वर्मा की टीम ने मनोज को गिरफ्तार कर बालिका को बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया है। कर्वी कोतवाल जयशंकर सिंह की अगुवाई में दरोगा शिशिर कुमार सिंह की टीम ने अपहरण व पाक्सो एक्ट तथा एससी-एसटी एक्ट के वांछित राघवेन्द्र उर्फ छोटू पुत्र धर्मराज यादव निवासी चंदीर थाना बदौसा जिला बांदा को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। मऊ थाने के दरोगा संतराम मौर्य ने सतपुरा थाना शंकरगढ़ जिला प्रयागराज के संदीप कुमार पुत्र बंसीलाल को गिरफ्तार कर बालिका को बरामद कर परिजनों को सौंपा है।


# कोरोना संक्रमित 749 ठीक हुए पांच और लोग हुए स्वस्थ

**हमीरपुर।** शुक्रवार को जिले के अलग अलग कोविड हॉस्पिटल में भर्ती पांच कोरोना संक्रमितों के ठीक होने पर उन्हें डिस्चार्ज किया गया है। जिसके बाद जिले में अब तक ठीक हुए संक्रमितों की संख्या 749 पहुंच गई है। वहीं 1463 सैंपलों की कोरोना जांच आठ नए संक्रमित मिले है। जिन्हें निकट के कोविड हॉस्पिटल भेजा गया है। सीएमओ डा. आरके सचान ने बताया कि कोरोना संक्रमण की रोकथाम के पूरे प्रयास किए जा रहे है। शुक्रवार को जिले की सीएचसी पीएचसी के माध्यम से लिए गए 1463 सैंपलों की कोरोना जांच कराई गई। जिसमें आठ नए संक्रमित मिले है। वहीं पांच संक्रमितों के ठीक होने पर उन्हें घर वापसी भेजा गया है। जिससे जिले में अब तक ठीक हुए संक्रमितों की कुल संख्या 749 पहुंच गई है। बताया कि नए संक्रमितों में दो मुस्करा एक छह सुमेरपुरए एक मुख्यालय का शामिल है। इसके अलावा कानपुर में इलाज करा रहे एक जनपद निवासी व्यक्ति के संक्रमित पाए जाने की सूचना मिली है। वहीं जांच में मिले दो संक्रमित गैर जनपद के है। जिनकी सूचना संबंधित जनपद के सीएमओ को भेजी गई है। इसके अलावा संक्रमितों के परिजनों व संपर्कियों के सैंपल ले जांच कराने के निर्देश दिए गए है।

## अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद

**सुमेरपुर।** थाना सुमेरपुर क्षेत्र के ग्राम कैथी में पुलिस ने एक अग्यात लाश बरामद की है। शंका है कि उसकी हत्या करके शव को नदी के पुल के नीचे फेंक दिया गया है। चर्चा है कि मृतक बांदा जनपद के किसी गांव का रहने वाला है इंस्पुलिस का कहना है कि मामले की छानबीन की जा रही है। मृतक की शिनाख्त अभी नहीं हो पायी है। लाश मिलने से कैथी सहित आसपास के इलाके में हड़ कंप मचा हुआ है।

# शौचालय निर्माण में मानकों की अनदेखी पर भड़के ग्रामीण


निर्माणाधीन सामुदायिक शौचालय

**उरई ( जालौन )।** डकोर विकासखंड के ग्राम नुनसाई में ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव की मिलीभगत से सामुदायिक शौचालय निर्माण में मानकों की धज्जियां उड़ाकर निर्माण कार्य कराये जाने की शिकायत डीएम व सीडीओ से करते हुये निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। ताकि उसका लाभ ग्रामीणों को लंबे समय तक मिल सके। गांव में गुपचुप तरीके से शौचालय निर्माण की प्रक्रिया अपनाये जाने की जानकारी मिलते ही पहले से ही ग्रामीण लामबंद होकर उसका विरोध करना शुरू कर दिया था। उक्त मामले में एसडीएम ने पहले जिस जमीन पर शौचालय का निर्माण कराया जा रहा है उसकी लेखपाल से नाप कराने तक निर्माण कार्य बंद कराने के निर्देश कोटरा थाना पुलिस को दिये थे। लेकिन थाना पुलिस ने इस मामले में गंभीरता से ध्यान नहीं दिया तो ग्रामीण गोपाल, श्रीराम, संजू आदि ने मामले की शिकायत जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी से करते हुये शौचालय निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी का आरोप लगाते हुये निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

## खाकी की सरपरस्ती में हो रहा मिट्टी का अवैध खनन

**एट ( जालौन )।** थाना क्षेत्र के टिकरिया में जेसीबी के माध्यम से खेतों से मिट्टी का अवैध खनन कर सैकड़ों ट्राली मिट्टी बेचकर माफिया अपनी जेब भरने में लगे हुए हैं ऐसा भी नहीं है कि इसकी जानकारी पुलिस को न हो किंतु फिर भी अनजान बनी हुई है माफियाओं द्वारा किसानों के खेतों में बड़े-बड़े गड्ढे कर दबंगई से मिट्टी उठाने का कार्य कर रहे हैं और 800 से एक हजार रुपये में मिट्टी बेचकर लाखों कमाने में लगे हुए हैं। कृषि कार्य में उपयोग होने वाली ट्रैक्टर इस समय धड़ल्ले से मिट्टी का अवैध खनन करने में लगे हैं वहीं ट्रैक्टर में नंबर प्लेट तक नहीं है मिट्टी भरकर ट्रैक्टर तेजी से फर्राटा भरते नजर आते हैं। सूत्रों की माने तो खाकी के साथ-साथ स्थानीय भाजपा नेता भी माफियाओं को संरक्षण देने का कार्य कर रहा है। मौरम खनन की तरह मिट्टी खनन में भी पुलिस को प्रति ट्राली के हिसाब से नजराना पहुंचता है। जो भी माफिया नजराना नहीं पहुंचाता है उसका ट्रैक्टर ट्राली थाने में खड़ा करा दिया जाता है वही सैकड़ों ट्राली मिट्टी खनन होने से रोड पर भी बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं यदि कोई किसान विरोध करने का प्रयास करता है तो दबंग माफिया उन्हें धमकाने में भी परहेज नहीं करते हैं।

## सार्वजनिक स्थानों पर भाजपाइयों ने चलाया सफाई अभियान

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** भाजपा नेताओं ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष में सेवा ही संकल्प सप्ताह के अंतर्गत नगर में सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छ भारत अभियान चलाया गया। भाजपाइयों ने नगर के प्रमुख मन्दिर अंबेडकर पार्क व कई स्थानों पर झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष राजीव ठाकुर ने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी द्वारा चलाये गये स्वच्छता अभियान से नागरिकों को स्वच्छता को सतत बनाये रखने का संदेश दिया गया है। शुक्रवार को भाजपा नेता रामकुमार पाठक के नेतृत्व में स्वच्छ भारत मिशन के तहत सफाई अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें रेलवे मन्दिर, संतोषी माता मंदिर, अंबेडकर पार्क प्रमुख, देवालयों, प्राथमिक विद्यालय रामगंज आदि जगहों पर झाड़ू लगाकर साफसफाई की गई। और सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने व कराने का संकल्प भी लिया। नागरिकों को स्वच्छता अभियान के प्रति जागरूक करते हुए अपने घरों के आसपास साफ-सफाई बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर अनुराग गुप्ता सुमित सक्सेना रविकांत तिवारी, अनिल गुप्ता सहित तमाम भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पुलिस ने अवैध शराब सहित एक को दबोचा

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** कोतवाली पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर एक युवक को अवैध शराब सहित गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया। हमराह सिपाहियों के साथ गस्त कर रहे उपनिरीक्षक जमाल खान ने मुखबिर की सूचना पर एक युवक को बीस लीटर अवैध कच्ची शराब सहित गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए युवक ने अपना नाम अशोक कुमार पुत्र बंशीलाल गिहार निवासी सराय प्रयाग बताया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध शराब अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा है।

# आधार कार्ड में हो रही धन उगाही से छात्र-छात्राओं में पनप रहा रोष


डाक घर में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते सपाई, धरना प्रदर्शन करते सपाई।

संवाददाता। गुरसहायगंज (कन्नौज)

**स्थानीय डाकघर** में स्कॉलरशिप ऑनलाइन के चलते नए आधार कार्ड एवं संशोधन कराने का कार्य चल रहा है। जिसमें कर्मचारियों द्वारा धन उगाही करने पर सपाइयों में रोष व्याप्त है। वही आधार कार्ड के नाम पर कई लोगों को ठगा जा रहा है। सपा नेताओं ने धरना प्रदर्शन कर उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। शुक्रवार को स्थानीय डाकघर में सपा नेताओं फिरदोस आलम, मास्टर हसरुद्दीन, शहनगार सिद्दीकी, इजहार आलम आदि सपा नेताओं ने उप जिलाधिकारी देवेश कुमार गुप्ता को ज्ञापन सौंपने के उपरांत बताया कि आधार के नाम पर छात्र-छात्राओं सहित नागरिकों को ठगा जा रहा है। आधार कार्ड बनवाने के लिए भारी भीड़ एकत्र हो रही है। परंतु एक काउंटर होने की वजह से कार्य सही रूप से नहीं हो पा रहा है। ऐसी स्थिति में आधार कार्डों को बनाने के लिए दो काउंटर खुलवाए जाएं। जिससे व्यवस्था सुचारू रूप से चल सके। जिस पर उप जिलाधिकारी ने जल्द से जल्द समस्या के निस्तारण की बात कही।

## मेडिकल के नाम पर महिला ने लगाया धन उगाही का आरोप

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** मारपीट की घटना में पुलिस की कार्रवाई के बाद चिकित्सीय परीक्षण कराने गई महिला से स्वास्थ्य कर्मियों ने चिकित्सीय परीक्षण के नाम पर रुपए मांगे। जिसको लेकर महिला ने जिलाधिकारी से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है। क्षेत्र के ग्राम आमपुरवा निवासी रामबेटी पत्नी मदनलाल ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा है कि बीते 4 दिन पूर्व वह अपने छप्पर को सही करने के दौरान सामान पड़ोस के खाली पड़े प्लाट पर रख रही थी। तभी प्लॉट मालिक संजीव, ईश्वर दयाल, विवेक, वीर सिंह एवं देवेंद्र ने उसके साथ अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया। बचाव में आए उसके पति मदनलाल और पुत्री से भी मारपीट की। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को घटना की सूचना दी। जिस पर पुलिस द्वारा उसे चिकित्सीय परीक्षण के लिए गांव के सीएचसी में भेजा गया। जहां स्वास्थ्य कर्मियों ने चिकित्सीय परीक्षण के नाम पर सुविधा शुल्क की मांग की। जिस पर महिला के द्वारा चिकित्सक को 17 सौ रुपये की रिश्वत दी।

# शासन की मंशा को फलीभूत कर रहा बाल विकास विभाग

● विभिन्न गतिविधियों में 10 लाख 49 हजार 367 प्रतिभागी हुए शामिल

संवाददाता। गोंडा




**शासन के** निर्देशानुसार जनपद में 07 सितम्बर से राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर पोषण अभियान के अन्तर्गत प्राप्त निर्देशों के अनुसार विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र गोपाला ग्राम में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी शशांक त्रिपाठी द्वारा आंगवाड़ियों एंव कृषक महिलाओं को पोषण का महत्व, पोषण वाटिका लगाने के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी गई।

जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार द्वारा अवगत कराया गया कि इस बार सैम बच्चों के चिन्हांकन एवं अनुश्रवण तथा किचन गार्डेन की थीम पर मुख्यतया डिजिटल प्लेटफ़ार्म का उपयोग करते हुए ई-पोषण पंचायत, वेबिनार्स (डिजिटल कान्फ्रेन्स) पोषण विषय पर ऑनलाइन चर्चा, प्रतियोगिता एवं जन भागीदारी पर शासन द्वारा बल दिया गया है। उन्होंने बताया कि पोषण हेतु कार्यक्रम की कार्ययोजना के सापेक्ष प्रत्येक सम्बन्धित विभाग जिम्मेदारी के साथ कार्यक्रम आयोजित कराए जा रहे हैं एवं प्रत्येक गतिविधि का भारत सरकार के जनान्दोलन डैशबोर्ड पर उन्हें उपलब्ध कराये गये पासवर्ड से दैनिक आधार पर आपलोड भी किया जा रहा है।सीडीओ श्री त्रिपाठी ने किचन गार्डेन हेतु परिषदीय विद्यालयों, आंगनबाड़ी केन्द्रों, ग्राम पंचायतों की उपलब्ध भूमि पर विकसित किये जाने हेतु सम्बन्धित विभाग द्वारा मांगे जाने पर जिला उद्यान अधिकारी को पोषण वृक्ष-सहजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गए हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा किचन गार्डेन की गाइड लाइन के अनुसार परिषदीय विद्यालयों के प्रांगण में किचन गार्डेन की स्थापना एवं रख-रखाव करने के साथ-साथ बच्चों में पोषण पर चर्चा, प्रतियोगिताएं आयोजित कराई जा रही हैं। इसी प्रकार जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा माध्यमिक विद्यालयों में पोषण पर चर्चा, प्रतियोगिता कराते हुए-डैशबोर्ड पर एन्ट्री कराने का कार्य किया जा रहा है। पोषण वाटिकाओं में जनभागीदारी के साथ क्रियान्वयन हेतु स्वयं सहायता समूह का सहयोग लेने हेतु उपायुक्त स्वत: रोजगार द्वारा भी सहयोग प्रदान किया जा रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार सभी विभागों द्वारा आयोजित की जा रही गतिविधियों को उनके द्वारा दैनिक आधार पर जन आन्दोलन डैशबोर्ड पर अपलोड की कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के डैशबोर्ड पर अब तक 61486 गतिविधियां अपलोड की जा चुकी हैं जिसमें 10 लाख 49 हजार 367 प्रतिभागी शामिल हुए हैं। अभियान के दौरान 0-5 वर्ष के 03 लाख 55 हजार 110 बच्चों में से 3716 बच्चों का चिन्हांकन सैम व मैम कटेगरी में हुआ है। 07 सितम्बर से आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा 0-5 वर्ष के बच्चों का चिन्हांकन आशा के सहयोग से किया जा रहा है। पोषण माह में पोषण विषय पर ऑनलाइन प्रतियोगिता एवं डिजिटल पोषण पंचायत वेबिनार्स (डिजिटल कान्फ्रेंस) को केन्द्र में रखते हुए बच्चे के जन्म के प्रथम 1000 दिवस का महत्व, पोषणयुक्त भोजन, एनेमिया, डायरिया और स्वच्छता के विषय पर बल देते हुए चर्चा व प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। ज्ञातव्य है कि शासन के निर्देशानुसार पोषण माह 07 सितम्बर से आगामी 30 सितम्बर, 2020 तक मनाया जायेगा।

# ट्रेन्च विधि अपनाएं, उत्पादन बढ़ाएं: ओ.पी. सिंह

**गोंडा।** ट्रेंच विधि से कम लागत में गन्ना उत्पादन में वृद्धि होगी। जनपद के कई किसान इन उन्नत तकनीकों को अपनाकर अच्छी आय प्राप्त कर रहे हैं। जिला गन्ना अधिकारी ओ0पी0 सिंह ने बताया है ट्रेंच विधि से गन्ने की बुआई करने वाले किसान इसके साथ ही सहफसली खेती यथा आलू, मूली, शलजम, पीली सरसों, मटर, चना, मसूर पत्ता गोभी, फूल गोभी के साथ ही गेहूँ आदि की भी बुवाई कर रहे हैं। इस विधि से गन्ने की बुवाई करके जहाँ गन्ना कृषकों को कम लागत में उत्पादन अधिक प्राप्त कर सहफसली खेती से भी अतिरिक्त लाभ प्राप्त कर रहें हैं, जिससे उन्हें आर्थिक लाभ के साथ सामाजिक समृद्धि प्राप्त हो रही है और वह स्वयं आत्मनिर्भर हो रहे हैं। उदाहरण स्वरूप जनपद के गन्ना कृषक सत्य प्रकाश तिवारी, ग्राम -ढोढेपुर, रितेश सिंह- ग्राम बरसड़ा एवं अनिल चन्द्र पाण्डेय, ग्राम पूरे चौनकुँवर आदि द्वारा इस विधि से गन्ने की बुवाई कर कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त किया है और इसके साथ सहफसली खेती से भी अतिरिक्त लाभ प्राप्त कर अपने क्षेत्र में एक सफल किसान के रूप में प्रख्यात हुए हैं और इनका सामाजिक दायरा भी बढ़ा है । आस-पास के किसान इनके गन्ने के प्लाट को देखकर जागृत हो रहे हैं । विभाग द्वारा किसानों को इस विधि से शरदकालीन बुवाई करने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए गोष्ठी आदि के माध्यम से प्रेरित करते हुए उनमें प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत की जा रही है, ताकि वह स्वयं आत्म निर्भर होकर इस विधि से कम लागत में गन्ने की बुवाई कर अधिक लाभ पायें और सहफसली खेती से भी अतिरिक्त लाभ प्राप्त करें और उन्हें आर्थिक एवं सामाजिक समृद्धि प्राप्त हो।

## क्विक न्यूज

### सेवानिवृत्त रेलवे गार्ड समेत तीन की मौत

**ऊंचाहार,रायबरेली।** ऊंचाहार कोतवाली के अलग- अलग तीन गांवो में सेवानिवृत्त रेलवे विभाग के गार्ड समेत तीन की मौत हो गई है। जिसके मौत के बाद परिजनो में रो रोकर बुरा हाल है। बताते चले कि ऊंचाहार कोतवाली के गांव मदारीगंज निवासी रिटायर रेलवे विभाग के गार्ड ब्रम्हा 60वर्ष की एकाएक हालत बिगड़ने पर अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में मौत हो गई। मृतक हाल ही में रेलवे विभाग के गार्ड के पद से सेवानिवृत्त हुआ था । दूसरा मामला कोतवाली के गांव पिपरहा का है जहां का निवासी विजय कुमार 40वर्ष की हालत एकाएक बिगड़ने के बाद मौत हो गई है। कोतवाली के गांव किसुनदासपुर निवासी शंकर 60वर्ष की भी बुखार से पीड़ित होने पर मौत हो गई है। जिसमे सीएचसी के अधीक्षक ने बताया कि मृतकों के कारण का पता लगाया जा रहा है। जहां पर विभागीय टीम भेज दिया जाएगा।

### युवती को बंधक बनाकर किया दुष्कर्म

**ऊंचाहार,रायबरेली।** ऊंचाहार कोतवाली के गांव राजापुर मजरे कंदरावां निवासिनी युवती ने अपने गांव के युवक पर अपहृत करके शहर में ले जाकर बंधक बनाकर वहां पर जबरन दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। जिसकी लिखित शिकायत कोतवाली पुलिस को दिया गया है। जिसमे समाचार लिखे जाने तक मुकदमा दर्ज नही किया गया था।सीओ ने बताया कि प्रकरण मे पीड़ित युवती को न्याय दिलवाया जाएगा।

### विद्युत करंट से युवक झुलसा

**ऊंचाहार,रायबरेली।** ऊंचाहार कोतवाली के गांव गंज मजरे गंगौली निवासी श्यामू 23वर्ष पुत्र छोटेलाल संदिग्ध परिस्थितियों मे विद्युत करंट में झुलस जाने पर उनको परिजनों के द्वारा सीएचसी ऊंचाहार में भर्ती किया गया।जहां से हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### भूमि विवाद में चली लाठियां, दंपति घायल

**ऊंचाहार,रायबरेली।** ऊंचाहार कोतवाली के गांव आइमाजहनिया निवासिनी निर्मला 25वर्ष पत्नी संजय, संजय 25वर्ष पुत्र लल्लू को भूमि विवाद में पड़ोसियो ने पिटाई करके घायल कर दिया।जिसमें संजय का सर लहू लुहान हो गया और पत्नी को गंभीर चोटे आने पर सीएचसी में भर्ती किया गया।घायल की ओर से निर्मला पत्नी संजय की तहरीर पर गांव आइमाजहनिया निवासी राजकुमार पुत्र लल्लू,राजकुमारी पत्नी राजकुमार,मनीष,शिव पुत्रगण राजकुमार,शिवानी पत्नी राजकुमार के खिलाफपुलिस ने धारा 147,323,504,506 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।वहीं कोतवाली क गांव असलहापुर निवासिनी रंजू 18वर्ष पुत्री रामलौटन को खेत में पानी लगाने के विवाद में गांव के चार लोगों के द्वारा मारपीट करके घायल कर दिया गया।जिसमें घायल युवती ने चार लोगों के खिलाफनामजदगी तहरीर दिया है।जिसमे समाचार लिखे जाने तक न तो मुकदमा दर्ज किया गया था न ही घायल का उपचार परिजनों के द्वारा करवाया गया था।जिसमे कोतवाली निरीक्षक ने बताया कि क्षेत्रीय दरोगा के जांच के बाद अग्रिम कार्यवाही किया जाएगा।

### अधिवक्ता ने विद्युत सप्लाई की उठाई मांग

**सुलतानपुर।** नगर क्षेत्र के डिहवा घरहा खुर्द निवासी अधिवक्ता अजीम किदवई ने अधीक्षण अभियंता को शिकायती पत्र सौंपा है। उन्होंने कहा है कि घरहा खुर्द में छह माह से विद्युत पोल गड़ा हुआ है लेकिन आज तक तार व ट्रांसफार्मर नही लगाया गया। जिससे लोगों को विद्युत आपूर्ति नही हो पा रही है। उनका कहना है कि कई बार शिकायत के बाद भी कोई कार्यवाही नही हुई। यदि स्थिति यही रही तो वह दिन दूर नही जब ग्रामीण कार्यालय का घेराव कर धरना प्रदर्शन को मजबूर होंगे।

### जनता दर्शन में फरियादियों से रूबरू हुए डीएम

**सुलतानपुर।** शासन के निर्देशानुसार जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में निर्धारित समय के अनुसार पूर्वान्ह से जनता दर्शन के दौरान आये हुए एक-एक फरियादियों की समस्याओं-शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुनी और उसका ससमय निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को आवेदन पत्र भिजवाया। उन्होंने निर्देशित किया कि संबंधित अधिकारी प्राप्त शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के साथ करना सुनिश्चित करें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नही होगी। जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में आये से फरियादियों से अपील की कि कोविड-19 संक्रमण से बचने के लिये सोशल डिस्टेन्सिंग का पालन करते रहें व मास्क अवश्य पहनें तथा अपने घरों में साफ़सफ़ाई व सेनेटाइजेशन पर नियमित रूप ध्यान रखें। कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में आए प्रत्येक व्यक्तियों का कोरोना वायरस टेस्ट कराने के उपरांत उनकी समस्याओं को सुना।

### उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित हुए प्रधान



**सुलतानपुर।** भारत सरकार पंचायतीराज मंत्रालय द्वारा पं0 दीनदयाल उपाध्याय पंचायत सशक्तिकरण पुरस्कार प्रमाण-पत्र विकास खण्ड मोतिगरपुर की ग्राम पंचायत दियरा एवं हरसायन नागपुर को वर्ष 2018-19 में उत्कृष्ट कार्य किये जाने पर कलेक्ट्रेट में विधायक सदर सीताराम वर्मा गरिमामयी उपस्थिति में जिलाधिकारी रवीश गुप्ता व मुख्य विकास अधिकारी अतुल वत्स द्वारा दियरा ग्राम पंचायत की ग्राम प्रधान सुनीता गुप्ता व हरसायन नागपुर की ग्राम प्रधान कमला वर्मा को प्रशस्त्रि पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायतराज अधिकारी व जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी पन्ना लाल सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### सांसद से कार्यवाही की मांग

**सुलतानपुर।** विकास खण्ड कुड़वार के कोटवा निवासी कबीर अहमद ने सासंद को पत्र भेजा है। उन्होंने पत्र के माध्यम से कहा है कि प्राइमरी पाठशाला व जूनियर हाईस्कूल कोटवा में हैण्डपंप लगा हुआ है जिसे ग्राम प्रधान अपनी जमीन बताकर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। इसके अलावां बनी सड़क को ध्वस्त करने के साथ साथ शीशम के पेड को काटकर उठा ले गए हैं। उन्होंने आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है।

### चोरी का माल खरीदने की आशंका में आरपीएफ ने की छापेमारी

**लालगंज रायबरेली।** कीमती तार चोरी के मामले में आरपीएफसक्रिय हुई है। आरपीएफने लालगंज कस्बे की एक दुकान में छापेमारी कर तार बरामद करने का प्रयास किया है। बताया गया है कि आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना लालगंज से लगातार बिजली का कीमती तार चोरी हो रहा था। इसकी जानकारी होने पर आरपीएफने मामले की जांच शुरू की। खोजबीन करते करते वह लालगंज में गांधी चौराहे के निकट महेश नगर स्थित एक बर्तन की दुकान में पहुंचे और डेढ़ घंटे से अधिक तार चोरी के मामले में दुकान में जांच करने के साथ ही दुकान मालिक से पूछताछ की ।बताया गया है कि आरपीएफ तार चोरी मामले से जुड़े चोरों के काफी नजदीक है। शीघ्र तार चोरी मामले का खुलासा हो सकता है।आरपीएफने लालगंज कोतवाली पहुंचकर कोतवाली पुलिस से मामले की जानकारी साझा की है।

### थाने में दी गुमशुदगी की तहरीर

**करनैलगंज(गोंडा)।** तीन सप्ताह पूर्व घर से लापता हुआ एक युवक वापस घर नहीं आया। परिजनों ने उसकी तलाश के बाद कोतवाली में गुमशुदगी की तहरीर दी है। कोतवाली करनैलगंज क्षेत्र के ग्राम पारा निवासी रामराज कनौजिया ने तहरीर में कहा है कि उसका बेटा राहुल कनौजिया उम्र 27 वर्ष विगत 23 अगस्त की शाम को खाना खाने के बाद घर के बाहर घूमने के लिए निकला था। उसके बाद से उसका कोई पता नहीं चल रहा है। उसका कहना है कि काफी तलाश करने के बावजूद उसका कोई पता नहीं चला है। गायब युवक के पिता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने गुमसुदगी दर्ज की है। कोतवाल राजनाथ सिंह कहते हैं कि मामले में युवक का पता लगाया जा रहा है।

### कोविड-19 जांच केन्द्र नरायनपुर का डीएम ने किया निरीक्षण

**सुलतानपुर।** जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने आज नगर पालिका परिषद सुलतानपुर के प्राथमिक विद्यालय नरायनपुर को बनाये गये कोविड-19 जॉच केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने नगर क्षेत्र में सर्विलान्स टीम द्वारा किये जा रहे भ्रमण का निरीक्षण कर सत्यापन भी किया। डीएम ने अपने निरीक्षण के समय घरों का सत्यापन के दौरान उन्हेंय सर्विलान्स टीम के सदस्य उपस्थित पाये गये, जिनसे उन्होंने विभिन्न बिन्दुओं पर जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश भी टीम के सदस्यों को दिया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन हर्ष देव पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमाकान्त त्रिपाठी, मुख्य राजस्व अधिकारी शमशाद हुसैन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सीबीएन त्रिपाठी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी पन्नालाल सहित चिकित्सा टीम आदि उपस्थित रहे।

### भाजपाइयों ने की नदी की सफाई

**करनैलगंज(गोंडा)।** शुक्रवार को करनैलगंज के सरयू तट कटरा घाट पर भाजपा के कार्यकर्ताओं ने नदी की सफाई के लिए एक अभियान चलाया और पितृ विसर्जन के दौरान नदी एवं घाट के किनारे हुई गंदगी को साफकिया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में सरयू नदी एवं घाट की सफाई का अभियान चलाया गया। प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर भारतीय जनता पार्टी के नगर मंडल करनैलगंज के नेतृत्व में पावन सरयू घाट का स्वच्छता अभियान में श्रमदान दिया गया। अधिकमास के प्रथम दिवस में कार्यकर्ताओं द्वारा भोलेनाथ जी को जला अभिषेक कर उनके दीर्घायु की कामना भी की गई।

# उपखण्ड अधिकारी और बिलिंग सुपरवाइजर पर अवैध वसूली का आरोप

**सुलतानपुर।** विद्युत विभाग के आलाधिकारियों के लाख दिशा निर्देश के बाद भी महकमे के कर्मचारियों के रवैये में कोई बदलाव नही आ रहा है। एक ऐसा ही मामला विद्युत उपकेन्द्र कुड़वार व असरोगा का प्रकाश में आया है। जहां उपखण्ड अधिकारी और बिलिंग सुपरवाइजर खेल करने से बाज नही आ रहे हैं। बनकेपुर गांव निवासी साहिल खान ने अधीक्षण अभियंता को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि सब डिवीजन असरोगा में विद्युत कर्मचारियों द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं के साथ अवैध वसूली का खेल चल रहा है। आरोप है कि जिस बिल पर अवर अभियंता और टीजी 2 रिपोर्ट लगाते हैं वह बिल भी सही नही किया जाता है। जिस बिल पर बिलिंग सुपरवाइजर गलत भी रिपोर्ट लगा देते हैं उसे उपखण्ड अधिकारी द्वारा सही कर दिया जाता है। उनका कहना है कि सुबह 10 से पांच बजे तक यदि उपभोक्ता बिल जमा करना चाहता है तो विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों की नामौजूदगी के चलते जमा नही किया जा सकता। आरोप तो यहां तक है कि यदि बिलिंग सुपरवाइजर मिलते हैं तो रिपोर्ट लगाने के एवज में मोटी रकम की मांग करते हैं और शिकायत करने पर लंबी पहुंच का हवाला देते हुए अवैध वसूली की धौंस दिखाते हैं। पीड़ित ने पूरे मामले की शिकायत अधीक्षण अभियंता से करते हुए कार्यवाही की मांग की है।

# विभिन्न दलों के सैकड़ों लोगों ने थामा सपा का दामन

● 2022 में अखिलेश यादव को सीएम बनाने का लिया संकल्प

**सुल्तानपुर।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर एक बैठक आहूत की गई। 21 सितंबर को तहसील स्तर पर ज्ञापन के माध्यम से किसान और नौजवान विरोधी भाजपा सरकार की नीतियों को जनता तक पहुंचाया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पृथ्वीपाल यादव और संचालन जिला महासचिव सलाहुद्दीन अहमद ने किया। विधानसभा कादीपुर से समाजवादी पार्टी कार्यालय पर सैकड़ों लोगों ने विभिन्न दलों एवं संगठनों को छोड़कर समाजवादी पार्टी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के प्रति आस्था एवं विश्वास करते हुए शामिल हुए। पार्टी में शामिल होने वालो में मंडल अध्यक्ष भाजपा दोस्तपुर मनीष अग्रहरि, अब्दुल सलाम खान पूर्व महासचिव भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा, जगदीश राजभर पूर्व जिला अध्यक्ष सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी, शपवन अग्रहरि, अजय गुप्ता, सरोज राजभर पूर्व जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा भारतीय समाज पार्टी, संजय मोदनवाल, रविंद्र नाथ मिश्रा,राहुल गुप्ता, सुरेंद्र वर्मा, अमित पाठक, विशाल कसौधन, विनोद मोदनवाल, रघुवीर राजभर, विवेक अग्रहरी अपने सैकड़ों साथियों के साथ समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण किए। साथ ही संकल्प लिया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को 2022 में पुन: उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाएंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस मौके पर एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह, विधायक अबरार अहमद, पूर्व विधायक रामचंद्र चौधरी, पूर्व चेयरमैन धर्मेंद्र सिंह बबलू, सोनम, जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र मौर्य, अफ़ज़ल अंसारी समेत दर्जनों सपाई मौजूद रहे।

# ज्यामितीय निर्माण व नवाचार आधारित वेबिनार सम्पन्न

**करनैलगंज (गोंडा)।** आईसीटी प्रयोग द्वारा बुनियादी ज्यामितीय निर्माण व नवाचार पर आधारित मण्डल स्तरीय वेबिनार का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में बेसिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश में संयुक्त शिक्षा निदेशक गणेश कुमार रहे।

उन्होंने देवीपाटन मंडल के शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा आज के समय में आईसीटी का महत्व बढ़ गया है। इसे सभी को सीखना चाहिए, जिससे हम अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दे सकेंगे। बताते चलें कि गणेश कुमार शिक्षा विभाग के अन्य कई महत्वपूर्ण पदों पर राह चुके हैं। संयुक्त निदेशक ने विभाग के अध्यापकों और कर्मचारियों को अच्छे कार्यों के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि बेसिक शिक्षा में शिक्षक बहुत मेहनती और कर्मठी हैं। उनके द्वारा बताई गई बातें शिक्षकों को अच्छे कार्य करने के लिए प्रेरित करती हैं। संयुक्त निदेशक ने शिक्षकों के ऑनलाइन टीचिंग और तथा इस प्रकार के विभिन्न आर के आयोजन के लिए भी सराहना की। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को आपस में सहयोग की भावना रखते हुए सभी को ऐसे प्रयासों से जुड़ना चाहिए तथा लाभान्वित होना चाहिए। इसमें शामिल शिक्षकों की सराहाना की तथा शुभकामना दी। यह दस दिवसीय वेबिनार गोंडा के ऊर्जावान, टेक्नोसेवी, स्वप्रेरित शिक्षकों मनीष वर्मा, मो आलम खान और रवि प्रताप सिंह द्वारा संचालित हो रहा। मुख्यवक्ता विषय विशेषज्ञ प्राणेश भूषण मिश्रा नेशनल आईसीटी पुरस्कार विजेता, ललितपुर से जुड़े उन्होंने बुनियादी ज्यामितीय निर्माण एवं एनिमेशन पर चर्चा करते हुए जिओ जेब्रा ऐप द्वारा ऑनलाइन करके दिखाया। इस कार्यक्रम में देवीपाटन मण्डल के चारो जिलों से सैकड़ों शिक्षक ऑनलाइन शामिल हुए। कार्यक्रम का समेकन सहायक अध्यापक विभा चौधरी ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रघुनाथ पांडेय, विभा सिंह, अनिमा सिंह, राघवेंद्र विक्रम सिंह, कृष्णा कुमारी, भारती भौमिक आदि शामिल हुए।

# सई नदी पर पुल निर्माण को 3 करोड़ अवमुक्त: एमएलसी

संवाददाता। रायबरेली



**एमएलसी** दिनेश प्रताप सिंह ने राही व अमावां ब्लाक के बीच सई नदी पर पुल निर्माण हेतु योगी सरकार द्वारा 3 करोड़ रुपया अवमुक्त करने के लिए मुख्यमंत्री और डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का आभार जताया है। एमएलसी ने पत्रकारों को बताया कि यह रायबरेली के अमावां व राही ब्लाक के लोगों की बड़ी समस्या रही है। जिसका निदान कराने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अनुरोध किया गया था। उन्हें बताया गया था कि राही ब्लाक दो भागों में विभक्त है। बीचो-बीच सई नदी बहती है, यदि एक ही ब्लाक का कोई व्यक्ति अपने ही ब्लाक के दूसरे गांव जैसे लोधवारी का ग्रामीण मेजरगंज जाना चाहे तो उसे पहले शहर आना पड़ता है उसके बाद फिर व मेजरगंज जा पाता है। इस तरह लगभग 20 से 25 किमी का चक्कर उसे काटना पड़ता है। जबकि लोधवारी से मेजरगंज की दूरी मात्र 2 से 3 किमी है, लेकिन इस रास्ते में सई नदी होने के कारण नाव से नदी पार की जाती है। प्रदेश सरकार ने पुल निर्माण के लिए 9 करोड़ 80 लाख रुपये स्वीकृत कर दिया है और निर्माण भी शुरू हो चुका है। इसी तरह अमावां ब्लाक में बघई अहलवार में महराजगंज ड्रेन पर सदैव बांस के पुल से जान से जोखिम में डालकर ग्रामीण नैया पार करते आये हैं। इस पुल के निर्माण के लिए 3 करोड़ रुपये अवमुक्त हो चुके हैं। इन दोनो पुलो के निर्माण से दोनो ब्लाकों के ग्रामीणों की चिर प्रतीक्षित मांग पूरी हो सकेगी।

# सपाइयों ने सौंपा ज्ञापन

**करनैलगंज (गोंडा)।** बढ़ती महंगाई, नौजवानों को रोजगार न मिलने, कानून व्यवस्था की खराब स्थिति, आजम खान को पूरे परिवार को निर्दोष होते हुए जेल भेजने के विरोध में सपा नेताओं ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव तस्लीम खान के नेतृत्व में समाजवादी कार्यकर्ताओं ने तहसील में जाकर उप जिलाधिकारी को राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें बार-बार यह लिखा भी गया और कहा भी गया कि जिस तरह से नौजवानों को पकौड़ा बेचने पर मजबूर किया जा रहा है। जिस तरह से सरकार कानून व्यवस्था के मामले पर पूरी तरह से फेल हो चुकी है। जिस तरह से सरकार एक धर्म विशेष के लोगों को चुन चुन कर पुलिस के द्वारा एनकाउंटर करवा रही है। यह सरकार जिस तरह से संविदा को 5 साल के लिए बढ़ा दिया गया है। ये एक सोची समझी साजिश के तहत भारत ही नहीं उत्तर प्रदेश के नौजवानों को बेरोजगार करने की एक साजिश है। अगर सरकार ने संविदा कर्मी का 5 साल वाला काला कानून वापस नहीं लिया, आजम खान के पूरे परिवार को जो फर्जी मुकदमों में फंसाया है रिहा न किया और शिक्षा नीति में बदलाव न किया गया, प्रदेश में कानून व्यवस्था ठीक न की गई तो समाजवादी पार्टी और सपा का हर कार्यकर्ता सड़क पर उतरकर इस निरंकुश सरकार के इस अत्याचारी सरकार के खिलाफ संघर्ष करने को मजबूर होगा।

# अघोषित विद्युत कटौती से परेशान उपभोक्ताओं ने किया प्रदर्शन



**शिवगढ़ (रायबरेली)।** अघोषित विद्युत कटौती को लेकर क्षेत्र के युवाओं का गुस्सा फूट पड़ा आक्रोशित युवाओं ने क्षेत्र के भवानीगढ़ चौराहे पर इकट्ठे होकर विद्युत विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदशन किया एवं विद्युत आपूर्ति में सुधार न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। गौर तलब हो कि क्षेत्र के बांदा- बहराइच हाईवे पर स्थित भवानीगढ़ चौराहे पर शुक्रवार की सुबह 9रू30 बजे विद्युत कटौती से परेशान उपभोक्ताओं ने विद्युत विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए चेतावनी दी कि यदि इसी तरह अघोषित विद्युत कटौती जारी रही तो उपभोक्ता विद्युत विभाग के खिलाफ धरना प्रदर्शन करने को मजबूर हो जायेंगे। प्रदर्शन कारियों का कहना था कि जब से भाजपाइयों द्वारा शिवगढ़ पावर हाउस में हंगामा किया गया तब से विद्युत विभाग द्वारा ज्यादा विद्युत कटौती की जा रही है। विद्युत विभाग की इस बदले की भावना को उपभोक्ता कत्तई बर्दाश्त नहीं करेंगे। उपभोक्ताओं को पूरी बिजली मिलनी चाहिए। प्रदर्शन कर रहे युवाओं ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं और विद्युत विभाग के कर्मचारियों की तनातनी का खामियाजा भोले भाले विद्युत उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ रहा है। विद्युत विभाग के जेई अजय कुमार सैनी ने बताया कि भाजपाइयों के हंगामे के कारण बिजली कटौती नहीं की जा रही रोस्टर के हिसाब से उपभोक्ताओं को बिजली दी जा रही है। गुरुवार को 33000 लाइन में फाल्ट हो जाने के कारण करीब 2 घंटे घंटे की कटौती हुई थी।

# स्वच्छता अभियान और पौधरोपण के साथ मनाया जा रहा पीएम का जन्मदिन

● भाजपाइयों ने लिया प्लास्टिक मुक्त भारत का संकल्प



**सुलतानपुर।** पीएम मोदी के 70वें जन्मदिन पर सेवा सप्ताह के पांचवें दिन सदर विधायक सीताराम वर्मा, सांसद प्रतिनिधि रणजीत कुमार एवं सेवा सप्ताह जिला प्रमुख घनश्याम चौहान की उपस्थित एवं ग्राम स्वच्छता अभियान चला। संयोजक विवेक सिंह के संयोजन में कूरेभार ब्लाक के करिया बझना हनुमान मंदिर से स्वच्छता अभियान का शुभारम्भ हुआ। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के 70 सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता अभियान चला। भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने प्रात: 8 बजे से 10 बजे तक चले स्वच्छता अभियान में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता को मिशन के रूप में अपनाने व प्लास्टिक मुक्त भारत का संकल्प लिया। भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि सेवा सप्ताह के पांचवें दिन भाजपा द्वारा चिन्हित 70 स्थानों पर व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। सांसद प्रतिनिधि रणजीत कुमार ने करिया बझना हनुमान मंदिर परिसर पर स्वच्छता अभियान की शुरुआत की। धनपतगंज ब्लाक के पुरखीपुर इछूरी शिव मंदिर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामभवन मिश्रा की अगुवाई में संदीप तिवारी, शिव प्रकाश तिवारी,धर्मेन्द्र पांडे, जर्नादन प्रसाद द्विवेदी,सब्जी मण्डी महाकाल मन्दिर कुड़वार महावीर श्रीवास्तव व गया प्रसाद अग्रहरि, हनुमान मन्दिल पाराबाजार मुकेश अग्रहरि, बाबा जंगली धाम प्रदीप पांडे, राजापुर सुरेन्द्र द्विवेदी, हनुमानगढ़ी मन्दिर, धम्मौर महेश सिंह, अशोक कुमार सिंह, महमाई धाम नरहरपुर नन्दलाल पाल, बिजेथुआ धाम रितेश दूबे, करौंदीकला अस्पताल परिसर सुनील सोनी, बीआरसी भदैंया राजेश चतुर्वेदी, सेमरी बाजार सुरेन्द्र यादव, गोड़वा शिव मंदिर मनोज श्रीवास्तव, कूरेभार बाजार नितिश अग्रहरि की अगुवाई सहित जिले के 70 सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया और प्लास्टिक मुक्त भारत का संकल्प दिलाया गया। प्रवक्ता रघुवंशी ने बताया कि शनिवार 19 सितम्बर को पीएम मोदी के जन्मदिन पर सेवा सप्ताह के छठवें दिन जिले के चिन्हित 70 गावों में किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष काली सहाय पाठक के संयोजन में पौध रोपड़ किया जायेगा।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर कार्यशाला संपन्न

**करनैलगंज (गोंडा)।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रचार प्रसार के लिए एक कार्यशाला का आयोजन कन्हैया लाल इंटर कॉलेज करनैलगंज में किया गया। इस कार्यशाला में स्कूल शिक्षा पर विस्तृत चर्चा की गई। इसमें जनपद स्तर पर निर्धारित मास्टर ट्रेनर्स द्वारा विभिन्न विषयों की रूपरेखा पर प्रकाश डाला गया। जिसमें प्रारंभिक शिक्षा एवं बुनियादी साक्षरता पर जोर देते हुए अजय कुमार श्रीवास्तव एवं विजय प्रकाश भारतीय ने ड्रॉपआउट बच्चों की संख्या कम करने पर तथा डॉ0 केडी द्विवेदी ने पाठ्यक्रम पर, रमेश चंद्र वर्मा ने शिक्षक और समावेशी शिक्षा पर, डॉ अरविंद कुमार मिश्रा ने स्कूल शिक्षा और मानक निर्धारण पर डॉ0 आरडी सिंह ने अपना विचार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कालेज के प्रधानाचार्य डीपी मौर्या ने करते हुए इस कार्यशाला में आए सभी शिक्षकों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन शिवकुमार पाठक ने करते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति के व्यापक प्रचार-प्रसार पर जोर दिया।

# निजीकरण के खिलाफ रेलवे कर्मी, निकाला मशाल जुलूस




● रेलवे स्टेशन रायबरेली पर कर्मचारियों ने किया जोरदार प्रदर्शन

**रायबरेली।** निजीकरण से आहत हुए रेलवे कर्मी अब आर-पार की स्थिति में दिख रहे हैं रेलवे स्टेशन रायबरेली पर देर शाम मसालें जलाकर रेलवे कर्मचारियों ने जोरदार प्रदर्शन किया उन्होंने स्टेशन समेत रेलवे कॉलोनी में चलती मसाले लेकर प्रदर्शन किया और कहा सरकार तत्काल निजीकरण बंद करें।

यही नहीं रेलवे कर्मचारियों ने रेलमंत्री, वित्तमंत्री मुर्दाबाद के नारे लगाए। रेलवे कर्मचारियों ने कहा कि उनका भविष्य अंधकार में दिखाई दे रहा है उन्हें जबरन रिटायर किया जा रहा है। सरकार पूरी तरह से नाकामयाब हो गई है लोगों के भविष्य के साथ सौदा कर रही है जिससे वह आहत हैं और आज प्रदर्शन करने को लेकर मजबूर हैं। रेलवे कर्मचारियों ने कहा आज उनका भविष्य गर्दिश में समाया दिखाई दे रहा है जिस सरकारी नौकरी से यह अपेक्षा की जाती थी की तमाम मेहनत के बाद मिली यह नौकरी उनके परिवार का उत्थान करेगी आज उसी का दमन भाजपा की सरकार कर रही है।

# स्वामित्व योजना में बस्ती अव्वल





संवाददाता। बस्ती

**मनरेगा** के बाद जिला स्वामित्व योजना में पूरे प्रदेश में अव्वल बन गया है। बस्ती प्रदेश का पहला ऐसा जिला बन गया, जिसने योजना के क्रियांयवन को समय से पहले पूरा कर लेने में सफलता हासिल की है। इस योजना में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में प्रदेश के प्रत्येक जिले के 10-10 ग्राम पंचायतों को लिया गया। डीएम आशुतोष निरंजन ने बताया कि इस योजना का मकसद ग्राम के पुराने अविभाजित आबादी में बसे लोगों को उनके कब्जे के आधार पर स्वामित्व का अधिकार देना है। स्वामित्व का अधिकार मिल जाने के बाद जिले के दस ग्राम पंचायतों के लगभग 700 व्यक्तियों को उनके क्षेत्रफल का ज्ञान एवं अभिलेखीकरण तत्काल हो जाएगा। एक तरह से खतौनी की तरह उन्हें एक स्वामित्व प्रमाणपत्र मिलेगा, जिसके आधार पर उन्हें शहरी क्षेत्रों की तरह लाभ मिलने लगेगा, बैंक से लोन सहित अन्य सुविधा मिलने षुरु हो जाएगी। केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त स्वामित्व योजना के लागू करने के पीछे सरकार की मंशा इसी बहाने ग्राम सभाओं की आय बढ़ाने के साथ चिन्हित किए गए लोगों को एक स्वामित्व प्रमाणपत्र देना है।

इस प्रमाणपत्र में लोगों के कच्छे और पक्के आवास का नजरी नक्षा के साथ उनके जमीनों का क्षेत्रफल अंकित रहेगा। यह प्रमाण-पत्र खतौनी की तरह होगा। इस योजना की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इससे पुराने विवाद समाप्त हो जाएगें, और संबधित व्यक्ति को जिसे यह नहीं मालूम रहता कि उसकी जमीन कहां हैं, और कितने क्षेत्रफल में है, कि जानकारी मिल जाएगी। 10 ग्राम पंचायत के लगभग सात लोगों का डाटा आन लाइनफीड हो गया है। योजना के तहत सभी जिलों को 20 सितंबर 20 तक सभी कार्रवाई पूरी कर लेनी थी, ताकि प्रधानमंत्री गांधी जयंती के दिन दो अक्टूबर को स्वामित्व प्रमाण-पत्र वितरित कर सकें।

इन ग्राम पंचायतों को पायलट प्रोजेक्ट के रुप में लिया गया स्वामित्व योजना के तहत जिले के जिन 10 ग्राम पंचायतों को पायलट प्रोजेक्ट के रुप में लिया गया, और जिन 700 व्यक्तियों को दो अक्टूबर के दिन पीएम स्वामित्व प्रमाणपत्र देगें, उनमें सदर तहसील के ग्राम पंचायत कंचनपुर, दौलतपुर, शाहपुर, सेखुई एवं खरहरा। इसी तरह भानपुर तहसील के ग्राम पंचायत कोपा, बनटिकरा, असुरैना, डड़िया और बैदोला का नाम शामिल है।

## डोडहर गेट खुलवाने को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

बीजपुर (**सोनभद्र**)। ग्राम प्रधान डोडहर भागीरथी बैसवार व जिला पंचायत सदस्य जरहां केदार नाथ यादव के नेतृत्व में रहवासियों ने डोडहर बीजपुर के खराब लिंक मार्ग के अनुरक्षण एवं बन्द डोडहर गेट को खुलवाने की मांग को लेकर बिरोध प्रदर्शन करते हुए धरने पर बैठ गए। प्रतिनिधि ने कहा बीते पांच दिन पूर्व एनटीपीसी प्रबन्धन द्वारा आश्वासन दिया गया था कि उच्चाधिकारियो के विचारोपरांत गेट खोलने के संदर्भ में निर्णय लिया जाएगा लेकिन आज तक समाधान नहीं किया गया। मजबूरन बाध्य होकर समस्या के समाधान को लेकर बिरोध प्रदर्शन के लिए बाध्य होना पड़ रहा है। अगर प्रबन्धन अब अड़ियल रवैया अपनाएगी तो हम सभी ग्रामीण इसके लिए जनांदोलन करने को बाध्य हो जाएंगे। प्रतिनिधि द्वय की अगुवाई में ग्रामीणों ने बैनर व नारे लिखे तख्तियां लेकर डोडहर गेट के सामने लिंक मार्ग को अवरुद्ध कर अपनी मांग को लेकर जमकर नारे बाजी भी की।

# मंडल का पहला हाइटेक आफिस बना जिला कृषि कार्यालय

### एडीओ एजी, तकनीकी सहायक, बीज भंडार केंद्र प्रभारी, प्रक्षेत्र अधीक्षक हुए आनलाइन

संवाददाता। बस्ती

**जिला** कृषि आफिस मंडल का पहला ऐसा कार्यालय है, जहां पर पेपरलेस कार्य होता है। हर चीज को आनलाइन कर दिया गया है। आनलाइन के जरिए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को योजनाओं की जानकारी दी जा रही है, किसानों की समस्याओं को भी आनलाइन के जरिए हल किया जा रहा है। इससे न सिर्फ कार्यो में पारदर्षिता झलकती है, बल्कि त्वरित निस्तारित भी होता है। मुख्यालय आकर जबाव देने का झंझट समाप्त हो गया। खर्चा और समय दोनों का भी बचत हो रहा है। जिला कृषि अधिकारी डा. संजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि आनलाइन के जरिए जिले भर के अधिकारियों और कर्मचारियों को जोड़ा गया है। जिसमें एडीओ एजी, सभी बीज भंडार केंद्र के प्रभारी, तकनीकी सहायक, एटीएम, बीटीएम, प्रक्षेत्र अधीक्षक एवं कृषि रक्षा पर्यवेक्षक सहित 75 लोग शामिल है। इन सभी को मोबाइल के जरिए जानकारी देने के लिए प्रशिक्षित किया जा चुका है। बताया कि इससे जहां कामों में तेजी आती है, वहीं कई परेशानियों से बचा भी जा सकता है। सबसे अधिक समय की बचत होती है। वर्चुअल वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए नित्य योजनाओं की समीक्षा होती है।

**बीज भंडार केंद्रों पर 77.85 रुपये किलो में मिलेगा तोरिया बीज**

**जिला** कृषि अधिकारी ने बताया कि सभी राजकीय बीज भंडार पर तोरिया का बीज उपलब्ध्पा करा दिया गया। बताया कि पंजीकृत किसान 77.85 रुपये प्रति किलो के दर से बीज खरीद सकते है। बताया कि किसान तोंरिया की खेती कर अतिरिक्त आमदनी भी कर सकते है। एक हेक्टेअर में 15 से 20 क्विंटल तोरिया का उत्पादन होता है। गोदामों पर तपेश्वरी और उत्तरा नामक दो प्रजाति के बीज उपलब्ध हैं। जिले में चार क्विंटल बीज उपलब्ध है। इसकी बुआई 30 सितंबर से पहले हो जानी चाहिए।

**फिर पकड़ा गया राकेश खाद भंडार, नोटिस जारी**

हाल ही में खाद की कालाबाजारी करने के आरोप में 14 समितियों सहित छह खुदरा खाद विक्रेताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के बाद विभाग ने उन किसानों दस का भौतिक सत्यापन करने का निर्णय लिया जो अप्रत्याशित रुप में खाद खरीदते है। इसी कड़ी में साउंघाट के राकेश खाद भंडार चपेट में आ गए।

## डीएम के आदेश के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

**बस्ती**। विकास खंड बनकटी के ग्राम पंचायत खैराटी में मनरेगा में लाखों रुपये का घोटाला करने वाले एक भी के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई, जबकि आदेश दिए एक माह से अधिक का समय बीत गया। कार्रवाई के तहत डीएम के आदेश पर प्रधान, तकनीकी सहायक, रोजगार सेवक, लेखाकार और कम्प्यूटर आपरेटर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराना था। साथ ही तकनीकी सहायक, रोजगार सेवक और कम्प्यूटर आपरेटर को बर्खास्त करने का आदेश है।

इतना ही नहीं बीडीओ के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए गए हैं। तकनीकी सहायक और सेक्रेटरी से धन की वसूली भी होनी है। शिकायतकर्त्ताओं का आरोप है कि जब प्रधान सहित अन्य आरोपी जांच को मैनेज नहीं कर पाए तो कार्रवाई को ही मैनेज कर दिया। सीडीओ सात तालाब को श्रमदान घोषित कर चुकी है।

# कांग्रेसियों ने कैंडल मार्च निकालकर किया प्रदर्शन

संवाददाता। संतकबीरनगर




**कांग्रेस** कार्यकर्ताओं ने गत बृहस्पतिवार की शाम को शहर में कैंडल मार्च निकालकर बेरोजगार दिवस मनाया। इस दौरान मोदी सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। जिला कांग्रेस कार्यालय से जिलाध्यक्ष प्रवीण चंद पाण्डेय के नेतृत्व में कैंडल मार्च मुखलिसपुर तिराहा, आजाद चौक, मेंहदावल बाईपास, गोला बाजार आदि जगहों से होते हुए वापस पार्टी कार्यालय पर जाकर समापत हुआ। जिलाध्यक्ष प्रवीण चंद पाण्डेय ने कहा कि आज युवा परेशान है। उसे रोजगार नहीं मिल रहा है। मोदी सरकार रोजगार देने के बजाए रोजगार छीनने का कार्य कर रही है। ऐसी सरकार को सत्ता में रहने का हक नहीं है। अगर कोई बेरोजगार रोजगार की मांग करता है तो उस पर लाठियां बरसाई जाती है। ऐसी सरकार को आने वाले समय में जनता उखाड़ फेंकेगी। पीएम मोदी को मन की बात की जगह रोजगार देने की बात करती चाहिए। इस दौरान सुनील पाण्डेय, अजय सिंह, सीमू खान, शांति देवी, चमन सिंह, नमनन सिंह, गोविंद, दुर्गेश पाठक, राजीव गौंड़, संजय चौरसिया, भुनेश्वर भारती, शमशाद, फैजी, अहमद जमाल, विजय विश्वकर्मा, प्रशांत सिंह, मान सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

## विभिन्न मांगों को लेकर अधिवक्ता न्यायिक कार्य से रहे विरत

घोरावल (**सोनभद्र**)। स्थानीय तहसील अधिवक्ता समिति की बैठक समिति के अध्यक्ष जय सिंह एडवोकेट के अध्यक्षता में बार भवन में आयोजित की गई। जिसमें तहसील परिसर में न्यायालय तहसीलदार, नायब तहसीलदार, रजिस्ट्रार कार्यालय, सर्वे न्यायालय के न्यायालयों व कार्यालयों में लाकडाउन के बाद से अब तक कोई भी कार्य सुचारू रूप से न होने पर रोष जताया गया। फरवरी, मार्च व अप्रैल की सामान्य पत्रावलियों में अब तक आदेश नहीं हुआ। वर्तमान की पत्रावलियों में पेशकार मनमाने तरीके से पत्रावलियों की समयावधि नहीं देखकर मनमाने तरीके से पत्रावलियों में आदेश कराया जा रहा है। नायब तहसीलदार घोरावल का कार्य कई महीने से सीज है। जिससे न्यायालय व कार्यालय का कार्य पूर्ण रूप से बंद है।

# शादी का झांसा देकर योग प्रशिक्षक ने बनाया शारीरिक संबंध, मुकदमा दर्ज

### गर्भवती होने पर युवती का गर्भपात करा दिया

संवाददाता। बस्ती

**एक** योग प्रशिक्षक को शादी का झांसा देकर शारीरिक सम्बन्ध बनाने, गर्भ से होने पर दवा खिलाकर गर्भपात करा देने और शादी की बात करने पर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित योग प्रशिक्षक की तहरीर पर वाल्टरगंज थाने में आरोपी के विरूद्ध दुष्कर्म सहित अन्य सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। मूलत: बाराबंकी जिले की निवासी और वर्तमान में जिले के एक सरकारी अस्पताल में योग प्रशिक्षक पीड़िता का आरोप है कि पीलीभीत जिले के माधव टांडा थाना क्षेत्र के देवीपुर निवासी ऋषि पाण्डेय ने उसे शादी का झांसा देकर अपने जाल में फसाया। इसके बाद जबरिया उससे शारीरिक सम्बन्ध बनाए।

जब वह इस दौरान गर्भवती हो गई तो गर्भ निरोधक गोली खिलाकर उसका गर्भपात करा दिया। जब उसने शादी की बात की तो उसे जान से मारने की धमकी दी। शादी का झांसा देकर शारीरिक सम्बन्ध बनाने और बाद में मुकर जाने के बाद उसने न्याय के लिए पुलिस की शरण ली। तहरीर के आधार पर वाल्टरगंज पुलिस आरोपित के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना कर रही है।

## निर्वाचक नामावलियों का वृहद पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी

संवाददाता। संतकबीरनगर

**जिला** मजिस्ट्रेट व जिला निर्वाचन अधिकारी दिव्या मित्तल ने बताया है कि जनपद में संत कबीर नगर में त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावलियों का बृहद पुनरीक्षण कराने का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 15 सितम्बर से 30 सितम्बर तक किसी ग्राम पंचायत के आंशिक भाग के अन्य ग्राम पंचायत अथवा नगरीय निकाय में समाहित होने की स्थिति में विलोपन की कार्रवाई तथा बीएलओ एवं पर्यवेक्षकों को उनके कार्य क्षेत्र का आवंटन, उन्हें ततसम्बधी जानकारी तथा स्टेशनरी आदि के वितरण का कार्य किया जाएगा। आगामी एक अक्टूबर से 12 नवम्बर तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना और सर्वेक्षण करने का कार्य किया जाएगा।

## प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में होगी ऑनलाइन पोस्टर प्रतियोगिता

संवाददाता। बस्ती

**जिले** के सभी प्राथमिक, उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 24 सितम्बर को मीना मंच दिवस के अवसर पर आन लाइन पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। उत्तर प्रदेश स्कूल शिक्षा राज्य परियोजना के महानिदेशक डा. विजय किरन आनंद ने इसके लिए आदेश जारी किए है। प्रतियोगिता में बच्चे आनलाइन प्रतिभाग करेंगे। प्रतियोगिता में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, दहेज एक सामाजिक कुप्रथा, बाल विवाह से होने वाला कुप्रभाव, महावारी स्वच्छता प्रबंधन, नशा करे नाश, शिक्षित बेटी सशक्त समाज, आत्मरक्षा के उपाय एवं व्यक्तिगत स्वच्छता शीर्षक शामिल है।

साऊंघाट ब्लाक के एआरपी राकेश कुमार पांडेय ने बताया कि समग्र शिक्षा के अंतर्गत बालिकाओं की शिक्षा एवं सशक्तिकरण के लिए कई ठोस कदम उठाए गए हैं। समस्त प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में मीना मंच गठित हैं। खंड शिक्षा अधिकारी प्रीति शुक्ला ने बताया कि प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में जीवन कौशल, शिक्षा तथा आत्मरक्षा प्रशिक्षण के कार्यक्रम चल रहे हैं। बालिका शिक्षा के मुद्दे पर जन समुदाय को जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम राज्य परियोजना द्वारा संचालित हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार ने कहा कि बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए मीना मंच एक सशक्त माध्यम है। प्रत्येक वर्ष 24 सितंबर को मीना मंच दिवस के मौके पर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।

# विधायक ने किया पंचायत भवन का भूमि पूजन

संवाददाता। बस्ती



**विधानसभा** कप्तानगंज के दुबौलिया विकास खंड के कटरिया (सुबिखाबाबू) एवं सल्टौवा विकास खंड के आमा में पंचायत भवन का विधायक चन्द्र प्रकाश शुक्ल ने भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। इस मौके पर उन्होने कहा कि पंचायत भवन के बन जाने से लोगों को परस्पर मिल बैठकर ग्राम पंचायत के विकास के लिए निर्णय लेने में सुविधा होगी। विधायक ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा अनेक कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। भाजपा सरकार में सर्वाधिक पात्र लोगों तक आवास एवं शौचालय के माध्यम से स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर विशेष जोर दिया जा रहा है। उज्जवला योजना के माध्यम से माताओं एवं बहनों को राहत मिली है। कोरोना संकटकाल में आत्मनिर्भर भारत का जो संदेश प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिया है, उसका अनुसरण कर आने वाली चुनौतियों का हमे बेहतर ढंग से सामना करना होगा। कायाकल्प और सौभाग्य योजना की जानकारी देते हुये स्वयं सहायता समूहों का आवाहन किया कि वे अपने क्षेत्र में उदाहरण बनकर उभरे। इस अवसर पर परियोजना निदेशक आरपी सिंह, मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र राजभर, नागेंद्र सिंह सिंकू,ग्राम प्रधान अनिल सिंह, श्रीराम पाण्डेय, विधायक प्रतिनिधि विमल पाण्डेय आदि मौजूद थे।

## निर्माणाधीन जेल का डीएम ने किया निरीक्षण

संवाददाता। संतकबीरनगर

जिलाधिकारी दिव्या मित्तल और पुलिस अधीक्षक ब्रजेश सिंह ने शुक्रवार को खलीलाबाद तहसील क्षेत्र के बनकटिया स्थित निर्माणाधीन जेल का गहनता से निरीक्षण किया। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने कार्यदायी संस्था को निर्देश दिया कि गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य में तेजी लाएं तथा अक्टूबर में विभाग को हैण्डओवर करें। उन्होने पुलिस अधीक्षक के साथ पूरे कैम्पस में भ्रमण कर जो महत्वपूर्ण कार्य अधूरे रह गये है उनमें तेजी लाए जाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि जिन स्थानों पर पानी भर गये है। उसके लिए निकालने की व्यवस्था बनायी जाय। उन्होने सीवर पानी टैंक, आवास निर्माण, बैरक सहित निर्माण हो रहे पूरे जेल भवन का निरीक्षण किया। कार्यदायी संस्था से निर्माण कार्यो के विषय में जानकारी ली।

## मण्डलायुक्त ने लोगों के मास्क न लगाने पर जताई नाराजगी

संवाददाता। मीरजापुर

**आयुक्त** विन्ध्याचल मण्डल प्रीति शुक्ला ने एल-2 कोविड अस्पताल में अधिकारियों के साथ बैठक कर कोरोना संक्रमण के रोकथाम व बचाव व भर्ती मरीजों के बारे में विस्तृत जानकारी ली। इस अवसर पर आियुक्त ने कहा कि बाजारों में भीड़ बढ़ रही है परन्तु लोगों द्वारा मास्क नहीं लगाने से कोरोना संक्रमण फैलने का खतरा है। उन्होंने बैठक में उपस्थित अपर पुलिस अधीक्षक से कहा कि बाजारों में लागों को जागरूक करें तथा मास्क न लगाने वालों के विरूद्ध नियमानुसार जुर्माना भी लगाएं। उन्होंने कहा कि मीरजापुर, अहरौरा, चुनार कछवा के प्रमुख बाजारों व भीड़ वाले चैराहों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगाया जाए तथा मास्क लगाने व संक्रमण से बचाव के बारे में लोगों को जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि अधिकतम प्रत्येक एक सप्ताह बाद प्रमुख स्थानों को सेनेटराइज भी किया जाए। इस अवसर पर आयुक्त द्वारा एल-1 एवं एल-2 में भर्ती मरीजों के बारे में जानकारी व उन्हें भोजनए नाश्ता व अन्य चिकित्सीय सुविधा के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उनहोंने कहा कि होम क्वारंटीन लोगों के घरों पर आरआरसी टीम प्रति दिन जाकर जानकारी लें तथा उनके स्वास्यि के बारे में जानकारी प्राप्त इसी प्रकार कंट्रोल रूम से भी होम क्वारंटीन लोगों को फोन कर जानकारी प्रापत की जाए। मंडलायुक्त ने कहा कि यदि किसी परेशानी हो तो उसे तत्काल एल-1 या एल-2 अस्पताल में भर्ती कराया जाए। आयुक्त ने सर्विलांस टीम को घर-घर जाकर परीक्षण कार्य को सक्रिय किया जाय तथा उसकी मानीटरिंग स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के द्वारा किया जाए।

# अब साइकिल से स्कूल जाएंगी सुदूर ग्रामीण क्षेंत्रों में श्रमिकों की बेटियां

### संत रविदास शिक्षा सहायता योजना के तहत डीएम ने 48 छात्राओं को प्रदान किया साइकिलें

संवाददाता। मीरजापुर

**उत्तर** प्रदेश सरकार द्वारा सबका साथ सबका विकास के नारा को साकार होते हुये धरातल पर दिख रहा है जिसके अन्तर्गत दूर-दराज के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों के श्रमिकों के बिटिया स्कूल जाकर शिक्षा ले सकेंगी। इसके लिए जिलाधिकारी सुशील कुमार पटेल के जनपद मुख्यालय श्रम विभाग में आयोजित एक कार्यक्रम के तहत श्रमिकों के 50 बेटियों को निशुल्क साइकिल प्रदान किया गया। उप्र भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संत रविदास शिक्षा सहायता योजना संचालित किया गया है। जिसके अन्तर्गत छात्रवृत्ति दिये जाने के साथ ही साथ योजना के अन्तर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के पुत्रियों को कक्षा 10 या कक्षा 12 उत्तीर्ण कर अगली कक्षा में प्रवेशित होने पर उन्हें आगे की पढ़ाई हेतु प्रेरित करने एवं उन्हें विद्यालय जाने हेतु सुविधा उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से 3500 रुपये की कीमत की साइकिल प्रदान किये जाने की व्यवस्था की गयी है। उक्त योजना के अनुपालन में साहयक श्रमायुक्त कार्यालय परिसर जंगी रोड में सोशल डिस्टेसिंग का पलन कराते हुये एक कार्यक्रम आयोजित कर 48 साइकिलों का वितरण जिलाधिकारी सुशील कुमार पटेल के श्रमिकों की आगे की पढ़ाई पूरी करने के लिए साइकिल का वितरण किया गया। साइकिल पाने वाले छात्राओं के चेहरे एक उम्मीद कर मुसकान देखने को मिली।कार्यक्रम के दौरान बताया कि योजना के अन्तर्गत साइकिल प्रदान किये जाने हेतु उत्तीर्ण कक्षा की अंकतालिका एवं प्रवेशित अगली कक्षा की शुल्क की रशीदए प्रवेशित व शिक्षारत होने का प्रमाण पत्र शिक्षण संस्थान के प्रधानाचाय, सक्षम अधिकारी व जनपद के जिला विद्यालय निरीक्षण अथवा समकक्ष अधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित कर लाभ प्रापत किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि उक्त योजना के सापेक्ष कुल 184 पंजीकृत निर्माण श्रमिकों की कन्याओं को साइकिल सहायता का लाभ प्रदान किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी हैए जिसके क्रम आज 48 छात्राओं को साइकिल का वितरण जा रहा है।

## शिक्षक की स्मृति में किया गया पौधरोपण

संवाददाता। घोरावल (**सोनभद्र**)

**राजकीय** इण्टर कालेज घोरावल में 10 वर्षों तक गणित के प्रवक्ता रहे, ओमप्रकाश त्रिपाठी की स्मृति में विसुंधरी उच्च प्राथमिक विद्यालय पर पौधरोपण किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान रखने वाले श्री त्रिपाठी द्वारा पढाये गये शिष्य जो आज विभिन्न पदों पर आसीन हैं, उनकी शिक्षण विधा के बारे में याद करके प्रशंसा करते नहीं थकते। श्री त्रिपाठी प्रति वर्ष घोरावल आते थे और अपने शिष्यों से मुलाकात करते थे।

अपने जीवन का संपूर्ण सेवाकाल उन्होंने सोनभद्र शक्तिनगर, कोन, पिपरी व डायट को प्रदान किया। उनके पुत्र दीनबन्धु त्रिपाठी जो वर्तमान में घोरावल ब्लाक के गणित के एआरपी हैं, उनके द्वारा जलायी गयी लौ को अनवरत प्रज्वलित किये हुए हैं श्री दीनबन्धु राज्य स्तर पर सोनभद्र का नाम कई बार रोशन भी कर चुके हैं।

# 1771 लोगों के लिए संजीवनी बनी 108 एंबुलेंस सेवा

संवाददाता। सोनभद्र

**कोरोना** काल में लाकडाउन के दौरान स्वास्थ्य विभाग की 108 एंबुलेंस गाड़ियां गंभीर रूप से बीमार तथा सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों का जीवन बचाने के लिए वरदान साबित हो रही है। 24 घंटे दिन रात दौड़ रही एंबुलेंस गाड़ियां डेढ़ महीने में कोरोना संदिग्धों समेत 1771 लोगों के जीवन रक्षा के लिए संजीवनी बन कर सामने आई है।

आम जनमानस एंबुलेंस सेवा से काफी लाभान्वित हो रहा है। बता दें कि कोविड-19 काल में जहां लोगों को प्राइवेट वाहनों की सेवा लेने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, वहीं एक मोबाइल काल पर 108 एंबुलेंस मरीज के दरवाजे पर जाकर खड़ी हो जाती है और रोगी को अस्पताल पहुंचा कर उसके जिंदगी को बचाने में मददगार साबित होती है। लाकडाउन में जहां अधिकांश लोग अपने-अपने घरों में रहने को मजबूर रहते हैं वहीं स्वास्थ्य विभाग की यह एंबुलेंस गाड़ियां दिन रात दौड़ते हुए रोगियों को अस्पताल पहुंचाने में अहम भूमिका निभा रही हैं। एंबुलेंस सेवा के प्रोग्राम मैनेजर अभिजीत सिंह ने बताया कि जिले में 108 एंबुलेंस की 24 गाड़ियां व 4 एएलएस की गाड़ियां है जिसमें से 8 गाड़ी 108 एंबुलेंस सेवा से व चार गाड़ी एएलएस से कोविड उपचाराधीनों की सेवा में लगी है। इन 12 एंबुलेंस के माध्यम से डेढ़ माह में यानी एक अगस्त से 15 सितंबर तक 900 कोरोना उपचाराधीनों को सेवा दी गई। शेष एंबुलेंस से अन्य 871 मरीजों को सेवाएं प्रदान की गई इस तरह से कुल 1771 लोगों के जीवन रक्षा के लिए एंबुलेंस गाड़ियां संजीवनी बनकर सामने आई है। उन्होंने बताया कि कोविड-19 संक्रमण के दौरान एंबुलेंस सेवा के चालक व इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन कोरोना वारियर्स बनकर अपनी जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन करते हुए स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने में मददगार बने है। 108 एंबुलेंस के चालक तथा ईएमटी सुरक्षा कवच के साथ हमेशा मुस्तैद रहते हैं।

इनको हर समय एक पीपीई किट, मास्क, तथा सैनिटाइजर से लैस रहना पड़ता है। पीपीई किट तथा अन्य सामग्री के प्रयोग एवं निस्तारण को लेकर विशेष एहतियात बरतनी पड़ती है। इसके लिए चालक को विशेष प्रशिक्षण भी दिया गया है। सड़क दुर्घटना में घायल चतरा ब्लाक के शाहपुर गांव निवासी कमलेश पुत्र स्वर्गीय राम सिंगार तथा चरकोनवा गांव के राम अवध पुत्र रामबचन ने बताया कि दुर्घटना के बाद वह अचेत अवस्था में आ गए थे एंबुलेंस के माध्यम से वे अस्पताल में पहुंचे और इलाज के बाद उनकी जान बची। एंबुलेंस सेवा लोगों के लिए संजीवनी साबित हो रही है।

## प्रसव के लिए नहीं हों, परेशान सरकारी केन्द्रों में हैं इंतजाम

**मीरजापुर**। कोरोना संक्रमण रफ्तार बढ़ने के साथ ही जिले में ठीक होने वालों की संख्या में भी अच्छी बढ़ोत्तरी देखा जा रहा हैं। स्वास्थ्य विभाग की मानें तो अपने-अपने घरों से बाहर निकलने और भीड़-भाड़ वालों इलाकों से बचना चाहिए, इसमें विशेषत गर्भवती महिलाओं को अपना खास ख्याल रखने की आवश्यकता है। रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होने से संक्रमण का खतरा ज्यादा होता है। गर्भावस्था के दौरान कुछ जरूरी सावधानियों को अपनाकर इस संक्रमण से बचा जा सकता हैं। जो गर्भवती महिलाएं कोरोना से महिला चिकित्सालय में प्रसव कराने से डर रही हैं। मुख्य चिकित्साधिकारी डाक्टर ओपी तिवारी ने बताया कि जिले के महिला चिकित्सालय समेत नौ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व 44 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों समेत 186 उपकेन्द्रों पर प्रसव सम्बन्धी सारी सुविधाओं को उपलब्ध करा दिया गया हैं। जिससे कोरोना संक्रमण का खतरा गर्भवती महिलाओं को नहीं होगा।

# जौनपुर में एसओ, दरोगा समेत तीन निलंबित

## प्रधान हत्याकांड मामले में एसपी की बड़ी कार्रवाई

संवाददाता। जौनपुर

**जिले** के सरपतहां थाना क्षेत्र के गलगला शहीद बाजार में बृहस्पतिवार की रात ग्राम प्रधान की हत्या के मामले में एसपी ने एसओ समेत तीन पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया है। प्रधान पुत्र की तहरीर पर पांच लोगों के विरुद्ध नामजद केस दर्ज किया गया है। इसमें चार आरोपी हिरासत में लिए गए हैं। घटना के पर्दाफाश के लिए एएसपी सिटी के नेतृत्व में टीम गठित की गई है। अमारी गांव के प्रधान बसंत लाल बिंद की बृहस्पतिवार की रात उस समय हत्या कर दी गई थीए जब वह गलगला बाजार स्थित अपनी क्लीनिक में बैठे थे। वारदात को अंजाम देने के बाद बाइक सवार तीनों बदमाश फरार हो गए। काफी देर बाद घटना की जानकारी होने पर पहुंचे परिजनों और ग्रामीणों ने लखनऊ–बलिया हाइवे पर जाम लगा दिया था। रात करीब सवा 11 बजे मौके पर पहुंचे एसपी ने परिजनों से वार्ता कीए मगर वह हत्यारों की गिरफ्तारी के बाद ही जाम हटाने और शव देने की जिद पर अड़े रहे। रात करीब डेढ़ बजे तक मान मनौवल जारी रहा। इसके बाद पुलिस ने सख्ती बरतते हुए रास्ता खाली कराया और शव कब्जे में लेकर थाने ले आई। मृतक के पुत्र प्रवीण बिंद की तहरीर पर पुलिस ने गांव के पांच लोगों कर विरुद्ध नामजद केस दर्ज किया है। उनमें से चार को रात में ही हिरासत में ले लिया गया। आरोपियों से एसपी ने थाने में भोर तक पूछताछ की। एसपी राजकरन नय्यर ने बताया कि विभिन्न पहलुओं पर जांच की जा रही है। घटना के अनावरण के लिए एएसपी सिटी डॉ संजय कुमार के नेतृत्व में टीम गठित की गई है। प्रथम दृष्टया लापरवाही बरतने पर एसओ पंकज पांडेय, बीट दरोगा सुधीर मिश्र और बीट कांस्टेबल राम प्यारेलाल को निलंबित कर दिया गया है।

### एसपी जौनपुर द्वारा शाहगंज थाने का औचक निरीक्षण व कस्बा पैदल गश्त

राजकरन नय्यर पुलिस अधीक्षक, जौनपुर द्वारा आज कोतवाली शाहगंज का औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें बैरकए भोजनालयए कार्यालय तथा थाने के पूरे प्रांगण का निरीक्षण किया गया एवं सम्बन्धित को आवश्यक आदेश निर्देश दिये गयेए बाद निरीक्षण थाने के सभी मुख्य आरक्षीए आरक्षी एवं महिला आरक्षियों से उनके कार्यों के बारे में जानकारी ली गयी तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा कस्बा शाहगंज में भारी पुलिस फोर्स के साथ पैदल गस्त कर लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया गया।

# अनुसूचित जाति युवक, युवतियों हेतु टेलरिंग के लिए समाज कल्याण विभाग से बिना ब्याज के दिया जाएगा 20,000 रु. का ऋण

संवाददाता। सिद्धार्थनगर

**उप्र** अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लि सिद्धार्थनगर द्वारा संचालित युवकध्युवतियों हेतु टेलरिंग शॉप योजनान्तर्गत ग्रामीण क्षेत्र के आवेदन पत्र संबंधित खंड विकास अधिकारी के कार्यालय में एवं शहरी क्षेत्र के आवेदन पत्र उप्रअनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लि सिद्धार्थनगर के कार्यालय में 22 तक आमंत्रित किये जा रहे है। अनुसूचित जाति के बेरोजगार गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले युवक एवं युवतियों को को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने हेतु भारत सरकार से प्राप्त विशेष केंद्रीय सहायता की धनराशि से नई टेलरिंग शॉप योजनांतर्गत अधिकतम परियोजना लागत 20000 जिसमे से रुपये 10000 अनुदान एवं शेष धनराशि ब्याजमुक्त ऋण के रूप में लाभार्थियों को रोजगार हेतु प्रदान की जाएगी। उक्त पात्रता की जानकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय सिद्धार्थनगर से संपर्क कर जानकारों प्राप्त कर सकते है। उक्त आशय की जानकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ राहुल गुप्ता ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से दी है।

## क्विक न्यूज

# जिलाधिकारी ने की गौशाला की समीक्षा

**सिद्धार्थनगर।** नौगढ़ तहसील के अन्तर्गत आने वाली गौशाला के संबध में समीक्षा बैठक जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में जिलाधिकारी कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी दीपक मीणा ने अधिशासी अधिकारी नपापरिषद, सिद्धार्थनगर को निर्देश दिया कि शहर के आस–पास गौवंश खुले में घूमते हुए नही मिलना चाहिए। जो गौवंश खुले में घूम रहे है उन्हें कैटर कैचर से पकड़कर गौशाला में रखने का निर्देश दिया गया। तहसीलदार नौगढ़ध्अधिशासी अधिकारी नपा परिषद, सिद्धार्थनगर को कान्हा गौशाला हेतु भूमि चिन्हित कर प्रस्ताव प्रेषित करने का निर्देश दिया गया। सम्बन्धित तहसीलदारध्खण्ड विकास अधिकारी को समस्त न्याय पंचायतों में गौशाला हेतु भूमि चिन्हित करने का निर्देश दिया गया। इस बैठक में उपरोक्त के अतिरिक्त उपजिलाधिकारी नौगढ़ विकास कश्यपए तहसीलदार नौगढ़, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा. ज्ञान प्रकाश, तथा सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी उपस्थित थे।

## वरिष्ठ पत्रकार व संपादक के निधन पर आईजेए ने शोक सभा आयोजित कर दी श्रद्धांजलि

**डुमरियागंज,सिद्धार्थनगर।** इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन डुमरियागंज कार्यालय पर शुक्रवार को पत्रकारों द्वारा शोक सभा आयोजित कर बस्ती जिले के वरिष्ठ पत्रकार एवं संपादक अनिल श्रीवास्तव को श्रद्धांजलि दी गई और और दिवंगत पत्रकार की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की। इस दौरान एसोसिएशन के प्रदेश प्रवक्ता हाशिम रिजवी ने कहा कि वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय अनिल श्रीवास्तव बड़े ही मिलनसार और नेक इंसान थे और वे हमेशा पत्रकार साथियों के मान सम्मान और उनकी रक्षा के लिए तत्पर रहते थे साथ ही वे सभी पत्रकारों से बड़े ही अच्छे ढंग से पेश आते थेस उनके निधन से पत्रकारों में गहरा शोक हैस भगवान उनकी आत्मा को शांति दे। शोक सभा में मंडल मीडिया प्रभारी विजय यादव, जिला अध्यक्ष के पी सिंह, संरक्षक मेहंदी रिजवी, डॉ विक्रांत श्रीवास्तव, तहसील अध्यक्ष राजेश यादव, महामंत्री पुरुषोत्तम दुबे वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजयपाल चतुर्वेदी, भूपेंद्र सिंह, शैलेंद्र दुबे, संदीप दुबे जी, कुलदीप दुबे ,वसीम अकरम , देव आनंद पाठक एअशोक गुप्ता, देवी प्रसाद कनौजिया, अजीम रिजवी एआफताब रिज्व, ओम प्रकाश मिश्रा एमो इस्माइल एअमीन फारूकी, सुहेल अहमद सहित तमाम पत्रकार साथी मौजूद रहे। सभी उपस्थित पत्रकारों ने 2 मिनट का मौन धारण कर मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

## भारतीय जनता पार्टी ने चलाया स्वच्छता अभियान

**धानापुर,चन्दौली।** भारतीय जनता पार्टी पश्चिमी मण्डल के कार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने शुक्रवार को कस्बा सहित क्षेत्र के तोरवां चौमुहानीए सितापोखरीए शहीदगांव बाजार और धानापुर शहीद स्मारक प्रांगण में स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान लोगों ने हाथ में झाड़ू लेकर जहाँ साफ सफाई किया वहीं शहीद पार्क में उगे घास फूस को साफ किया साथ ही स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक भी किया। इस दौरान मुख्य रूप से अनिल तिवारी, कमलाकांत मिश्र, गोविंद उपाध्याय, अरुण जायसवाल, रमेश द्विवेदी, राधेश्यामए कर्मवीर सिंहए अरुण जायसवाल, रामानुज यादव, विनय राजए अरविंद पांडेयए राधारमणए रमेश मौर्य सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

## 45 साल पुरानी पानी टंकी से होती है दर्जनों गांवों को सप्लाई

**सकलडीहा, चन्दौली।** इसे विडम्बना कहे या विभागीय लापरवाही। देश निरंतर विकास की ओर अग्रसर है। लेकिन लोगों की मूल भूत जरूरत के लिये दर्जनों गांव के लोगों को एक मात्र 45 साल पुरानी पानी टंकी के भरोशे रहना पड़ता है। जिसमें से एक दर्जन गांव के उपभोक्ता पाइप लाइन के मरम्मत के अभाव में वर्षो से शुद्ध पानी पीने से वंचित है। वर्षा पूर्व सकलडीहाए टिमिलपुरए नागेपुरए तेन्दुईए घरचितए पदुमनाथपुरएताजपुरए ईटवाए सिरेहुपुरए दुर्गापुर सहित तीन दर्जन गांवों को पेयजल आपूर्ति के लिये तीन लाख लीटर की पानी टंकी बनवाया गया था। इन गांव तक बेहतर पाइप लाइन भी लगाया गया था। लेकिन बीते 15 बीस साल से एक दर्जन गांव के सैकड़ो उपभोक्ता पाइप लाइन के क्षतिग्रस्त हो जाने से पेयजल से वंचित हो गये। यही नही पुरानी जल निगम की पानी टंकी और ट्यूववेल की मरम्मत तो दूर संचालन के लिये एक ट्यूववेल बीते दो साल से बैठ गया है। एक ट्यूववेल की मोटर जल जाने पर तीन से चार दिनो तक कस्बावासी पानी के लिये परेशान हो जाते है। शिकायत के बाद भी अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौन है। जिसे लेकर लोगों के बीच पानी की समस्या बनी रहती है। इस बाबत जलनिगम एसडीओ शिवपूजन सिंह ने बताया कि जल निगम की स्टीमेट बनाकर शासन को भेजा गया है। लेकिन अभी स्वीकृति नही मिल पाया है। स्वीकृति मिलने पर पाइप लाइन और ट्यूववेल लगाया जायेगा।

# दर्जनों राजस्व कर्मियों की हुई कोरोना की नि:शुल्क जांच



**सकलडीहा,चन्दौली।** रजिस्टार कानूनगों के दफ्तर में एक राजस्व कर्मी का गुरूवार को रिपोर्ट कोरोना पाजीटिव आने पर तहसील कर्मियों पर खलबली मच गया। शुक्रवार को एसडीएम प्रदीप कुमार के पहल पर स्वास्थ्य टीम तहसील परिसर में 85 तहसील कर्मियों की कोरोना की जांच किया। इसके बाद तहसील मुख्यालय को रविवार तक के लिये बंद करा दिया गया है। दो दिन पूर्व रजिस्टार कानूनगों कार्यालय के एक कर्मचारी को बुखार और खांसी आने पर जांच कराया था।

जांच रिपोर्ट गुरूवार को पॉजीटिव आने पर तहसील कर्मियों में खलबली मच गया। शुक्रवार को जिले से पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम ने तहसील के पांच दर्जन से अधिक महिला और पुरूष लेखपालों का जांच कराया। इसके अलावा तहसील कर्मियों की जांच हुई। कुल 85 कर्मचारियों की जांच के बाद तहसील परिसर को रविवार तक के लिये बंद करा दिया गया। इस बाबत एसडीएम प्रदीप कुमार ने बताया कि कोविड 19 जैसी वैश्विक महामारी को लेकर सोशल डिस्टेंस के साथ तहसील कर्मियों की जांच कराया गया। जांच रिपोर्ट आने तक रविवार तक कार्यालय बंद रखा जायेगा। इस मौके पर जांच टीम में डा. रोहित गुप्ता, देवेन्द्र मिश्रा, अंकित प्रजापति, संजय प्रकाश, लेखपाल केहर सिंह, संजय मौर्यए सुभाष, रंजना सिंहए प्रियंका सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

# सीओ व एलआईयू इंस्पेक्टर सना अवार्ड से हुए सम्मानित



## हाजी हबीबुल्लाह टांडवी ने सना अवार्ड किया प्रदान

संवाददाता। मऊ

**मदरसा** बहरुल उलूम के उप प्रबंधक एवं मऊ रोटी बैंक के संरक्षक हाजी हबीबुल्लाह टांडवी ने क्षेत्राधिकारी नरेश कुमार व एलआईयू इंस्पेक्टर को सना अवार्ड प्रदान करके सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि ताने.बाने के मऊ नगर में कोरोना काल व त्योहारों को सकुशल सम्पन्न कराने में क्षेत्राधिकारी नरेश कुमार जी व एलआईयू इंस्पेक्टर का काफी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इसको देखते हुए ही उन्हें सना अवार्ड से सम्मानित किया जा रहा है। मदरसा बहरुल उलूम के उप प्रबंधक एवं मऊ रोटी बैंक के संरक्षक हाजी हबीबुल्लाह टांडवी ने कहा कि उन्होंने अभी हाल में पूर्व जिलाधिकारी ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी समेत घोसी के विधायक विजय राजभर को भी सराहनीय कार्य करने पर सना अवार्ड प्रदान करके सम्मानित किया है। हाजी हबीबुल्लाह टांडवी ने कहा कि सना अवार्ड प्रदान करने का लक्ष्य यह है कि समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित व प्रोत्साहित किया जाए। साथ ही साथ उन्होंने लोगों से अपील किया कि लोग बेवजह घर से बाहर न निकलेए किसी कार्य से निकलते है तो मास्क जरूर लगाएं। साथ ही साथ दो गज दूरी का ध्यान देंए साफसफाई का ख्याल रखें। इस अवसर पर मुख्य रुप से मऊ रोटी बैंक के ट्रस्टी अमर नाथ मद्धेशिया समेत मदरसे के अध्यापकगण उपस्थित रहे।

# चिकित्सकों ने सीएम को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा

## प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा दुर्व्यवहार पर जताया आक्रोष

## चिकित्सकों ने मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन की दी चेतावनी

संवाददाता। मऊ

**प्रादेशिक** चिकित्सा सेवा संघ उप्र के बैनर तले चिकित्सकों ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के प्रतिनिधि सिटी मजिस्ट्रेट जेएन सचान को सौंपा। इस दौरान चिकित्सकों ने चेताया कि प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा चिकित्सकों के साथ दुर्व्यवहार नहीं रुका तो चिकित्सक आंदोलन के लिए बाध्य हो जाएंगें। जिलाधिकारी के प्रतिनिधि सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपे ज्ञापन में प्रादेशिक चिकित्सा सेवा संघ उप्र के अध्यक्ष डॉ. अमित रंजन ने कहा कि कोरोना काल के दौरान चिकित्सक ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं बावजूद इसके आए दिन प्रशासनिक उच्चाधिकारियों द्वारा चिकित्सकों के साथ दुर्व्यवहार करते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग किया जा रहा है। साथ ही साथ चिकित्सकों को प्रताड़ित करने का भी कार्य किया जा रहा है। ज्ञापन में कहा गया है कि प्रदेश के कुछ जनपदों तैनात प्रशासनिक अधिकारी अपने अधिकारों का दुरुपयोग करते हुए चिकित्सकों का उत्पीड़न कर रहे हैं। पूर्व में अलीगढ़ए महाराजगंजए बस्तीए वाराणसी व मऊ में ऐसी घटनाएं हो चुकी है। जबकि इसका ताजा उदाहरण रायबरेली है। चिकित्सकों ने चेताया कि किसी भी कीमत पर चिकित्सकों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके खिलाफआरपार का संघर्ष किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य रुप से सचिव डॉ.राजाराम चौहान, डॉ.सीपी आर्या, डॉ.बीबी सिंह, डॉ मनोज पाण्डेय, डॉ आनंद, डॉ सरोज, डॉ आशुतोश कुमार, डॉ. अजय सिंह, डॉ. एपी गुप्ता, डॉ. शैलेष आदि चिकित्सक उपस्थित रहे।

## नहरों के सफाई के नाम पर हो रही खानापूर्ती : वाबूलाल

**मुग़लसराय, चन्दौली।** क्षेत्र के खेतों की फसल सूखने की बात किसानों ने सपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व ब्लाक प्रमुख से कहीं।

समस्याओं को सुनकर तत्काल सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता मूसाखाङ से बात की।जिस पर अभियंता ने तत्काल कर्मचारियों को भेजकर नहरों में लगे झाड़ झंकार को साफ कराया।इस दौरान सपा नेता बाबूलाल ने कहा कि प्रदेश की सरकार किसानों की आय दोगुनी करने का राग अलाप रही है। धान के कटोरा कहे जाने वाले जनपद के किसानों को समय से खादए बीजए पानी नहीं मिल रहा है। जनपद की नहरों की सफाई के नाम पर खानापूर्ति कर धन का बंदरबांट किया जा रहा है।

## सपा के पूर्व विधायक हाजी अफजाल अहमद का निधन



**जौनपुर।** समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक हाजी अफ्जाल अहमद का आज उनके आवास पर अचानक निधन हो गया। समाचार मिलते ही शोक संवेदना प्रकट करने वालों का तांता उनके मीरमस्त आवास पर पलगा रहा। गौरतलब है कि पूर्व विधायक हाजी अफ्जाल अहमद समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता के साथ.साथ सामाजिक कार्यों व मरकज़ीसीरत कमेटी के पूर्व अध्यक्ष थे।उनके निधन से समाज के सभी वर्गों ने अपनी शोक संवेदना प्रकट किया है।आज शाम 4: 10 बजे पूर्व विधायक हाजी अफ्जाल साहब का इंतकाल हो गया है ष्इन्ना लिलाही वा इन्ना इलाही राजी उनष् सुपुर्द ए खाक कल 9: 00 बजे सुबह ;खास हौज मल्हनी पडाव के पास कब्रिस्तान पर मिट्टी दी जायेगी। विधायक के निधन की खबर लगते ही उनके चचेरे भाई समाजवादी पार्टी के पूर्व नगर अध्यक्ष व सभासद डॉक्टर हसीन बबलूए कामरेड मोहम्मद हनीफए समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता जनगणमन संस्था के अध्यक्ष असलम शेर खान एव केमिस्ट एंड ड्रजिस्ट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष शकील अहमद, मरकजी सीरत कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष शकील मंसूरी, सभासद इरशाद मंसूरी, कमालुद्दीन, सभासद जगदीश मौर्य गप्पू, सभासद शारद मिंटू पाठक मुकेश सिंह अन्य ने उनके पैतृक आवास नगर कोतवाली क्षेत्र के मीरमस्त मोहल्ला पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त किया।

# सेवा सप्ताह के चौथे दिन भाजपाइयों ने ग्रामीण क्षेत्रों में चलाया सफाई अभियान

संवाददाता। देवरिया

भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 70 वें जन्मदिन पर चलाये जा रहे सेवा सप्ताह के पांचवे दिन ग्रामीण क्षेत्रो में भाजपा कार्यकर्ताओं ने ग्रामीण क्षेत्रों के 70 ग्राम पंचायतों में स्वच्छता अभियान चला कर लोगो को सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने के लिये जागरूक किया गया।इसी के तहत सेवा सप्ताह कार्यक्रम के प्रमुख जिलाउपाध्यक्ष भाजपा अजय कुमार दूबे ने मेहड़ा पुरवा ग्राम पंचायत में स्वच्छता अभियान चलाने के बाद उपस्थित लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने का आग्रह करते हुये कहा की प्लास्टिक की वजह से कई प्रकार की बीमारी फैलती है। जिस प्लास्टिक को हम सभी प्रयोग कर फेंक देते है उससे रास्ते गंदे होते हैएनाले.नालियां जाम हो जाती है। जिससे हम सभी को ही काफी परेशानी उठानी पड़ती है। पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष भाजयुमो शैलेन्द्र सिंह आजाद ने कहा कि प्लास्टिक का प्रयोग करके हम सभी इधर–उधर फेक देते है और जानवर उसे खा जाते है जिससे वे बीमारी से मर जाते है। इस दौरान श्रीनिवास मणि, ओमप्रकाश मौर्या, अम्बिकेश पाण्डेय,जितेन्द्र सिंह,अमित सिंह,बुलबुल यादव आदि उपस्थित रहे। विक्रमपुर बांसगांव ग्राम पंचायत में स्वच्छता अभियान चलाने के बाद लोगो को सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने के लिये जागरूक करते हुये स्वच्छता अभियान प्रभारी जिलामहामंत्री भाजपा श्रीनिवास मणि त्रिपाठी ने कहा कि प्लास्टिक का प्रयोग स्वास्थ्य, पर्यावरण को भी दूषित करता है। इसलिये इसका प्रयोग हम सभी को नही करना चाहिये।



## 16 करोड़ की सम्पत्ति की गई कुर्क

**देवरिया।** देवरिया के भूमाफिया राम प्रवेश यादव पुत्र जगत नारायण यादव निवासी अमेठी (देवरिया खास) थाना कोतवाली, जनपद देवरिया के विरूद्ध गिरोह बन्द अधिनियम की धारा 14(1) के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक डा0 श्रीपति मिश्र द्वारा बड़ी कार्यवाही की गयी। इस अधिनियम के अन्तर्गत उक्त अभियुक्त की कुल 16 करोड़ रूपये की संपत्ति कुर्क कर ली गयी है तथा इस संपत्ति को कस्टोडियन तहसीलदार सदर जनपद देवरिया के अधीन सुपुर्द कर दिया गया है। इस संपत्ति को कब्जा करते समय दुग्गी पिटवा कर उद्घघोषणा करा कर कार्रवाई को अंजाम दिया गया।

## डीएम ने 15 वें वित्त योजना को लेकर की बैठक दिए निर्देश

**देवरिया।** जिलाधिकारी अमित किशोर की अध्यक्षता में आज नगर पालिका देवरिया के सभागार में 15 वे वित्त की योजनाओं से जुड़े कार्य प्रस्ताव को लेकर बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी नगर निकायों एवं नगर पालिका को निर्देश दिया कि आधारभूत आवश्यकताओं को विकसित किए जाने के लिए इस मद से कार्यों को कराए जाने के लिए कार्य प्रस्ताव तैयार करें और तद्नुसार कार्यों को कराएं। जिलाधिकारी ने सभी नगर निकायों एवं नगर पालिकाओं से 15 वे वित्त को एवं कार्यों को लेकर गहनता से विचार विमर्श किया तथा आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन राकेश कुमार पटेलए ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सुमित कुमार यादवए सी आर ओ अमृत लाल बिंद सहित सभी संबंधित एवं जुड़े अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# स्तनपान व पोषण के हजार दिन के बारे में दी जानकारी

संवाददाता। गाजीपुर

**राष्ट्रीय** पोषण माह के तहत हर दिन विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मुख्य सेविका लाभार्थी के घर–घर भ्रमण कर गर्भावस्था 270 दिन, और जन्म के बाद शिशु की देखभाल 730 दिन के 1000 दिन के दौरान पोषण पर विशेष ध्यान के साथ ही नवजात शिशु के स्तनपान पर गर्भवती के परिजनों को जानकारी दी गयी। सैदपुर परियोजना की मुख्य सेविका आशा देवी ने बताया कि परियोजना के अंतर्गत 314 आंगनबाड़ी केंद्र आते हैं जहां पर कार्यरत 303 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को कैलेंडर के अनुसार चयनित लाभार्थियों के गृह भ्रमण के निर्देश दिए गए हैं। आंगनबाड़ियों द्वारा लोगों के घर.घर जाकर कुपोषण से बचने के सभी संभावनाएं के साथ ही स्तनपान के बारे में जानकारी दी जा रही है।

उन्होंने बताया कि स्तनपान किसी भी शिशु का प्राकृतिक अधिकार होता है। जनसामान्य में यह धारणा है कि स्तनपान शिशु के बेहतर स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। स्तनपान के लाभ इससे भी कई गुना अधिक हैं। जहां एक ओर यह बच्चे के प्रतिरक्षा तंत्र को मजबूत करता हैए वहीं माता को भी कई तरह की बीमारियों से बचाता है। यह हर रूप में शिशु को सिर्फ और सिर्फ लाभ ही पहुंचाता है। इसकी महत्ता इसी से समझी जा सकती है कि मां के दूध में पर्याप्त पोषक तत्व होते हैं और शिशु को छह माह तक पानी पीने की भी आवश्यकता नहीं होती।

मां के दूध से बच्चे को जो बच्चे स्तनपान करते हैंए उनका प्रतिरक्षा तंत्र को मजबूत बनाता ही हैए साथ ही पीलियाए एलर्जीए अस्थमा व अन्य श्वास संबंधी बीमारियांए सर्दी–जुकाम को दूर रखता है। ऐसे बच्चे कुपोषण के शिकार नहीं होते क्योंकि मां के दूध के रूप में पर्याप्त पोषण मिलता है। स्तनपान शिशु के सिर्फ शारीरिक विकास पर ही सकारात्मक प्रभाव नहीं डालताए बल्कि यह उनके मानसिक विकास में भी सहायक होता है। स्तनपान से बच्चे के साथ–साथ मां को भी उतना ही फायदा पहुंचाता है। यह प्रसव के बाद बढ़ने वाले वजन को नियंत्रित करता है। जब माता ब्रेस्टफीडिंग कराती है तो बिना कुछ किए ही उसकी काफी कैलोरी बर्न हो जाती है। शायद आपको पता न हो लेकिन महिलाओं में होने वाले कैंसर की संभावना को कम करने के लिए स्तनपान कराना आवश्यक है। जो महिलाएं बच्चे के जन्म के तुरंत बाद ब्रेस्टफीडिंग शुरू करती हैं। उन्हें प्रसव के बाद होने वाले दर्द व रक्तस्त्राव में भी काफी आराम मिलता है। ऐसा ब्रेस्टफीडिंग के दौरान ऑक्सीटोसिन हार्मोन रिलीज होता है।

जिला स्वस्थ भारत प्रेरक जितेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि पोषण के 1000 दिन यानि गर्भावस्था के 270 दिन और जन्म के बाद के शिशु के पहले 730 दिन नवजात के शुरुआती जीवन की सबसे महत्वपूर्ण अवस्था होती है। आरंभिक अवस्था में उचित पोषण नहीं मिलने से बच्चों के मस्तिष्क विकास में भारी नुकसान हो सकता हैए जिसकी भरपाई नहीं हो पाती है। शिशु के शरीर का सही विकास नहीं होता तथा उनमें सीखने की क्षमता में कमीए स्कूल में सही प्रदर्शन नहीं करनाए संक्रमण और बीमारी का अधिक खतरा होने जैसी कई अन्य गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। गर्भावस्था और जन्म के बाद पहले वर्ष का पोषण बच्चों के मस्तिष्क और शरीर के स्वस्थ विकास और प्रतिरोधकता बढ़ाने में बुनियादी भूमिका निभाता है।

## केंद्र एवं प्रदेश सरकार ऊर्जा सेक्टर को करने पर तुली हुई है तबाह : निर्भय नारायण सिंह

**गाजीपुर।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के आह्वान पर बिजली के निजीकरण के विरोध में18 सितंबर को पूरे जनपद में उपखंड स्तर पर 09 जगह चिन्हित कर विरोध सभा सायं 4 से 5 तक आयोजित की गई। विरोध प्रदर्शन में प्रदेश सरकार द्वारा पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के निजीकरण के प्रस्ताव पर गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुवे जिला संयोजक निर्भय नारायण सिंह ने अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर संबोधित करते हुवे कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार ऊर्जा सेक्टर को तबाह करने पर तुली हुई हैएऊर्जा छेत्र का निजीकरण उपभोक्ता विरोधी एवं कर्मचारी विरोधी है। श्री सिंह ने कहा कि ऊर्जा सेक्टर के निजीकरण होने पर पूर्वांचल के कर्मचारियों एवं अधिकारियों का भविष्य अंधकारमय हो जाएगा उन्होंने कर्मचारी हित उपभोक्ता हित मे निजीकरण वापस लेने की मांग की। सह संयोजक इंजीनियर शिवम राय ने बताया कि पूर्वांचल के निजीकरण किसी कीमत पर बर्दाश्त नही किया जाएगा इसके लिए जरूरत पड़ी तो आर पार की लड़ाई लड़ी जाएगी। इंजीनियरिंग संतोष मौर्या ने बताया कि बिजली के निजीकरण से किसानों आम उपभोक्ताओं एवं छोटे व्यापारियों को तीन से चार गुना बिजली महंगी हो जाएगी। उन्होंने आम उपभोक्ताओं से अपील किया कि आप लोग भी सड़क पर उतर कर विरोध करे। सभा मे मुख्य रूप से सहायक अभियंता शत्रुघ्न यादव,अमित कुमार,अभिषेक राय, मिठाईलाल,सुरेश चाचा, सत्यनारायण चौरसिया, अवर अभियंता संतोष मौर्य, अविनास सिंह,पंकज जायसवाल, रोहित कुमार,तपस कुमार,गुप्तेश्वर बाबू,मदन यादव,कपिल गुप्ता,अरविंद श्रीवास्तव, रमेश यादव,दिनेश शर्मा,जेपी बाबू एकृष्णप्रताप, राजकुमार,पीताम्बर कुशवाहा, अरविंद कुशवाहा,संतोष कश्यप, राकेश त्यागी, वीरेंद्र पासवान,संदीप कुमार, अनमोल मिश्रा, अमित सिंह,अश्वनी सिंह,अजय विश्वकर्मा, प्रवीण सिंह,विनय तिवारी,शिवराम सिंह,गोलू सिंह,तेजस,आदर्श सिंह,रामबिलास यादव,अनिलबयदाव,विश्वजीत सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।



# बकाया बिल जमा नहीं करने वाले विभागों के खिलाफ कार्रवाई होगी

## डीएम ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में चेताया

**संवाददाता।** प्रतापगढ़

जिलाधिकारी डा. रूपेश कुमार चेताया है कि जिन विभागों के बिजली के बकाया है वह समय से बिल जमा कर दें, नहीं तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने कैम्प कार्यालय में विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान कहा कि कुछ विभागों के ऊपर बिजली के बिल बकाया है, लेकिन कोई भी विभाग बकाया जमा करने को तैयार नहीं है। इसी तरह लोक निर्माण विभाग की समीक्षा में जिलाधिकारी ने विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि नई सड़कों के निर्माण हेतु प्रस्ताव शासन को भेज दिया जाए, जिससे धनराशि प्राप्त हो सके। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा बताया गया कि 68 गांव ऐसे है जहां पर एक भी गोल्डेन कार्ड नही बनाये गये है जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि पात्र व्यक्तियों के गोल्डेन कार्ड शत प्रतिशत बनाये जाये। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत 3161 मरीजों का ईलाज हुआ है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत 25 जन्मजात शिशुओं की जांच की गयी है। दवाओं की उपलब्धता के सम्बन्ध में बताया गया कि जनपद स्तर पर 287 के सापेक्ष 180 दवा की उपलब्धता है जिस पर डीएम ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि दवाओं की उपलब्धता को शत-प्रतिशत पूर्ण किया जाए। जनपद में 102-एम्बुलेन्स की संख्या 40 है जिस पर कॉल के माध्यम से 3975 लोगों को सुविधा दी गयी है व जनपद में 108-एम्बुलेंस की संख्या 38 है जिस पर कॉल के माध्यम से 2621 लोगों को सुविधा दी गयी है। पशुपालन विभाग की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जनपद में खुरपका-मुहपका पशुओं के टीकाकरण 47 प्रतिशत हुआ है और सितम्बर माह के अन्त तक 80 प्रतिशत टीकाकरण पूर्ण हो जायेगा। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद में जो भी छुट्टा जानवर घूम रहे है उनको पकड़कर गो संरक्षण केन्द्र में भेजा जाये और सम्बन्धित विभाग आपस में समन्वय स्थापित कर इस कार्य को यथा शीघ्र पूर्ण करें। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कन्या सुमंगला योजना, श्रम योगी मानधन योजना, हैण्डपम्प रिबोर, आपरेशन कायाकल्प, तालाबों का आवंटन, सेतुओं का निर्माण, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, ग्राम पेयजल योजना आदि योजनाओं की समीक्षा की।

## मछली पकड़ने गए युवक की डूबने से मौत

तिलोईं (**अमेठी**)। थाना शिवरतनगंज क्षेत्र की पुलिस चौकी इन्हौना के गांव जिजौली में मछली पकड़ने गये एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गयी है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। पुलिस ने मृतक के पिता की तहरीर पर गांव के ही एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के गांव जिजौली निवासी राम धीरज रावत पुत्र धर्मराज (28 वर्ष) गुरुवार को गांव के किनारे स्थित तालाब में मछली पकड़ने गया था। शाम को जब घर वापस नही आया तो परिजनों ने खोजबीन शुरु कर दी। परिजनों को उसका शव तालाब के किनारे दिखाई पड़ा जिसे लेकर लोग बीएचईएल स्थित एक प्राइबेट अस्पताल पहुंचे जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया इसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया और सबका रो रोकर बुरा हाल है। शुक्रवार की सुबह परिजनों की सूचना पर इंस्पेक्टर डीके सिंह, चौकी प्रभारी मय दलबल के साथ मौके पर पहुंचे।

## एसडीएम ने ग्राम कटका में लगाई चौपाल

**संवाददाता।** सिरौलीगौसपुर **बाराबंकी**



**गांव** गरीब की समस्याओं का उनके दरवाजे पर ही समाधान करने के लिए उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में चौपाल का आयोजन किया गया। विकासखंड सिरौलीगौसपुर की ग्राम पंचायत कटका में आयोजित चौपाल में उपजिलाधिकारी प्रतिपाल सिंह चौहान के समक्ष गांव के लोगों ने सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे बाधित सार्वजनिक नाली शौचालय निर्माण में धांधली पूर्ति आदि विभागों से संबंधित तमाम शिकायतें की गयी। शिकायतों का संज्ञान लेते हुए उपजिलाधिकारी ने कई मामलों का भौतिक सत्यापन भी किया जिसमें सत्य पाए गए मामलों का मौके पर निस्तारण भी कराया। अधिकांश ग्रामीणों ने सफाई कर्मी के गांव में ना आने की शिकायत की है। गांव में चारों तरफ गंदगी व्याप्त है नालियों का गंदा पानी मार्गों पर बह रहा है। जियाउल हक लालता प्रसाद ने नाली निर्माण कराए जाने की मांग की और कहा कि नाली ना होने के कारण उनके घरों का गंदा पानी दरवाजे पर भरा रहता है।वहीं विजय कुमार व दीप रानी ने पूर्ति विभाग से संबंधित शिकायतें दर्ज कराई है। गांव में ही एक कब्रिस्तान पर शिया व सुन्नी समुदाय के लोगों द्वारा एक दूसरे पर अवैध कब्जे का आरोप-प्रत्यारोप लगाया गया जबकि गांव के लोगों ने उस कब्रिस्तान को शिया समुदाय का बताया जा रहा था। इस मामले को गंभीरता पूर्वक लेते हुए उपजिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी रामनगर दिनेश कुमार दुबे ने पुलिस बल के साथ मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लिया है। इस मामले को जल्द ही पैमाइश कराकर निस्तारित किए जाने की बात कही है।रूपरानी द्वारा नाली बन्द होने की शिकायत किए जाने के बाद उपजिलाधिकारी ने मौके पर पहुंचकर बन्द नाली को खुदवा कर खुदवाया गया।इस मौके पर नायब तहसीलदार पूनम तिवारी प्रभारी निरीक्षक रामनगर रामचन्द्र सरोज पंचायत सचिव बृजेश कुमार लेखपाल आनंद कुमार सुभेन्द्र अवस्थी राजस्व निरीक्षक दीनानाथ यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## डीएम के औचक निरीक्षण से उप संभागीय परिवहन कार्यालय में मचा हड़कंप

**संवाददाता।** बाराबंकी

**सहायक** संभागीय परिवहन कार्यालय मैं जिला अधिकारी डा. आदर्श सिंह के औचक निरीक्षण के दौरान आसपास के एजेंट ही नहीं, आफिसों में अवैध रूप से कार्य कर रहे संविदा कर्मी भी इधर उधर हो गए जिससे डीएम को कार्यालय में सब कुछ ठीक-ठाक मिला। डीएम ने सर्वप्रथम लाइसेंस सेक्शन का निरीक्षण किया और प्रक्रिया में लोगों से बातचीत की। निरीक्षण के दौरान कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति की जानकारी ली। साथ में कार्यालय परिसर का भी गहनता से निरीक्षण किया। बताते चलें कि आए दिन कई शिकायतें ऑफिस की आती रहती हैं जिसमें दलालों का जिक्र आए दिन हुआ करता है। इसी के मद्देनजर डीएमऔचक निरीक्षण करने के लिए एआरटीओ आफिस पहुंचे जहां डीएम सीधे लाइसेंस सेक्शन पहुंचकर उन्होंने लाइसेंस बना रहे कर्मचारियों के आई कार्ड चेक किया।

# एक अक्टूबर से चलेगा दस्तक अभियान, छूटे बच्चों का होगा टीकाकरण

**संवाददाता।** अमेठी

**प्रदेश** में कोरोना संक्रमण का असर टीकाकरण पर भी पड़ा है। लॉकडाउन के दौरान सभी व्यवस्थाएं बाधित होने के कारण सरकारी अस्पतालों में टीकाकरण नहीं हो पाया। प्रदेश के अनलाक होने के बाद भी बड़ी संख्या में बच्चे इससे वंचित रह गए। इसी के मददेनजर योगी सरकार इस वर्ष जन्म लेने वाले बच्चों का अक्टूबर में व्यापक अभियान चलाकर ब्योरा जुटाएगी और नवम्बर से जनवरी तक इनका टीकाकरण कराया जाएगा। जनपद अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी आरसीएस डा. आरपी गिरि ने बताया कि जब से कोरोना प्रारम्भ हुआए तब से बहुत बच्चे टीकाकरण से छूट गए। इसलिए एक से 15 अक्टूबर तक संचारी रोगों की रोकथाम के लिए चलने वाले दस्तक अभियान में इस पर भी काम किया जाएगा। इस दौरान आशा वर्कर और आगंनबाड़ी कार्यकत्रियां घर.घर जाकर लोगों को डेंगू, चिकनगुनिया, जेईएईएस आदि संचारी रोगों के प्रति जागरूक करेंगी। कोरोना के लक्षण वाले संदिग्ध मरीजों की जानकारी जुटाएंगी। वहीं वह टीकाकरण से वंचित रह जाने वाले बच्चों की भी पूरी सूची तैयार करेंगी। इस तरह 15 दिनों में जनपद में इस वर्ष जन्म लेने वाले बच्चों की खोजबीन करते हुए उनका ब्योरा जुटाया जाएगा। उन्होने बताया कि जनपद में नवजात बच्चों के टीकाकरण की कार्रवाई बेहद अहम है, क्योंकि इसकी बदौलत ये कई गम्भीर बीमारियों से सुरक्षित रहते हैं।

## अग्निशमनकर्मी की आकस्मिक मौत

लालगंज (**प्रतापगढ़**)। सवार फायर ब्रिगेड मे तैनात अधिकारी की मूर्छा आ जाने से आकस्मिक मौत हो गयी। उदयपुर फायर ब्रिगेड मे तैनात जौनपुर जिले के मुंगरा बादशाहपुर काछीपुर नडार निवासी प्रकाश सिंह (59 वर्ष) शुक्रवार को अपरान्ह स्कूटी से लालगंज सीओ कार्यालय आ रहे थे। लालगंज के घुइसरनाथ रोड पर अचानक प्रकाश सिंह को बेहोशी आ गई। स्कूटी से लड़खड़ाकर गिरे प्रकाश की अचानक सांसे भी थम गई। सूचना मिलते ही सीओ जगमोहन तथा कोतवाल राकेश भारती घटनास्थल पर पहुंचे। मृतक प्रकाश सिंह की तीन संताने व पत्नी घर पर रहती है। जानकारी मिलने पर रोते बिलखते मृतक की बहन कमलेश सिंह मौके पर पहुंची और परिजनो को हादसे की सूचना दी। फायर ब्रिगेडकर्मी की मौत की जानकारी होते ही बड़ी संख्या मे पुलिसकर्मी भी मौके पर पहुंच गए।

## प्रमोद को आउटरीच कमेटी का प्रभार मिलने पर कार्यकर्ताओं में खुशी

**संवाददाता।** लालगंज (**प्रतापगढ़**)

**सीडब्लूसी** मेंबर बनने के साथ कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी द्वारा प्रमोद तिवारी को आउटरीच कमेटी का प्रदेश प्रभारी चयनित किये जाने पर शुक्रवार को कार्यकर्ताओं में खुशी देखी गई। कमेटी का प्रभार मिलने के बाद शुक्रवार को रामपुरखास क्षेत्र के भ्रमण के दौरान समर्थको व कार्यकर्ताओं को प्रमोद तिवारी का सोशल डिस्टेसिंग के मानक के तहत स्वागत करते देखा गया। क्षेत्र के ननौती, मंगापुर, पेटरिया, अठेहा, सांगीपुर, घुइसरनाथ, अमांवा, लालगंज मे उत्साहित कार्यकर्ताओं ने प्रमोद तिवारी का स्वागत करते आशा जताई कि श्री तिवारी के आउटरीच कमेटी का प्रभारी बनने से प्रदेश मे किसान मजदूर तथा शिक्षक एवं कर्मचारी संगठनो के साथ पार्टी बेहतर समन्वय स्थापित कर मजबूत जनाधार हासिल कर सकेगी। प्रमोद तिवारी मंगापुर के पुरातन बाबा अमरनाथ मंदिर पहुंचे और यहां सोशल डिस्टेसिंग के बीच पुरूषोत्तम मास के प्रथम दिन आयोजित हवन पूजन मे शामिल हुए। इस मौके पर सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बब्लू, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, युवा इंका जिलाध्यक्ष सुधीर तिवारी, पवन शुक्ला, सुधाकर पाण्डेय, रामबोध शुक्ल, प्रदीप मिश्र, राजू मिश्र, अवधेश सिंह, दृगपाल यादव, रामकृपाल पासी, विकास मिश्र, अमर बेदर्दी, शिवभीख सिंह, पूर्व प्रमुख सुरेंद्र सिंह, डा. अमिताभ शुक्ल, त्रिभु तिवारी, अंबुज मिश्र, दिनेश मिश्र, गुडडू सिंह, अंशुमान तिवारी, ओम पाण्डेय, सिंटू मिश्र, धर्मेन्द्र पाण्डेय, पप्पू तिवारी, छोटेलाल सरोज, केडी मिश्र, सौरभ शास्त्री, भूपेन्द्र तिवारी, जीतेन्द्र द्विवेदी, आकाश मिश्र आदि रहे।

# भू-माफियाओं एवं अपराधियों के खिलाफ चलेगा अभियान: डीएम

**संवाददाता।** ललितपुर



**नवागत** जिलाधिकारी दिनेश कुमार ने एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप कार्य किया जाएगा सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। जनपद में शिक्षा सड़क पानी एवं स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का निराकरण कराया जाएगा।

उन्होंने कहा कि अपराधियों एवं भू माफियाओं के खिलाफ अभियान भी चलाया जाएगा किसी भी तरह के अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा। सरकारी कार्यालयों में व्याप्त बाबू गिरी की समस्याओं का भी समाधान निकाला जाएगा पत्रकारों ने जनपद की तमाम समस्याओं एवं सरकारी कार्यालयों में व्याप्त घुटालो के बारे में अवगत कराया जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि सभी तरह के घुटालो पर मेरी नजर है एवं कार्यवाही अमल में लाई जाएगी उन्होंने जनपद में बेरोजगारी की समस्या को भी दूर करने की बात कही एवं कहा कि पत्रकार अपनी कलम के माध्यम से सरकार की योजनाओं को लाभार्थियों तक पहुंचाने में सहयोग करें।

# शीघ्र प्रारंभ होगा बस स्टेशन का निर्माण कार्य: डीएम

## जिलाधिकारी ने तिलोई बस स्टेशन का किया स्थलीय निरीक्षण

**संवाददाता।** अमेठी



**जिलाधिकारी** अरुण कुमार ने आज तिलोई में बस स्टेशन निर्माण को लेकर स्थलीय निरीक्षण किया एवं निर्माण कार्य को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

डीएम ने बस स्टेशन की जर्जर बिल्डिंग को ध्वस्त करते हुए नई बिल्डिंग बनाने के निर्देश दिए। बताते चलें कि 25 लाख की लागत से क्षेत्र पंचायत द्वारा बस स्टेशन का निर्माण कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने स्टेशन परिसर में सामुदायिक शौचालय व बाउंड्री वाल भी बनाने के निर्देश दिए। बस स्टेशन के निर्माण होने से क्षेत्रवासियों को आवागमन की सुविधा मिलेगी।

## रारी नदी में मिला अज्ञात महिला का शव

**संवाददाता।** सिद्धौर (**बाराबंकी**)

**शुक्रवार** की सुबह जैदपुर थाना क्षेत्र स्थित रारी नदी में एक सड़ा गला अज्ञात शव तैरते हुए ग्रामीणों ने देखा। जिससे ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची कोठी पुलिस ने शव को पानी से निकालकर पीएम हेतु भेजा। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी शैलेश सिंह यादव अपनी पुलिस टीम के द्वारा शव को रारी नदी से बाहर निकलवाकर शव के पीएम के लिए भेजा। शैलेश सिंह ने बताया कि रारी नदी में मिला शव महिला का होना प्रतीत हो रहा है। जोकि लगभग एक सप्ताह पूर्व पुराना शव प्रतीत होता है। पुलिस ने बताया कि शव के सड़े गले होने से पहचान करना मुश्किल हो रहा हैं।

# कोठी से जैदपुर जाने वाले मार्ग की हालत खस्ता

## ग्रामीण लगातार कर रहे हैं सड़क बनवाने की मांग

**संवाददाता।** सिद्धौर (**बाराबंकी**)

**सरकार** चाहे जितना यह दावा कर ले कि उत्तर प्रदेश की सड़कें गढ्ढा मुक्त है, लेकिन यह दावे पूरी तरीके से हवा हवाई साबित होते हुए नजर आ रहे हैं जिसका जीता जागता उदाहरण कहीं भी देखा जा सकता है आपको बता दें कि कोठी से जैदपुर जाने वाला मार्ग इस प्रकार से बेकार अवस्था में पड़ा हुआ है जिसकी सूचना न तो पीडब्ल्यूडी विभाग ले रहा है ना तो क्षेत्रीय नेता, जिसकी तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर लोग शेयर करते हुए जर्जर अवस्था में पड़ी सड़क की मरम्मत कराने की अपील कर रहे हैं लेकिन उनकी यह अपील कोई सुनने वाला नहीं है क्योंकि अधिकारी कर्मचारी अपने रंग में जो रंगे हुए हैं। वही के कई ग्रामीणों ने साफ तौर पर बताया कि इस सड़क पर आने जाने के लिए इतनी समस्याओं का सामना करना पड़ता है कि हम लोग परेशान हो गए। इस सड़क पर आने.जाने वाले वाहन भी बेकार हो रहे हैं तो वही आने जाने में समय भी ज्यादा लग रहा है। लेकिन अधिकारी कर्मचारी इस सड़क की समस्या को नहीं निस्तारित कर रहे हैं इसकी शिकायत कई बार ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों से कर चुके हैं।

# गर्भवती महिला ने सीएमओ से की स्वास्थ्यकर्मी की शिकायत

## बिशनपुर उप स्वास्थ्य केंद्र का मामला

**संवाददाता।** फतेहपुर (**बाराबंकी**)

**सरकार** लाख दावे कर ले कि गर्भवती महिलाओं को बच्चा होने पर आर्थिक मदद देकर उनके स्वास्थ्य की देखरेख में जननी सुरक्षा योजना के तहत मिलने वाली धनराशि मील का पत्थर साबित होगी] लेकिन स्वास्थ्य कर्मी सरकार की इस मंशा को पलीता लगा रहे हैं। ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया है कि प्रसूता के परिजनों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को शिकायतीपत्र देकर स्वास्थ्य कर्मी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पूरा मामला जिले के बिशुनपुर स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र का है। शिकायतकर्ता कस्बा बिशनपुर निवासी कमरुल निशा के अनुसार उसने अपनी बहू को हाल ही में प्रसव के लिए उप स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया था जहां तैनात एएनएम रीता देवी भर्ती से पूर्व ही उससे भारी भरकम सुविधा शुल्क की डिमांड रख दी। असमर्थता जताने पर उसे अन्यत्र ले जाने की बात कही। किसी तरह से इंतजाम कर 1400 रुपए दिए गए। तब स्वास्थ्य कर्मी माना। पीड़िता ने यह भी बताया कि यह तो मात्र एक उदाहरण है इसी तरह यहां पर जो भी डिलिवरी के लिए आता है उससे मोटी रकम ऐठी जाती है पैसा ना देने पर जन्म प्रमाण पत्र जैसे जरूरी कागज भी नहीं उपलब्ध कराए जाते हैं विरोध करने पर तीमारदारों के साथ अभद्रता भी की जाती है।

# जिलाधिकारी ने कोविड-19 के बचाव व रोकथाम को लेकर की समीक्षा

**संवाददाता।** प्रतापगढ़

**जिलाधिकारी** डा. रूपेश कुमार ने शुक्रवार को एल-1 हास्पिटल सेन्ट अन्थोनी इण्टर कालेज में कोविड-19 के बचाव एवं रोकथाम के सम्बन्ध में समीक्षा की। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि कोरोना पाजिटिव जो भी व्यक्ति पाया जाए, उसे 24 घंटे के अन्दर ट्रेस करके आवश्यक कार्रवाई करें। साथ ही नजदीकी सम्पर्क में आने वाले व्यक्तियों के सैम्पलिंग के कार्य में तेजी लायी जाये जिससे कोरोना वायरस के संक्रमण को फैलने से रोका जाये। बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी से कोविड अस्पताल एवं होम आइसोलेशन मरीजों के सम्बन्ध में सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त की और निर्देशित किया कि कोविड अस्पताल एवं होम आइसोलेशन के मरीजों की निगरानी में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं उदासीनता कदापि न बरती जाये, मरीजों को सभी सुविधायें समय-समय पर प्राप्त होती रहे। उन्होने कहा कि होम आइसोलेशन मरीजों से निरन्तर फोन के माध्यम से उनके स्वास्थ्य के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करते हुये यदि किसी भी मरीज में खांसी, बुखार, सांस लेने में दिक्कत आदि के गम्भीर लक्षण दिखे तो तत्काल एम्बुलेन्स भेजकर उन्हें एल-1 या एल-2 हास्पिटल में भर्ती किया जाये। एल-1 हास्पिटल सेन्ट अन्थोनी इण्टर कालेज में भर्ती मरीजों के खान-पान, साफ-सफाई आदि की समुचित व्यवस्था ठीक ढंग से की जाये, भर्ती मरीजों को किसी भी प्रकार की दिक्कतों का सामना न करना पड़े इस पर विशेष ध्यान दिया जाये। उन्होने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि ग्रामों में आशा, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकत्री के माध्यम से लोगों को फेसकवर/मास्क, सोशल डिस्टेसिंग का पालन करने हेतु जागरूक किया जाए और होम आइसोलेशन वाले मरीजो के स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी भी प्राप्त करें।

# किसानों के बिजली बिल माफ करने की मांग



**संवाददाता।** ललितपुर

**बुंदेलखंड** किसान यूनियन ने मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी को दिया। जिसमे किसानों के बकाया विद्युत बिल पर कनेक्शन काटने पर रोष जताया व विद्युत बिल माफ कर फ्री विद्युत संयोजन प्रदान किए जाने की मांग की। ज्ञापन देते समय नगर अध्यक्ष सुमित अग्रवाल ने कहा कि करोना महामारी में लॉकडाउन के चलते व खरीब की फसल खराब हो जाने के कारण किसान बहुत परेशान हैं इस समय विद्युत विभाग द्वारा किसानों के बकाया विद्युत बिल पर जो कनेक्शन काटे जा रहे हैं वह अनुचित है।। किसानों के बिजली बिल माफकिए जाएं और रवि की फसल के लिए किसानों को फ्री में विद्युत संयोजन प्रदान किए जाएं। ज्ञापन देते समय अध्यक्ष सुमित अग्रवाल, निशांत निगम, आरिफ पठान, चरण सिंह, विश्वनाथ, नरेश पाठक, विकास सोनी, खुशीलाल, केहर सिंह परमार मौजूद रहे।

## पंजीकृत श्रमिकों की बालिकाओं को मिलेंगी साइकिलें

**ललितपुर**। उप्र भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड (श्रम विभाग) के अन्तर्गत संचालित संत रविदास शिक्षा सहायता योजना के अन्तर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों की पुत्रियों हेतु साईकिल वितरण किए जाने का प्राविधान है। श्रम प्रवर्तन अधिकारी डीपी अग्रहरि द्वारा बताया गया कि श्रम विभाग में पंजीकृत निर्माण श्रमिक की पुत्रियों को कक्षा-10 एवं कक्षा-12 उत्तीर्ण कर अगली कक्षा में प्रवेशित होने पर उन्हें आगे की पढाई हेतु प्रेषित करने एवं उन्हें विद्यालय जाने हेतु सुविधा उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से साईकिल प्रदान किए जाने का प्राविधान है।

योजना के अन्तर्गत साईकिल प्राप्त करने हेतु उत्तीर्ण कक्षा की अंकतालिका एवं प्रवेशित अगली कक्षा की शुल्क रसीदए प्रवेशित होने का प्रमाण-पत्र, शिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्यध्सक्षम अधिकारी से प्रमाणित कराने के उपरान्त आवेदन पत्र के साथ मूल रूप में संलग्न कर आवेदन कार्यालय श्रम प्रवर्तन में जमा करें।

# हनुमान गढ़ी में सुंदरकांड पाठ के लिए श्रीराम युवा सेना के पदाधिकारी अयोध्या रवाना



**संवाददाता।** तिलोई (**अमेठी**)

**सिंहपुर** ब्लाक क्षेत्र से श्री राम युवा सेना के कार्यकर्ता हनुमान गढ़ी अयोध्या में सुंदरकांड पाठ का आयोजन करेंगे। जिसके लिए श्रीराम युवा सेना सिंहपुर के अध्यक्ष उत्तम तिवारी के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं का दल शुक्रवार को अयोध्या के लिए रवाना हुआ।

श्री राम युवा सेना सिंहपुर के अध्यक्ष उत्तम तिवारी ने बताया कि अमेठी रायबरेली, बाराबंकी, सुल्तानपुर, अयोध्या के जितने भी प्रसिद्ध तीर्थस्थल है, उन सभी स्थानों पर श्री राम युवा शिवसेना सुंदरकांड के पाठ का आयोजन करेगी जिसके क्रम में आज सिंहपुर ब्लाक क्षेत्र से सैकड़ों कार्यकर्ता अयोध्या के लिए रवाना हुए। रवाना होने से पूर्व सभी कार्यकर्ताओं ने आज शक्तिपीठ मां अहोरवा के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया और पूरा जत्था अयोध्या के लिए रवाना हुआ। इस अवसर पर चंद्रमणि पांडे, आदर्श मिश्रा, अमर मिश्रा, उत्तम तिवारी, अनुराग त्रिपाठी, सचिन मिश्रएशरद तिवारी, मधुकर मिश्र, सुशील शुक्ला सहित तमाम कार्यकर्ता अयोध्या के लिए रवाना हुए।